UGC Care Listed

# त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका

वर्ष-12, अंक-41, अपैल - जून 2022

ISSN-2321-1504 Nagfani

RNI No. UTTHIN/2010/34408

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# नागफनी

अस्मिता, चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य

भाग-2

मूल्य ₹ 150/-

# आगामी अंक की सूचना

जुलाई से सितंबर 2022 के लिए 30 जून तक ही लेख स्वीकार किये जायेंगे। 30 जून के बाद मेल पर प्राप्त शोधालेखों पर आगामी अंक में प्रकाशित करने पर विचार किया जाएगा। व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

"नागफनी" अस्मिता, चेतना, और स्वाभिमान जगाने वाली त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका है। इस पत्रिका को यूजीसी केयर लिस्ट मे शामिल किया गया है। पत्रिका का ISSN&2321&1504 nagfani और RNI No-UTTHIN/2010/34408 नम्बर है। साथ ही यह Peer Reviewed Referred journal है। आलेख –nagfani81@gmail-comपर भेजने का कष्ट करें। व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी।

## आलेख भेजने संबंधी निर्देश–

- शोधालेख यूनिकोड kokila फॉन्ट 14 साइज में तथा एरियल युनिकोड में टाइप करके word और PDFदोनों में भेजना है।
- कलर पासपोर्ट फोटो।
- मौलिकता और प्लेगरिज्म संबंधी प्रमाण–पत्र।
- अन्य किसी टाइप फॉन्ट को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
- आलेख मेल पर भेजने के बाद आलेख स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना मेल पर ही दी जाएगी ।

धन्यवाद!

# नागफनी

A Peer Reviewed Refrred Journal
(अस्मिता चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य)
UGC Care Listed त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका
ISSN-2321-1504NagfaniRNI No.UTTHIN/2010/34408

संपादक
**सपना सोनकर**

सह संपादक
**रूपनारायण सोनकर**

**कार्यकारी संपादक**
**डॉ.एन.पी.प्रजापति**
**प्रोफेसर बलिराम धापसे**

**वर्ष-12 अंक41,अप्रैल -जून 2022**

सलाहकार मण्डल (Peer Review Comittee)

प्रोफेसर विष्णु सरवदे, हैदराबाद (तेलंगाना)
प्रोफेसर आर. जयचंद्रन तिरुअनंतपुरम (केरल)
प्रोफेसर दिनेश कुशवाह,रीवा (मध्य प्रदेश)
डॉ.एन. एस. परमार, बड़ौदा (गुजरात)
प्रो. दिलीप कुमार मेहरा, बी.बी.नगर (गुजरात)
डॉ.उमाकांत हजारिका, शिवसागर(असम)
डॉ. आर. कनागसेल्वम, इरोड (तमिलनाडु)
प्रोफेसर संजय एल. मादार,धारवाड़ (कर्नाटक)
प्रोफेसर गोबिन्द बुरसे, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
डॉ.दादा साहेब सालुनके, महाराष्ट्र (औरंगाबाद)
प्रोफेसर अलका गड़करी, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
डॉ. साहिरा बानो बी. बोरगल, हैदराबाद (तेलंगाना)
डॉ. बलविंदर कौर, हैदराबाद (तेलंगाना)
डॉ.ओम प्रकाश सैनी, कैथल (हरियाणा)

## प्रकाशन/मुद्रण

प्रकाशक रूपनारायण सोनकर की अनुमति से डॉ.एन. पी.प्रजापति एवं प्रोफेसर बलिराम धापसे द्वारा नमन प्रकाशन–423/Aअंसारी रोड दरियागंज, नई दिल्ली 11002 में प्रकाशन एवं मुद्रण कार्य

मुख पृष्ठ—डॉ. आजम शेख, मैत्री ग्राफिक्स, सावंगी (ह), औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

## संपादकीय/व्यवस्थापकीय कार्यालय

दून व्यू कॉटेज स्प्रिंग रोड, मंसूरी -248179, उत्तराखण्ड, दूरभाष : 0135-6457809 मो.0941077718

## शाखा कार्यालय

पी.डब्ल्यू. डी. आर. -62 ए ब्लॉक कॉलोनी बैढ़न, जिला-सिंगरौली म. प्र. पिन-486886 मो. 09752998467

सहयोग राशि -150/-रुपये, वार्षिक सदस्यता शुल्क (संस्था के लिए)-1000/-रुपये, पंच वार्षिक सदस्यता शुल्क (व्यक्ति के लिए)-2000/-रुपये, पंच वार्षिक संस्था और पुस्तकालयों के लिए –3000/-रुपये, विदेशों में$50 आजीवन व्यक्ति-6000/-रुपये,संस्था-10,000/-रुपये।

**सदस्यता शुल्क एवं सहयोग राशि-इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक–A/C –8367100138282 IFSC Code-IPOS0000001**
**Branch-sidhi, NIRPAT PRASAD PRAJAPATI**

**नोट:**-पत्रिका की किसी भी सामग्री का उपयोग करने से पहले संपादक की अनुमति आवश्यक है। संपादक-संचालक पूर्णतया अवैतनिक एवं अध्यवसायी हैं।**'नागफनी'**में प्रकाशित शोध-पत्र एवं लेख, लेखकों के विचार उनके स्वयं के हैं। जिनमेंसंपादक की सहमति अनिवार्य नहीं हैं ।**'नागफनी'** से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल देहरादून न्यायालय के अधीन होंगे। अंक में प्रकाशित सामग्री के पुनर्प्रकाशन के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य है। सारे भुगतान मनीऑर्डर, बैंक/चेक/बैंक ट्रांसफर/ई-पेमेंट आदि से किए जा सकते हैं। देहरादून से बाहर के चेक में बैंक कमीशन 50/-अतिरिक्त जोड़ें दें।

**लेख भेजने के लिए** –Mail-ID- nagfani81@gamil.com
**पत्रिका के बारे मे विस्तार से जानने के लिए देखें** Website:–http:naagfani.com

नागफनी
वर्ष-12 अंक 41,अप्रैल-जून-2022 भाग-2

अनुक्रम पृष्ठ क्रमांक

**संपादकीय** 04

**साहित्यिक विमर्श**

1. लोक-साहित्य एवं इसके विविध रूप-**डॉ.निधि शर्मा** 5-7
2. वर्तमान संदर्भ में कबीर के काव्य में सामाजिक दर्शन:एक अध्ययन -**डॉ.मो.मजीद मियाँ** 7-8
3. आधुनिक हिन्दी कविता का स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान-**डॉ.पवन कुमार शर्मा & डॉ.सुनील** 9-10
4. डूब: मनुष्यता और विकास के उन्माद की लड़ाई-**अपर्णा ए.** 10-12
5. सामाजिक दुर्दशा का यथार्थ दस्तावेज : गिलिगडु-**डॉ.संतोष बबन पगार** 12-14
6. राजनीति संस्था और शरद जोशी एवं उनके समकालीन व्यंग्यकार-**राजेश कुमार शर्मा & डॉ. राज नारायण शुक्ल** 15-17
7. हिंदी सिनेमा में कमलेश्वर का अवदान-**डॉ.श्रीमती विनोद कालरा** 18-20
8. प्रेम की वेदी : एक अनुशीलन-**मिन्नु जोसेफ** 21-22
9. ग्राम्य जीवन के विभिन्न पक्ष-**पवन कुमारी** 23-25
10. बदलते हुए राजनीतिक परिदृश्य : 'एक हत्या की हत्या' नाटक के संदर्भ में-**चिप्पी एम.आर.** 26-28
11. हिन्दी पत्रकारिता के बदलते स्वरूप-**कनक राज पाठक** 28-30
12. महीप सिंह की कहानियों में मानवीय सम्बंध-**डॉ.प्रवीन कुमार** 30-31
13. मणिपुरी बाल साहित्य: उद्भव और विकास- **एस. साधना चनु** 32-34

**स्त्री विमर्श**

1. हिंदी साहित्य के परिप्रेक्ष्य में नारीवादी विचार-**डॉ.पंडित बन्ने** 35-36
2. सेज पर संस्कृत उपन्यास में चित्रित-स्त्री-**डॉ.आशीष** 36-38
3. दासताएँ औरत (वीना वर्मा की नज़र से)-**डॉ.चमकौर सिंह** 38-40
4. जुलूस उपन्यास के स्त्री पात्र-**डॉ.माया सगरे लक्का** 41-43
5. विस्थापन का दर्द : कश्मीरी लेखिकाओं की संघर्ष गाथा-**ममता माली & डॉ. जयश्री सिंह** 44-46
6. 'कठगुलाब':एब्यूज्ड स्त्री चिंतन से आगे की कथा- **डॉ.वीरेन्द्र प्रताप** 46-49

**दलित विमर्श**

1. गुरु रैदास का पाठ–संपादन-**डॉ.राजेंद्र प्रसाद सिंह** 50-51
2. श्यौराज सिंह बेचैन की कहानियों में संवेदना के विविध रूप :'हाथ तो उग ही आते हैं ' कहानी संग्रह के विशेष संदर्भ में-**शमीम पी** 52-53
3. दलित जीवन की भयानक त्रासदी : 'सद्गति'-**डॉ.पान सिंह** 54-56
4. जयप्रकाश कर्दम के उपन्यास 'छप्पर' में सामाजिक चेतना-**अजय कुमार चौधरी** 57-59
5. ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानियों में 'दलित आत्म-संघर्ष'-**मु.जाहिद रजा सिद्दीक** 59-62

**आदिवासी विमर्श**

1. रोज केरकेट्टा के 'अबसिब मुरडअ' में आदिवासी प्रतिरोध-**कु. रेशम सोनकर** 63-65

**विविध विमर्श**

1. भारतीय बौद्ध दर्शन का कालजयी विश्वकाव्य : धम्मपद-**प्रो.डॉ.शशिकांत 'सावन'** 66-69
2. अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन दर्शन-**कैलाश कुमार & डॉ शंकर मुनि राय** 70-72
3. कांग्रेस पार्टी और भारतीय राजीनीति:एक सूक्ष्म विश्लेषण-**पूरन मल मीना** 72-74
4. जनसंख्या भूगोल-भविष्य का भूगोल-**वरुण यादव & डॉ.सालिक सिंह** 75-76
5. भारत में कृषि आय पर कर: संभावनाऐ और चुनौतियों का मूल्यांकन-**मुकेश कुमार मीना & विनोद सेन** 77-79

**English Discourse**

**Canonical Literary Discourse**

1. A Brief Analysis of Diversity in Indian Culture and Traditions in Jayanta Mahapatra's Poetry Collection, 'A Rain of Rites'-**Manabodh Luhura &Dr. Ranjana Das Sarkhel** 80-82
2. Past Haunts Present: A Study of Mahesh Dattani's Where Did I Leave my Purdah?-**Dr. Santosh Kumar Sonker & Dr. B. Krishnaiah** 83-85
3. The Male Identity Crisis in Sarnath Banerjee's Graphic Novel Corridor: A Deconstructive Study-**Sonia Sumbria & Dr.Meenakshi Rana** 86-89
4. Refelections of Cuisine and Costumes in Naveen Patnaik 'A Second Paradise'- **Rajkumar Baghel &Dr.Ranjana Das Sarkhel** 90-93

5. Socio-Cultural Differences in Sudha Murty's Novel The Mother I Never Knew-**Ms. Reecha Sao & Dr.Ranjana Das Sarkhel** **94-98**

**Feminist Discourse**

**1.** Role of NGO for women in Iraq: Past and Present-**Rajani Bala** **99-102**

2. Transgressions, Translocations and Spatiotemporal convergences in Bharati Mukherjee's The Holder of The World- **Dr. Satya Prakash Prasad** **103-107**

**3.** Property Rights of Muslim Women in India-**Sapna Chopra & Dr.Parag Agarwal** **108-111**

**Dalit Discourse**

**1.** Dalit Feminist Standpoint in ShyamalaGogu'sFather may be an Elephant and Mother only a Small Basket, But…-**Vikaskumar Revabhai Solanki & Dr. Santosh Kumar Sonker** **112-114**

**Tribal Discourse**

**1.** Fifth Schedule and Tribal Self Governance: A Critical analysis of New PESA Rules, 2022 of Madhya Pradesh-**Mohan** **115-118**

**2.** Dermatoglyphics of the Kom Tribe of Manipur- **L. Romeo Singh & Ksh.Sunita Devi** **118-122**

**Other Discourses**

**1.** Emergence of Green Industries as tool for sustainable development-**Dr. Renu Sinha** **123**

2. Twenty First Century Educational Sphere - **Prof. Dr. Bimal Mandal** **124-125**

**3.** Interpretation of the word 'Sutra'In Gita Mehta's A 'River Sutra'-**Bhagatram Seth&Dr.Ranjana Das Sarkhel** **126-130**

4. Kautaliys's:Saptanga Theory of State and Importance of Rajamandala Theory In India'sForeign Policy in the 21th Century -**S. K. Abdul Amanullah** **131-134**

**5.** Effects of Nature on Human in Pandemic Situations -**Tuli Bhattacharya** **135-136**

**6.** Effects of Covid-19 on Gender Security in Global Context-**Dr.Renu Sain** **137-139**

**7.** Digital Humanities in English Language Teaching in Indian Multicultural Classrooms-**Dinesh Shama &Dr. Kumar Gaurav** **139-141**

**8.** Exploring the Elements of Bhabha's Cultural Hybridity in the Works of Marlon James-**Suman Devi, &Dr. Kumar Gaurav** **142-145**

**9.** Micro Foundations of Indian Household Finance – Studying The Long Term Trends.-**Sonia Goel & Suvojit Lahiri Chakravarty** **146-152**

10. Percepion of Employees Towards Performance Appraisal System and Their Performance in Mysuru Based Pharmaceutical Companies-**Divya K &Dr. K. Nagendra Babu** **158-155**

11. Amish Tripathi's 'Scion of Ikshvaku': A Study in Hinduism-**Sumit Saurabh&Dr.Manju Roy** **156-161**

12. Cotribution to Rousseau on Naturalistic Phillosophical Thoughts in Education and as the Father of Child -Centric Education- **Sarmistha Chowdhury Biswas** **161-163**

**13.** A Study on Impact of Superior Subordinate Relationship on Employee Commitment of Canara Bank Employees in UDUPI District -**Dr.Vijayakumar A B & Shruthi C** **163-167**

**14.** Increasing Trend of Cyber Crime in Modern Era: A Global Analysis-**Dr. Harishankar Rai & Amita** **168-172**

**15.** Practic of Religin Provided Under THE Constitution and Forceful Conversions in India- **Suman & Dr.M. Imran** **173-176**

16. Impact of Information Technology on Job Satisfaction-**Rohini Mahur & Dr.William** **177-180**

**17.** Impact of New Economic Policy on Food Processing Industry: A Critical Assessment-**Ms.Anchal Yadav & Dr.Dushyant Kumar** **181-184**

**********

## संपादकीय ……..

एक दौर प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शासन काल मे कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी का युग आया। व्यवसायिक शिक्षा का रुझान युवाओं में देखने को मिला।देश में प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। वहां के छात्र विश्व के इंजीनियर्स से टक्कर लेने लगे। इसके बाद तकनीकी शिक्षा का प्राइवेटाइजेशन हुआ।कस्बों,शहरों और गांवों में व्यवसायिक संथाये अधिक संख्या में खुली।तकनीकी शिक्षा का स्तर गिरने लगा। इंजीनियर बेरोजगार होने लगे। फिर भी कुछ युवा यह कहने लगे कि वे सरकारी या गैर सरकारी नौकरी नहीं करेंगे जहां दस से पांच बजे तक कार्य करना पड़ता है। लुभावनी बैंक स्कीम्स आई और स्वरोजगार के लिए लोन मिलने लगे। इनमें कुछ युवाओं को छोड़कर सारे के सारे असफल रहे क्योंकि वे अपना व्यवसाय चला नही पाए।लोन चुकता नही कर पाए।अधिकतर युवा बैंक लोन के कर्ज तले दब गए। बैंक लोन अदा करने का दबाव बढ़ने लगा।किसानों की तरह वे भी आत्म हत्याएं करने लगे।

प्राइवेटाइजेशन की वजह से सभी वर्गों के युवाओं को नौकरियां नही मिल रही हैं। युवा दर दर भटक रहे हैं। उनकी शादियां नही हो पा रही हैं। इस दौरान पढ़े लिखे युवा मजदूर बनते जा रहे हैं। यदि देश के किसी भाग में फोर्थ क्लास की नौकरियां निकलती हैं तो नौकरियां पाने के लिए उच्च शिक्षित पढ़े लिखे लोगों की अर्जियां सबसे ज्यादा होती हैं। गरीबी के कारण इन युवाओं को पौष्टिक आहार नही मिल रहा है। धीरे धीरे हमारी सेना की क्षमता कहीं घट न जाए? यदि युवाओं को दूध घी और पौष्टिक आहार नही मिलेगा तब विश्व की सेनाओं से टक्कर लेने की हमारी ताकत कम न हो जाए? इस बात की चिंता हमारे शासकों को करनी चाहिए।

देश से बेरोजगारी, मंहगाई,अशिक्षा हटे। अधिकतर युवाओं को नौकरियां मिले।ग्रामीण और शहरी भारत में खुशहाली आए।देश में सांप्रदायिक सौहार्द,भाईचारा, प्यार मोहब्बत बना रहे। एक दूसरे के प्रति द्वेष भाव समाप्त हो। सभी समुदायों के लोग मिल जुल कर रहें। हमारा देश एक सबसे ज्यादा शक्तिशाली देश बने। सारे कार्य डॉक्टर अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान के अनुरूप हो तभी देश तरक्की कर सकता है। औरतों,दलितों और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़नबकम इस भारत देश में न हो।सभी देशवासियों का यही ध्येय होना चाहिए-

ऐसा देश बनाओ
जहां एक दूसरे के पास
जाने में डर न लगे।
लोगों की भीड़
धर्म ,मजहब, जाति के नाम
एक दूसरे का कत्ल न करे
ऑनर किलिंग न हो
औरतों का किसी तरह का
उत्पीड़न न हो
डॉक्टर अंबेडकर का
भारत बनाओ।

**********

रूपनारायण सोनकर
मोब -8279789405

# लोक- साहित्य एवं इसके विविध रूप

**डॉ.निधि शर्मा**
हिंदी विभागराजकीय महाविद्यालय
नगरोटा बगवां हिमाचल प्रदेश-176047

**सारांश:-**लोक से हमारा तात्पर्य विश्वास तथा परंपराओं में जीवित रहने वाले विस्तृत एवं व्यापक समाज से है। लोक साहित्य के विद्वानों के अनुसार यह एक ऐसा समाज है जो आज भी उपभोक्तावादी सभ्यता से कोसों दूर है।संस्कारों तथा आचार -विचारों का अनुशीलन करने वाला यह लोक समाज रीति-रिवाज़ों व अनुष्ठानों में जीवित रहता है। सहजता, सरलता तथा स्वाभाविकता इसका प्रधान गुण है। लोक समाज में आडंबरविहीन जीवन जीने का महत्त्व है। लोक- साहित्य के महत्त्व को जानते हुए अनेक दृष्टिकोणों से इसे विश्लेषित एवं विवेचित करने की कोशिश लगातार जारी है।।लोक साहित्य अर्थात् मौखिक परंपरा का साहित्य। जो पीढ़ी- दर- पीढ़ी प्रवाहित व प्रचलित रहता है। मानव जीवन के साथ ही उसके सुख- दुख की अनुभूतियां शब्दों द्वारा अभिव्यक्त होती रही हैं। अतः मानव जीवन के साथ- साथ ही लोक साहित्य की भी सृष्टि होती रही है।इसकी परंपरा उतनी ही पुरानी है जितनी मानव जाति की परंपरा। यह एक व्यक्ति की रचना न होकर समूह की रचना होती है। इसके रचयिता अज्ञात होते हैं।लोक साहित्य शब्द दो शब्दों के योग से बना है। लोक तथा साहित्य। 'लोक' का अर्थ होता है -देखना। 'साहित्य' का अर्थ होता है -जो हित सहित हो। इस प्रकार लोक- साहित्य का अर्थ हुआ- जनसाधारण का ऐसा साहित्य जिसमें लोगों के सहज एवं आदिम परंपरा के आचार -विचार आदि के द्वारा जन सामान्य का हित होता है।लोक - साहित्य की व्यापकता मानव जन्म से लेकर मृत्यु तक की सम्मिलित संपत्ति है। वास्तव में लोक-साहित्य एक ऐसी मौखिक अभिव्यक्ति है जो भले ही किसी एक व्यक्ति ने गढ़ी हो, परंतु सामान्य लोक समूह इसे अपनी ही संपत्ति मानता है, इसमें लोकमानस प्रतिबिंबित होता है।लोक साहित्य का प्रत्येक शब्द, प्रत्येक स्वर, प्रत्येक लय लोक का अपना है।

**संकेत शब्द-** लोकमानस,लोकसमाज, लोकसाहित्य, आदिम परंपरा, आचार -विचार, सामूहिक अभिव्यक्ति, धरोहर।

लोक शब्द एक ऐसी भावभूमि का नाम है जिसमें एक विशाल संसार का समावेश है, जिसकी सत्ता पुस्तकीय ज्ञान, बाहरी आडंबर तथा व्यक्तिवादी जीवन से निर्मित नहीं है। इसमें बौद्धिक तनावों, मानसिक कुंठाओं, जीवन पद्धति की जटिलताओं तथा भौतिकवादी तार्किक संस्कारों का लेश मात्र भी अस्तित्व नहीं है बल्कि यह भूमि पवित्र भावों से निर्मित, परंपरागत संस्कारों से पूर्ण, लोकमंगल की कामना से प्रेरित,अकृत्रिमता का बाना ओढ़े हुए है।"यदि सरल शब्दों में कहें तो अभिजात्य प्रभावों से रहित आदिम अवस्था और परंपरा के प्रवाह में रहने वाला जनसमूह लोक है, जिसमें अपना विश्वास, पृथक परंपराएं, निजी वेशभूषा, संस्कृति तथा जीवन-पद्धति है।"[1] लोक में सनातन काल से चले आ रहे अनुभवों का सत्य छुपा है।लोक- साहित्य मानव हृदय के यथार्थ चित्रण का दर्पण होता है। यह लोकाधारित ज्ञान से गतिमान रहता है।नए-नए अनुभवों को एकत्रित करके लोक साहित्य सम्पन्न होता है। यह अगर अतीत का अवशेष है तो वर्तमान का जीवित अभिलेख भी है। तभी तो कहा जाता है कि लोक साहित्य एक व्यक्ति की रचना नहीं होती है। इसके रचयिता अज्ञात व अनाम होते हैं।इसका क्षेत्र व्यापार अत्यंत व्यापक है।यह जनमानस में पलता व प्रसार पाता है।लोक साहित्य के अंतर्गत लोकगाथा, लोकगीत, लोककथा, लोकनाट्य, लोकोक्तियां सम्मिलित हैं। प्रत्येक का अपना विशेष महत्त्व है।

**लोकगाथा** -लोकगाथा शब्द लोक और गाथा से मिलकर बना है। लोक का अर्थ है- परंपरा में जीने वाले व्यक्ति या व्यक्ति समूह जबकि गाथा का अर्थ है- विस्तृत गीत जिसमें कोई कहानी या कथा होती है अर्थात लोकगाथा का साधारण अर्थ है ऐसा कथागीत जिन्हें मनोरंजन या विशेष अवसरों पर गाया जाता है।लोकगाथा में कथा और गीत दोनों को प्रधानता दी जाती है। जनसाधारण में परम्परा से चले आ रहे 'प्रबंधात्मक गीत' लोकगाथा कहलाते हैं। प्राचीनकाल में जब लेखन की सुविधा नहीं थी तो श्रुतियों के द्वारा अपने नायकों,सम्राटों, देवताओं की प्रशस्तियां गाने की परंपरा प्रारंभ हुई। भर्तृहरि,गुग्गा जाहरपीर आदि इसी प्रकार की लोकगाथाएं हैं। लोकगाथाओं की विषयगत विविधता लोक जीवन से संबंधित अनेक पक्षों की झलक प्रदान करती है। "यदि लोकगाथाओं की संरचना का विवेचन किया जाए तो स्पष्ट होता है कि लोकगाथाएं एक सुसंगत पाठ के रूप में उपस्थित होती हैं। ये प्रस्तावना से प्रारंभ होती हैं और निष्कर्ष पर समाप्त होती हैं।"[2]भारत की लोकगाथाओं में पूजा-पाठ संबंधी रीति-रिवाज़ व परम्पराओं को निम्न पंक्तियों में देखा जा सकता है -

**"देखो राजा म्हूं कुंवारी व्हेती**
**ओ पीपल पूजती ओ**
**राजा म्हूं कुंवारी व्हेती ओ**
**पीपल पूजती ओ जी।"[3]**

लोकगाथाओं में देवी-देवताओं, साधारणजन की वेशभूषा, आभूषण एवं खान-पान का वर्णन भी किया जाता है -

**"बाल-बाल में मोती पैरै ये पगल्यां झांझर बांधे ओ**
**पगल्यां झांझर बांधे ओ जी ए ज्वाला जी"।[4]**

हिमाचल प्रदेश की प्रमुख लोकगाथाएं - 'रानी सुनैना की लोकगाथा','मोहणा','मदना की हार' , 'गढ़ मलौण की लोकगाथा' , 'कुंजु-चंचलो' , 'सुन्नी-भूंकू' आदि हैं। "सुन्नी -भूंकू भरमौर क्षेत्र की वह हृदयस्पर्शी गाथा है जो दो संस्कृतियों के मिलन के साथ एक मायावी और करुण संसार की रचना करती है।..... भरमौर के गद्दी अपनी भेड़-बकरियां लेकर दुर्गम बर्फ़ भरे जोतों को लांघ लाहुल में प्रवेश करते हैं।लाहुल, जहां भोट लोग बसते हैं।भोट, जिन्हें 'भोटले' कहा जाता है, भिन्न वेशभूषा,भाषा और भिन्न संस्कृति के लोग हैं।किंतु गद्दियों के संपर्क में आने के कारण भिन्न भाषा -भाषी होते हुए भी एक-दूसरे को करीब से समझते हैं। ऊंचे पर्वतों के एक ओर भोट तो दूसरी ओर गद्दी।फुलमों-रांझू की तरह सुन्नी-भूंकू गाथा है एक कल्पना लोक के आदर्श प्रेम की,जो जब यथार्थ की धरती पर उतरी तो ज़माने की भूल ने उसका अंत कर दिया।"[5]

**सुन्नी -भूंकू लोकगाथा की निम्न पंक्तियां देखिए -**
**"छोटडा़ गदेटा मेरी भैण जी,काली भौंर दाहडी़ है।**

**.....**
**ओ बाहर जइयो निकियो छुकयो, कुत्ते कस जो लगे हो।**

**.....**
**कठी तेरे घर ओ मित्तरा कठी जो चलूरा हो।**
**भट्टी टिकरी घर वो मांहिए,लोहला जो चलूरा हो।**

**.....**
**कुण जिणी रित सुन्निए,कुण जिणा म्हीना है।**

**.....**
**सैरकणी रित भूंकूआ,काति दा म्हीना है।**

**.....**
**होर ता महणू राजी बाजी भूंकू गद्दी मुआ हो।**

**.....**
**होर ता महणू राजी बाजी सन्नी भोटली मुई हो।"[6]**

लोकगाथाओं का कथानक प्रभावशाली और विस्तृत होता है। यह

समाज के किसी वर्ग और व्यक्ति विशेष से संबंध नहीं रखता अपितु संपूर्ण समाज की धरोहर है। इनका उद्भव जनसाधारण की मौखिक परंपरा से होता है। लोकगाथाओं में गीतात्मकता अनिवार्य तत्त्व माना जाता है। भारत में लोकगाथाओं की बड़ी ही व्यापक और दीर्घ परंपरा पाई जाती है परंतु इसकी कोई निश्चित संख्या नहीं है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में इन्हें भिन्न-भिन्न नामों से पुकारा जाता है । गुजरात में इसे कथागीत और राजस्थान में इसे गीतकथा कहते हैं। "लोकगाथाओं का संपूर्ण ढांचा एक जीवंत वृत्तांत -परकता पर आधारित होता है। लोकगाथाओं की वृत्तांत - परकता ही इसे अन्य लोकगीतों से पृथक करती है। लोकगाथाओं का वृत्तांत मात्र भूत न होकर वर्तमान से संवाद कर रहा होता है तथा भविष्य की झांकी उपस्थित कर रहा होता है।"7 भारतीय लोकगाथाओं के अनेक रूप हैं । लोकगाथाओं में प्रेम, वीरता, त्याग,बलिदान,रोमांच आदि की प्रधानता पाई जाती है।

**लोकगीत** -लोकभाषा का आश्रय लेकर स्वर और लय के संगीतात्मक आवरण में जब मानव मन की आदिम वृत्तियां सहज ही प्रस्फुटित एवं अभिव्यक्त होती हैं तो लोकगीतों का जन्म होता है।लोक साहित्य के अंतर्गत लोकगीतों का प्रमुख स्थान है, जनजीवन में इनकी व्यापकता के कारण ही इनकी प्रधानता स्वाभाविक है। जन्म से लेकर मृत्यु तक सोलह संस्कारों के अवसर पर गाए जाने वाले गीत लोक साहित्य की अमूल्य निधि हैं। डॉ० कृष्ण देव उपाध्याय ने भारतीय लोक साहित्य को छ: श्रेणियों में विभाजित किया है -संस्कार गीत,ऋतु गीत, व्रत गीत,श्रम गीत,देवता संबंधी गीत,जाति संबंधी गीत। सामान्य रूप से लोक में प्रचलित, लोक द्वारा रचित एवं लोक के लिए लिखे गए गीत लोकगीत कहलाते हैं। इनके रचनाकार अपने व्यक्तित्व को लोक के लिए समर्पित कर देते हैं। लोकगीतों में सहजता, रसमयता, मधुरता,लय,ताल आदि गुण रहते हैं। निम्न उदाहरण देखिए-

**"छिम्बी हो छिम्बी पाणी जो गई हो**
**तेरड़े सौंह छिम्बी पाणी जो गई हो।**
**दंद कदेई ऐस्सा छिम्बी दे जियां खिड़े खटनाल**
**दंद हेरी मत भुलै राजा जी हांऊं ता जाति री छिम्बी ।।**
**हाखी कदेई ऐस्सा छिम्बी दी जियां सुरजे री लोई।।"[8]**
**"चिट्टे दंद खोड़े रा दंदासा हो मेरिये नैणो।**
**नैणो नैणो हांकां कुनी लाईयां हो मेरेया मेटा ।।**
**नैणो बैठी धारगले री बाई हो मेरेया मेटा**
**बुरे हुंदे गाड़ जंगलाती हो मेरिये मेटा।।**
**खुस्सी लेंदे हाथा री दराटी हो मेरेया मेटा।।**
**चिट्टे दंद खोड़े रा दंदासा हो मेरिये नैणो।**
**कुनी पाया दंदड़ रा हासा हो मेरेया मेटा।।"[9]**
**"ऊची ऊची रेढ़ी ऊची ऊंची रेढ़ी हो बंसरी बजांदा बो बैरिया।**
**बजदी सुणी मुरली हो रोई रोई भिजो बो बैरिया।।**
**हत्था तेरे छतरी हो जाति दा तू खतरी बो बैरिया।"[10]**

इन लोकगीतों में सामूहिक अभिव्यक्ति व्यक्त हुई है। आदिकाल में जब सामाजिक चेतना का विकास हो रहा था तो ऐसे गीतों का जन्म हुआ जिनका संबंध जीवन से था। जगत की विभिन्न चेष्टाओं एवं स्थितियों का प्रभावपूर्ण चित्र लोकगीतों में रहता है।

**लोककथा**-भारत में लोक कथाओं का इतिहास बहुत ही प्राचीन रहा है। हमारे प्राचीन ग्रंथों रामायण, वेद, पुराण, उपनिषद, महाभारत में भी लोककथाएं दी गई हैं। लोककथा से तात्पर्य किसी क्षेत्र विशेष में जनश्रुतियों के माध्यम से आ रही कथाएं हैं। इनका अस्तित्व पुरानी पीढ़ी से नई पीढ़ी तक किंवदंती जनश्रुतियों के माध्यम से पहुंचता है। लोकसाहित्य में लोककथाएं महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं। व्यापकता व प्रचुरता की दृष्टि से इसका महत्त्व अधिक है। भिन्न-भिन्न विद्वानों ने लोककथाओं का अनेक रूप से वर्गीकरण किया है । मुख्य रूप से लोक कथाओं को छ: वर्गों में बांटा जा सकता है -उपदेश कथा,व्रत कथा,प्रेम कथा, मनोरंजन कथा, सामाजिक कथा, पौराणिक कथा।

कथा से तात्पर्य किसी चरित्र, घटना, समस्या या उसके किसी रोचक पहलू व मनोरंजक वर्णन से है। लोककथाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए समान रूप से आकर्षण का केंद्र रही हैंये कथाएं मानव जाति के विश्वास, परंपराओं, प्रथाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। वास्तव में लोककथा साहित्य काफी विशाल है। भारतीय लोक साहित्य में यदि विभिन्न बोलियों की लोककथाओं को संकलित करने की चेष्टा करें तो अनेक संकलन तैयार हो सकते हैं । लोक कथाओं की जन्मभूमि भारतवर्ष है, इन कथाओं का प्रभाव पूरे संसार पर पड़ा है। लोककथाओं के वर्णन में प्रायः स्वाभाविकता रहती है, जिस तरह से घटना होती है उसे उसी तरह प्रस्तुत किया जाता है। बुरे कार्यों के दुष्परिणाम दिखाए जाते हैं। स्वाभाविकता के कारण लोककथाओं में विश्वसनीयता बनी रहती है। लोककथाएं मानव मन की एक ऐसी उपज है जो मनोरंजन के लिए लिखी व बोली जाती हैं। इनमें सहज प्रेम का चित्रण होता है। अश्लील प्रेम का वर्णन लोककथाओं में नहीं होता। इनमें सर्वमंगल की भावना एवं जिज्ञासा बनी रहती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में लोक शिक्षण और लोकाभिव्यक्ति की दृष्टि से इनका विशेष महत्त्व है।

**लोकनाटक**-लोकनाटक समूह या समाज की अनुभूतियों, भावनाओं और विशेषताओं को अभिव्यक्ति प्रदान करता है। इसे हमेशा खुले रंगमंच पर खेला जाता है। इसमें प्रयोग किए जाने वाले संवाद पद्यात्मक होते हैं। लोकनाटकों में नृत्य, गीत,लय की प्रधानता रहती है। ये परम्परा से मौखिक रूप में चला आ रहा है। लोक नाटकों में लोक जीवन की झांकी प्रस्तुत की जाती है।

"लोक नाट्यों का ज्ञात उभार दसवीं से तेरहवीं शताब्दी के बीच दिखाई देता है यह समय एक प्रकार से संस्कृत नाटकों के पराभव का भी है कुछ विद्वान लोकनाट्यों के विकास को संस्कृत नाटकों के पराभव से भी जोड़ते हैं किंतु यह मत औचित्यपूर्ण नहीं है । संस्कृत नाटक प्राय: राज्याश्रय में रचे और खेले जाते थे। दसवीं शताब्दी के आसपास की राजनैतिक उथल-पुथल के चलते ये राज्याश्रय कमज़ोर हुए तथा इसका प्रभाव इनके संरक्षण में पलने वाले नाटकों एवं साहित्य के अन्य रूपों पर भी पड़ा । वस्तुतः इस समय संस्कृत भाषा भी क्षीण पड़ रही थी तथा समाज पर उसकी पकड़ कमजोर हो रही थी ।जबकि लोकभाषा दृढ़ता के साथ विकसित हो रही थी और जनसामान्य के आचार - व्यवहार का माध्यम थी। तत्कालीन साहित्यिक रचनाओं में भी लोकभाषाओं की प्रतिष्ठा हो रही थी। लोकनाट्य, लोक जीवन में शतत प्रवाहित थे ।कथा गायन, अभिनय आदि की परंपराएं लोक में निरंतर जीवित थी। इस प्रकार नाट्यशास्त्र से लेकर संस्कृत नाटकों तक लोकनाट्यों का अंतर्क्रियात्मक नैरन्तर्य जारी था।"[11]लोकनाटकों में लोक के रीति-रिवाज़, परम्पराओं, भावनाओं का वर्णन किया जाता है।धर्म के साथ भारतीय लोकमानस का गहरा संपर्क रहा है। धर्म के अनुष्ठानिक एवं कर्मकांडीय रूपों से जन सामान्य का गहरा लगाव उसके अभिव्यक्ति रूपों को अनिवार्य रूप से प्रभावित करता है। लोक नाटकों के प्रमुख रूप रामलीला, रासलीला, स्वांग, नौटंकी, भगत, माच,भवाई,गवरी, बिदेशिया,नाचा आदि हैं। कथानक की दृष्टि से लोक- नाटकों में लोक जीवन में प्रचलित घटनाएं ली जाती हैं जिनमें सामाजिक और धार्मिक मान्यताओं को महत्ता दी जाती है। महाभारत, रामायण, भागवत एवं अन्य अनेक पुराण तथा जन प्रचलित किंवदंतियां और लोकावदान हमारी लोकनाटक परंपरा के अच्छे स्रोत रहे हैं। "इतना तो निश्चित है स्वांग,भगत, माच,ख्याल,वैष्णवनाट्य, लीलानाटक हिन्दी रंगमंच की लोकधाराएं हैं,जो नाट्यशास्त्र की परम्परा से बहुत कुछ ग्रहण करते हुए भी उससे टक्कर लेती हैं।"12 लोकनाटकों में संगीत का प्रधान स्थान है। आदि से अंत तक नगाड़ा, ढोलक, सारंगी, बांसुरी, हारमोनियम, मंजीरे आदि पार्श्व संगीत प्रदान करते रहते हैं। लोकनाटकों की भाषा मुख्य रूप से काव्यात्मक होती है, जिसमें स्थान- स्थान पर बोलीगत भेद के कारण विविधता पाई जाती है। स्थानीय रंग के अनुसार कथावस्तु में यथावसर हेरफेर कर लिया जाता है। लोकनाटक रचे या खेले जाते हैं, वे दर्शकों के मन में पहले से ही समाए रहते हैं।

दर्शक- प्रदर्शनकर्त्ता में कोई विशेष अंतर नहीं रहता है। लोकनाटकों में सरलता, सहजता ,उन्मुक्तता, अनौपचारिकता, रोचकता, लोकानुरंजन आदि की प्रधानता रहती है। लोकनाटक परंपरा अत्यंत विशाल, समृद्ध और बहुरंगी रही है। किसी- न- किसी रूप में यह परंपरा आज भी विद्यमान है और अनिवार्य रूप से आधुनिक नाटक और रंगमंच के रचनातंत्र और उसकी परिकल्पना को प्रभावित करती रही है।

**लोकोक्ति** -लोक में प्रचलित उक्ति या कथन को लोकोक्ति कहा जाता है। ये दो शब्दों के मेल से बना है-लोक और उक्तिायह सामाजिक अनुभवों का निचोड़ होता है।इसका प्रयोग किसी विचार को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए होता है। लोकोक्ति समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है। पुराणकथा, लोककथा आदि से भी लोकोक्तियां उत्पन्न होती हैं। इनका सीधा संबंध लोकमानस और लोकजीवन से होता है। लोकोक्तियां किसी भू-भाग के निवासियों के आचार -विचार(व्यवहार ) तथा विश्वासों पर भी प्रकाश डालती हैं। कुछ उदाहरण

प्रस्तुत हैं -

**"अंडे सेवे कोई, बच्चे लेवे कोई।"(13)**
**"छप्पर पर फूस नहीं, दरवाज़े पर नाचा।"(14)**
**"परबस का जीना बुरा"(15)**
**"सीख वाको दीजिए जाको सीख सुहाय"(16)**
**"सोना जाने कसे,मानस जाने बसे" (17)**

लोकसाहित्य में लोकोक्तियों का अपना महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनके प्रयोग से भाषा में एक बल आता है जो श्रोता पर सीधा प्रभाव डालता है।

अंत में कहा जा सकता है कि लोकसाहित्य समस्त जातियों, रीति-रिवाज़ों, रूढ़ियों, गीतों, कथाओं, मुहावरों, कहावतों का साहित्य है, जो मौखिक रूप से एक मनुष्य से दूसरे को प्राप्त हो जाता है। प्रत्येक मनुष्य का यह नैतिक कर्त्तव्य है कि वह इसका संरक्षण करे। पर वास्तविकता तो यह है कि आधुनिक पीढ़ी लोकसाहित्य से परिचित नहीं हो पा रही है।वे इसे उपेक्षित समझती है। विदेशों में रह रहे भारतीय अपनी माटी,अपनी संस्कृति से जुड़ाव चाहते हैं जबकि हम यहां रहकर भी अपने लोकसाहित्य के प्रति हीनभावना एवं नकारात्मक सोच रखते हैं। लोक और वेद के बीच की खाई ने लोकसाहित्य को दरकिनार कर दिया। लोक साहित्य भारतीय संस्कृति की धरोहर है। इसके अंतर्गत जहां व्यक्ति के सुख-दुख, आशा- निराशा, हर्ष-विषाद विद्यमान होते हैं वहीं इसके अंतर्गत सामाजिक, सांस्कृतिक संदर्भ भी आते हैं, जो राष्ट्र को अपनी पहचान देते हैं।चाहे विषय का स्तर हो या शिल्प का, दोनों ही स्तरों पर लोकसाहित्य परिनिष्ठित साहित्य का पात्र बना और इसका मार्ग प्रशस्त किया है। अतः हमें इसके संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

**********

**संदर्भ सूची** -


1. ज्ञानवार्ता पत्रिका(पांचवाअंक) में डॉ० अमर सिंह का लेख(ब्रज का लोकजीवन और साहित्य) पृ०10, दिसंबर 2014
2. फ्रैंक सिजविक : ओल्ड वैलेड्स, कैम्ब्रिज यूनियन प्रेस,पृ०9,1909
3. महेन्द्र भाणावत: ताखा अंबाव रो भारत, भारतीय लोककला मंडल उदयपुर,पृ०7,1971
4. महेन्द्र भाणावत:काला गोरा रो भारत, भारतीय लोक कला मंडल उदयपुर, पृ०6,1968
5. सुदर्शन वशिष्ठ: हिमालय गाथा-3 जनजाति संस्कृति,पृ0309,सं०2014
6. वही,पृ0309,310
7. बद्रीनारायण- लोक संस्कृति और इतिहास, पृ० 78, सं०2014
8. सुदर्शन वशिष्ठ-हिमालय गाथा-3(जनजातीय संस्कृति)पृ०313सं०2014
9. वही,पृ0315-316
10. वही,पृ0316-317
11. डॉ० नरेंद्र मोहन(सं०) समकालीन हिंदी नाटक और रंगमंच, में डॉ वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी का लेख (नाट्यऔर लोकनाट्य: अंतर्क्रिया और विकास), पृ० 159-160, सं० 2009
12. जावेद अख्तर खां, हिंदी रंगमंच की लोकधारा, पृष्ठ 29, सं० 2013
13. शालिनी एस गुप्ता, लोकोक्ति कोश,पृ०11, प्रथम सं० 2018
14. वही,पृ0074
15. वही,पृ0144
16. वही,पृ0234
17. वही,पृ0235


# वर्तमान संदर्भ में कबीर के काव्य में सामाजिक दर्शन:एक अध्ययन


**डॉ. मो. मजीद मियाँ**
प्राध्यापक (हिंदी विभाग)
श्री अग्रसेन महाविद्यालय, दालखोला, उत्तर दिनाजपुर



**सारांश-**भारतीय संत साहित्य हमारी परम्परा की अनुपम और अद्भुत निधि है। इस साहित्य में तत्कालीन भारतीय समाज के अंर्तद्वन्द्वो का संपूर्ण इतिहास निहित है। मध्यकालीन कवियों में समाज को सबसे ज्यादा वैचारिक रूप से उद्वेलित, आन्दोलित और प्रभावित करने में कवि सम्राट कबीरदास जी का योगदान नि:सन्देह रूप से अविस्मरणीय है। उन्होनें अपने वैज्ञानिक एवं तर्कसंगत विचारों से न केवल भारतीय जनमानस को प्रभावित किया बल्कि मन की गहराइयों में जाकर उनके विचारों को परिवर्तित करने में एक अभिनवमनोमूलक दृष्टि भी प्रदान की है। कबीर का प्रादर्भाव ऐसे समय में हुआ जब समाज अनेक कुरीतियों, कुप्रथाओं एवं विषमताओं से ग्रस्त था। हिन्दू तथा मुस्लिम हमेशा समाज में एक दुसरे से झगड़ते रहते थे जिससे समाज में जातिवाद, छुआछूत, अन्धविश्वास, रूढ़िवादिताव पाखण्डवाद का बोल बाला था। समाज में फैली इस कुरीति और अव्यवस्था के कारण दोनों धर्मो के ठेकेदार अपने-अपने स्वार्थ सिद्धि कर रहे थे।



**बीज-शब्द :** व्यक्तित्व, समाज, बुराइयां, सुधार, संघर्ष, प्रासंगिकता।


**प्रस्तावना** -कबीर कालीन समाज में धार्मिक परिस्थिति विचित्र थी उस समय हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध, जैन, शाक्त, शैव और सिक्ख आदि प्रमुख धर्म मत-पंथ प्रचलित थे किन्तु लोगों के बीच अनेक ऐसे छोट-छोटे सम्प्रदायों का भी प्रचार हो चला था जिसके कारण बाहयाडम्बर एवं पाखंड का बोल बाला हो रहा था। ''कबीर मुसलमान होकर भी असल में मुसलमान नहीं थे, योगी होकर भी योगी नहीं थे। वे कुछ भगवान की ओर से ही सब से न्यारे बनाकर भेजे गये थे।'' कबीर ने बाहयाडम्बर धर्म का धिक्कार किया है। हर युग का साहित्य अपने युग का आईना होता है। उसमें युगीन चेतनाएँ, विसंगतियाँ एवं विद्रूपताएँ अपने यथार्थ रूप में सन्निहित होती हैं। धार्मिक कट्टरता एवं संकीर्णता के कारण समाज का सन्तुलन बिगड़ रहा था। इस विकट परिस्थिति में एक ऐसे समाज सुधारक की जरुरत थी, जो समाज में फैले इन कुरीतियोंकाबिना किसी डरके विरोध करते हुए दोनों धर्मों के मानने वालों को बिना किसी भेदभाव के आपसी भाईचारा का उपदेश देकर सामाजिक एकता की स्थापना करे। कबीर इसी आवश्यकता की प्रतिपूर्ति करते हुए दिखायी पड़ते हैI हिन्दी साहित्य के निर्गुण काव्यधारा के ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रतिनिधि कवि कबीरदास जी के जन्म के सन्दर्भ में एक दोहा प्रचलित है –

**चौदह सौ पचपन साल गये चन्द्रवार एक ठाठ गये,**
**जेठ सुदी बरसात को पूरनमासी प्रगट भये।1**

अर्थात् 1398 ई० को कबीरदास जी का जन्म काशी में हुआ, जिनका पालन पोषण नीरू–नीमा नामक जुलाहे दम्पति ने किया। कबीर के विषय में कहा जाता है कि वे पढ़े-लिखे नहीं थे 'मसि कागद छुयो नहि कलम गहयों नहि हाथ।' किन्तु उनमें विलक्षण काव्यप्रतिभा व सामाजिक चेतना विद्यमान थी। अनुभव जन्य सत्य को स्वीकार करने के कारण शास्त्र के पाखण्डी पण्डितों की चुनौती देते हेतु वे कहते हैं 'तू कहता कागद की लेखी, मैं कहता आंखिन देखी'। बस्तुतःबीजक ही **यह तौ खुन वह बंदिगी कैसें खुसी खुदाय।[4]**

**कबीर की मूल रचना है। जिसके तीन भाग है- साखी, शबद, रमैनीमें**

फैले बाह्याडम्बर, जातिप्रथा, छुआछूत एवं ऊँच-नीच की भावना का विरोध करते हुए कहा कि जन्म के आधार पर कोई भेद-भाव नहो होना चाहिए —

**जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान,**
**मोल करो तलवार का पड़ा रहने दो म्यान।2**

अपने अकाट्य तर्कों के माध्यम से कबीरदास जी समाज की सबसे बड़ी बुराई वर्णव्यवस्था एवं जाति-व्यवस्था पर प्रहार करते हुए कहते है कि यदि ब्राह्मण और शुद्र की रगोंमे बहने वालों खून और जन्म लेने के तरीके में कोई भेद नहीं है तो फिर उनमें जातिगत भेद क्यों? उनका मानना था कि व्यक्ति की जाति के विषय में चर्चा करना बिल्कुल असंगत है, किसी की पहचान, सिर्फ उसके ज्ञान से की जानी चाहिए। वस्तुत: भारतीय समाज में व्याप्त विषमता, अनादर और घृणा के माहौल में कबीर की उक्त वाणी समतापरक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है। तर्क और सत्य की बुनियाद पर खड़े होने के कारण धर्म और समाज के ठेकेदारों, मठाधीशों और राजसत्ता का भय कबीर को तनिक भी स्पर्श नहीं कर पाया। कबीर जोर देकर स्थापित करते हैं कि मनुष्य - मनुष्य में कोई भेद नहीं बल्कि एक है- 'एकै जनी जना संसारा'। इसी प्रकार कबीर ने समाज में व्याप्त मूर्तिपूजा का डटकर विरोध किया –

**दुनिया ऐसी बावरीपाथर पूजन जाय,**
**घर की चकिया कोई न पूजैजेहि का पीसा खाय।3**

कबीरदास जी समाज में प्रचलित अन्धविश्वासरूपी मूर्तिपूजा पर प्रहार करते हुए कहते हैं कि यदि पत्थर का टुकड़ा पूजने से भगवान मिलते है तो मैं पहाड़ पूजूं। पर ऐसा नहीं होता है क्योंकि यदि इन पत्थर की मूर्तियों में ईश्वर होते तो वह स्वयं को मूर्तिभंजकों से बचा लेता और इनके पूजने से तुरन्त फल भी मिलता। अतः इन पत्थर की मूर्तियों को पूजने की बजाय मनुष्य को कर्म की पूजा करनी चाहिए। कबीर ने धर्म के नाम पर व्याप्त हिंसा का विरोध किया। हिन्दुओं में शाक्तों और मुसलमानों में कुर्बानी देने वालों को उन्होंने निर्भीकता से फटकारा और कहा कि दिन में रोजा रखने वाले रात को गाय काटते हैं। इस कार्य से भला खुदा कैसे प्रसन्न हो सकता है?

**दिन में रोजा रहत है रातिहनत हैं गाय,**

जीव हिंसा के विरोधी कबीर कहते हैं कि लोगों को यह देखकर सबक लेना चाहिए कि बकरी तो केवल घास पात खाती है और इस पाप के कारण उसकी खाल खींची जाती है, किन्तु कुछ व्यक्ति बकरी खाते हैं, उनकी क्या दशा होगी? पाखंडी ही ईश्वर को पाने के लिए पूजा-व्रत, तीर्थ, मक्का-मदीना, मंदिर तीर्थादि में भटकते फिरते हैं। फिर भी उन्हें ईश्वर नहीं मिलते। हिन्दू चौबीस एकादशी के व्रत और मुसलमान रमजान का एक महीना रोजा रखते हैं। उनसे कबीर पूछते हैं साल के दूसरे दिन ईश्वर कहा जाते हैं? हिन्दू पूर्वाभिमुख करते हैं और मुसलमान पश्चिमाभिमुख होकर नमाज पड़ते हैं। कैसे राम का देश पूर्व और रहीम का पश्चिम हो सकता है? राम और रहीम तो एक ही हैं। राम-रहीम की एकता का प्रतिपादन कर सारे देश को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयत्न किया। उन्होंने हिन्दू-मुसलमानों के वैमनस्य और भेदभाव की चौड़ी खाई को पाटने का कुशल प्रयास किया। मध्यकालीन समाज में मुगलों के आधिपत्य और अत्याचारों के परिणामस्वरूप हिन्दू-मुसलमान विद्वेष ने आग पकड़ी होगी। परन्तु यह समस्या तो आज लगभग पाँच सौ साल बाद भी ज्यों की त्यों है। देश साम्प्रदायिक दंगों के घाव आए दिन झेल रहा है। दोनों धर्मों के नाम पर आपस में घात-प्रतिघात हेतु तत्पर रहते हैं। धर्म का वह स्वरूप लुप्त सा हो गया है जो हिन्दू और मुसलमान संप्रदाय में प्रेम, सौहार्द, भाईचारा एवं मानवता को बढ़ावा दें। ऐसे में कबीर पुनः प्रेरणा बनकर उभरते हैं –

**"दुइ जगदीश कहाँ ते आए, कहु कौन भरमाया।**
**अल्ला राम करिम केशव हरि, हजरत नाम धराया।"5**

कबीर के ये विचार आज और प्रासंगिक हो गए हैं। आज के भागदौड़ के जीवन में व्यक्ति मशीन की तरह संवेदनहीन बनता जा रहा है। सब कुछ अकेले भोग करने की लालसा ने एकल परिवारों को बढ़ावा दिया है। माँ-बाप, सास-ससुर बोझ बनने लगें। अतः बिडम्बना है कि जिस गति से मनुष्य प्रगति के सोपानों को छू रहा है। वृद्धाश्रमों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही हैं। जीवित रहते वक्त कोई नहीं पूछता सगे-संबंधियों को। घर में विद्यमान साक्षात पितरों को भर पेट अन्न और प्रेम के दो बोल नसीब नहीं होते। मृत्योपरांत उनके नाम पर पिंड भर-भर दक्षिणा किये जाते हैं। जिनका कोई अंश पूर्वजों तक नहीं पहुंचता। कौवे-कुत्ते खा जाते हैं। कबीर को मृत्यु से डर न था। वे इस रहस्य को समझ चुके थे कि मृत्यु अनिवार्य है। इस ज्ञान ने उन्हें निर्भय बना दिया था। कबीरदास जी समाज में व्याप्त बुराइयों के कटु आलोचक हैं, किन्तु उनकी आलोचना सुधारभावना से प्रेरित है। वे साफ कहते है कि हिन्दू और मुसलमान दोनों अपने को बड़ा सिग करने की कोशिश करते है किन्तु उनका कुछ कार्य अत्यन्त निन्दनीय है। यथा –

**मुलमान के पीर औलिया मुरगा मुरगी खाई,**
**खाला केरी बेटी व्याहैं घर ही में करै सगाई।6**

इस प्रकार कबीरदास निरपेक्ष भाव से हिन्दू और मुसलमान दोनों धर्मों में व्याप्त बुराइयों पर कटु प्रहार करके उन्हें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। वे अपनी कविताओं के माध्यम से विषमता एवं विद्वेष के विविध आयामों को समाप्त करके प्रेम आधारितसमतामूलक समाज की स्थापना करना चाहते हैं। परोपकार, सेवा, क्षमा, अहिंसा, करूणा, दान, धैर्य,सत्संग, निरहंकार एवं सत्य रूपी मानवीय मूल्यों की स्थापना के साथ ही तर्कपूर्ण, वैज्ञानिक सोच, शब्द आचरण एवंसात्विकता पर बल देते हैं। कबीर हिन्दू और मुसलमान के बीच भाई चारे की भावना उत्पन्न करने के साथ ही सामाजिक समन्वय पर बल देते है।लोकमानस में कबीर का विस्तार बहुत गहरा है। संसार को माया जानकर भी वे संसार छोड़ने के पक्षधर नहीं है, बल्कि वे संसार में रहकर व्यक्ति के मन में सुधार के पक्षधर हैं, जो समाज को वर्ण, जाति, वर्ग एवं अन्य श्रेष्ठताओं के बन्धनों को समाप्त कर एक ऐसे समता मूलक समाज का निर्माण करने में योगदान दे जो समता, स्वतन्त्रता एवं भातृत्व की भावना पर आधारित हो। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि सद्गुरू कबीर तमाम अन्धविश्वासों, गलतरूढ़ियों और गतानुगतिका के विध्वँसक थे। वे समाज विरोधी और कल्याण विरोधी विषाक्त तत्वों को विध्वंस करके एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना चाहते थे, जिसमें व्यक्ति एंव लोक का कल्याण निहित हो।

**निष्कर्ष** -इस प्रकार कबीर का यह सामाजिक दर्शन प्रासंगिक होते हुए आज भी समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहा है। अंतत: कह सकते हैं कि कबीरकालीन विकृतियों, असंगतियों, रूढ़ियों एवं अंधविश्वासों से आज भी हमारा समाज मुक्त नहीं हो पाया है। जात-पात, छुआछूत, सांप्रदायिकता, अशिक्षा, गरीबी जैसी विषमताएँ जड़ जमाये बैठी हैं। आर्थिक स्वार्थ, दंभ, नैतिक पतन ने व्यक्ति को संवेदनहीन और स्वार्थी बना दिया है। शोषण, उत्पीड़न, झूठ, फरेब आज और भयानक रूप में देखा जा सकता है। अतः कबीर के समता, स्वतंत्रता और भ्रातृत्व गढ़ने के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। जिन मानवीय मूल्यों की स्थापना हेतु वे जीवनभरसंघर्षरत रहें, उस संघर्ष की लौ को फिर से जीवित रखने की आवश्यकता आ पड़ी है। प्रेम, मानवता, सद्भाव, सौहार्द और नैतिकता की बहाली के लिए कबीर के विचारों का पुनः अनुसरण समय की मांग है।

**********

**सन्दर्भ :-**

1. डॉ मोती चाँद - काशी का इतिहास - हिंदी ग्रन्थ रत्नाकर प्राइवेट लिमिटेड, बम्बई - द्वितीय संस्करण 1985.
2. डॉ. जयन्तीमाकडिया - हिन्दी कविता में दलित चेतना: एक अनुशीलन - आकाश पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गाजियाबाद
3. श्यामसुंदर दास - कबीर ग्रन्थावली - 19वां संस्करण, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
4. गंगाशरण शास्त्री – बीजक - वाणी प्रकाशन
5. डॉ. एन. सिंह - मेरा दलित चिन्तन - कंचन प्रकाशन, नई दिल्ली
6. कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव - प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति - यूनाइटेड बुकडिपो इलाहाबाद

# आधुनिक हिन्दी कविता का स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान

**डॉ.सुनील**
एसोशिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी-विभाग गुरु नानक देव विश्वविद्यालय,
अमृतसर-143005 (पंजाब)

**डॉ.पवन कुमार शर्मा**
असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी)
हिन्दू कन्या महाविद्यालय, धारीवाल, पंजाब

साहित्य समाज का दर्पण होता है। जब जब राष्ट्र की अस्मिता पर बादल मणडराएं है तब तब साहित्यकारों ने अपनी कलम से नागरिकों को उनके कर्तव्य और सोई हुई ताकत को जाग्रत किया है। जैसा कि आप जानते है कि भारत विदेशी ताकतों के अधीन लम्बे समय तक रहा। आरम्भ में ये लोग व्यापार हेतु भारत आये बाद में अपने उपनिवेश स्थापित कर भारत को अपने अधीन कर लिया। 1857 से सीधा ईंग्लैण्ड से भारत का शासन चलने लगा। इस लम्बे समय में भारत की जनता के द्धारा अपनी अस्मिता अपनी संस्कृति सभ्यता एवं परम्परा को बचाने के लिए एक ही मार्ग था भारत को विदेशी ताकतों अंग्रेजी शासन से आजाद करवाकर अपनी स्वशासन व्यवस्था लागू करना।

भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन द्धारा राजनीतिक चेतना को अधुनातन अर्थ प्राप्त हुआ। उसके मूल में इण्डियन नैशनल कांग्रेस की सक्रिय भूमिका रही। यदपि इसी समय ब्रझ समाज, आर्य समाज थियोसोफिकल सोसाइटी आदि ने भी इस स्वाधीनता आन्दोलन को सक्रियता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही साहित्यकारों ने जिन्दगी के अनदेखे पक्षों को अभिव्यक्त करते हुए अपनी सामाजिक प्रासंगिकता एवं प्रतिबद्धता को नए स्वरों में संचारित किया। आधुनिक हिन्दी साहित्य में राजनीतिक चेतना को अभिव्यक्ति देने वालों में भारतेन्दू हरिश्चद्र, मैथिली शरण गुप्त, बाल मुकुन्द गुप्त, श्रीधर पाठक, रामनरेश त्रिपाठी माखन लाल चतुर्वेदी आदि ने राष्ट्रीयता को जातीयता के संकुचित दायरे से ऊपर उठाकर सही दिशा दर्शायी। भारतीय धर्म और मूल्य पर आधारित उनकी विचार प्रद्धति की हमारी राष्ट्रीयता में सर्वस्वीकृत हुई। द्विवेदी युगीन साहित्यकारों ने गाँधीवादी राष्ट्रीयता को उचित अभिव्यक्ति दी। सियाराम शरण गुप्त सोहन लाल द्विवेदी, माखनलाल चतुर्वेदी आदि का नाम अग्रण्य है।

इन कवियों ने स्वतन्त्रता से पूर्व की राष्ट्रीय चेतना की प्रेरणा भूमि, स्वतन्त्रता, राष्ट्रीय चेतना, स्वर्णिम अतीत का वर्णन, मातृभाषा हिन्दी के प्रति प्रेम, वर्तमान दुर्दशा का वर्णन, तत्कालीन घटनाओं का चित्रण, नूतन जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा, नवउतर दायित्वों के सवहन की प्रेरणा, जागरण गीत, वीर पूजा, सांस्कृतिक चेतना का स्फुरण, समकालीन तथ्यों के समन्वय द्धारा सांस्कृतिक चेतना का स्फुरण, मानवता वादी दृष्टिकोण, नैतिक दृढता की प्रतिष्ठा, समभाव की प्रतिष्ठा आदि का मर्मस्पशी चित्रण किया है।

अंग्रेजों ने अपनी कूटनीति के द्धारा भारत के जन जीवन को असहाय और कमजोर कर दिया था। उनके द्धारा दी गयी नवीन शिक्षा ने सामाजिक जीवन को अधिक दूषित कर दिया था। उनकी यह शिक्षा नीति भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के पूर्णतः विपरीत थी। औघोगिकरण और आर्थिक विपतियों के कारण श्रमिक वर्ग की व्यवस्था भी शोचनीय हो रही थी। हिन्दी कविता में राष्ट्रीयता एवं मानवतावादी प्रवृत्रियों का बीजारोपण भारतेन्दू युग में भारतेन्दू हरिश्चन्द्र की कविताओं में आरम्भ हुआ। हा. हा. भारत दुर्दशा देखी न जाई। अंग्रेज राज सुख साज सजे सब भारी पै धन विदेश चली जात इ है बात अतिख्वारी।

**निज भाषा उन्नि अहे सब उन्नति को मूल**
**बिन निज भाषा ज्ञान के मिरत न हिय को शूल।**[1]

श्रीधर पाठक मातृभूमि के स्वर्णिम अतीत की बन्दना करते हुए आजादी की कामना करते हुए लिखते है-

जय जयति सदा स्वाधीन हिन्द
जय जयति जयति प्राचीन हिन्द.[2]

प्रताप नारायण मिश्रा ने तृप्यताम कविता में बड़ी चिन्ताकर्षक शैली द्धारा देश की महंगाई अकाल और हीनावस्था का चित्र प्रस्तुत किया है

**महंगी और टिक्स के मारे हमहि वसधा पीड़ित तन छाम**
**लाग पात लो मिलेन जिय भर ले तो वृथा दूध को नाम**
**तुमाहे कहा प्यावै, जब हमारे करत रहत गोवंश तमाम**
**के बल समुखि अथक उपमा लाहि मांग देवता तृप्यताम.**[3]

द्धिवेदी जी के युग के कवियों ने विदेशी सभ्यता और संस्कृति से प्रभावित भारतीयों के हीनता बोध को दूर करने का प्रयास किया। भारतीयों में सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करने के लिए कवियों ने निजी भाषा के अतिरिक्त संस्कृति के मूल स्रोत वेद तथा वेद-विघा के उपदेश को उचित-उपाय समझते हुए गुप्त जी लिखते है –

**उस वेद के उपदेश का सर्वत्र ही प्रस्ताव हो**
**सौदाई और मतैवय हो, अविरूद्ध मन का भाव हो**
**सब ईष्ट फल पावें परस्पर प्रेम रखकर सर्वथा**
**निज यश-भाग समानता से देवे लेते है यथा।** [4]

माखन लाल चतुर्वेदी अंग्रेजी शासन की काली करतूतों पर व्यंग्य करते हुए लिखते हैं –

**काली तू रजनी की काली**
**शासन की करनी भी काली।** [5]

पुष्प की अभिलाषा कविता में चतुर्वेदी जी ने पुष्प के माध्यम से राष्ट्रीय भावना को स्पष्ट किया है।

**चाह नहीं मैं खुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊ**
**भाव नहीं प्रेमी माला में विध प्यारी को ललचाऊ**
**चाह नहीं सम्राटों के शव पर वारि डाला जाऊ**
**चाह नहीं देवो के सिर पर चढुभाग्य पर इठलाऊ**
**मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर तुम देना फेंके**
**मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक.**[6]

मातृभूमि की आजादी के लिए गांधी जी द्धारा चलाए गये सत्याग्रह आन्दोलन व अहिंसक क्रांति के लिए आशा प्रकट करते हुए चतुर्वेदी जी लिखते है -

**हूँ राष्ट्रीय सभा का सैनिक छोटा सा अनुगामी हूँ**
**उसकी ध्वनि पर मर मिटने खुद अपना**
**बाकी एक उपाय बचा था जिसकी की गांधी ने याद**
**शीघ्र अहिंसक असहयोग से मातृभूमि होवे आजाद।**[7]

आजादी के लिए संघर्ष करते हुए सत्यग्रहियों के बंदी जीवन को स्पष्ट करते हुए नवीन जी लिखते है –

**तेरी चक्की के ये गेहूं पिसते है पिस जाने दो।**
**चक्की पिसवाने वालों को मिट्टी में मिल जाने दो।**[8]

**अन्यत्र नवीन जी लिखते है।–**
**कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ**
**जिससे उथल पुथल मच जाये**
**एक हिलौर इधर से आए**
**एक हिलौर उधर से आए**
**प्राणों के लाले पड़ जाए**
**त्राहि त्राहि रव मन में छाए**
**बरसे आग, जलद जल जाए**
**भस्मसात मधुर हो जाए।**[9]

रामधारी सिंह दिनकर ओज और वीर रस के राष्ट्रीय कवि है। भारत को अंग्रेजों की अधीनता से छुटकारा पाने के लिए हुंकार में लिखते है –

**नहीं जीते जी सकता देख / विश्व में झुक तुम्हारा भाल**
**वेदना-मधु का भी कर पान / आज उगलूंगा गरल कराल।[10]**
**एक अन्य स्थान पर दिनकर लिखते है –**
**कह दे शंकर आज करे, वे प्रलय नित्य फिर एक बार**
**सारे भारत में गूंज हो हर-हर बम का महोच्चार**
**ले अंगड़ाई उठ हिले धरा कर निज विराट स्वर में निनाद**
**तू शैल राट: हुंकार भरे फट जाय कुहा, भागे प्रमाद।[11]**

सुमदा कुमारी चौहान राष्ट्रवादी कवयित्री है वे झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की वीरता का गुणगान करते हुए लिखती है –

**जाओ रानी याद रखेंगे हम कृतज्ञ भारतवासी**
**यह मेरा बलिदान जगा देगा स्वतन्त्रता अविनाशी**
**होने चुप इतिहास, लगे सच्चाई को चोह फांसी**
**हो मदमाती विजय, मिटा दे गोलो से चाहे झांसी।[12]**

राणा प्रताप कविता के माध्यम से सोहन लाल द्विवेदी लिखते है –

**जागो प्रताप, मेवाड़ देश के / लक्ष्य भेद है जगा रहे**
**जागो प्रताप मतवालों के / मतवाले सेना बजा रहे**
**जागो प्रताप हल्दी घाटी में / वैरी भैरी बजा रहे।[13]**

पराधीनता के प्रतिशोध को व्यक्त करते हुए सोहन लाल द्रिवेदी जी लिखते है –

**जब सारी दुनिया सोती थी / तुमने ही तो इसे जगाया**
**दिव्य ज्ञान कै दीप जलाकर / तुमने ही तो उसे भगाया।**
**तुमने वेद उपनिषद रखकर / जग-जीवन का मर्म बताया**
**ज्ञान शक्ति है ज्ञान मुक्ति है / तुमने ही तो गाना सुनाया।[14]**

विदेशी भाषा का बहिष्कार करते हुए द्रिवेदी जी लिखते है –

**आग लगा दो ऐसे काले / कृत्रिम कुटिल विधान में**
**राज विदेशी भाषा का / अब रहे न हिन्दूस्तान में।[15]**

आम जनमानस अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा पाना चाहता था। एक और अनेक राजनैतिक, सामाजिक संस्थाएं, आर्य समाज, ब्रझ समाज, कांग्रेस पार्टी आदि आजादी के लिए संघर्ष कर रहे थे वही दूसरी ओर इस युग के कवि भी अपनी कविता के माध्यम से आम जन में आजादी के लिए बलवती भावना को उनके प्राचीन इतिहास से अवबोध करवाते हुए उनमें आजादी की भावना की प्रेरणा फूंक रहे थे। केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए

**हम कौन थे क्या हो गये क्या होंगे**
**आओ मिलकर विचारे ये समस्याएँ सभी (मैथिली शरण गुप्त)**

अतः आधुनिक काल के हिन्दी के परोधा कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से सोई हुई भारतीय जनता को जगाया तथा उनमें चेतना और स्वतन्त्रता की नवीन आधारशिला प्रदान की। इस पुकार में हिन्दी कवियों की भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**********

**सन्दर्भ**


1. काव्य कुसुम – सम्पादित सुधा जितेन्द्र पृ027 से उद्रत
2. हिन्द वन्दना – श्रीधर पाठक – पृ02
3. तृप्यताम – प्रताप नारथण मिश्रा – पृ016
4. भारत-भारती-मैथिली शरण गुप्त – पृ-182
5. हिमकिरीटनी – माखनलाल चतुर्वेदी पृ018
6. त्रिधारा – माखन लाल चतुर्वेदी – पृ015
7. हिमकीरिटनी – माखनलाल चतुर्वेदी – पृ025
8. कुँकुम – बाल कृष्ण शर्मा नवीन – पृ02
9. कुँकम - बाल कृष्ण शर्मा नवीन – पृ02
10. हुँकार - दिनकर पृ2
11. हुँकार – दिनकर पृ04
12. मुकुल – सुमझो कुमारी चौहान पृ75
13. प्रभाती – सोहनलाल द्रिवेदी – पृ04
14. भैरवी – सोहनलाल द्रिवेदी पृ 110
15. मुक्तिगंधा – सोहनलाल द्रिवेदी – पृ018


## डूब: मनुष्यता और विकास के उन्माद की लड़ाई


**अपर्णा ए.**
शोधार्थी हिंदी विभाग
कोच्चिन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,कोच्चि- 682022


मनुष्यता उन गुणों का नाम है जो मनुष्य को सार्थक बनाता है। अर्थात् वह मनुष्य की पहचान है जो उसको जानवर से अलग करता है। वर्तमान समय की नियति यह है कि मनुष्य सुख-सुविधाएँ पाने की लिप्सा से प्रेरित होकर अपनी इस पहचान से दूर होता जा रहा है। विकास के नाम पर जो निर्ममता हमारे चारों ओर परिव्याप्त है वह इसीका अंजाम है। विकास मूलतः एक सकारात्मक शब्द है लेकिन आजकल इसका संबंध नकारात्मकता से है। विकास के नाम पर आज प्रकृति व पर्यावरण चहूँ दिशाओं से दोहन-शोषण का शिकार है। अतः धरती की उर्वरता, शीतलता, सुंदरता, नमी सब अब संकट की स्थिति से गुज़र रही हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि आजकल विकास का मतलब विनाश से है, विलुप्ति से है, विस्थापन से है। आज के कवि और उनकी कविता विकास रूपी इसी आतंक को काव्यबद्ध करते हैं। समकालीन साहित्यिक परिदृश्य में एकांत श्रीवास्तव एक ऐसे कवि हैं जो विकास को कविता विमर्श का विषय बनाते हैं। फलतः उनकी कविता गहरी ग्रामीण चेतना एवं पर्यावरणीय सजगता के लिए मशहूर है। उनके 'मिट्टी से कहूँगा धन्यवाद', 'बीज से फूल तक', 'धरती अधखिला फूल है' आदि काव्य संग्रह के शीर्षक में ही प्रकृति व पर्यावरण के प्रति आकर्षण-समर्पण का भाव झलकता है। इसके साथ ही विकास के तहत गाँव की प्रकृति तथा संस्कृति की सजीवता की निर्जीवता में बदलने के प्रति चिंता भी उनकी वाणी में अनुगूँजित है। उनकी 'डूब' शीर्षक कविता इसका उत्तम दृष्टांत है। कवि ने इस कविता के केंद्र में बाँध परियोजना के अधीन डूबा हुआ गाँव और विकास के इस अभिशाप को झेलनेवाले निस्सहाय मनुष्य को रखा है। इस शोधालेख में प्रस्तुत कविता के ज़रिए विकास के विनाशकारी पक्ष को उजागर करने का प्रयास किया गया है।यहाँ विकास का सीधा अभिप्राय पूँजीवादी औद्योगिक विकास से है जो मुनाफे पर केंद्रित है। इसकी दृष्टि में प्रकृति एक ऐसा संसाधन है जिससे पूँजी के उत्पादन और बढ़ोत्तरी कर सकती है। अतः पूँजीवाद हमेशा प्रकृति की लूटपाट करके अपने लाभ को बनाए रखने का प्रयास करता है। इसके सिवाय वह बाज़ारवाद और उपभोगवाद का जनक भी है जो प्राकृतिक संपत्ति के क्रय-विक्रय एवं उपभोग पर ज़ोर देता है। इस प्रकार पूँजीवाद मनुष्य सहित समस्त प्रकृति का उत्पीड़न-उपभोग करके अपने अस्तित्व को कायम रखता है। इसलिए ही वह धरती के समूचे जैविक-अजैविक तत्वों के लिए घातक व हानिकारक सिद्ध होता है। कविता में पूँजीवादी विकास परियोजना के तहत एक संपूर्ण गाँव के डूबने का चित्र है, जिसके ज़रिए वह पूँजीवादी विकास की विकरालता तथा निष्ठूरता को शब्द दे रही है।

ज्ञातव्य है कि वर्तमान की विकास योजनाएँ यानि पूँजीवादी विकास योजनाएँ एकपक्षीय हैं जो देश की आबादी के न्यूनतम हिस्से (संपन्न वर्ग) के ऐश और आराम को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। अतः देश के बहुतायत आम आदमी को इन सबसे कोई फायदा नहीं है और साथ ही वे इनसे घायल भी हैं। यानि विकास रूपी दावानल में उनका घर, खेत आदि सब कुछ जलकर राख हो जाती है। जैसे कहा गया है कि इस कविता में भी पूँजीवादी विकास के अधीन एक गाँव के डूबने का अर्थात् घर, रास्ते, चौपाल, खेत, खलिहान, कोठार, डोंगरी और जंगल सहित एक समग्र संसार के डूबने का छायाचित्र है। केवल इतना ही नहीं कविता अपनी पारदर्शिता में दर्शाती है कि विकास की इस विकृत रणनीति में गाँव के साथ-साथ वहाँ के निवासी, उनकी ज़िंदगी, संस्कृति, प्रकृति, परंपरा, इतिहास इत्यादि सब कुछ डूब जाते हैं। अतएव कविता की पंक्तियों में विषाद, अवसाद एवं निराशा का सुर परिव्याप्त है, जैसे: "कभी

न उबरने के प्रारब्ध से बँधा/ डूब में गाँव यह/ डूब गई सभ्यताओं के इतिहास लिखे जाएँगे/ और डूब गए गाँव की केवल दंतकथा/ रह जाएगी शेष।" दंतकथा का कोई ठोस, दृढ़, स्थिर अस्तित्व नहीं है। इसलिए वह समय की बहाव के साथ मिटती चली जाएगी। अर्थात् गाँव की नियती भी इसी प्रकार माटी में मिल जाने की है। यह एक जीवित सच्चाई है कि भारत के कई गाँव मर-मिटने के इस श्राप को झेल चुके हैं और आज भी झेल रहे हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि कविता में चिह्नित गाँव आम भारतीय गाँव का प्रतीक है जो पूँजीवादी विकास के मार से आहत है। कविता की अहमियत यह है कि वह टिहरी, मणिबेली और हरसूद जैसे सबूतों के ज़रिए इस दिशा पर व्यापक धरातल पर सोच-विचार करने की महफिल सजाती है। इस प्रकार यह अवगत होता है कि विकास की यह विध्वंसकारी बाढ़ हमारी सहजता, सहजीविता, स्वाभाविकता, आत्मीयता, आत्मनिर्भरता, रागात्मकता, विविधता को निगलकर उनके स्थान पर कृत्रिमता, परजीविता, अस्वाभाविकता, अपरता, पराश्रितता, विरागात्मकता, एकरूपता को हम पर थोपी जा रही है, जिससे आज हमारा देश अपना वास्तविक अस्तित्व, अस्मिता, इतिहास और पहचान तक खो रहा है। इससे यह भी जाहिर होता है कि पूँजीवादी विकास कभी अकेले में नहीं आता बल्कि वह अपने साथ बहुत कुछ ले आते हैं जिनसे हमारा बहुत कुछ छूट भी जाते हैं। इसलिए ही कविता में विकास के सिलसिले में शहरीकृत-बाज़ारीकृत-मशीनीकृत सभ्यता के आगमन का ज़िक्र और इस नवागृत सभ्यता के कृत्रिम राग से गाँव की सहज-स्वाभाविक सभ्यता एवं रागात्मकता के नष्ट हो जाने का चित्र भी प्रतिबिंबित है। काव्यात्मक शब्दावली नष्टों की सूची भी प्रस्तुत करती है; जैसे "छूटा हुआ घर, गाँव, परसार/ डूब रहा है बिके हुए बैल की आँख में/ मशीनों की घरघराहट में बाँसुरी की तान/ बाज़ार के शोर में आदमी की आवाज़/ बुझी हुई आँखों में सपनों की जोत/ ट्रेन की धड़धड़ाहट में पंडुक की आवाज़/ विकास के अर्राते जल में/ एक पूरी सभ्यता चुपचाप डूब रही है।" इन पंक्तियों से गुज़रने से यह भी साफ़ होता है कि यह वर्तमान भारत का मुख पृष्ठ है जो पाश्चात्य पूँजीवादी विकास नीति से बुरी तरह से उत्पीड़ित है।

कविता पूँजीवादी विकास के पीठ पीछे हो रहे विस्थापन की अमानवीयता को भी प्रस्फुटित करती है। "विस्थापन का आशय है अपने मूल से कटना और मौलिक स्थान से हटना।" अर्थात् आजकल विकास के नाम पर हो रहे तरह-तरह के निर्माण कार्यों से बहुत कुछ अपनी पहचान, अस्मिता व अस्तित्व से कटते जा रहे हैं। इनमें प्रकृति, स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण, इतिहास आदि सब कुछ शामिल हैं। अतः मनुष्य सहित समस्त प्रकृति के लिए विस्थापन एक दर्दीला यथार्थ है। कविता में इस तरह विकास व विस्थापन के सिलसिले में अपना सब कुछ खो जाने के बाद नाव में पाँव सिकोड़कर बैठने में मजबूर गाँववालों का करुण दृश्य अभिव्यक्त हुआ है। इसके ज़रिए कविता अपनी मिट्टी से, आजीविका से, सहजीवियों से, परिवेश से यहाँ तक कि अपनी परंपराओं से भी कटते जाने को अभिशप्त मनुष्यों की संकटग्रस्त स्थिति को चित्रांकित कर रही है। इसके साथ ही वह अनिच्छा से विस्थापित होने की गहरी मार्मिक पीड़ा को भी वाणी दे रही है। जैसे- "लोग जो इच्छा से छोड़ देते हैं गाँव/ रोजी-रोटी, बनी-मजूरी के लिए/ एक दिन लौट सकते हैं पुनः/ पा सकते हैं फिर खोया हुआ गाँव/ और हम हैं कि लौट नहीं सकेंगे कहीं/ पा नहीं सकेंगे इसे कभी/ हम स्वप्न में इसे देखेंगे/ स्मृति में बसा रहेगा आबाद यह प्रांत।" इस प्रकार कविता रुँधे गले से यह कहती है कि केवल कल्पना में बने रहने में मजबूर गाँव की यह नियती कितना कठोर एवं त्रासद है। कविता की आगामी पंक्तियों के वाचन से यह भी द्रष्टव्य है कि डूब का या विस्थापन का यह निर्णय गाँववालों का नहीं बल्कि पूँजीवादी, विकासवादी सत्ता या व्यवस्था का है जो ज़ोर-ज़बरदस्ती से उन पर थोपा जा रहा है। इसलिए ही इसमें पुलिस की नृशंसता भी दर्शित है जो आज के विकास तंत्र का एक अभिन्न अँग है। अतएव कविता पूँजीवादी विकास के घूँघट के पीछे छिपी व्यवस्थागत हिंसात्मकता को भी अनावृत कर रही है जो मनुष्य के मानवोचित अधिकारों को धिक्कार रही है। यहाँ ध्यातव्य है कि आजकल की विकास योजनाएँ मनुष्य के मूलभूत अधिकारों के प्रति कितना बेफिक्र है। संवैधानिक शब्दावली में कहा जाए तो मौलिक अधिकारों के हनन व उल्लंघन की यह क्रिया-प्रक्रिया गैर-संवैधानिक है। अतः मानवाधिकार के परिप्रेक्ष्य में भी वर्तमान विकास परियोजनाओं की व्याख्या हो सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी विचारणीय है कि विश्व के सबसे बड़े जनतांत्रिक राष्ट्र में नागरिकों के मूलभूत अधिकारों की कीमत क्या है? इस प्रकार यह कविता परोक्षतः देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी प्रहार करने वाली विकास नीति की कूटनीति को भी आलोकित करती है और इसके ज़रिए व्यवस्थागत मूल्यहीनता व मनुष्यता के अकाल को द्योतित कर रही है। परिणामतः कविता के सूक्ष्म-समग्र वाचन से यह दृष्टिगत होता है कि यहाँ पर गाँव का डूबना एक प्रकार से मनुष्यता के डूबने का यानि मूल्यों के डूबने का पर्याय है।

कविता की पैनी निगाह मनुष्य के बुनियादी अधिकारों को छीनकर हो रही फालतू विकास प्रणालियों पर भी टिकती है। अतएव कविता यह भी ध्वनित करती है कि आजकल की विकास पद्धतियाँ कितनी गैर-ज़रूरी हैं जो मानव के बुनियादी ज़रूरतों के परे हैं। यानि आजकल विकास के नाम पर सरकार की ओर से ज़रूरती बातों का निषेध कर फिसूल की चीज़ों पर ज़ोर दे रही है जो नितांत जघन्य है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो आज विकास के बदौलत भोग की जगह उपेभोगवादी मानसिकता को बढ़ावा दे रहा है। इसके साथ ही यह कविता आज के विकास तंत्र के पीछे कार्यरत विनाशकारी आर्थिक षड्यंत्र का पर्दाफाश भी करती है। अतः विश्व बैंक से पैसे उधार लेकर हो रही विकास प्रक्रिया की ओर इशारा करते हुए कविता कहती है कि इस ऋण भार से देश की आगामी कई पीढ़ियाँ मुक्त नहीं हो सकतीं। इस तरह कविता अपने पाठक के अंतर्मन में यह सवाल भी छोड़ती है कि क्या वर्तमान की यह विकास नीति संपूर्ण विनाश की है? जिसकी जड़ें हमें घोर अंधकारमय भविष्य की ओर ले जाती हैं। बारीकी से सोचने-विचारने पर यह स्पष्ट होता है कि विकास का यह ऋणात्मक आर्थिक खेल देश की आत्मनिर्भरता के आगे भी सवालिया चिह्न खड़ा करता है। कविता तरह-तरह के विकास प्रबंधनों के पीठ पीछे हो रहे पुनर्वास रूपी ढोंग को भी अप्रच्छन्न करती है जो विकासगत नष्टों के समाधान का दावा पेश करता है। कविता की पंक्तियाँ हैं; "असंभव है पुनर्वास/ पुरखों के पाँवों से बने हुए रास्ते का/ सूख जाने पर भी वृक्ष को छोड़ते नहीं पक्षी/ कैसे दोगे तुम उन्हें दूसरे वृक्षों पर पुनर्वास/ झड़ गए फूल की सुगंध में/ मंडराती हुई तितली को कैसे दोगे पुनर्वास/ कदम्ब के तने के छेद में/ रहने वाली दतैया/ ढूँढ़ती है उसी कदम्ब का तना।" इस प्रकार कविता पूँजीवादी विकासवादी आधुनिक मनुष्य से बार-बार यह सवाल पूछती है कि "तुम किस-किस चीज़ को पुनर्वास दोगे।" इससे कविता का आशय यह है कि मनुष्य के द्वारा प्रकृति के नैसर्गिक सौंदर्य व स्वाभाविक लय की पुनःस्थापना कभी भी संभव नहीं है। इस संदर्भ में कविता का पर्यावरणीय पाठ भी हो सकता है। गाँव का डूबना केवल मानवीय संस्कृति पर नहीं बल्कि प्रकृति की नैसर्गिकता के ऊपर बनावटीपन या कृत्रिमता के वार का सूचक है। वर्तमान समय इसका साक्षी है कि अब प्रकृति की सृजनात्मकता पर विकास रूपी ध्वंसता का वार है। अतः आजकल प्रकृति अपनी सहजता, स्वाभाविकता एवं वास्तविकता से दूर होती जा रही है। प्रकृति का अपना एक जैविक लय, ताल या संतुलन है। उसमें भंग होने से समस्त जीव राशि (जैविक व अजैविक) पर आपत्ति का बादल बरसेगा। इस तरह कविता के बारीकी अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कवि की दूरगामी दृष्टि धरती के

आगामी भविष्य तक प्रसृत है। केवल इतना ही नहीं उपर्युक्त काव्य पंक्तियों से यह भी देदीप्यमान है कि कविता की दृष्टि सिर्फ मानव केंद्रित नहीं बल्कि गहन पर्यावरणीय संवेदना के वाहक भी है। इसलिए ही कविता मानवाधिकार की वकालत करने के साथ ही मानवेतर तत्वों की जैविकता, नैसर्गिकता और अधिकार की माँग बुलंद करती है। इसके द्वारा वह अपने पाठक को जाने-अनजाने यह सबक देती है कि यह पृथ्वी केवल मनुष्य की नहीं है। इस प्रकार कविता यह द्योतित करती है कि वर्तमान की पूँजीवादी विकास दृष्टि मनुष्य केंद्रित है जो मानवेतर जैविक-अजैविक तत्वों के अस्तित्व, जैविकता एवं जैविक अधिकार को अनदेखा करती है। इसलिए यह बताया जा सकता है कि आज धरती के सर्व चराचर कुविकास की इस आँधी से पीड़ित हैं। आजकल की पूँजीवादी विकास नीतियों से यह भी व्यंजित होती है कि मनुष्य धरती की एकमात्र प्रजाति बनकर संपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग करना चाहता है किंतु विभिन्न तत्वों की साकल्यता अर्थात् पारस्पर्यता में ही धरती में जीवन का संगीत बरसेगा, नहीं तो यहाँ पर मृत्यु का मातम बजेगा। इस प्रकार कविता के विस्तृत वाचन से यह सुस्पष्ट होता है कि वर्तमान की पूँजी केंद्रित विकास प्रक्रिया प्रकृति की जैविकता, नैसर्गिकता, स्वाभाविकता, सहजता, पारस्पर्यता, सृजनात्मकता को नकारकर पृथ्वी के स्वस्थ-सुंदर भविष्य को ललकार रही है। संक्षेपतः कहा जाए तो एकांत जी की प्रस्तुत कविता आज के विकृत विकास तंत्र और इससे विक्षत प्रकृति व मानवीयता के आर्तनाद को स्वर दे रही है। कविता के सूक्ष्म तथा गहन अध्ययन से यह भी विदित होता है कि मानवीयता और पूँजीवादी विकास के बीच की यह लड़ाई वास्तव में जीवन और मृत्यु के बीच की लड़ाई ही है।

**********

## संदर्भ:


1. एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ. 199
2. एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ. 122
3. अचला पाण्डेय, विस्थापन का साहित्यिक विमर्श, लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज, 2019, पृ. 11
4. नाव खेते हुए उस पार जाते हुए सहसा/ एक जगह ठिठककर रुकते हैं लोग
   कि देखो ठीक इस जल के नीचे है गौरा-चौरा/ यहाँ माता देवाला/
   यहाँ खेड़का डाहर, यहाँ धारण चौरा/ यहाँ नीम जिसमें रहती थी सतबहिनी
   ये ढीमर पारा, ये सतनामी पारा/ यहाँ घर भागवत महाराज का
   ये दुकान कांति बाई की/ ये बँधान इंधरमन का, ये घर बोटरी राउत का
   और यह सुखरू धीवर की/ जो लहुट गया था साधु।
   (एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ. 123)
5. एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ. 119-120
6. छूटती कहाँ थी धरती/ पर पुलिस ने चलाई थी गोली
   छूटता कहाँ था जनपद/ पर पुलिस ने बरसाई थीं लाठियाँ।
   (एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ.124)
7. अभी तक तो नहीं थे बड़े बाँध/ फिर भी जी रहा था यह देश
   पी रहा था पानी/ सींच रहा था अपने पौधों को
   जो बन ही जाते थे एक दिन पेड़।"
   (एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ.126)
8. जल क्यों नहीं जाते इस आग में/ रुपये विश्व बैंक के
   जिन्हें लेकर आए ऋण में तुम/ जिसके ब्याज से उऋण नहीं हो पाएँगी
   कई-कई पीढ़ियाँ/ कैसी यह निति विकास की/ पाताल की ओर ले जाती हुई।"
   (एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ.126)
9. एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ.125
10. एकांत श्रीवास्तव, धरती अधखिला फूल है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृ.125


# सामाजिक दुर्दशा का यथार्थ दस्तावेज : गिलिगडु


**डॉ.सुनील**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी-विभाग गुरु नानक देव
विश्वविद्यालय, अमृतसर-
143005 (पंजाब)

**डॉ.संतोष बबन पगार**
हिंदी विभाग,गोखले एज्युकेशन सोसायटी
संचालित एच.पी.टी.आर्ट्स एंड
आर.वाय.के.सायंस कॉलेज,नाशिक



**सारांश:-**'मातृदेवो भव' भारतीय पारिवारिक व्यवस्था का मूलाधार है|भारतीय संस्कृति में वृद्धों का आदरएवं सम्मान करना परिवार का आदिकर्तव्य माना जाता है ; परंतु वैश्वीकरण की अंधी दौड़, टूटते पारिवारिक मूल्य, भूमंडलीकरण, पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण, भौतिकवादी दृष्टिकोण,अपनत्व का अभाव और अतिआधुनिकताके प्रभावस्वरूप भारतीय समाज में मानवीय मूल्य गौण होते जा रहे हैं।2009 में प्रकाशित चित्रा मुद्गल द्वारा लिखित 'गिलिगडु' उपन्यास हिंदी साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण रचना है, जिसमें वृद्धावस्था की भयानकता के साथ वृद्धों की पारिवारिक तथा सामाजिक समस्याओं की मार्मिकता के साथ अभिव्यक्ति की है। उपन्यासकार ने उपन्यास में ऐसे दो वृद्धों के जीवन को केन्द्र में रखा है, जिन्हें अपने ही परिवार के सदस्यों ने किसी फ़ालतू, बेकार वस्तू की तरह अपने जीवन से अलग कर दिया।चित्रा मुद्गल ने बाबू जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी के माध्यम से देश के उन तमाम वृद्धों की समस्या को उठाया है, जो जीवनभर अपने परिवार के लिए अपना सर्वस्व त्याग देते हैं| 'गिलिगडु' उपन्यास भारतीय समाज के शिष्ट समझे जाने वाले तथाकथित मध्यवर्गीय समाज की पोल-खोल करता है और वृद्धों की दयनीय दशा के कारणों की खोजबीन की है।यह उपन्यास प्राचीन भारतीय सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों के महत्त्व को भी अधोरेखित करता है|


**प्रस्तावना:-**भारत की संस्कृति सामाजिक रही है। भारतीय संस्कृति का मूलाधार 'मातृदेवो भाव–पितृ देवो भव' जैसे मूल्य रहे हैं| इसमें पारिवारिक सम्बन्धों का विशेष महत्व रहा है|इसी कारण धर्म एवं अध्यात्मपरक भारतीय संस्कृति मानव जीवन कोसंस्कारित भी करती है। परिवार संस्कृति में अनेक संस्कारों का सहज निर्वाह लक्षित होता है। भारतीय संस्कृति में सत्य, त्याग, प्रेम, सदाचार, मानवता आदि अनेक मानवीय विधायक मूल्यों का प्रत्येक भारतीय अपने व्यक्तिगत तथा सामाजिक जीवन में पूरी आत्मीयता से निर्वहन करता आया है। परंतु वर्तमान में आधुनिक भौतिक उपयोगितावादी समाज में सभी पारिवारिक- सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्य गौण होते जा रहे हैं। अतः ऐसे में पारिवारिक एवं सामजिक संबंधों के लिए कोई स्थान शेष नहीं है। आज भी यह मूल्य मानवीय संबंधों के लिए लाभदायक हैं, लेकिन आधुनिक सभ्य कहे जाने वाले भौतिकवादी मानव द्वारा इन परंपरागत मूल्यों को नकारा जा रहा है।चित्रा मुद्गल द्वारा लिखित 'गिलिगडु'(2009)उपन्यास हिंदी साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण रचना है, जिसमें वृद्धावस्था की भयानकता के साथ वृद्धों की अन्य समस्याओं की मार्मिक अभिव्यक्ति की है। उपन्यासकार ने उपन्यास में ऐसे दो वृद्धों के जीवन को केन्द्र में रखा है, जिन्हें अपने परिवार के सदस्यों ने किसी फ़ालतू, बेकार वस्तु की तरह अपने जीवन से अलग कर दिया।वे शारीरिक अक्षमता के चलते अपनी अपमानित स्थिति का विरोध भी नहीं कर पाते और ऐसा अपमानित एवं अभिशप्त जीवन जीने को विवश हैं| भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों का आदर, सम्मान कर उन्हें सुखी रखना परिवार का कर्तव्य है,परंतुअतिआधुनिकता के प्रभावस्वरूप आज अनेकभारतीय परिवारों में इन संस्कारों का सर्वथा अभाव लक्षित होता है। वैश्वीकरण की अंधीदौड़, टूटते पारिवारिक मूल्य, भूमंडलीकरण, पाश्चात्यसंस्कृति का अंधानुकरण, भौतिकवादी दृष्टिकोण और अपनत्व के अभाव से मानवीय संबंधों में दरार दृष्टिगोचर होती है|

परिवार में भी व्यावहारिकता के आगमन के कारण सदस्यों में आपसी मनमुटाव दिखाई देता है। वर्तमान वृद्ध विमर्श विचार करने पर ज्ञात होता है की वृद्धों की दुर्दशा का बड़ा कारण उनके अपने परिजन ही होते हैं। अपनों से मिलनेवाली उपेक्षा एवं दुख उन्हें भीतर से गहरे तक तोड़ता है| शारीरीक दुर्बलता के साथ उपेक्षा, एकाकीपन बुजुर्गों को हाशिये पर धकेल देता है। आधुनिक अर्थकेंद्री जीवनशैली ने मानव को स्वार्थी बनाया है| पैसा ही सर्वस्व माननेवाली नई पीढ़ी को किसी पारिवारिक भावनिक रिश्ते की जरूरत अनुभव नहीं होती। भूमंडलीकरण के फलस्वरूप मानवीय मूल्य खंडित हो रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी की आधुनिक जीवनशैली में अगर माता-पिता के कारण भी कोई बाधा उत्पन्न होती है तो उन्हें भी वे बड़ी बेदर्दी के साथ घर से बाहर निकाल रहे हैं। 'गिलिगडु' ऐसे दो वृद्धों की करूण कहानी है, जिन्हें अपनों ने ही अपने जीवन से बाहर निकाल दिया है|वास्तव में यह दो वृद्धों की दुर्दशाही नहीं है, बल्कि व्यापक स्तर पर यह वैश्विक दुर्दशा की ओर संकेत है। संचार माध्यम क्रांति के इस विशेष दौर में पश्चिमी सभ्यता को अपनाने वाली आज की भारतीय युवा पीढ़ी परिवार के वृद्धजनों को बोझ मानकर अपनेउत्तरदायित्व से मुकर जाती है|

**1.युवा पीढ़ी की असंवेदनशीलता:-**किसी समाज की युवा पीढ़ी अपने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तरदायी होती है; किंतु वर्तमान में लक्षित होता की अर्थकेंद्री व्यवस्था के प्रभाव स्वरूप वे अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व से दूर भागना चाहते हैं| युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को सम्मान न देकर उन्हें अकेला जीने के लिए छोड़ देती है। 'गिलिगडु' उपन्यास में भारतीय युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व जशवंत सिंह का बेटा नरेंद्र करता है। इस पीढ़ी को वृद्धों की संपत्ति तो चाहिए होती है;किंतु बुजुर्गों की सेवा के लिए उनके पास समय नहीं है। जसवंत सिंह को कानपुर से बेटे और बहू के द्वारा दिल्ली बुला दिया जाता है। लेकिन वहाँ पर वे कदम-कदम पर स्वयं को अपमानित महसूस करते हैं। बात-बात पर उन्हें टोका जाता है। रहने के लिए भी बालकनी को रूम में तब्दील किया जाता है, जो कही न कहीं वृद्धों को हाशिये की ओर धकेलने का प्रतीक है।अपने बेटे और बहू की अपने प्रति उपेक्षा को देखकर ही जसवंत सिंह विवश होकर नरेंद्र से पूछते हैं, "तुम कभी बूढ़े नहीं होगे नरेंद्र?"[1] बेटा नरेंद्र और बेटी शालिनी उन्हें वृद्धाश्रम 'आनंद निकेतन' में भेजने की योजना भी बनाते हैं। अपने बेटे के घर में ही अपनी दुर्दशा को देखकर वे सोचते भी हैं कि "इस घर में एक नहीं दो कुत्ते हैं एक टॉमी, दूसरा अवकाश प्राप्त सिविल इंजीनियर जसवंत सिंह! टॉमी की स्थिति निसंदेह उनकी बनिसबत मजबूत है।"[2]युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपने घर के बुजुर्गों के बारे में मानवीय दृष्टिकोण के साथ चिंतन करें|

उपन्यास के दूसरे बुजुर्ग कर्नल स्वामी की स्थिति तो अधिक भयावह है, जिसे चित्रा मुद्गलजी ने बड़ी कुशलता के साथ उपन्यास के अंत में प्रकट किया है।कर्नल स्वामी एक ऐसा व्यक्तित्व है, जिसे तीन बेटे होने के बावजूदअपने ही परिवार द्वारा अकेले रहने के लिए विवश कर दिया है। लेकिन कर्नल स्वामी अकेलेपन में भीप्रसन्न रहने की कोशिश करते हैं। जसवंत सिंह से मिलने के बाद उनके समक्ष स्वयं को बहुत सुखी और आनंदित प्रस्तुत करते हैं। उनके बेटे-बहू अलग रहते हैं| कर्नल स्वामी कई दिनों तक प्रातःकालीन भ्रमण पर न आने के बाद उनकी पूछताछ करने हेतु जसवंत सिंह उनके घर पहुँचते हैं, तब जसवंत सिंह का जिस कड़वी सच्चाई का सामना होता है, जिससे उनके पैरो तले की जमीन खिसक जाती है। कर्नल स्वामी की पड़ोसी मिसेज श्रीवास्तव जशवंत सिंह को कर्नल की दुर्दशा से अवगत कराती है और कहती है- "ऐसी कसाई औलादों से आदमी निपूता भला। हमें इस बात का कोई गम नहीं कि हमारी कोई अपनी औलाद नहीं....|"[3]वस्तुतः लेखिका ने इस उपन्यास में पारिवारिक मूल्यों के टूटने से उपजी भयावहता का बेबाक चित्रण किया है,जहाँ न आपसी प्रेम है और न ही लगाव है|

**2.पारिवारिक विघटन:-**परिवार भारतीय समाजव्यवस्था की मूलभूत इकाई होती है| व्यक्ति-विकास की बुनियाद ही परिवार है| अतः किसी विकासशील समाज व्यवस्था में परिवार व्यवस्था का मजबूत होना महत्वपूर्ण होता है| 'गिलिगडु' उपन्यास में बाबू जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी के परिवार के सदस्यों में आपसी मनमुटाव एवं बिखराव दिखाई देता है, जहाँ स्वार्थ के समक्ष आपसी सौहार्द, स्नेहभाव तथा सद्भाव खो गए हैं|आधुनिकता ने पारिवारिक साहचर्य भावना पर ही हमला बोल दिया है| बाबू जसवंत सिंह अपने बेटे और बेटी से उपेक्षित पिता है| वे अतीत की सुखद स्मृतियों को स्मरण करते हैं-"जन्मदिन जो और दिनों से अलग नरेंद्र से एक टेलीफोन की दरकार रखता था और चरणस्पर्श बाबूजी सुनकर गदगद हो आशीषों की बौछार से उसे भिगो देता था| तड़के टेलीफोन की पहली घंटी बजती थी उसकी, सबको पछाड़ते हुए|सुनते ही शालू तुनककर कहती इतनी सुबह उसने बधाई के लिए फ़ोन इसीलिए किया कि वह जन्मदिन की बधाई देने में भैया को पछाड़ना चाह रही थी|"[4] परंतु वृद्धावस्था में दोनों बच्चे पिता को वृद्धाश्रम भेजने पर सहमत है| इस दुर्व्यवहार से व्यथित होकर ही बाबू जसवंत सिंह अपनी जायदाद अपने बच्चों के नहीं, बल्कि कानपुर के घर में सेवा करने वाली सुनगुनिया और उसकी बेटियों के नाम पर करने का बड़ा निर्णय करते हैं|

**3. अतिआधुनिकता का दुष्प्रभाव :-**संचार क्रांति के आगमन से मनुष्य जीवन सुकर और भौतिक दृष्टी से समृद्ध तो बना, लेकिन उसके अनेक दुष्परिणाम भी सामने आए हैं| अतियांत्रिकता ने मानव को भी यंत्रवत बना दिया है| यही कारण है की जो समय कभी विचार विमर्श, साहचर्य, स्नेह्वत आदान-प्रदान के लिए होता था, अब वह समय एकाकीपन में बिताना नियति-सी बन गई है| बचपन किसी व्यक्ति के लिए सुनहरी यादों का दर्पण होता है, लेकिन जब बचपन की मौजमस्ती की जगह मोबाइल या कंप्यूटर हाथ आ जाए तो इन आधुनिक मशीनों ने बच्चों का बचपन तो छीन ही लिया है|साथ ही अकेले रहने की आदत ने उनकी सामूहिक सोच को सिकोड़ दिया है| आज के बच्चे एवं युवा वर्ग मैदानी खेल की अपेक्षा अनेक प्रकार के विडिओ गेम, मोबाइल में ही व्यस्त रहता है| कामकाजी माता-पिता भी बच्चों से जान छुड़ाने के लिए उन्हें कई यांत्रिक खिलौने ला देते हैं| इससे नई पीढ़ी आत्मकेंद्री बनती जा रही है| बाबू जसवंत सिंह के पोते मलय और निलय भी इसी तरह यंत्रवत जीवन जी रहे हैं और वे अपने समक्ष यंत्रों के प्रभाव में आने वाली अपनी नई पीढ़ी को बर्बाद होते देख रहे हैं| चित्रा मुद्गल बाबू जसवंत सिंह के पोतों की खिलौनों के प्रति आसक्ति को लेकर लिखती है -" गली के बच्चों के साथ खेलने में उनकी कोई दिलचस्पी न होती| न अपने खेलों में उन उत्सुक बच्चों को साक्षीदार बनाते| न हाथ लगाने देते| उन्हें खेल-खिलौने में भी षड्यंत्र की बू आती| बुद्धि विकास की आड़ में खूबसूरती से बच्चों को संवेदनाहीन किया जा रहा है, इतना कि बच्चे कभी परिवार में न लौट सकें, न कभी अपना परिवार गढ़ सकें|"[5] बाबू जसवंत सिंह पोतों की नीरसता दूर करने हेतु परिवार एवं मित्रों के बीच मलय का जन्मदिन मनाना चाहते हैं| लेकिन मलय पापा से कहकर मैकडोनाल्ड की मेज बुक कराकर दादा की योजना पर पानी फेर देता है| बाबू जसवंत सिंह का बेटा नरेंद्र और बहू सुनयना को भी बच्चों की क्षीण होती जा रही क्षमता की कोई चिंता नहीं है| अतः घर में बुजुर्गों के स्नेह के अभाव में नई पीढ़ी यांत्रिकता के भयानक पाश में फंसती लक्षित होती है|

**4. दांपत्य जीवन में बिखराव:-**सफल दांपत्य जीवन ही किसी सुखी परिवार की आधारशीला है| भारतीय समाज में विवाह को पवित्र बंधन माना जाता है| पति-पत्नी में पारस्परिक प्रेम के साथ विश्वास और समर्पण का विशेष महत्त्व होता है| बाबू जसवंत सिंह का दांपत्य जीवन सुखद रहा | उनकी पत्नी साथ कतिपय कटु अनुभवों के साथ बेहद आत्मीय भाव

रहा है| परंतु वर्तमान में आपसी द्वेष, इर्ष्या, निजी महत्वाकांक्षा से दांपत्य संबंधों में तेजी से बिखराव देखा जा रहा है| कर्नल स्वामी की बहू अनुश्री निजी महत्वाकांक्षा के सामने पति श्रीनारायण और परिवार को कोई महत्त्व नहीं देती और उसका परिवार बिखर जाता है| " डेढ़ साल की मासूम जुड़वाँ बेटियों को छोड़ उसने अपने नृत्य गुरु के साथ डंके की चोट पर रहना शुरू कर दिया था| बच्चियों को जतन से उनकी दादी ने पाला-पोसा| ...उसी बीच कर्नल स्वामी की अनिच्छा के बावजूद श्रीनारायण ने दूसरा ब्याह कर लिया और बच्चियों को हैदराबाद में ही हॉस्टल में डाल दिया|"[6] वास्तव में पति-पत्नी के बीच मनमुटाव से उसकी कुमुदिनी और कात्यायनी जैसी बेटियों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है| अतः पति-पत्नी के विवाद आम बात हैं, लेकिन उसे टालकर उस रिश्ते को बनाए रखने का हरसंभव प्रयास दोनों ओर से होना आवश्यक है|कहना न होगा कि दांपत्य जीवन की बुनियाद आपसी इर्ष्या न होकर स्नेहभाव और परस्पर विश्वास होता है|

**5.मानवतावादी दृष्टि:-**मानव स्वयं अनेक मानवीय संबंध बनाता है| उनकी नीव परस्पर प्रेम तथा साहचर्य होती है| वर्तमान पूंजीवादी समय में हर संबंध में व्यावहारिक दृष्टि लक्षित होती है| खून के रिश्ते भी स्वार्थ की दलदल में भटके दिखाई देते है| ऐसे में खून के रिश्ते की अपेक्षा मानवीय रिश्ते महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं| कर्नल स्वामी और जसवंत सिंह का रिश्ता ऐसा ही मानवीय है, जिसके मूल में निरपेक्ष स्नेह है| वे एक ऐसे रिश्ते से बंधे हैं, जिससे एक-दूसरे के हमदर्द बन जाते हैं| जसवंत सिंह तो कर्नल स्वामी के साथ रहकर अपने सभी दुख-दर्द भूल जाते हैं| स्वामी सदैव जसवंत सिंह को खुश रहने के लिए प्रोत्साहन देते हैं| कर्नल स्वामी अपने बेटे और बहुओं से मिले अमानवीय व्यवहार से आहत हैं| किन्तु वे इस दशा में भी वे गरीब नए लोगों के बीच नवीन किन्तु मानवीय रिश्ता बनाकर अपनी नई निस्वार्थ दुनिया खड़ी करते हैं| गरीब बच्चों को पढ़ते हैं| कर्नल स्वामी अपने घर में अकेले ही रह रहे थे किन्तु अब उनकी मृत्यु हो चुकी थी। वे बाबू जसवंत सिंह को जिस बहू बेटों और पोतियों की बात बताते थे, वह सब काल्पनिक था। जसवंत सिंह उपहार के रूप में जो कुछ ले गए थे वह पड़ोसी को देकर लौट आते हैं। चित्रा मुद्गल इस दुरावस्थ कहानी को बड़ी संजीदगी के साथ पेश करती है। रचना इस विश्वास को और भी गहरा करती है कि साहित्यिक मूल्यों में सामाजिक सार्थकता का महत्व निरंतर बना रहेगा।

**6.सामाजिक मूल्य क्षरण:-**'गिलिगडु' उपन्यास में चित्रा मुद्गल ने सामाजिक मूल्यों के क्षरण की प्रक्रिया को बड़ी कुशलता के साथ चित्रित कियाहै। तेरह दिनों की मित्रता में जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी की जो स्थिति प्रकट होती है, वह वस्तुतः मूल्यों के क्षरण का ही परिणाम है। संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान रहा है, जहाँ सम्बन्धों को महत्व दिया जाता था। किन्तु आज न तो संबंध की जरूरत रही, न ही मूल्यों की। इस उपन्यास में चित्रा जी ने यह भी दिखाने की कोशिश की है कि जड़ों से कटने पर व्यक्ति का जड़ों के प्रति कितना लगाव होता है। जसवंत सिंह कानपुर से सबकुछ छोड़कर बेटे नरेंद्र के पास दिल्ली आते है; किन्तु अपनापन कहीं न कहीं कानपुर में ही छूट जाता है। बेटे और बहू के साथ वे अपनेपन को महसूस नहीं कर पाते। कदम-कदम पर वे स्वयं को अपमानित-सा महसूस करते है। बेटा नरेंद्र और बेटी शालिनी दोनों ही जसवंत सिंह की जमीन, जोयदाद, बैंक बैलेन्स को लेकर लालायित है।जसवंत सिंह की बेटी उनसे कहती है,"लॉकर में अभी है तो बहुत कुछ बाबूजी! अम्मा के अपने कई सेट ,पाच तोले के आजीवाली नाथ, चांदी का ढेरों सामान। अम्मा हमेशा कहती रही- अपनी पचलड़ और कुन्दन का सेट वे अन्वीता को देंगी और विक्रम की बहू के लिए....'।"[7] अपनी बेटी से यह बाते सुनकर गहरा आघात पहुँचता है और उनके हाथों से फोन का रिसीवर छूट जाता है।बाबू जसवंत सिंह अपने एकांत को दूर करने कानपुर से दिल्ली आए थे; ताकि वे अपने बेटे, बहू और पोतों के साथ खुश रह सके। लेकिन उनका एकांत दूर नहीं होता। जसवंत सिंह की बहू ने भी अपने बच्चों को आत्मकेंद्रित बना दिया है, यथा - "बुद्धि विकास की आड़ में बड़ी खूबसूरती से बच्चों को संवेदनाच्युत किया जा रहा, इतना कि बच्चे कभी परिवार में न लौट सके, न कभी अपना कोई परिवार गढ़ सकें।"[8]जसवंत सिंह जब कर्नल स्वामी कि स्थिति से रूबरू होते हैं, तब परिवार के प्रति उनका रहा सहा मोह भी भंग हो जाता है। यही कारण है कि उनका प्रेम बेटा, बहू और बेटी की अपेक्षा कानपुर के घर में रहने वाली नौकरानी सुनगुनियाँ और उसके बच्चों के प्रति अधिक उमड़ता है। इतना ही नहीं अपने शव को मुखाग्नि देने की ज़िम्मेदारी भी उसे ही सौंपते हैं।

**निष्कर्षत:-** आज मनुष्यता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। उपभोक्तावाद, भूमंडलीकरण के चलते मनुष्य सिर्फ अपनी तरक्की, सुख-सुविधा से भरा जीवन व्यतीत करना चाहता है; लेकिन इस भौतिक प्रतिस्पर्धा में वह अपनों को ही भूल जाता है। देश में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या कुकुरमुत्ते की भाँति चिंतनीय हैं|युवा पीढ़ी के लिए अपने ही माता-पिता की देखभाल लिए बोझ न होना चाहिए| चित्रा मुद्गल ने इसे अपने उपन्यास'गिलिगड़' में बखूबी दर्शाया है और युवा पीढ़ी को वर्तमान स्थिति से साक्षात्कार कराया है।अतिआधुनिकता एवं व्यावहारिक दृष्टि के प्रभावस्वरूप आज अनेक भारतीय परिवारों में पारिवारिक विघटन लक्षित होता है। आधुनिक अर्थकेंद्री जीवनशैली के कारण वर्तमान मानव को स्वार्थी बनाया है| वर्तमान में आधुनिक भौतिक उपयोगितावादी समाज में मानवीय मूल्य गौण होते जा रहे हैं। अतः इस पर 'मातृदेवो भव' और 'पितृदेवो भव' का संस्कार ही संपूर्ण उपाय है|

**********

**संदर्भ सूची:-**

1) गिलिगडु - चित्रा मुद्गल,सामयिक प्रकाशन, 2007,पृष्ठ संख्या - 80
2)वहीं, पृष्ठ संख्या - 96
3) वहीं, पृष्ठ संख्या - 138
4) वहीं, पृष्ठ संख्या - 46
5) वहीं, पृष्ठ संख्या - 34
6) वहीं, पृष्ठ संख्या – 37
7) वहीं, पृष्ठ संख्या – 56
8) वहीं, पृष्ठ संख्या – 39

# राजनीति संस्था और शरद जोशी एवं उनके समकालीन व्यंग्यकार

**डॉ. राज नारायण शुक्ल**
शोध-निर्देशक, प्राध्यापक, हिंदी विभाग
एस.डी. कॉलेज, गाजियाबाद

**राजेश कुमार शर्मा**
शोधार्थी, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
लाजपत राय महाविद्यालय, साहिबाबाद, गाजियाबाद

**सारांश-**वर्तमान भारतीय समाज मूल्यों के पतन से जूझ रहा है। यह स्थिति आजादी के बाद से ही बनी हुयी है। पुराने मूल्य तो टूटे हैं, किन्तु स्वतंत्रता-पश्चात की नयी सोच के अनुरूप नये मूल्य निर्मित नहीं हो पाए। पुराने और नए मूल्यों की इस असंगति के कारण समाज की सभी संस्थाओं में विभिन्न विकृतियों ने घर कर लिया है। इन विसंगतियों एवं विकृतियों पर व्यापक व्याघात कर उनको समूल नष्ट करने की शक्ति रखने वाले, साहित्य के शस्त्रागार के ब्रह्मास्त्र व्यंग्य द्वारा शरद जोशी एवं उनके समकालीन व्यंग्यकारों ने स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज की विभिन्न संस्थाओं में व्याप्त विसंगतियों एवं विकृतियों पर प्रहार कर समाज में सुधार करने का प्रयास किया है। प्रस्तुत शोध-पत्र में राजनीति संस्था में व्याप्त अराजकता, इसकी प्रजातांत्रिक पद्धति के पतन और इस अराजकता व पतन के कारक राजनैतिक अभिजनों के छद्म-रूप पर इन व्यंग्यकारों ने जो व्यंग्य-बाण चलाये हैं, उनकी संक्षिप्त बानगी प्रस्तुत की गयी है।

**बीज-शब्द-** भारतीय समाज, राजनीति संस्था, प्रजातांत्रिक पद्धति, राजनैतिक अभिजन, विसंगतियां, विकृतियां, व्यंग्य, प्रहार, सुधार।

व्यक्ति और समाज का संबंध सार्वभौमिक एवं सर्वकालिक है। व्यक्ति समाज का प्रमुख अंग है, और समाज व्यक्ति का प्रमुख पोषक। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरे का अस्तित्व नहीं है। समाज की संरचना की परिकल्पना व्यक्ति से ही शुरू होती है, और उसी पर ही समाप्त। समाज की समस्त गतिविधियों का केंद्र-बिंदु वही है। व्यक्ति उन मूंगों के सामान है, जो समाज रुपी माला में एक समान उद्देश्य व समान रुचि, मूल्य, संस्कार एवं संस्कृति रूपी धागे से अनुस्यूत रहते हैं। ये समान तत्त्व व्यक्तियों में सामूहिकता का संचार करते हैं। समाज कुछ छोटे, तथा कुछ बड़े समूहों का ही नाम है। समूह वैयक्तिक एवं स्वाभाविक हितों से विशेष हितों की प्रक्रिया में समितियों का निर्माण करते हैं। समिति-सदस्यों के व्यवहारों को नियंत्रित करने एवं समिति के निर्धारित कुछ विशेष उद्देश्यों को प्राप्त करने के निमित्त जो नियम-कानून, कार्य-प्रणालियां और तौर-तरीके उपयोग मे लाए जाते हैं, उन्हें ही समाज की संस्थाएं कहा जाता हैं। बोगार्डस के अनुसार-"एक सामाजिक संस्था समाज का वह ढांचा होता है, जो मुख्य रूप से सुव्यवस्थित विधियों के द्वारा व्यक्तियों की जरूरतों की पूर्ति के लिए संगठित किया जाता हैं।"[1] परिवार, विवाह और नातेदारी, राजनीति, अर्थव्यवस्था, धर्म, शिक्षा एवं संस्कृति सामाजिक संस्थाएं हैं।

समाज की राजनीति संस्था शासन-प्रशासन, राजनैतिक दलों, दलों से संबंधित राजनैतिक अभिजनों, चुनाव-चक्र आदि से संबंधित नियमों, विधि-विधानों एवं कार्य-प्रणालियों की व्यवस्था है। राजनीति संस्था की व्यवस्था के संबंध में राम आहूजा का मत है- "राजनैतिक व्यवस्था' राजनैतिक संस्थाओं (जैसे, सरकार), संघों (राजनैतिक दल), और संगठनों का एकत्रीकरण (collectivity) है जो पूर्व निर्धारित उद्देश्यों और प्रतिमानों के आधार पर अपनी भूमिका का निर्वाह करते हैं।"[2] राजनीति संस्था समाज की वह संस्था है, जो समाज की अन्य सभी संस्थाओं को कहीं-ना-कहीं और किसी-न-किसी रूप में प्रभावित करती है। क्या परिवार, क्या अर्थव्यवस्था, क्या शिक्षा, क्या धर्म व क्या संस्कृति, सभी संस्थाएं इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकतीं हैं। यदि किसी राष्ट्र की राजनीति संस्था मजबूत होगी, तो उस राष्ट्र की अन्य सामाजिक संस्थाएं स्वत: ही मजबूती पकड़ेंगी। यदि यह कमजोर और अस्थिर होगी, तो समाज की अन्य संस्थाएं भी कमजोर और अस्थिर हो जाती हैं। इस संस्था में उथल-पुथल समाज की अन्य विभिन्न संस्थाओं में अराजकता उत्पन्न कर देती है। किसी भी संस्था की मजबूती उस संस्था से संबंधित सदस्यों पर निर्भर होती है। यदि राजनीति संस्था से संबंधित सदस्यों में पवित्रता, समाज व देश के प्रति समर्पण की भावना, सत्यनिष्ठा, संयम, दृढ़ निश्चय होगा, तो निश्चित रूप से यह संस्था और इसके साथ-ही साथ समाज की अन्य सभी संस्थाएं दृढ़ व मजबूत होगीं। स्वतंत्रता-पश्चात एक-दो दशकों तक इस संस्था में संतुलन था। इसने भारतीय समाज में एक नई चेतना पैदा की थी। शासन-प्रशासन में राष्ट्र-निर्माण की एक सकारात्मक स्वप्न-दृष्टि निर्मित की थी। उसमें ऊर्जा भर दी थी, उसको एक उर्ध्वगामी दिशा की ओर अग्रसर किया था। इस संस्था के नीति नियंता नेता-वर्ग के नेतृत्व ने भारतीय समाज की अन्य सभी संस्थाओं में भी सकारात्मक परिवर्तन किया था, और भारतीय जनमानस को नयी सोच-समझ व नई दिशा-दृष्टि दी थी। राजनैतिक दलों में आंतरिक अनुशासन और उनके अभिजन वर्ग, जिन्हें नेता नाम प्राप्त है, में भी आत्मिक अनुशासन था। नेता-वर्ग में नैतिकता थी, पवित्रता थी, और उनके अपने कुछ राजनैतिक मूल्य थे। उनमें संविधान के प्रति सम्मान था। उनकी कथनी और करनी में अंतर नहीं था। उनके अपने वादों और दावों के प्रति इरादे दृढ़ और अटल थे। उनमें समाज-सेवा, देश-सेवा व देश-प्रेम की भावना थी। उनमें त्याग एवं समर्पण की भावना थी। वे राजनीति संस्था से अधिकार और पद-प्राप्ति की कामना से नहीं, बल्कि समाज व देश की सेवा की भावना से जुड़े थे। इस संस्था से जुड़ने का उनका उद्देश्य जानोन्नयन, आत्मोन्नयन व आत्मतुष्टि था, न कि कोई लोभ-लालच। राजनीतिक दलों के भी कुछ निर्धारित लक्ष्य थे, और उन्हें पूरे करने की स्पष्ट दृष्टि एवं दृढ़ व ईमानदार इरादे थे। चुनाव प्रक्रिया में भी पारदर्शिता एवं शुचिता थी। परंतु, स्वतंत्रता के एक-दो दशक पश्चात ही राजनीति संस्था की दशा और दिशा परिवर्तित होने लगी। स्वार्थ, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार, झठ और फरेब ने इस संस्था में सेंध लगा दी, और इसके नेतृत्वकर्ता तथा इनकी नई पीढ़ी नामाकूल हो चली।

राजनीति संस्था शक्ति और सत्ता से संबंद्ध है। शक्ति और सत्ता का संतुलन ही इस संस्था को सर्वतोमुखी और सर्वजन सुखाय व सर्वजन हिताय की शक्ति प्रदान करता है। परंतु, स्वतंत्रता के एक-दो दशक पश्चात ही इस संस्था ने अपना संतुलन खो दिया। अधिकार और शक्तिसंपन्न नेता-वर्ग ने इस संस्था की सर्वतोमुखता को अपने संकुचित स्वार्थ की सीमा में ही सीमित कर लिया। जिस संस्था द्वारा समाज की अन्य सभी संस्थाओं में सकारात्मक परिवर्तन किया जा सकता था, और समाज व देश को मजबूत किया जा सकता था, उसी संस्था को उसके प्रचालन-कर्ताओं ने स्वहित साधना में संलग्न कर लिया। इसकी सर्वजन सुखाय व सर्वजन हिताय की शक्ति को स्व व स्वजन सुखाय व हिताय में ही लगा दिया गया। राम आहूजा के अनुसार- "1967, 1971, 1972, 1980, 1984, 1989, 1991, 1996 1998 और अक्टूबर 1999 के चुनावों में ऐसे अभिजन का उदय हुआ जिनमें से बहुत से लोगों के लिए राजनीति रोजी-रोटी का साधन था। वे सत्ता के गलियारों (corridors of power) में नातेदारी, जाति और भाषा के बन्धनों का प्रयोग करके अपना रास्ता सरल करने में विश्वास करते थे... वे योजना के व्यावहारिक पक्ष से अनभिज्ञ थे और झठे वायदे करके तथा आकर्षक नारे (Slogans) गढ़ कर जनता का सहयोग लेना चाहते थे। वे लोकतांत्रिक होने का दम्भ भरते थे, यहाँ तक कि उनके नारे भी

लोकतांत्रिक होते थे। किन्तु उनकी करनी और कथनी में अन्तर था। लोकतंत्र जीवनशैली के रूप में उनका स्वभाव उन के लिए विदेशी था।"[3] आजादी-पश्चात के एक-दो दशकों में ही इस संस्था का स्वरूप बदल गया। इस संस्था से संबंधित सदस्य-गण सत्ता और शक्ति के नशे में इतने चूर होते चले गए कि वे समाज व देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य तक भूल गए। वे पद और अधिकार के भूखे हो उठे। अधिकार और पद प्राप्ति के लिए वे मर्यादा का मार्ग ही भूल गए। सेवा की भावना को भूल, वे मेवा खाने की कामना में ही मशगूल हो गए। भारत की राजनीति में अराजकता, अपवित्रता, अवसरवादिता, असत्यवादिता, अनिश्चय, अपराधीकरण, असंयम, अदूरदर्शिता, आचरणहीनता, अनैतिकता, स्वार्थपरता, दोगलापन, छल-प्रपंच, सिद्धांतविहीनता, पाखंड आदि द्रोपदी के चीर की तरह बढ़ते ही चले गए। आदर्श राज्य का जनता द्वारा देखा गया स्वर्णिम स्वप्न दिवास्वप्न साबित हुआ। राजनीति के देव दानव साबित होने लगे। राजनीतिज्ञों के इस देवत्व से दानवत्व की यात्रा का लेखा-जोखा शरद जोशी एवं उनके समकालीन व्यंग्यकारों ने अपनी-अपनी व्यंग्य-बही में बहुत ही संभाल कर रखा है। शरद जोशी एवं उनके समकालीन व्यंग्यकारों हरिशंकर परसाई, श्रीलाल शुक्ल, श्री रवींद्रनाथ त्यागी, नरेंद्र कोहली, बरसाने लाल चतुर्वेदी, लतीफ घोंघी, शंकर पुणतांबेकर, डॉ. बालेंदु शेखर तिवारी, श्री ईश्वर शर्मा, सुदर्शन मजीठिया, के.पी. सक्सेना, रोशन लाल सुरेवाला, सूर्यबाला आदि ने राजनैतिक अभिजनों के झठे अभिनय और राजनीति संस्था की विडंबनात्मक स्थिति का पर्दाफाश करते हुए इन नेता-गणों और इस संस्था की विरुपावस्था एवं विकृतावस्था पर व्यापक व्यंग्याघात किये हैं।

स्वतंत्रता-पश्चात के दशकों में राजनीति में गंदगी बढ़ती चली गई। यह कलुषित हो गई। जिस प्रकार कोई रेलगाड़ी अपने प्रस्थान-स्थल से अपने गंतव्य की ओर चलती है, तो साफ-सुथरी होती है। परंतु, जैसे-जैसे वह आगे बढ़ती जाती है, लोग उसमें गंदगी फैलाते जाते हैं, और उसमें कूड़ा-करकट इकट्ठा होता जाता है। कुछ थोड़ी-सी ही यात्रा के बाद इसके डिब्बों में कूड़ा-करकट और गंदगी के कारण बदबू आने लगती है, और इस में बैठना दूभर हो जाता है। ऐसी ही भारतीय राजनीति की यात्रा है। दिन-प्रतिदिन राजनीति पददलित होती गयी, राजनीति संस्था का अवमूल्यन होता चला गया। इस स्थिति का व्यंग्य-चित्र श्रीलाल शुक्ल इस प्रकार खींचते हैं- "हमारी राजनीति और हमारी रेलगाड़ी ये दोनों चीजें एक हैं। दोनों ही पहियों पर लुढ़कते हुए बड़े-बड़े गाँवों की तरह हैं, जो आधुनिक होकर भी प्रागैतिहासिक हैं, रेलगाड़ी बेइन्तहा गन्दी है। मूँगफली के छिलके, थूक, कोयला, कालिख, बीड़ी की अधजली कड़ियाँ, लुढ़का हुआ पानी और बच्चों का पेशाब चारों ओर यही सब छितरा है। अखबारों और फैले हुए गट्टबन्दों के ताबड़तोड़ बयानों की तरह।"[4]राजनीति संस्था में इतनी गँदगी फैलती चली गई कि इसने इसकी प्रजातांत्रिक व्यवस्था को ही ध्वस्त करके रख दिया। स्वतंत्रता-पश्चात, भारत एक प्रजातांत्रिक गणराज्य घोषित हो चुका था। इस प्रजातांत्रिक गणराज्य-रूपी महोदधि के उर को मथने वाली राजनीति संस्था-रूपी तरणि की पतवार स्वदेशी हाथों में आ गई थी। भारतवासियों को आशा थी कि हमारे ये राजनीति के कुशल नाविक इस नाव को ठीक-ठाक ठीक ठाँव लेकर चलेंगे, किंतु इन तारणहारों ने इस नाव को भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार, वोट-नोट की लूट-खसोट, भाई-भतीजावाद, झूठ-फरेब, चरित्रहीनता, सिद्धांतहीनता, पाला-बदल, दल-बदल आदि के दलदल में धँसा दिया। हमारे इन कुशल राजनैतिक अभिजनों की चाल अंग्रेजों से भी अभिनव थी। इन्होंने हमारे घोषित प्रजातंत्र को ही ढाल बनाकर माल काटना शुरू कर दिया, खुद मालामाल होते गए, और जनता बेहाल। ऐसा प्रतीत होता था कि अंग्रेजों द्वारा पावर का ट्रांसफर ना हो, कि नेताओं के लिए पैसे का ट्रांसफर हो गया हो। वास्तव में, यह सत्ता का हस्तांतरण नहीं, बल्कि सत्ता का रूपांतरण था। वही पुराने राजे-महाराजे व सामंत-नवाब, पुराने लिबास उतारकर नए लिबास खद्दर में जनतंत्र का जनाजा निकालने आ गए थे। ये काली चमड़ी वाले भारतीय अंग्रेज, वास्तव में, गोरी चमड़ी के अंग्रेजों का ही रूपांतरण तो थे। इस तथ्य की ओर इशारा करते हुए हरिशंकर परसाई कहते हैं- "कहा- 'इण्डिया इज ए ब्यूटिफुल कण्ट्री ।' और छुरी-काँटे से इण्डिया को खाने लगे। जब आधा खा चुके, तब देशी खानेवालों ने कहा- अगर इण्डिया इतना खूबसूरत है, तो बाकी हमें खा लेने दो। तुमने 'इण्डिया' खा लिया। बाकी बचा 'भारत' हमें खाने दो। अंग्रेज ने कहा- 'अच्छा, हमें दस्त लगने लगे हैं। हम तो जाते हैं। तुम खाते रहना।' यह बात 1947 में हुई थी। हम लोगों ने कहा- अहिंसक क्रान्ति हो गयी। बाहरवालों ने कहा- 'यह ट्रान्सफर ऑफ पॉवर है'-- सत्ता का हस्तान्तरण । मगर सच पूछो तो यह 'ट्रान्सफर ऑफ डिश' हुआ- थाली उनके सामने से इनके सामने आ गयी। वे देश को पश्चिम सभ्यता के सलाद के साथ खाते थे । ये जनतन्त्र के अचार के साथ खाते हैं।"[5] राजनीति संस्था के कर्णधारों ने जनतन्त्र के वास्तविक अर्थ को ही बदल कर रख दिया। 'प्रजा का, प्रजा के लिए शासन' वाला तंत्र, 'अभिजनों का अपने और अपने जनो के लिए' तंत्र बन कर रह गया। इस प्रजातंत्र में प्रजा गौण हो गई, और तंत्र प्रमुख और शक्तिशाली हो उठा। इस तथ्य का रवींद्रनाथ त्यागी ने अपनी रचना 'अपना देश: चिंतन के कुछ क्षण' में इस प्रकार वर्णन किया है-"जहाँ तक सरकार का प्रश्न है, वहाँ स्थिति यह है कि होने को तो प्रजातन्त्र है पर वास्तविकता है कि तन्त्र जो है वह प्रजा से अब भी अधिक शक्तिशाली है। प्रजा की हम इज्ज़त करते हैं और इसी कारण प्रजा शब्द का प्रयोग तन्त्र से पहले किया गया है। पर सच्चाई में स्थिति वही है जो सीताराम शब्द में सीता की और राधाकृष्ण में राधा की।"[6] राजनीति संस्था-तंत्र के महारथियों ने भारतीय लोकतंत्र के तंत्र का ताना-बाना इस प्रकार का बुन लिया कि इसमें आमजन भेड़ और बकरियों की भीड़ के अतिरिक्त और कुछ भी ना रह सका। नेता-गण आमजनों की इस भीड़ में भेड़ की खाल में भेड़िए की तरह घुस गए। लोकतंत्र भेड़ियातंत्र बन के रह गया। राजनीति के इन भेड़ियों के पीछे-पीछे आमजन चलने लगा, अब ये भेड़िये इनको जब चाहें, जहां चाहें, जिस खड्ड में गिरा दें। राजनीतिज्ञों द्वारा निर्मित किए गए भीड़तंत्र और भेड़तंत्र के वातावरण पर डा॰. बालेंदु शेखर तिवारी कहते हैं- "लोकतंत्र के नाम पर भीड़तंत्र और भेड़तंत्र का वातावरण भारत में प्रस्तुत हुआ है।"[7]लोकतंत्र के मंदिरों लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं के लिए चुने गए जनप्रतिनिधि, उन प्रतिनिधियों के बहुमत से बनी सरकार की कैबिनेट, और उस कैबिनेट का अध्यक्ष प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री, प्रजातांत्रिक शासन-व्यवस्था रूपी बैलगाड़ी के वे बैल और गाड़ीवान हैं, जो इस बैलगाड़ी को अपनी ही धुन में हाँकते हैं। बैल अपनी धुन में चले जाते हैं, और गाड़ीवान गर्दन के पीछे दोनों हाथों की टेक लगाए, झपकी मारते हुए अपनी धुन में चला जाता, चला ही जाता है। बैलगाड़ी भी राम भरोसे चलती जाती है, चलती ही जाती है। भारतीय प्रजातंत्र की इस स्थिति पर 'बैलगाड़ी से' नामक रचना में श्रीलाल शुक्ल ने इस प्रकार व्यंग्य किया है-"जैसे कालिदास को इस बैलगाड़ी से उत्कृष्ट साहित्य की प्रेरणा मिली थी, वैसे ही आजकल यह प्रजातन्त्र की प्रेरक शक्ति है। ये बैल कैबिनेट के समान हैं। गाड़ीवान प्रेसीडेंट का काम करता है जो बैलों को चलाता है और नहीं भी चलाता है। यह गाड़ी, यह गाड़ीवान, ये बैल-ये सब हमारे हैं। हम जनता हैं।"[8]प्रजातंत्र रूपी बैलगाड़ी किसी गधागाड़ी से कम नहीं है, जिसको गधे खींचते हैं। क्योंकि प्रजातंत्र के नाम पर मूर्ख राजनीतिज्ञ जनता को मूर्ख बनाते हैं, और जो मूर्ख बन गया, वह मूर्ख ही है। इस प्रकार, 'जनता के लिए, जनता का शासन' 'मूर्खों के लिए, मूर्खों का शासन' बन के रह गया। इस प्रकार के शासन-तंत्र को विकसित करते हैं, हमारे प्रजातंत्र रूपी गधागाड़ी को चलाने वाले नेता-गण। इस तथ्य

पर कटाक्ष करते हुए रवींद्रनाथ त्यागी लिखते हैं- "प्रजातन्त्र का अर्थ उस सरकार से होता है जो कि गधों की होती है और जो गधों के लिए मात्र गधों द्वारा ही चलाई जाती है। जो गधे सरकार चलाते हैं, आजकल उन्हें नेता कहते हैं।"[9]नेता के गधापन(मूर्खता) पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया सकता। उनका गधापन, छाया की तरह उसके साथ-साथ हर जगह चलता है, और उनके भाषणों इत्यादि में साफ-साफ झलकता है, इसीलिए तो, श्रीलाल शुक्ल जी ने नेता और गधे के संबंध को इस प्रकार जोड़ा है- "जब और जहाँ सफेदपोश हैं, तब और तहाँ धोबी हैं, और जहाँ धोबी हैं, वहाँ गधा है।"[10] नेता चतुर गधा होता है। वह ज्ञानवान भले ही ना हो, लेकिन ज्ञानवानों को भी चूना लगाने की चतुरता उसमें कूट-कूट कर भरी होती है। किताबी ज्ञान में वह भले ही कमजोर हो, लेकिन तिकड़मी ज्ञान में बहुत मजबूत होता है। बाहर से तो श्वेत वस्त्रधारी, लेकिन अंदर से उतना ही काला। उस बकुल की तरह जो ऊपर से तो बहुत सीधा-सादा और साफ-सुथरा, किंतु अंदर से उतना ही कुटिल और मलिन- "यदि बगुले को गौर से देखो, स्थानीय नेता-सा लगता है। शिकार पर नजर रखे, विनय की प्रतिमूर्ति। ऊपर से धीर-गम्भीर, अन्दर से महाचालू और चालाक।"[11] नेता शब्द मेन में आते ही एक विचित्र चित्र मस्तिष्क पर उभरता है कि कोई तोंदल खद्दर कुर्ता-पजामा और टोपी धारी विचित्र व्यक्ति विचित्रावस्था में माईक के सामने खड़ा झूठ के विचित्र शब्द गढ़ रहा हो। विषय कोई भी हो यह विचित्र प्राणी ज्ञान की प्रतिमूर्ति बन शेखी बघारना प्रारंभ कर देते हैं। जनता इस ज्ञान की गंगा में गोता लगाती रहती है, लेकिन उसके हाथ कुछ नहीं लगता। हरिशंकर परसाई नेताओं की इस भाषणबाजी और वादों, जो शेखचिल्ली के इरादों से कम नहीं है, पर व्यंग्य करते हुए लिखते हैं- "जितने उपदेश और भाषण इस देश का नेता देता है, उतने किसी देश के नेता नहीं और हर विषय पर। सवेरे कृषि विज्ञान पर और शाम को अरविंद दर्शन पर। 25 सालों से रोटी की जगह भाषण मिल रहा है। लोगों का हाजमा खराब हो गया है। दिमाग कै करने लगा है।"[12] इस भाषण बाजी में कभी-ना पूरे होने वाले वादों-दावों के दर्शन हमें होते हैं। ये वादे और दावे ही तो चुनाव की चमक हैं, जो जनता को मृग मरीचिका के समान भ्रमित करते हैं। नेताओं द्वारा किए गए वादे और दिए गए आश्वासन कभी पूरे नहीं होते हैं- "मेरे विचार से तो यह आश्वासन शब्द ही भारी अर्थपूर्ण है । जो आश्वासन दे रहा है, वह जानता है कि इन्हें पूरा करने की कोई जरूरत नहीं है।... तुमने लिया तो उसने दिया। उसने दिया तो तुमने लिया। बड़ा साफ-सुथरा सौदा है। यही भारतीय परम्परा भक्तिकाल से चली आ रही है । यही भारतीय संस्कृति है, जिस पर हमें गर्व है।"[13] नेताओं ने भारतीय प्रजातंत्र को वादों और नारों का अजायबघर बना कर रख दिया है। प्रजातंत्र-उत्सव की बेला में वातावरण में विभिन्न विलक्षण नारे गूँजते सुनाई पड़ते हैं। नारों की इस प्रतिस्पर्धा में कभी-कभी विभिन्न विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के बीच 'तू डाल-डाल मैं पात पात' की स्थिति में सर-फुटव्वल की नौबत तक आ जाती है। इस स्थिति पर शरद जोशी अपनी रचना 'चुनाव गीतिका: सरलार्थ' में कटाक्ष करते हुए लिखते हैं- "नारों ने आकाश छू रखा था, भोंगे गुंजायमान थे, पदत्राण शिरस्त्राण हो रहे थे अर्थात् जूते चल रहे थे। देखो, चुनाव की यही शोभा है।"[14] चुनाव की शोभायात्रा में नेताजी की नैया पार लगाने हेतु शहर और गांव के सभी शोहदे शागिर्द के समान उनके सहगामी व अनुगामी बन जाते हैं, तथा सभी सेठ व साहूकार दस्तगीर का दायित्व उठा लेते हैं- "नगर के गुंडे उस समय कार्यकर्ता बन गए थे, स्मगलरों का त्याग अति सराहनीय था। चोर-बाजार के व्यापारी प्रजातन्त्र के दायित्वों के प्रति जागरूक हो गए थे।"[15] नेता बड़े निर्लज्ज होते हैं, बाहर से कुछ और, अन्दर से कुछ और। जनता के सामने वे एक दूसरे को गालियाँ देते हैं, कोसते रहते हैं, और एक दूसरे पर कीचड़ उछालते हैं। परन्तु, आन्तरिक-रूप से, वे एक-दूसरे से मिले रहते हैं। वोट के लिए वे एक-दूसरे के प्रति शत्रुता का भाव दर्शाते रहते हैं, लेकिन, अंदरखाने एक साथ बैठ चुहलबाजियाँ करते रहते हैं। ऊपरी शत्रुता प्रकट करते हुए वे जनता को उल्लू बनाते हुए, अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं।

सत्ता-पक्ष के हों, अथवा विपक्षी सभी नेता एक ही थाली के चट्टे-बट्टे होते हैं - "इस पार्टी के हों या उस पार्टी के, सत्ता में बैठे हों या विरोध में- सब एक ही सिगड़ी से बदन सेंकते रहते हैं पाँच साल। सूचना यह मिलती है कि लड़ाई चल रही है, सचाई यह है कि सामूहिक नृत्य हो रहा है।"'[16] सामान्य जन-मन तो इन नेताओं से इसी कारण नफरत करने लगा है, परंतु, ये नेता-जन किसी से नफरत नहीं करते हैं। ये तो सब से प्रेम ही करते हैं, सामान्य जन से वोट के लिए, और कुर्सी से नोट के लिए। यह तो विरोधी दलों से भी नफरत नहीं करते हैं। सत्ता-सुंदरी से दिल-लगी में विरोधियों से भी हाथ मिला लेते हैं, और दल बदल लेते हैं। दल बदलना, तो इनके लिए अंडरवियर बदलने जैसा है- "मेरे लिए राजनीतिक दल अण्डरवीयर है; ज्यादा दिन एक ही को नहीं पहनता, क्योंकि बदबू आने लगती है।"[17] भारतीय राजनीति के सफेदपोश अभिजनों की छद्म छल-नीति, अवसरवादिता, कपट, बेईमानी, निकम्मापन, चरित्रहीनता, भ्रष्टाचारिता और दुष्कर्मों से दुखी शरद जोशी उनको कटघरे में खड़ा करके, प्रहार करते हुए प्रश्न करते हैं- "एक राजनेता उन ईमानदार, मेहनती, संघर्षशील, शक्तियों से अपने को क्यों नहीं जोड़ता? पवित्रता से उसे क्यों एलर्जी है? वह क्यों भ्रष्ट, निठल्ले, कामचोरों, मुफ्तखोरों में रमा रहता है? वह क्यों सारे दुष्कर्मों के केंद्र में है?... नेता क्यों समस्त हीन प्रवृत्तियों का सूत्रधार हो जाता है। प्रजातन्त्र की सबसे बड़ी ट्रेजडी यह है कि सामान्य जन मन-ही-मन इन नेताओं से नफरत करने लगा।"[18] बस! इस देश की विडम्बना यही है कि सामान्य जन इस नफरत और चर्चा-परिचर्चा तक ही स्वयं को सीमित रखता है, वह राजनीति के गंदले पानी में उतरकर इसको गंगा-जल बनाने करने का प्रयास नहीं करता!

**********

**संदर्भ:**


1.*भारतीय सामाजिक संस्थाएं (संशोधित संस्करण), मोतीलाल गुप्ता, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, ए-26/2, विद्यालय मार्ग, तिलक नगर, जयपुर- 302004, द्वितीय संस्करण, 1978, पृष्ठ 4 ("A Social Institution is a structure of society that is organised to meet the needs of people chiefly through well established procedures."- E. S. Bogardus, Sociology, P. 478)*

2.*भारतीय समाज, राम आहूजा, रावत पब्लिकेशंस, सत्यम अपार्ट्स, सेक्टर-3, जवाहर नगर, जयपुर- 302004, पुनर् प्रकाशन- 2021, पृष्ठ 178*

3.*वही, पृष्ठ 190*

4.*यहाँ से वहाँ, श्रीलाल शुक्ल, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली-110002, प्रथम संस्करण, 1970, 'राजनीति और रेलगाड़ी पर', पृष्ठ 127*

5.*परसाई रचनावली, भाग-3, संपादक- कमला प्रसाद व अन्य, राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण, जनवरी 1985, 'वह जो आदमी है न !', पृष्ठ 137*

6.*रवीन्द्रनाथ त्यागी रचनावली, खण्ड: एक, सम्पादक- कमल किशोर गोयनका, वाणी प्रकाशन, 4695, 21-ए, दरियागंज, नई दिल्ली 110002, प्रथम संस्करण, 2016, 'शोक-सभा'(1974)- 'अपना देश: चिन्तन के कुछ क्षण', पृष्ठ 567*

7.*हिंदी का स्वातंत्रोत्तर हास्य और व्यंग्य, डा॰ बालेंदुशेखर तिवारी, अन्नपूर्णा प्रकाशन, निराला नगर, कानपुर-208014, संस्करण-प्रथम, 1978, पृष्ठ 125*

8.*जहालत के पचास साल, श्रीलाल शुक्ल, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली, पहला संस्करण:2004, 'बैलगाड़ी से', पृष्ठ 188*

9.*रवीन्द्रनाथ त्यागी रचनावली, खण्ड: चार, सम्पादक- कमल किशोर गोयनका, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2016, 'चम्पाकली'(1992), 'यक्ष-प्रश्न', पृष्ठ 318*

10.*उमरावनगर में कुछ दिन, श्रीलाल शुक्ल, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली, सं- प्रथम, 1986, 'मम्मी जी का गधा', पृष्ठ 67*

11.*यथासम्भव, शरद जोशी, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण- प्रथम, 1985, 'भैसन्हि माँह रहत नित बकुला', पृष्ठ 16*

12.*मेरी श्रेष्ठ व्यंग्य रचनाएं, हरिशंकर परसाई, ज्ञान भारती प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण- चतुर्थ, 1988, पृष्ठ 102*

13.*व्यंग्य की जुगलबन्दी, लतीफ घोंघी और ईश्वर शर्मा, सत्साहित्य प्रकाशन, 205बी, चावड़ी बाजार, दिल्ली- 6, संस्करण: प्रथम, 1987, 'आश्वासन', पृष्ठ 137*

14.*जीप पर सवार इल्लियाँ, शरद जोशी, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., नई दिल्ली, दसवाँ संस्करण 2022, 'चुनाव गीतिका: सरलार्थ', पृष्ठ 151*

15.*वही, पृष्ठ 151*

16.*यथासम्भव, शरद जोशी, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण- प्रथम 1985, 'जैसे श्वान काँच-मन्दिर में', पृष्ठ 21*

17.*परसाई रचनावली, भाग 1: संपादक- कमला प्रसाद व अन्य, राजकमल प्रकाशन, जनवरी 1985, 'हम बिहार में चुनाव लड़ रहे हैं', पृष्ठ 253*

18.*यथासम्भव, शरद जोशी, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण- प्रथम 1985, 'भैसन्हि माँह रहत नित बकुला', पृष्ठ 17*

# हिंदी सिनेमा में कमलेश्वर का अवदान

**डॉ. सुनील**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी-विभाग गुरु नानक देव विश्वविद्यालय,
अमृतसर- पंजाब

**डॉ. (श्रीमती)विनोद कालरा**
एसोसिएट प्रो.एवं अध्यक्ष
स्नातकोत्तर हिंदी विभाग
कन्या महाविद्यालय,(स्वायत्तशासी),जालंधर

हिंदी साहित्य में कमलेश्वर का महत्वपूर्ण स्थान है। हिंदी सिनेमा में इसके आरंभिक काल से हिंदी के अनेक लेखक जुड़े।प्रेमचंद से लेकर अमृतलाल नागर, सुमित्रानंदन पंत, वृंदावन लाल वर्मा,उपेंद्र नाथ अश्क, जैसे अनेक लेखक सिनेमा से जुड़े और शीघ्र ही वहां से निराश होकर लौटे। पहली बार कमलेश्वर ने हिंदी सिनेमा में एक लेखक के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने फिल्म के माध्यम में गहरे उतर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बी आर चोपड़ा, विजय आनंद, सावन कुमार, शक्ति सामंत, प्रकाश मेहरा, दुलाल गुहा, देवानंद, मनोज कुमार जैसे बड़े लोगों के लिए फिल्में लिखीं। कमलेश्वर सफल होते हुए भी हिंदी सिनेमा में अपने लेखन से बहुत संतुष्ट नहीं आते। वे वहां अपना सामंजस्य बिठाने में असफल हुए और वापस साहित्य की दुनिया में लौट आए।अपने जीवन के अंतिम दो दशकों में वे साहित्य और पत्रकारिता की दुनिया में ही अधिक सक्रिय रहे। पर वे इसके साथ ही यदा-कदा सिनेमा और टेलीविजन से किसी ना किसी रूप में जुड़े रहे। 'कमलेश्वर की हिंदी सिनेमा में बहुत सक्रियता रही और उन्होंने इस दौरान हिंदी सिनेमा में लेखक की उपस्थिति को महत्वपूर्ण बनाया । वे पहले एक गंभीर लेखक हैं बाद में फिल्म लेखक।'[1]

कमलेश्वर एक ऐसे लेखक हैं जिनकी रचनाओं को प्रखर बुद्धिजीवियों ने भी सराहा और उनकी पहुंच सामान्य व्यक्तियों तक भी रही। 'उन्होंने 1952 से 2007 तक अपने रचनाकाल में लगभग 150 कहानियों, 11 उपन्यासों के साथ अनेक आलोचना और विमर्श की पुस्तकों का सृजन किया ।'2 कमलेश्वर का सृजन हमेशा आम आदमी की जिंदगी से जुड़ा रहा। उन्होंने उसी के व्यक्तित्व और संकट को अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया । अपने व्यक्तित्व को समाज में मिला देना रचनाकार के लिए अत्यंत आवश्यक है । कमलेश्वर इसे पूरी संजीदगी के साथ स्वीकार करते हैं ,"वास्तव में हर कथाकार अपने समय और समाज को जीने और उसी को अभिव्यक्ति देने का सार्थक प्रयास करता है और अपने व्यक्तित्व को गरिमामय बना सकता है । " कमलेश्वर कहते हैं ,"कहानी मुझे औरों से जोड़ती है । वह अब केवल एक बात ही नहीं कहती ,जीवन के एक खंड और उस खंड को समग्रता में प्रस्तुत करने की चेष्टा भी करती है।"[3]

कमलेश्वर का लेखन संपूर्ण रूप से आम आदमी को समर्पित है।आम आदमी की जिंदगी और उसकी कशमकश से हटकर साहित्य सृजन करना उनकी दृष्टि में निरर्थक है, बेईमानी है। घोर आत्मपरक कुंठा, घुटन और पलायनवादी प्रवृत्ति के घने जाल से हिंदी को यथार्थ वातावरण में लाकर एक नए अर्थ देने का श्रेय बहुत अंशों में कमलेश्वर को है।

कमलेश्वर आज के समय के तनावग्रस्त और अर्थ अभावग्रस्त व्यक्ति की सच्ची तस्वीर पेश करते हैं। कस्बाई और महानगरीय जीवन के अन्यतम विविध चित्र उन्होंने अपने साहित्य में प्रस्तुत किए हैं।उनकी कहानी 'राजा निरबंसिया' हिंदी कहानी में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है ।इस कहानी में दो कहानियां साथ-साथ चलती हैं। वे इस कहानी के माध्यम से वर्तमान और लोक परंपरा का समांतर चित्रण इस प्रकार करते हैं कि वह अभिभूत कर देने वाली कहानी बन जाती है। डॉ नामवर सिंह लिखते हैं ," राजा निरबंसिया में एक लोक कथा की पृष्ठभूमि में आधुनिक निम्न मध्यम वर्ग की कहानी कही गई है।"4 दो अलग-अलग युगों के दो निरबंसिया की जीवन कथा दो रेखाओं की तरह है जो एक दूसरे को छूती हैं और काटती हुई चली जाती हैं। पर यह सिर्फ शिल्प ही नहीं है अपितु इस में कहानी के कहानीपन में कोई बाधा पड़ती है बल्कि यह लोककथा मुख्य कथा को और भी मार्मिकता प्रदान करती है। सिर्फ विधान का यह नया प्रयोग कहानी में अनेक अर्थों और व्याख्याओं की संभावनाएं भर देता है और इस प्रकार एक विशेष घटना के भीतर सत्य की व्यापकता उद्घाटित होती है। 'राजा निरबंसिया' कहानी में कमलेश्वर की कथा दृष्टि हालाँकि मध्य वर्ग पर आधारित है,पर उनकी कहानियों और उनके उपन्यासों की कथावस्तु में दृष्टिगत और रचनात्मक विविधता है। वस्तुतः उनकी रचनात्मक चिंता मानवीय संवेदनशीलता की है।

हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक खगेंद्र ठाकुर कहते हैं ," कमलेश्वर के कहानीकार की विशेषता यह है कि मध्यवर्ग से जीवन स्थिति और पात्रों को उठाते हुए भी मध्यवर्गीय कुंठा के शिकार उनके पात्र या चरित्र नहीं हैं। उनके पात्रों की मनोदशा के पीछे सामाजिक मनोदशा भी दिखलाई पड़ती है।एक प्रकार से व्यक्ति और समाज को या वैयक्तिकता और सामाजिकता का सामंजस्य करने की कोशिश दिखाई पड़ती है।"5 कथानक का दोहरापन कमलेश्वर का प्रिय शिल्प है। 'राजा निरबंसिया' के अतिरिक्त कई अन्य कहानियों में भी यह शिल्प प्रयुक्त हुआ है। कमलेश्वर ने हिंदी साहित्य में अपने 55 वर्ष से अधिक लंबे रचना काल में ऐसी छाप छोड़ी है जो चिरकाल तक भुलाई नहीं जा सकती। उन्होंने साहित्य को जीवन अनुभव के विकल्प के रूप में चुना और उसका सार्थक निर्वाह किया। मधुकर सिंह के अनुसार ," सच तो यह है कि कमलेश्वर अपनी कथाओं में युग के सत्य को उद्घाटित करने में अत्यंत सफल रहते हैं। यही नहीं स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य को विकास देने और नई दिशा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।"[6] युग और समाज को संपूर्ण परिवेश में प्रकट करने का प्रयास किया गया है।उत्कंठा के परिणामस्वरूप लिखे गए उनके उपन्यासों में लघु किंतु पूर्ण चित्रफलक प्रस्तुत किया गया है। युगबोध और युग सत्य को कमलेश्वर ने अपनी रचनात्मकता में सदैव प्राथमिकता दी है।

हिंदी में कथा लेखन और फिल्म निर्माण की शुरुआत लगभग साथ साथ हुई है। दादा साहब फाल्के ने अपनी फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' 1913 में बनाई थी और 1915 में प्रेमचंद पहली बार अपनी 'पंच परमेश्वर' कहानी के द्वारा सशक्त रूप से पहचाने गए थे। 1931 में पहली बोलने वाली फिल्म 'आलम आरा' का आर्देशिर द्वारा निर्माण किया गया था। धन के आरंभ के साथ ही कथाकार को भी महत्व मिलना आरंभ हुआ क्योंकि ध्वनि के आगमन से सिनेमा में संवाद महत्वपूर्ण बन गए थे। कमलेश्वर ने टेलीविजन और सिनेमा दोनों को समान ताकत के साथ साधा और वहां अपना एक मुकाम हासिल किया। वे कहते हैं ," कहानी के अलावा फिल्म सीरियल,दरदर्शन से लेकर अखबारों तक सभी माध्यमों में जितने भी बड़े माध्यमे मुझे उपलब्ध हुए,उनका हर संभव प्रयोग मैंने जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए किया। दरअसल हमारे देश में जितनी बड़ी तादाद में निरक्षरता है,उसने मुझे लगा कि मैं सिर्फ कहानी लिखकर पूरी आबादी तक अपनी बात नहीं पहुंचा सकता।आप जानते हैं क्यों? क्योंकि पढ़े लिखे लोगों में भी बहुत थोड़े लोग ही कहानी पढ़ पाते हैं। प्रेमचंद भी कभी फिल्मों में काम करने मुंबई गए थे, लेकिन फिल्मों की दुनिया उन्हें रास नहीं आई और वे हार कर लौट गए। मैंने इसे अपने लिए चुनौती माना कि प्रेमचंद जहां किन्ही कारणों से सफल नहीं हो पाए, उस चुनौती को मुझे पूरा करना है और इस तरह मैं इन कामों से प्रेमचंद का उऋण हो रहा हूं।"[7]

कमलेश्वर को फिल्म लेखन में बहुत सफलता भी मिली। उनके अनेक प्रख्यात निर्माता निर्देशकों के साथ व्यावसायिक रूप से दृढ़ एवं अत्यंत घनिष्ठ संबंध स्थापित हो चुके थे। इसलिए उनके पास काम की कोई कमी नहीं थी, पर वह सिनेमा में सिर्फ काम करने के लिए नहीं आए थे। उस समय में वे जिस मुकाम पर थे,वहां उन्हें काम और दाम की कोई कमी नहीं थी। वे किसी की छवि से आक्रांत न थे ,न अमिताभ बच्चन की और ना बीआर चोपड़ा की। वे भी अपने क्षेत्र में किसी कम नहीं थे ।उन्होंने भी बहुत सारी विदेश यात्राएं की थीं और बड़े से बड़े राजनेताओं और उद्योगपतियों से उनके गहरे संबंध थे। उनका व्यक्तित्व बहुत रौबदार था। वे सिर्फ एक बड़े लेखक ही नहीं बल्कि प्रतिष्ठित पत्रकार भी थे।उन्हें स्वयं इंदिरा गांधी ने दूरदर्शन का एक अतिरिक्त महानिदेशक बनाया था जो मीडिया के द्वारा कमलेश्वर के उपन्यास 'काली आंधी' और उसी पर निर्मित फिल्म 'आंधी' की नायिका के रूप में प्रचारित की गई और उस समय इस पर बड़ा विवाद खड़ा किया गया था। अर्थ यह कि कमलेश्वर का प्रभाव भी उतना ही बड़ा था जितना किसी भी बड़ी से बड़ी हस्ती का हो सकता था और उनके बौद्धिक आकाश, हाजिर जवाबी,वेट तथा अत्यंत आत्मीय आभार के सामंजस्य को पार कर जाना तो किसी व्यक्तित्व का ही कार्य हो सकता था। जहां वे बैठ जाते थे, वहां अपने आप महफिल सजने लगती थी। प्रख्यात साहित्यकारों और पत्रकारों से उनका बहुत घनिष्ठ संबंध था।

इस प्रकार हम देखते हैं कि कमलेश्वर ने बहुत ही गहरी जिजीविषा और फिल्मों की समझ के कारण सिनेमा की अजीबो गरीब दुनिया में अपना मुकाम हासिल किया। वे सिनेमा में लेखक की हैसियत से पूरी तरह वाकिफ थे और कला के रूप में सिनेमा की निर्मिति की आवश्यकताओं और स्वरूप से भी पूरी तरह परिचित थे। इसलिए उन्होंने वहां अपने लिए स्थान बना पाने में सफलता प्राप्त की और कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्मों का हिस्सा बने । विश्वरूप लिखते हैं," इस समय दुनिया का सबसे बड़ा यह सत्य है कि यहां का लिखा हुआ कुछ भी अंतिम नहीं होता। उसे बार-बार लिखा जाता है। पहले लेखक लिखता है फिर उसके निर्देशक अपने दिमाग में लिखता है। इत्तेफाक से यदि निर्देशक की पत्नी कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली हुई या उनकी कोई साली या किसी अन्य संबंधी की सिनेमा में रुचि हुई तो दो-चार प्रसंग वे भी लिख देते हैं। उसके बाद लेखन में फाइनेंसर का दखल शुरू होता है। वह अपनी तरफ से दो-चार दृश्य लिखवाता आता है। फिर उसी फिल्म को शूटिंग के समय कैमरामैन दिखता है। यदि कैमरामैन या हीरोइन के बीच कलाकारों की देखा देखी शुरू हो गई तो कैमरामैन कुछ दृश्य हीरोइन की दृष्टि से लिख देता है। इसके बाद संपादक एडिटिंग टेबल पर दृश्यों के समीकरण बैठाता है और अंतिम लेखन सेंसर बोर्ड द्वारा होता है ।इतने लेखकों के द्वारा लिखी जाने के बाद फिल्म सामने आती है ।" 8 कमलेश्वर यह स्वीकार करते थे कि व्यावसायिक फिल्मों में उनका लिखा बहुत कुछ काट दिया जाता है। इसके बाद उन्होंने कहानी या पटकथा लेखन की बजाए संवाद लेखन में सक्रिय होना ठीक समझा क्योंकि उसमें लेखक को अपनी बात कहने का अधिकार अधिक रहता है।

बड़े आश्चर्य की बात है कि कमलेश्वर ने विभिन्न विधाओं में अपनी कलम चलाई वह किसी के लिए भी इतना सरल कार्य नहीं था। उनकी मृत्यु के उपरांत ' वसुधा' के संपादक प्रोफेसर कमला प्रसाद ने लिखा," मैंने देखा है कि कमलेश्वर की दिनचर्या बहुमुखी है। वे एकबकाम से दूसरे काम में छलांग लगाते हैं। दो विपरीत ध्रुवों में दिलचस्पी से काम करते हैं। मूड जैसी कोई चीज नहीं है उनके मानस लोक में। दोस्तों की परवाह करते हुए काम का सिलसिला जारी रखते हैं।अखबार का संपादन,स्तंभ लेखन भाषण और भी कितने काम-एक साथ... ऐसी व्यस्तता कि दिन छोटे पड़ जाएँ।" [9]कमलेश्वर के सिने लेखन को किसी ने भला कहा तो किसी ने बुरा,पर यह निर्विवाद है कि कमलेश्वर ही हिंदी साहित्य से जुड़ी हुई एकमात्र शख्सियत है जिन्होंने हिंदी सिनेमा के कांटों से भरे रास्ते पर कुशलतापूर्वक चलने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इस तरह से लेखकों को यह भी समझाने की कोशिश की कि संप्रेषणीयता के लिए हमेशा बीच के रास्ते की जरूरत होती है। हमें अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को सिर्फ अभिजात वर्ग को ही समर्पित नहीं कर देना चाहिए बल्कि स्वयं भी अभिजात्य के अहंकार से मुक्त होकर विभिन्न माध्यमों से अपनी बात कहने के अवसर तलाश करने चाहिए। कमलेश्वर के कथा लेखन की बहुत बड़ी खूबी उसकी चित्रात्मकता है।कहीं-कहीं तो ऐसा लगता है जैसे वे स्वयं घटनाओं का चित्रांकन कर रहे हैं। उनकी कहानियां और लघु उपन्यास देखे जाएं तो वहां वातावरण का रेशा-रेशा इस तरह से प्रस्तुत किया जाता है कि पाठक के मस्तिष्क में एक समग्र चित्र अंकित हो जाता है। इस उनकी इस खासियत ने उन्हें सिनेमा के लेखन के लिए विशेष सफलता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिंदी के बहुत प्रसिद्ध कथाकार मार्कंडेय ने उन्हें स्मरण करते हुए लिखा है,"किस्सागोई की जो महारत उसकी कलम में थी, इस नई ज़मीन सिनेमा को पाकर फली-फूली। 'आंधी', 'रजनीगंधा',

बदनाम बस्ती','छोटी सी बात',' अमानुष',' मौसम' की पटकथाएं स्मरणीय रहेंगी।" इस प्रकार हम देखते हैं यह कमलेश्वर ने सिनेमा के मिज़ाज़ को समझ लिया था और जो उनकी जरूरत थी, उसके अनुरूप लेखन में उन्होंने महारत हासिल की।"10 बावजूद इसके उन्होंने कहीं भी जाकर समझौते नहीं किए। 1990 के बाद तो वे सिनेमा से लगभग विरक्त हो गए थे। कुछ फिल्मों को छोड़कर उन्होंने बाकी सारी फिल्मों से किनारा कर लिया था। अपने अंतिम समय में इंदिरा गांधी के जीवन पर बनने वाली एक फिल्म लिख रहे थे। यह उनकी बहुत ही महत्वाकांक्षी फिल्म थी। इसकी सारी की सारी कथा-पटकथा कमलेश्वर ने तैयार की थीं आज भी इसके निर्माता का यह मानना है कि यह फिल्म तो अंततः बनकर ही रहेगी। अब यह केवल इंदिरा गांधी जी के प्रति श्रद्धांजलि नहीं होगी बल्कि कमलेश्वर के लिए भी श्रद्धांजलि होगी। कमलेश्वर ने लगभग 100 फिल्मों के लेखन में सहयोग दिया। किसी फिल्म की कथा लिखी , किसी की पटकथा तो किसी के संवाद लिखे। उन्होंने आरंभ में समांतर सिनेमा के द्वारा ही हिंदी सिनेमा में प्रवेश किया। सातवें और आठवें दशक के नए फिल्मकारों के द्वारा जिन अर्थ युक्त फिल्मों का समय शुरू हुआ था, उसमें लेखक का प्रमुख स्थान था। हालांकि मसाला फिल्मों की दुनिया में उन्हें उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता था। फिल्म जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां इन फिल्मों को अपने लिए कोई खतरा नहीं मानती थीं। फिल्में सिर्फ आर्थिक व्यवधान के कारण रुकती थीं। स्वयं कमलेश्वर ने गिरीश रंजन द्वारा निर्देशित 'डाक बंगला' और प्रेम कपूर द्वारा निर्देशित 'बदनाम बस्ती' रुक-रुक करवाई। संभवतः इसी कारण वे बहुत प्रभावशाली न बन सकीं। कमलेश्वर को अपने सिनेमा से जुड़ाव के आरंभिक दौर में कोई विशेष सफलता प्राप्त नहीं हुई थी। उनके दोनों उपन्यासों पर महत्वपूर्ण फिल्मों का सृजन नहीं हो सका। उन्होंने 'सारा आकाश',' रजनीगंधा' और 'छोटी सी बात' के लिए जो कार्य किया था ,उस कार्य को रेखांकित नहीं किया गया। लेखक अच्छी तरह समझ चुके थे कि यदि सिनेमा की दुनिया में रहना है तो कला फिल्मों के मुंह से बाहर निकल कर हिंदी सिनेमा के मूल धारा में मिलना होगा । वे समझ चुके थे कि व्यावसायिक सिनेमा के पास साहित्य की कहानियों के फिल्मांकन की सूझबूझ नहीं है। इसके साथ ही शायद हिंदी में वह दर्शक वर्ग विकसित नहीं हुआ है जो ऐसी फिल्मों को आत्मसात कर उन्हें सफलता प्रदान कर सकें ताकि उसका निरंतर बना रहे। इसलिए कमलेश्वर ने सिनेमा के लिए सीधी और काव्यात्मक प्रवाह की कहानियां लिखीं। इनमें 'पति पत्नी और वो', तथा 'रंग बिरंगी' बहुत महत्वपूर्ण हैं। कमलेश्वर मानते थे कि सिनेमा साधारण जन का माध्यम है। इसे साहित्य के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। कमलेश्वर ने

हिंदी सिनेमा के उस मध्य मार्ग का अनुसरण किया जिस पर चलकर गुरुदत्त, व्ही शांताराम, विमल रॉय,राज कपूर जैसे फिल्मकारों ने बहुत ज्यादा सृजन किया था। उन्होंने ऋषिकेश और गुलजार के साथ मिलकर 'आंधी','मौसम' और 'रंग बिरंगी' का सृजन किया। 'आंधी' और 'मौसम' उनके उपन्यासों पर आधारित फिल्में थी और 'रंग बिरंगी' की कहानी उनके द्वारा लिखी गई थी, फिल्म 'पति पत्नी और वो ' का विस्तार थी। इस तरह से हम देखते हैं कि जिस सीक्वल बनाने की परंपरा का हिंदी सिनेमा में 21वीं सदी के आरंभ में हो सका,वह कमलेश्वर ने दो दशक पूर्व ही संभव करके दिखा दिया था। इसके बाद कमलेश्वर ने बी.आर.चोपड़ा ,शक्ति सामंत, विजय आनंद, सावन कुमार, टीनू आनंद, मनोज कुमार आदि फिल्मकारों की अनेकानेक फिल्मों के लिए काम किया और बहुत हद तक उन्हें सफलता भी प्राप्त हुई।कमलेश्वर ने जिन 99 फिल्मों के साथ जुड़कर काम किया उनमें से अनेक प्रदर्शित भी नहीं हो सकीं। कुछ की कहानियां उन्होंने लिखी पर वे निर्मित ही नहीं हो सकीं। प्रकाश मेहरा के लिए उन्होंने 'इंसान की औलाद',' सावन कुमार' के लिए 'प्रेमदान', चेतन आनंद के लिए 'शिखर' ,सुनील दत्त के लिए 'उठ जाग मुसाफिर', दिलीप कुमार के लिए 'काली सरसों' और 'हवा खातून' और राज कपूर के लिए 'नीली झील' ऐसी ही कुछ फिल्में जो लिखी तो गईं पर बन नहीं सकी या बनकर प्रदर्शित नहीं हो सकीं। इस तरह अमिताभ बच्चन के जीवन पर आधारित फिल्म 'शिखर' जिसे अजिताभ और जया बच्चन बनाना चाहते थे,वह भी निर्मित नहीं हो सकी। इस प्रकार कमलेश्वर द्वारा बहुत-सी ऐसी फिल्में लिखीं गयीं जो या तो असफल रहीं या निर्मित नहीं हो पाईं। कमलेश्वर द्वारा लिखी गई लगभग 60 फ़िल्में उपलब्ध हैं। इनमें से 'सारा आकाश',' रजनीगंधा',' आंधी', 'मौसम',' पति पत्नी और वो ' ,'आज का एमएलए राम अवतार', 'मिस्टर नटवरलाल', 'सौतन' तो सिल्वर जुबली मनाने वाली साबित हुई और इसी प्रकार 'अमानुष', 'साजन बिना सुहागन' ने भी गोल्डन जुबली का रिकॉर्ड बनाया। अतः हम देखते हैं कि सिनेमा में सफलता के औसत प्रतिशत से बहुत कहीं आगे जाकर उनका सिनेमाई लेखन व्यावसायिक रूप में भी सफल हुआ। कमलेश्वर के संदर्भ में बात करते हुए प्रख्यात साहित्यकार और पत्रकार हिमांशु जोशी लिखते हैं,"जब उन्हें बोलते देखा तो मैं ही नहीं वहां सभी लोग प्रभावित हुए बिना नहीं रहे।"11 कमलेश्वर कुछ अर्थों में साधारण बल्कि असाधारण भी थे। सुश्री पुष्पा भारती ने लिखा है,"पारिवारिक मूल्यों के आदर्शों के पर्याय सरीखे लगते थे कमलेश्वर। बच्चों के बीच में खुद बच्चा बन जाते थे । कमलेश्वर और उनका वह रूप मेरी यादों के चिरागों की सबसे बड़ी रोशनी है।"12 प्रसिद्ध कवयित्री पद्मा सचदेव जिन्होंने कमलेश्वर की फिल्मों के लिए बहुत अविस्मरणीय गीत भी लिखे हैं, वे कहती हैं कि ,"कमलेश्वर भाई साहब ने एक बार कहा,"पदमा , काला धन फिल्मों की बर्बादी का कारण बना।उसी से सब खुराफातें निकलीं। दारू,औरत, रातों की रंगीन पार्टियां, होठों की महफिल हैवहां से जो भी बातें निकलती है,उनमें अगरबत्ती की खुशबू नहीं होती,शराब की खुराफातों की बदबू होती है।"13 तो पद्मा जी ने बहुत ही सहजता से अपनी श्रद्धांजलि में उनके उस सत्य का उद्घाटन किया है जिसके कारण कमलेश्वर ने सिनेमा के लिए लेखन से दूरी बनाई। उन्होंने उस माध्यम की अवमानना नहीं की। उसके साथ बड़ी लंबी दूरी तक साथ निभाया और अभिव्यक्ति की गली जब बहुत संकीर्ण हो गई, तो उससे दूर जाना ही बेहतर समझा। उन्होंने अनेक लेखकों को सिने लेखन के लिए प्रोत्साहित भी किया और कहा कि जहां मैं असफल हो गया हूं, वहां तुम्हें सफलता अर्जित करनी है। अतः स्पष्ट है कि कमलेश्वर ने हिंदी फिल्म लेखन में रचनात्मकता की बारीकी हासिल की। उनके पटकथा लेखन को रविंद्र नाथ टैगोर के शिशिर कुमार भादवी, जो बंगाली व्यवसायिक मंच के सुप्रसिद्ध अभिनेता थे, उनके भाई मुरारी को 1929 में लिखे गए एक पत्र में सिनेमा पर की गई टिप्पणी के द्वारा अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है,"कला के रूप प्रयुक्त माध्यमों के अनुसार बदल जाते हैं।मैं जानता हूं कि चलचित्र के बीच जिस नई कला के विकसित होने की अपेक्षा हो सकती है, वह अभी उदित नहीं हुई है।राजनीति में हम सदा के लिए सक्रिय हैं। कला में भी हमें वही करना चाहिए। उस दुनिया के भीतर जिसे वह रचती है ,अभिव्यक्ति की अपनी स्वतंत्र शैली प्राप्त करने की कोशिश करती है अन्यथा स्वयं हमें आत्मविश्वास की कमी के कारण इसकी आत्माभिव्यक्ति अप्रिय रह जाती है।" 14

इस प्रकार स्पष्ट है कि कमलेश्वर ने सिनेमा में कुछ व्यावसायिक और कुछ आत्मीयता के समझौते भले ही किए हों लेकिन उन्होंने कभी प्रामाणिकता से समझौता नहीं किया। "उन्होंने फिल्मों के संवाद लेखन में अपने स्वभाव को इस तरह से शामिल किया कि वे बहुत ही प्रभावशाली रूप में हमारे सामने आए।"15 उन्होंने संवादों में कभी लंबे भाषण नहीं लिखे। उनके संवाद अवसर व पात्रों के अनुकूल लिखे गए हैं। 'मौसम' में दृश्यों में जिस तरह उन्होंने मासूम सादगी घोल दी है इसी के साथ ही उनकी नोकझोंक को जितने सरल,स्पष्ट शब्द प्रदान किए हैं, वह कमलेश्वर का योगदान हो सकता है। " 'अमानुष' फिल्म में नायक के चरित्र में मानसिक द्वित्व को उन्होंने बखूबी उकेरा है इसलिए यह चरित्र दर्शकों को अभिभूत करने में सफल हुआ।"16 निश्चित रूप से कमलेश्वर का अवदान सिर्फ हिंदी सिनेमा में ही नहीं साहित्य, पत्रकारिता और टेलीविजन में भी महत्वपूर्ण है। वे सभी विधाओं के कर्ता थे,महारथी थे। हिंदी में नई कहानी और समांतर कहानी की शुरुआत कमलेश्वर से होती है। उनकी रचनाओं ने साहित्य को सामाजिक रूढ़ियों, पतनशील सामाजिक मूल्यों और विघटनकारी सांप्रदायिक सोच के विरुद्ध परिवर्तनकामी तेवर दिए।लेखन में उन्होंने अपनी दृष्टि को कायम रखा और स्वाधीनता की जो हीरक जयंती थी उसके अवसर पर पिछले 70 सालों में 75 महत्वपूर्ण व्यक्तियों का चयन साप्ताहिक आउटलुक द्वारा किया गया और उसमें पंडित जवाहरलाल नेहरु,जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी,लता मंगेशकर,इंदिरा गांधी, कपिल देव, पंडित रविशंकर, विक्रम साराभाई, बिरजू महाराज उस्ताद बिस्मिल्लाह खान,राज कपूर, गुरुदत्त सत्यजीत रे, जेआरडी टाटा, अमिताभ बच्चन, राजीव गांधी आदि लोगों के साथ कमलेश्वर का नाम भी शामिल किया गया। निश्चित रूप से कमलेश्वर स्वतंत्रता के बाद के सबसे विशिष्ट व्यक्तित्वों में से एक हैं।

**********

सन्दर्भ:


1)कस्बे का आदमी -कमलेश्वर ,भूमिका पृष्ठ 7.
2) नई कहानी की मूल संवेदना, डॉक्टर सुरेश सिन्हा, पृष्ठ 107.
3) कहानी:नई कहानी ,डॉ नामवर सिंह पृष्ठ 28.
4)कमलेश्वर की कहानी कला ,खगेंद्र ठाकुर परिकथा, वर्ष 2 अंक 8, मई जून 2007 पृष्ठ 23-24.
5)आंखों देखा पाकिस्तान, कमलेश्वर ,पृष्ठ 84. 6)प्रेमचंद को किसी आलोचक की जरूरत है ना मुझे, (कमलेश्वर से शशिभूषण द्विवेदी की बातचीत )नया ज्ञानोदय, फरवरी 2007 पृष्ठ 20.
7)कमलेश्वर,मार्कंडेय ,माध्यम ,हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, अप्रैल-जून 2007 ,पृष्ठ 10.
8) बनावट और बुनावट से दूर था उनका व्यक्तित्व-हिमांशु जोशी, परीकथा, वर्ष 2 अंक 8, मई-जून 2007,पृष्ठ 32.
9) यादों के चिराग,पुष्पा भारती, परिकथा, वर्ष 2 अंक 8,मई-जून 2007, पृष्ठ 102.
10)बनावट और बुनावट से दूर था उनका व्यक्तित्व-हिमांशु जोशी, परीकथा, वर्ष 2 अंक 8, मई-जून 2007,पृष्ठ 32.
11) कितने कमलेश्वर,पद्मा सचदेव,परिकथा, वर्ष 2 अंक 8, मई जून 2007, पृष्ठ 30.
12)यादों के चिराग,पुष्पा भारती, परिकथा, वर्ष 2 अंक 8,मई-जून 2007, पृष्ठ 102.
13)यादों के चिराग,पुष्पा भारती, परिकथा, वर्ष 2 अंक 8,मई-जून 2007, पृष्ठ 102.
14)साप्ताहिक आउटलुक ,20 अगस्त 2007, पृष्ठ 47.
15)कमलेश्वर जहां है वहां वही है,प्रो.कमला प्रसाद, माध्यम, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, अप्रैल-जून 2007, पृष्ठ 14-15.
16)हिंदी मसाला फिल्मों को कोई बदल नहीं सकता, कमलेश्वर, प्रथम विहार,फिल्म महोत्सव 2006, स्मारिका-संपादक नरेन, पृष्ठ 46.

# प्रेम की वेदी : एक अनुशीलन

**मिन्नु जोसेफ**
शोधार्थी हिन्दी विभाग
कोच्चिन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय-682022

**शोध सार** – प्रेम की वेदी प्रेमचन्द का तीसरा व अन्तिम नाटक है। यह नाटक उनकी अन्य रचनाओं की तुलना में बिल्कुल भिन्न शैली का परिचायक तथा एक नयी कथ्य ज़मीन का प्रस्तुतीकरण भी है। यह नाटक विवाह संस्था में स्त्री की गुलामी और और पुरुष के स्वामीभाव पर एक सपट चर्चा है। प्रेमचन्द के अन्य स्त्री केंद्रित रचनाओं की अपेक्षा प्रेम की वेदी स्त्री की अस्मिता और स्वत्व बोध पर चर्चा के नए वातावरणों को खुलते हैं। यह नाटक सर्जानात्मक क्षेत्र में प्रेमचन्द के प्रगतिशील परिवर्तन की उपज के रूप में कहा जा सकता है।

**बीज शब्द** – स्त्री अस्मिता, स्वतंत्रता, गुलामी, विवाह संस्था, स्वामी, धार्मिक अन्तर, परंपरा आदर्श, कर्तव्य, ढ़ोंग।

**शोध आलेख** -साहित्य को प्रेमचन्द ने उपयोगितावादी दृष्टि से देखा है। अपने समय और समाज के जीवन संघर्ष के अंतरंग-बहिरंग स्तरों के अभिव्यक्ति के लिए उन्होंने यथार्थवाद पर आश्रय लिया तो आदर्शवाद के सहारे इन जीवन यथार्थों के ऊपर उम्मिद के नये सपनों को सजाया। संपादक, साहित्यकार और आम जनता के पक्षधर होने के नाते उन्होंने अपने समय के प्रत्येक राजनीतिक-सामाजिक गतिविधियों की आलोचना प्रस्तुत की। पूर्ववर्त्ति युग से भिन्न उन्होंने नयी साहित्यिक परम्परा का सूत्रपात किया तथा हिन्दी कथा साहित्य को एक नया आलोक प्रदान किया। नवजागरण, आर्यसमाज, गाँधी दर्शन, समाजवाद तथा रूसी क्रान्ति ने प्रेमचन्द के वैचारिक दृष्टि को काफी प्रभावित किया और इस प्रभाव के चलते उनकी रचनाएँ नयी संवेदना के साथ जीवन के बदलते परिदृश्य की वाणी बनी। समाज के कठु यथार्थों को शब्दबद्ध करने के लिए उन्होंने उपन्यास और कहानी के साथ-साथ नाटक को भी अपना माध्यम बनाया। उपन्यास और कहानी साहित्यिक क्षेत्र में विशेष ख्याति व उपलब्दि प्राप्त करने के कारण उनके नाट्य साहित्य की ओर विशेष ध्यान नहीं गया। एक प्रकार से उनके नाटक साहित्यिक चर्चाओं से बाहर रहे या सालों तक उनके नाट्य कर्म उपेक्षित रहे।

प्रेमचन्द ने तीन नाटकों की रचना की। 'संग्राम' उनका पहला नाटक है। जिसका प्रकाशन काल 1923 ई है। संग्राम एक सामाजिक नाटक है। दूसरा नाटक 'कर्बला' (1924 ई) एक ऐतिहासिक धार्मिक नाटक है। ये दोनों नाटक एक ही संरचनात्मक शैली पर आधारित है। दोनों नाटक भावप्रधान है। मूल रूप से कथाकार होने के कारण उनके इन दोनों नाटक उपन्यास की शैली से मिलते-जुलते है। दोनों नाटकों में अंकों की संख्या अस्वाभाविक रूप से अधिक है। संग्राम के दस साल बाद 'प्रेम की वेदी' प्रकाशित हुई थी। इस दस साल के दौरान प्रेशैली, संरचना और वैचारिक दृष्टिकोण में काफी बदलाव हुआ। इसमें उन्होंने 'प्रेम की वेदी' के लिए एक सकारात्मक पृष्ठभूमि को तैयार किया है। प्रेम की वेदी ने उनके संपूर्ण साहित्यिक कृतियों से अलग एकदम नयी कथ्य भूमि का निर्माण किया है। यह नाटक तत्कालीन रचनाओं में वर्णित विषयों से अलग स्त्री जीवन के अन्छुए पक्षों को सामने रखते हैं।प्रेम की वेदी प्रेमचन्द का तीसरा नाटक है। उनकी अन्य नाटकों की तुलना में यह नाटक आकार में काफी छोटा है जिसमें केवल सात अंक है। प्रेमचन्द की अन्य रचनाओं की अपेक्षा इस नाटक में पात्रों की संख्या कुल पाँच है। इस नाटक को उनके प्रगतिशील शाहित्य के कोटि में गिने जा सकते है। नाटक में ऐसे कई विषयों पर चर्चा की गई है जो समकालीन समय में साहित्य के केंद्र में है। नाटक में स्त्री स्वतंत्रता, अस्मिता, सेक्स एडुकेशन की आवश्यकता, विवाह संस्था में पुरुष का मालिकाना और स्त्री का दासत्व, विवाह में धर्म और जाति के नाम होने वाले उलझन आदि विभिन्न विषय चर्चा के केंद्र में आते हैं। स्त्री जीवन पर आधारित प्रेमचन्द के महत्वपूर्ण रचनाओं के रूप में सेवासदन, निर्मला, कफन, गोदान आदि आते हैं। जिसप्रकार प्रेम की वेदी ने स्त्री जीवन के विभिन्न आयामों को अंकित किया है उसी प्रकार किसी अन्य रचना ने नहीं। इस एक मात्र नाटक में चर्चित विषयों के हिसाब से वे अपने युग से भी आगे है। मचन्द की रचना प्रेमचन्द ने उपर्युक्त नाटक के लिए एक ईसाई परिवार की लड़की जेनी को लिया है। जेनी मिसेज़ गार्डन की एक मात्र बेटी है। मिसेज़ गार्डन चार साल से विधवा है। जेनी आधुनिक विचार रखने वाली लड़की है जिसकी खुद की एक दृष्टि है। मिस जेनी को प्रेमचन्द ने पितृसत्तात्मक समाज के खिलाफ एक चुनौती के रूप में खड़ा किया है। जेनी अपने विचारों, तर्कों और सवालों के ज़रिए पितृसत्तात्मक समाज पर उँगली उठाती है। मिसेज़ गार्डन जेनी की शादी विलियम से कराना चाहती है। लेकिन जेनी शादी नही करना चाहती। शादी को वह गुलामी का पर्याय समझती है। "रानियाँ हैं, वह भी गुलाम हैं। मज़दूरिनें है. वह भी गुलाम हैं। मर्द की दुनिया वह है, जहाँ नाम है, धन है, सम्माने है। स्त्री की दुनिया वह है, जहाँ मर्द की जवाबदेही करनी पड़ती है।... अगर वह बगैर मर्द से पूछे कहीं चली गई, तो मर्द उसके खून का प्यासा हो गया।" पितृसत्तात्मक व्यवस्था में रानियों और मज़दूरिनों की स्थिति बेहद दयनीय है। शादी के बाद पति स्त्री का स्वामी या मालिक बनता है। यानि इस वर्चस्ववादी समाज में शादी के बाद स्त्री को एक आज्ञाकारी पत्नि के रूप में रहना पड़ रहा है। स्त्री को सम्मान देने के नाम पर पुरुष द्वारा किए जाने वाले उपचारों को जेनी दिखावे का शिष्टाचार कहती है। विवाह संस्था के पितृसत्तात्मक मानदंड़ों पर ऐसी करारी चोट बीसवीं शताब्दी के किसी भी रचना में नहीं मिलती। प्रेमचन्द ने यह स्पष्ट किया है कि शादी करने या न करने का विकल्प स्त्री के समने हैं। जेनी के जैसे हर स्त्री को खुद की ज़िन्दगी का मालिक बननी चाहिए।

बचपन से ही लड़कियों को तथाकथित समाज द्वारा निर्मित अनुशासनों की शिक्षा दी जाती है जैसे कि कैसे बैठना है, कैसे उठना है, कैसे खाना है, कैसे हँसना है आदि। लड़कियों से यही कहते है कि 'शादी के बाद तुम्हें किसी और के घर जाना है।' इसतरह छोटी उम्र से ही लड़कियों को यही सिखाया जाता है कि वह एक वस्तु है और उसका मालिक कोई और है। स्त्री अपनी अस्मिता और अस्तित्व बोध से दूर किसी और के इशारों पर जीने के लिए मजबूर हो जाती है। "पुरुष दिल में खूब समझता है कि उसने स्त्री की वह चीज़ छीन ली जिसकी पूर्ति में वह जितनी खातिरदारी करे, वह थोड़ी है। वह चीज़ स्त्री की आज़ादी है।" 1930-33 के आस-पास स्त्री के सम्बन्ध में कुछ सुधार की बातें हो रही थी। लेकिन वे सब बातें केवल पारिवारिक समस्याओं तक सीमित थी। साहित्य में इस तरह की चर्चा-परिचर्चा समकालीन साहित्य की देन है। लेकिन 90 साल पहले प्रेमचन्द ने इस बात का ज़िक्र किया था कि किस तरह स्त्री की आज़ादी विवाह संस्था के ज़रिए छीन ली जाती है।

जेनी एक शिक्षित, प्रगतिशील लड़की है जो अपनी दम पर कमाकर जीना चाहती है। वह जानती है कि आर्थिक स्वालम्बन के ज़रिए ही स्त्री स्वतंत्र हो सकती है। परिवार की आर्थिक तंगी के कारण मिसेज़ गार्डन जेनी की शादी विलियम से कराना चाहती है। विलियम और जेनी की विचारधारा में काफी अन्तर है। पत्नी के सम्बन्ध में विलियम की कामनाएँ जेनी को नौकरानी की याद दिलाती है। भारतीय संस्कृति के अनुसार पति परमेश्वर है। जेनी इस गुलामी को मानने के लिए उमा जेनी की सहेली है। योगराज के साथ उमा की शादी बहुत साल पहले हुई थी। उमा पति-प्रेम में मग्न, कर्तव्य पारायण, परंपरा के आदर्शों में जकड़ी हुई लड़की है। विवाह संस्था में व्रत, आत्म-समर्पण, मंगलसूत्र, सिंदूर टीका सहित निशानियाँ केवल स्त्रियों के लिए है। मंगलसूत्र जैसे आभूषण स्त्री की गुलामी का प्रतीक नहीं है तो अब तक कोई पुरुष ये आभूषण क्यों नहीं धारण किए? "यह व्रत, यह कर्तव्य और यह आत्म-समर्पण एक तरफा क्यों है? तुम्हारे ही लिए क्यों इन चिह्नों

की ज़रूरत है? तुम्हारे पति के लिए क्यों ज़रूरी नहीं? जहाँ तक मेरा अनुभव है उसके हाथों में न चूड़ियाँ हैं, न कंगन है, न गले में हार है, न माथे पर सिंदूर का टीका है। यह क्यों? तुम्हें अपने व्रत पर स्थिर रखने के लिए बन्धन चाहिए, उसे बन्धन की ज़रूरत नहीं?" जेनी का यह सवाल वर्चस्ववादी समाज के खिलाफ संघर्ष की पहली पड़ाव है। जेनी की हिसाब से माथे का सिन्दूर, मंगलसूत्र, चूड़याँ यह सब स्त्री को बार-बार उसका कर्तव्य याद दिलाने के लिए समाज द्वारा स्थापित निशानियाँ है। जो उसे सदा याद दिलाते रहते है कि 'तुम गुलाम हो, वह आज़ाद है'।

'गबन' उपन्यास में प्रेमचन्द ने स्त्रियों की आभूषण प्रियता पर इस बात को स्पष्ट किया है कि बचपन से ही लड़कियों पर आभूषणों के प्रति विशेष लगाव उत्पन्न किए जाते है। स्त्री को उसकी स्वत्व बोध से दूर रखने के लिए ही आभूषणों की तरफ उसका ध्यान मोड़ दिया गया। जंजीरों की तरह आभूषण उसे घर और परिवार में बन्ध रखती है। "...लड़की बहुमूल्य सम्पत्ति समझी जाती थी।...कन्या विजेताओं के घर में कैद कर दी जाती थी। उसके हाथों में हथकड़ियाँ ड़ाल दी जाती थी, पैरों में बेड़ियाँ, गले में तौक और उस संग्राम के स्मृति स्वरूप उसके माथे पर रक्त का टीका लगा दिया जाता होगा, जिससे कन्या समझती रहे कि उसने कभी भागने का प्रयत्न किया, तो उसकी भी वही दशा होगी जो उसकी घर वालों की हुई है।" सदियों से स्त्री को यही उपदेश दिया जा रहा है कि पति ही तेरा स्वामी है, उसको प्रसन्न रखना तेरा कर्तव्य है। किसी और बात पर मन न बहल जाए इसलिए स्त्री को सिन्दूर टीका, मंगलसूत्र जैसे वैवाहिक निशानियाँ दी गई। नाटक के तृतीय दृश्य में सेक्स एडुकेशन की आवश्यकता पर बात की गई है। भारत में इसकी चर्चा 2019-20 के बीच उठ खड़ी हुई थी। लेकिन 90 वर्ष पहले प्रेमचन्द ने इसकी आवश्यकता को समझकर साहित्य के माध्यम से इस विषय को वाणी दी। आज भी लोग सेक्स एडुकेशन को एक खिनौनी बात समझते हैं। अबोध लड़कियाँ जाने-अनजाने में विवाह व्यवस्था में कूद पड़ती है। रमा भी ऐसी दशा से गुज़री थी। सालभर में उसकी दो गर्भ पात और तीसरा गर्भ भी हुआ। रमा को बस यही पता था कि पति के इच्छा के आगे सर झुकाना उसका कर्तव्य है। पति से न कहने से वह अप्रसन्न हो जाएँगे और यह एक भारतीय स्त्री का आदर्श कतई नहीं है। रमा उसी रास्ते से चलती है जो उसके पति दिखाते है। यह सब जानकर जेनी योगराज से प्रश्न करती है कि "अगर कोई आदमी तैरना न जानने पर भी दरिया में कूदे,तो यह किसका दोष है? जिसने घोड़े पर सवारी करना न सीखा हो, उसे क्या अधिकार है कि वह घोड़े दौड़ावे? उमा देवी बालिका थी।... इस विषय में न उसने कुछ पढ़ा है, न किसी से बात-चीत की। वह तो इतना ही जानती थी कि आप उसके स्वामी हैं, आपकी इच्छाओं के आगे सिर झुकाना उसका कर्तव्य है। उसे क्या मालूम था कि वह आपकी कामुकता के सामने सिर झुकाकर अपने लिए विष बो रही है।" इन बातों के ज़रिए जेनी भारतीय वैवाहिक संस्था की कमियों को पाठकों के सामने रख देती है।

उमा की मृत्यु के बाद जेनी और योगराज के बीच प्रेम पैदा होती है। जेनी अपनी उन्मुक्त विचारों से योगराज के स्वभाव में काफी बदलाव लाती है। जेनी के विचारों, तर्कों और सवालों से प्रभावित होकर योगराज उससे शादी करना चाहता है। लेकिन धार्मिक भेदभाव के कारण दोनों प्रेम बंधन में बाँध नहीं पाते। विवाह के लिए किए जाने वाले धर्म परिवर्तन को जेनी एक ढ़ोंग मात्र समझती है। जेनी कहती है "तुम्हारे ऊपर यह आक्षेप मैं न सुन सकती कि औरत के पीछे ईसाई हो गया और न शायद तुम मेरे ऊपर यह आक्षेप सुनना पसंद करोगे कि दौलत के पीछे एक आदमी केसाथ चली गई। मैं आज-कल की प्रथानुसर सुद्ध होकर तुम्हें उस आक्षेप से बचा सकती हूँ, लेकिन शुद्ध को मैं बिल्कुल ढ़ोंग समझती हूँ, मैं अपने स्वभाव से, अपने संस्कारों से, जो कुछ हूँ वही रहूँगी।"प्रेम की वेदी केवल एक प्रेम कहानी नहीं है। विधवा विवाह को एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में देखने वाले भारतीय समाज के सामने प्रेमचन्द ने मिसेज़ गार्ड़न के माध्यम से एक प्रगतिशील कदम रखा है। नाटक के अंत में बूढ़ी विधवा मिसेज़ गर्ड़न युवक विलियम से शादी करती है। तथाकथित समाज के लिए यह विवाह एक बूढ़ी महिला की हवस होगी, लेकिन दोनों की यह कदम सदाचार और आदर्श का व्याख्यान करने वाले सामाजिक रूढ़यों के प्रति एक चुनौती है। मिसेज़ गार्ड़न समाज से सशंकित और भयभीत नहीं है। बीसवीं सदी की 'प्रेम की वेदी' में इक्किसवीं सदी की साहित्यिक छवी झलकती है। इतने प्रगतिशील विचारों के बावजूद भी नाटक के अंतिम भाग में जेनी का हिस्सा काफी प्रभावी नहीं बन पाया है। नाटक के द्वारा जेनी भारतीय स्त्रियों के जो चित्र उकेरते है, आज भी वह भारतीय स्त्रियों का सच है। स्त्री को सम्मान देने के नाम पर पुरुष द्वारा किए जाने वाले उपचारों को जेनी दिखावे का शिष्टाचार कहती है। विवाह संस्था और पितृसत्तात्मकता पर ऐसी करारी चोट बीसवीं सदी की अन्य रचनाओं में न के बराबर है। पुरुष का मालिकाना और स्त्री की गुलामी को लेकर जेनी अपनी सशक्त तर्कों को पाठकों के सामने रखते हैं। वह तथाकथित वर्चस्ववादी पितृसत्तात्मक मानसिकता को इसी तर्कों के सहारे सवालों के कटखरे में खड़ा करते हैं। सृजनात्मकता में ऐसा हिम्मत प्रेमचन्द के समकालीनों में अन्यत्र मिलती है।

**********

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूचि-**


1.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 372-373
2.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 373
3.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 373
4.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 375
5.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 376
6.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 389
7.सं. राम आनंद, प्रेमचन्द रचनावली, खण्ड-10, जनवाणी प्रकाशन, 1996, पृ. 404

# ग्राम्य जीवन के विभिन्न पक्ष

**डॉ.सुनील**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी-विभाग गुरु नानक देव विश्वविद्यालय,
अमृतसर-143005 (पंजाब)

**पवन कुमारी**
**सहायक प्रोफेसर (हिन्दी)**
**हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर**

भारत की अधिकतर जनसंख्या गांव में निवास करती है। इसीलिए भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की लगभग 70% जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है। भारत संसार का प्रमुख कृषि पर आधारित देश है। हमारी संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आधार वास्तव में खुशी ही है। जिस पर संपूर्ण भारत देश की प्रगति एवं विकास निर्भर करता है। साधारण मानव की दो प्रकार के वातावरण में परवरिश होती है- गांव और शहर। ग्रामीण जीवन प्राकृत है तथा इसका आधार परंपरा रूढ़ि और धर्म हैं। गांव शब्द सुनने में जितना सरल है इसे सही अर्थ में परिभाषित करना उतना ही कठिन भी है। गांव शब्द को परिभाषित करते हुए श्रीवास्तव लिखते हैं कि-

**" एक ग्रामीण क्षेत्र वह है जहां लोग किसी प्राथमिक ,उद्योग में लगे हो, अर्थात प्रकृति के सहयोगसे वस्तुओं का प्रथम बार उत्पादन करते हों।''से वस्तुओं का प्रथम बार उत्पादन करते हो"**[1]

डॉ आर .एन. सक्सेना लिखते हैं –

**"गांव वह समुदाय है जहां एक सापेक्षिक समानता, औपचारिकता, प्राथमिक समूह की प्रधानता, जनसंख्या का कम घनत्व और कृषि ही मुख्य व्यवसाय हो"**[2]

भारतीय जीवन का यथार्थ गांव में बिखरा पड़ा है। नगरों में तो उसका सीमित एवं कृत्रिम रूप ही प्राप्त होता है। ग्राम्य जीवन के यथार्थ की अभिव्यक्ति मुख्य रूप से प्रेमचंद के उपन्यासों में हुई थी। भारतीय ग्रामीण परिवेश विविधताओं का अद्भुत जंगल है। जहां राज्य से राज्य और जिले से जिले के गांव में भी प्राय एकरूपता नहीं मिलती, देश की तो बात ही ओर है। उनकी रीति - नीतियां, उनकी परंपराएं और मान्यताएं, उनके रहन- सहन, उनके आचार- विचार, उनकी रोजी-रोटी कमाने के तौर तरीके आदि सभी कुछ तो भिन्न है कहीं जीविका अर्जन के लिए वहां के साधारण आदमी को खेतों में हल चलाना पड़ता है, तो कहीं तीर कमानों का खेल जान हथेली पर लेकर खेलना पड़ता है, कहीं समुंद्र और नदियों में जाल बिछाने पड़ते हैं तो कहीं जंगलों को काटना पड़ता है, कहीं मालिकों की फटकार सुननी पड़ती है तो कहीं शासन के अत्याचारों का शिकार बनना पड़ता है। इस प्रकार ग्राम्य जीवन की विविधता में एकता मिलती है लेकिन ग्राम्य जीवन की समग्र पहचान के लिए हमें इन सब जटिलताओं से जूझना होगा तथा विभिन्नतयो के रहस्यों को खोलना होगा। ग्राम्य जीवन के विभिन्न पक्ष है जिनके आधार पर हम ग्राम्य जीवन का अध्ययन कर सकते हैं

**ग्राम्य जीवन का राजनीतिक पक्ष**-राजनीतिक चेतना ग्राम्य परिवेश की वह क्रियाशील मानसिकता है जो राजनीति से प्रेरित एवं परिचालित होती है। गांव के विषय में यह मूल धारणा है कि वह सहज और सरल होते हैं। राजनीति से उन्हें कोई सरोकार नहीं होता वही शहर राजनीति के अखाड़े होते हैं परंतु आज यह बात सत्य नहीं है। भारत के गांव एवं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर विभिन्न देशों की ग्रामीण जनता इसका स्पष्ट उदाहरण है यदि हम अपने ही गांव की राजनीतिक चेतना को देखें तो हमारा स्वतंत्रता संग्राम इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं, जिसमें गांव और शहर वालों ने कंधे से कंधा मिलाकर स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। यह अलग बात है कि स्वतंत्रता से पहले हमारे गांव का वर्तमान स्वरूप ऐसा नहीं था। स्वतंत्रता के बाद गांव में राजनीतिक चेतना की लहर पंचायती राज, व्यस्क मताधिकार, संविधान के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक स्वरूप आदि विभिन्न राजनीतिक कार्यों से आई। आज ग्रामीण भी अपने अधिकारों को जानते हैं उनके प्रति जागरूक हैं। किसान सभा ,मछुआ सभा आदि विभिन्न प्रकार के संगठन देश के दूर गांव में भी बन रहे हैं जो अपने अधिकारों के प्रति निरंतर संघर्षशील हैं

श्री ए.एन. देसाई का मत उचित है-

" **वास्तव में ग्रामीण कृषकों के मध्य उत्पन्न राजनीतिक जागरूकता और उनके दिनोंदिन बढ़ते हुए राजनीतिक क्रियाकलाप आज के मानवीय राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण पहलू हैं"**प्राय : , ग्राम और राजनीति को दो विभिन्न दिशाओं के दो अलग-अलग सीमांत माने जाते है। यह एक धारणा सी बन गई है। स्वतंत्रता प्राप्ति के लंबे संघर्ष में भी ग्रामीणों ने एक मुख्य भूमिका निभाई है, जिसके साक्षी हमारा साहित्य एवं इतिहास दोनों हैं । विश्व की ओर यदि दृष्टिपात करें तो भी फ्रांस, युगोस्लाविया, पोलैंड, हंगरी और अन्य विकासशील राष्ट्रों की ग्रामीण जनता के उदाहरण हैं। वर्तमान समय में स्पेन, इटली, लैट्रिन अमेरिकी अधिकारी देशों की ग्रामीण जनता ने विभिन्न मामलों के उठने पर आंदोलनों के माध्यम से अपनी राजनीतिक जागरूकता का परिचय दिया है। स्वतंत्रता के पूर्व ही यदि हम अपने राष्ट्रीय वातावरण को देखें तो असहयोग आंदोलन, सामाजिक बहिष्कार आंदोलन,विभिन्न सत्याग्रह तथा भारत छोड़ो आंदोलन आदि ऐसे अनेक राष्ट्रीय मुक्ति संघर्ष के कार्यक्रम थे जिन्हें ग्रामीणों ने अपनी यथाशक्ति सहायता देकर अधिक गतिशील बनाया । इस प्रकार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर ग्रामीणों की राजनीतिक जागरूकता हमें दिखाई देती हैं। राजनीति की समझदारी एवं ज्ञान का स्रोत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय धरातल पर घटने वाले विभिन्न घटनाएं होती हैं जिनसे वह अपना निष्कर्ष निकाला करते हैं। भारतीय ग्राम जीवन को सबसे अधिक प्रभावित एवं प्रचलित करने वाली उनकी मानसिकता पनपने वाली घटनाएं हमारी राष्ट्रीय स्वतंत्रता का विकास कार्य है इस स्वतंत्रता प्राप्ति और संघर्ष ने हिंदी उपन्यास साहित्य को भी विशाल कथानक दिया है। ग्राम्य जीवन पर लिखे विभिन्न उपन्यासों में स्वतंत्रता के इस संघर्ष को बड़ी गहराई से वर्णित किया गया है । जिससे ग्रामीण जनता की राजनीतिक साझेदारी का पता चलता है। स्वतंत्रता से पहले 'बलचनमा' नागार्जुन के उपन्यास के अभागे बलचनमा ने, जिसके मां और बापू उसे धरती पर छोड़ स्वर्ग सिधार गए थे जमींदारों के हाथों अनन्य करो की जातना सही, उसने भी एक स्वपन देखा था ,उसने भी अपनी कल्पना में आजादी का सुख अनुभव किया था ।जिसका विवरण हमें उनके कथन में ही प्राप्त होता है । ]नागार्जुन के भी एक अन्य उपन्यास 'वरुण के बेटे' भी इसी राजनीतिक व्यवस्था को चित्रित करता है। रामदरश मिश्र के उपन्यास 'जल टूटता हुआ' के पात्र मास्टर सुगन तिवारी भी ऐसे ही एक ओर पात्र हैं जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति को बड़ी आशा भरी दृष्टि से देखा था। राजनीतिक स्वतंत्रता के प्रति विभिन्न आशाओं- आकांक्षाओं को देख गांव के जनमानस का जहां पता चलता है वहां एक ओर बात इसी से संबंध है ,वह है उनके विभिन्न पर्यटन ,जिनके माध्यम से उन्होंने स्वतंत्रता के संघर्ष में अपना योगदान दिया। राजनीति ने विभिन्न संदर्भों में ग्रामीण जीवन में प्रवेश पाया । स्वतंत्रयोत्तर ग्रामीण प्रवेश में स्वतंत्रता प्राप्ति ही वस्तुतः वहां की राजनीतिक चेतना का मूल उत्स है विभिन्न प्रकार की गतिविधियां इसी के प्रभाव का परिणाम है। यही वह बिंदु है जिसने ग्राम्य जीवन में

राजनीतिक चेतना को स्वर एवं गति प्रदान की जिन्होंने हमारे साहित्यकारों को चिंतन की नवीन दिशाएं एवं लेखन के लिए नवीन विषय -वस्तु प्रदान की। सब इसी की देन है विज्ञान की सहायता से संचार साधनों की पहुंच गांव तक हो गई है। आज टेलिफोन, तार, रेडियो, टेलिविजन, रेल, जहाज, अखबार आज विभिन्न संपर्क संचार साधन उपलब्ध हैं जिनकी छाया गांव पर भी पड़ रही है।

**ग्राम्य जीवन का सामाजिक पक्ष**-ग्राम्य जीवन की सामाजिक क्रियाशील मानसिकता ग्रामीण जीवन का सामाजिक पक्ष है आज का ग्रामीण समाज परिवर्तित एवं अपरिवर्तित आधुनिक और परंपरागत बोध से ग्रस्त स्थिति में है। भौतिकता के स्वर वहां के जीवन में और पारस्परिक संबंधों में घुसपैठ कर रहे हैं और गांव का समाज और उसका व्यक्ति आदर्श और यथार्थ के द्वंद का दर्द अनुभव कर रहा है। यह सच है कि गांव पहले की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से कुछ समृद्ध हुए हैं किंतु सामाजिक स्तर पर हीन और विघटित हुए हैं। सामाजिक स्तर पर गांव में जहां एक और नई बौद्धिक चेतना आई है, वही अंधविश्वास और रूढ़ियाँ भी जरा जरा से अपने पैर पसार बैठे हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और गांव के व्यक्ति शहरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।शहरी मूल्य गांव की ओर दौड़ रहे हैं। दया, ममता, ईमानदारी गांव के किसी कोने में शेष नहीं है। झठ और फरेब गांव की आत्मा को नष्ट करते जा रहे हैं । गांव का सामाजिक जीवन वास्तव में अपनी आंतरिकता से टूट रहा है। और उसी टूटन को सामाजिक ग्राम चेतना के परिपेक्ष्य में देखते हुए गांव के समयक परिवर्तन पर डॉ रामदरश मिश्र ने लिखा है-

**"गांव का स्वरूप भी बहुत कुछ बदल गया है वहां के मानव जीवन में, शहरी जीवन का संक्रमण हो रहा है। परंपरा और प्रकृति ,अंधविश्वास और विज्ञान ,स्वार्थ लिप्सा और सरलता का संघर्ष गांव की जीवन स्थिति को नई भंगिमा प्रदान कर रहा है"**[4]

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी आंचलिक उपन्यासों में सामाजिक ग्राम चेतना को बड़ी गहराई से देखा जा सकता है। ग्रामीण परिवेश के विभिन्न वर्गों की सामाजिक नीतियों एवं मूल्यों में विभिन्न प्रकार से परिवर्तन हो रहे हैं और सामाजिक जीवन का हर पक्ष इस संक्रमण में फंसा हुआ है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में परस्पर विरोधी मूल्य एक दूसरे से टकराकर टूट रहे हैं और कहीं तोड़ रहे हैं । हिंदी के ग्राम्य जीवन परक उपन्यासकारों ने अपनी कृतियों में अपने अनुभव तथा अंतर संबंधों की व्याख्या समाजिक परिपेक्ष्य में प्रस्तुत करते हुए इसे यथार्थ धरातल पर प्रस्तुत करने का प्रयास भी किया है। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। मानव जीवन और मूल्य दोनों ही इसकी प्रभाव व्याप्ति के क्षेत्र हैं क्या नगर और क्या गांव कोई भी इससे अछूता नहीं रहा है। मानव समाज का हर रूप निरंतर परिवर्तित होता रहता है। फणीश्वर नाथ रेणु के 'मैला आंचल' उपन्यास में सामाजिक परिपेक्ष्य में आए परिवर्तनों ने ग्राम्य जीवन की मूल्यवत्ता को हिला कर रख दिया है। शहरी मूल्य गांव में प्रविष्ट हो रहे हैं समाज में रहकर भी व्यक्ति अकेलापन अनुभव करता है, नैतिकता टूट रही है, ईमानदारी और सत्य के बदले बेईमानी और झठ गांव में प्रवेश कर रहा है। संत्रास कुंठाए , घुटन धीरे-धीरे ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रही है। भौतिकता जीवन की सामूहिक ताकत और गांव के एक संयुक्त परिवारों को विघटित कर रही है। जीवन की सामाजिक इकाई का व्यक्तित्व खंडित हो रहा है, प्रेम और सौहार्द, वैमनस्य और शत्रुता में बदल गए हैं। आज सामाजिक स्तर पर गांव में भी काफी परिवर्तन आ गया है। **ग्राम्य जीवन का आर्थिक पक्ष -** स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारतीय गांव पहले की अपेक्षा आज अधिक समृद्ध हुए हैं। किंतु उस समृद्धि के प्रति संतोष के स्थान पर असंतोष बढा है। लोगों को पराधीनता की अवस्था में प्रशासक के प्रति इतनी शिकायत नहीं थी जितनी स्वतंत्रता की अवस्था में देश के शासकों से होती है अंग्रेजों ने देश की आर्थिक स्थिति को खोखला कर दिया था, लोग खोखलेपन दुष्परिणामों को झेलते हुए यह समझ रहे थे कि प्राचीनता की अवस्था में तो यह सब होना ही है किंतु स्वतंत्रता के बाद भारत के लोगों ने आर्थिक समानता के स्थान पर जो आर्थिक विषमता प्राप्त की उससे उनका क्रोध शासकों के प्रति बढ़ गया। आज गांव के लोगों में असंतोष और विद्रोह का भाव अधिक है। इस प्रकार उनमें आर्थिक चेतना का विकास हुआ है। ग्राम का आर्थिक जीवन जो पहले से कुछ बदला नहीं है इसके मूल में जहां अन्य कारण है वहां उसकी मांगों में भी आशातीत वृद्धि हुई है। आजीविका का प्रश्न आज गांव में वहां की मानसिकता को झकझोरने वाला प्रश्न है देश के विकास के लिए आज पंचवर्षीय योजनाएं समाप्त हो चुकी हैं लेकिन गांव आर्थिक दृष्टि से वही खड़े हैं जहां पचीस वर्ष पहले थे पंचवर्षीय योजनाएं, सामुदायिक विकास योजनाएं, कृषि सुधार संबंधी योजनाएं, कुटीर उद्योग, जमींदारी उन्मूलन जैसे अनेक विकास कार्यक्रम आज सरकारी स्तर पर चल रहे हैं लेकिन आर्थिक विषमताओं की दरियां घटने के स्थान पर बढ़ रही है। बेकारी, निर्धनता जैसे आर्थिक दुर्भाग्य समेटने में नहीं आ रहे हैं। ग्राम का जनजीवन टूट रहा है। गांव जीविका की तलाश में शहरों में आ रहे हैं जमीदार गांव में आज भी विभिन्न रूपों में जिंदा है और छोटे मजदूर एवं निम्न वर्ग का शोषण कर रहे हैं। वैज्ञानिकता ने जहां बड़े किसानों में उत्साह पैदा किया है। वहां छोटे मजदूर मन ही मन कोसते हैं क्योंकि वह बेकार बना दिए गए हैं। देश के गांव में निर्धन और बेकारों की भीड़ पैदा हो रही है जो ग्राम मानस की आर्थिक चेतना को प्रभावित कर रही है। गांव की आर्थिक स्थिति बड़ी ही अनिश्चित सी है और उसके सामने समस्याएं, आवश्यकता और अभावों की भीड़ खड़ी है। आधुनिक जीवन में पर्याप्त जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं व्यक्ति चारों ओर से आर्थिक दबावों, अनुभव एवं विविध विसंगतियों के बीच से यात्रा पूर्ण यात्रा तय कर रहा है देश की अर्थव्यवस्था विभिन्न मुश्किलों से गुजरती हुई राष्ट्रीय विकास की ओर गतिशील है। संतुलित अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय जीवन का प्रमुख आधार होती है। ग्राम विकास राष्ट्रीय निर्माण का अत्यंत आवश्यक पहलू है । स्वाधीनता प्राप्त होते ही राष्ट्रीय निर्माण की पंचवर्षीय योजनाओं में यथासंभव गांव और उनकी विसंगतियों को सामने रखा गया यह अलग बात है कि सदियों से जर्जर इस ग्राम जीवन के अभाव आज विशेष हैं ग्राम विकास से तात्पर्य ग्राम्य जीवन की उन तमाम राहों के विविध प्रकार की भौतिक प्रगति से है जो वहां के लोगों को नहीं वेचारिक चेतना प्रदान करें इसी पर चेस्टर बोल ने कहा है कि-

**" ग्राम विकास से मेरा अभिप्राय केवल कृषि संबंधी विस्तार से नहीं है, अपितु लघु उद्योगों, विद्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों, उन्नत संचार साधनों, ग्रामों में बिजली लगाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जनसंख्या नियमन केंद्रों की वृद्धि से और यहां तक कि ग्रामीण सांस्कृतिक चेतना को जगाने से भी है"**[5]

हमारे गांव परंपरावादी हैं और उनकी परंपरा ही उन्हें विकास कार्यों की ओर बढ़ने से रोकती हैं। अशिक्षा इसका मूल कारण है शैक्षणिक चेतना का प्रसार अभी पूरी तरह नहीं हो पाया है फिर भी आज ग्रामीण परिवेश निरंतर सामाजिक परिवर्तन की ओर अग्रसर है। चाहे आज ग्रामीण विकास हेतु अनेक कार्य हो चुके हैं परंतु फिर भी आज भी गांव में जागृति की आवश्यकता है गांव की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आज भी अनेक प्रयत्न करने की आवश्यकता है आज भी अनेकानेक कई ऐसी समस्याएं हैं जिनका सामना गांव के लोगों को करना पड़ रहा है आज गांव में आर्थिक स्थिति निम्न होने के कारण लोग शहरों की तरफ भाग रहे हैं और गांव खाली होते जा रहे हैं जबकि गांव भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का एक अमूल्य भाग है इसलिए गांव की सभ्यता एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए उन्हें आर्थिक दृष्टि से मजबूत करना अति आवश्यक है।

**ग्राम्य जीवन का धार्मिक एवं सांस्कृतिक पक्ष -** ग्राम्य जीवन के विभिन्न पक्षों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं, विभिन्न उत्सवों, त्योहारों, धर्म के परिवर्तित आयामों की गतिशील मानसिकता आती है ग्रामीण परिवेश में धर्म और संस्कृति के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं खींची जा सकती हैं धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यगत विशेषता अधिक मात्रा में गांव में ही उपलब्ध है। नगरों में यह विशेषताएं कम मात्रा में देखी जा सकती है भारत के छोटे बड़े नगरों में आज पश्चिमी सभ्यता की आंधी चल रही है पश्चिमीकरण की आंधी ने गांव में भी कोई कमी नहीं रखी है गांव के मठ मंदिरों में बैठे महंत और पुजारी शहरी आधुनिकता को ओर जा रहे हैं डॉ सुरेश सिन्हा ने कहां है-

" **आधुनिकता की विडंबना यह है कि इसने हमें दोहरे व्यक्तित्व दे दिए है घर पर हम घोर धार्मिक, परंपरावादी और नैतिकता वादी एवं रूढ होते हैं पर घर के बाहर हम प्रगतिशील होने, नारी की स्वतंत्रता का पक्षपाती होने और अछूतों के साथ समानता स्थापित करने की हवाई बातें करते हैं"**[6]

गांव की सामूहिक भावना लगभग नष्ट होती जा रही है व्यक्ति आज भरे गांव में अकेला रह गया है ना उसके साथ कोई सच्चा हमदर्द है और ना साथ देने वाला कोई साथी. जीवन आधुनिकता धर्म के व्यापार राजनीति से नियंत्रित होने लगे हैं । राजनीतिकता का प्रभाव मंदिरों, मठों, तीर्थ स्थान वाली सभी जगह पहुंच गया है. दुरभावनाओं का विष गांव की धरती पर भी फैल रहा है । गांव में शिक्षा के प्रसार में और भी तिक्तता पैदा की है और गांव की भूमि संघर्ष का स्थल बन गई है। परंतु परंपरावादी संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं वहां आधुनिक दृष्टि वाले पढ़े-लिखे ग्रामीण धार्मिक सांस्कृतिक कार्य को व्यर्थ की पोंगा पंथी कहते हैं ग्रामीण समाज रूढ़िवादी धार्मिक मान्यताओं के मानने वालों तथा धर्मनिरपेक्ष जनतांत्रिक ने रुचि वाले व्यक्तियों के संघर्ष का क्षेत्र बन गया है इस प्रकार ग्राम्य जीवन नव विषयों में विशिष्ट सांस्कृतिक भंगिमा लिए हैं। धर्म शक्ति भी है और विश्वास है । इसकी धारणा अमूर्त एवं अति प्राचीन है मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत जीवन के विविध चौपालों में धार्मिक मान्यताओं को एक आवश्यकता के रूप में मानता आया है। ग्रामीण धर्म आज परिवर्तन की प्रक्रिया में है। विज्ञान और शिक्षा तथा परिवर्तित सामाजिक व्यवस्था के कारण ग्रामीणों के दृष्टिकोण एवं मनोभावों में परिवर्तन हो रहा है धर्म की केंद्रीय सत्ता पर विज्ञान ने अधिकार कर लिया है।

भारतीय संस्कृति का मूल एवं उसका सच्चा समूह ग्राम्य जीवन में ही मिलता है ग्राम्य जीवन के बुनियादी गहराइयों के आधार को जाने बिना इस विशाल भारत के विविध रूप और उसकी आंतरिक एकता को नहीं समझा जा सकता। हमारी संस्कृति का मूल स्रोत कृषि है हमारा संपूर्ण सांस्कृतिक प्रसार कृषि और ग्राम जीवन में ही पर्याप्त है संस्कृति ही वे आधार है जिसके माध्यम से व्यक्ति ज्ञान कला नैतिकता प्रथाएं एवं परंपराएं सीखता है। संस्कृति एक सामाजिक विरासत है भारतीय कृषक का समस्त जीवन ग्रामीण संस्कृति से अनुप्राणित है ग्रामीण कला, पर्व ,त्यौहार, संस्कार ।दूरियां, प्रथाएं ,रीति-रिवाज ,खेलकूद आदि विभिन्न अवयवों के योग से ही स्वतंत्र्योत्तर ग्रामीण भारत में सांस्कृतिक परिवर्तनों की गति बढ़ी है हिंदी उपन्यासों में भारतीय संस्कृति की उन समस्त प्रभाव रेखाओं को उजागर करने का प्रयत्न किया गया है जो आज हमें ग्राम्य जीवन की समस्त संभावनाओं से परिचित कराती है।

निष्कर्ष रूप से ग्राम्य जीवन के विविध पक्ष इसकी अनंत विशिष्टाओं को समेटे हुएँ हैं । भारतीय संस्कृति का जीवंत रूप आज हमें गांव में ही प्राप्त होता है हमारे जीवन की बुनियादी गहराईयां शहरों में ना होकर गांव में ही दृष्टिगत होती है आज प्राचीन और नवीन मान्यताओं में संघर्ष चल रहा है और इन दोनों के समन्वय से नई संस्कृति का उदय हो रहा है जिसमें वैज्ञानिकता और परंपरावादी दोनों का मेल हो रहा है युगीन प्रभावों की परिणति से ग्राम जीवन नए आकाश प्राप्त कर रहा है.

**********

**संदर्भ ग्रथ सूची –**


1. एम.एल.गुप्ता एवं डी.डी.शर्मा , समाजशास्त्र ,पृष्ठ- 153,
2. डॉ आर.एन.सक्सेना , समाजशास्त्र , पृष्ठ – 194
3. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना, पृष्ठ –19
4. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना, पृष्ठ -20
5. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना, पृष्ठ -22
6. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना, पृष्ठ 149
7. सहायक पुस्तक सूची
8. एम.एल.गुप्ता एवं डी.डी.शर्मा , समाजशास्त्र , तृतीय संस्कारण ,साहित्य भवन :आगरा
9. डॉ आर.एन.सक्सेना , समाजशास्त्र , छठा संशोधन एवं विस्तृत संस्कारण ,हिंदुस्तान बुक हाउस।
10. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना,प्रथम संस्करण - 1974,अभिनव प्रकाशन
11. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना, पप्रथम संस्करण - 1974,अभिनव प्रकाशन
12. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतना ,प्रथम संस्करण - 1974,अभिनव प्रकाशन
13. डॉक्टर ज्ञानचंद गुप्ता, स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यास और ग्राम चेतन ,प्रथम संस्करण - 1974,अभिनव प्रकाशन

# बदलते हुए राजनीतिक परिदृश्य : 'एक हत्या की हत्या' नाटक के संदर्भ में

**चिप्पी एम. आर.**
शोधार्थी, हिंदी विभाग
कोच्चिन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय- 682022

राजनीति शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'राज' और 'नीति' शब्दों के योग से हुई है। इसका तात्पर्य राज्य के संयक संचालन से है। राजनीति शब्द अंग्रेज़ी शब्द 'पोलिटिक्स' का समानार्थी शब्द है। अंग्रेज़ी शब्द 'पोलिटिक्स' (Politics) की व्युत्पत्ति युनानी शब्द 'पोलिस' से माना जाता है जिसका अर्थ नगर राज्य है। मुकुन्दीलाल श्रीवास्तव के अनुसार "राजनीति वह नीति है जो राज्य की रक्षा और शासन द्वारा किसी राज्य को दृढ़ करने का उपाय बताती है।" राजनीति शब्द का अर्थ है – लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालन के लिये बनाये गए समता, न्याय और विवेक पर आधारित विधि – विधान। 'नीति' शब्द कल्याणकारी मूल्यों का द्योतक है। प्राचीन भारत में राजनीति केलिए राजधर्म शब्द का भी प्रयोग होता रहा । राजनीति या राजधर्म को लोक धर्म का पर्याय मानते हुए भारतीय मनीषियों ने मानवीय बौद्धिक एवं नैतिक धरातल पर कल्याणकारी राज्य की आधारशिला रखी है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व और उसके बाद की राजनीतिक चेतना में बहुत अन्तर आ गया है। स्वतंत्रता आँदोलन के दौरान राजनीति सेवा का क्षेत्र रहा था। देश हित केलिए देश को एकत्रित करना स्वतंत्रता पूर्व के राजनीतिज्ञों का लक्ष्य था। राजनीतिज्ञ एक आदर्श देश का निर्माण चाहते थे। वे कुछ आदर्शों से जुड़े हुए थे। स्वतंत्रता के बाद ये स्वप्न टूटने लगे। भारतीय जन मानस में निराशा छाने लगी। "स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश का विभाजन, गांधीजी की हत्या, सांप्रदायिक वैमनस्य, जातिगत विद्वेष, प्रांतीय विवाद, भाषागत संघर्ष, क्षेत्रीय और जातीय दलों के उदय, बड़े राजनीतिक दलों का विघटन, बढ़ते आतंकवाद, बड़े-बड़े घोटाले और भ्रष्टाचार जैसी घटनाओं और कारणों ने राजनीतिक अस्थिरता और संक्रमण को बढ़ावा दिया।" स्वातंत्र्योत्तर भारत में राजनीतिक क्षेत्र से सेवा भाव धीरे-धीरे गायब होने लगा, वह पेशे का रूप धारण करने लगा। राजनीतिक नेताओं के चरित्र में भी स्वतंत्रतापूर्व की तुलना में स्वातंत्र्योत्तर समय में काफी परिवर्तन हुआ। राजनीति और राजनीतिज्ञों के लिए भाई-भतीजावाद, छल-कपट आदि आदर्श बनने लगे। डॉ.चन्द्रशेखर के अनुसार "राजनैतिक परिदृश्य में निरंकुश सत्ता और उसके दागी, दारोगाओं तथा टुच्चे दलालों ने (जनता) को न केवल उसके मौलिक अधिकारों से ही वंचित किया है प्रस्तुत उसकी मानवीय स्थिति को ही स्थगित कर डाला।" विद्वानों का मानना है कि आज राजनीति करना एक मुहावरा बन गया है। इसका अर्थ है षड्यंत्र करना।

किसी भी देश की राजनीति देश के समाज से जुड़ी रहती है। देश के जनजीवन के साथ राजनीति घुल मिल गयी है। देश की जनता के कल्याण और एक स्वस्थ समाज का निर्माण ही राजनीति का परम लक्ष्य होना चाहिए। लेकिन पथभ्रष्ट राजनीति के कारण वर्तमान भारतीय समाज भ्रष्टाचार, अराजकता, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाई-भतीजावाद आदि से गुज़र रहा है। आजकल राजनीति अपने लक्ष्य से कोसों दूर पहुँच गयी है। आज राजनीति का लक्ष्य मात्र अधिकार है। राजनीतिज्ञ अपनी और अपनों की जेब भरने के लिए जो नीतियँ बनाते हैं वही आज राजनीति का अर्थ बन गया है। "स्वातंत्र्योत्तर भारत की राजनीतिक गतिविधियों में इतनी तीव्रता से परिवर्तन हुआ कि उसका स्वरूप ही बदल गया। सत्ता की लोलुपता ने नए भ्रष्ट नेताओं को जन्म दिया जिनसे राजनीतिक माहौल गंदगी का जमघट होकर प्रदूषित हो गई। भ्रष्ट राजनीति राजनीतिज्ञों केलिए एक ऐसा हथकंडा बन गया जिससे वह सरलता में अपनी स्वार्थ सिद्धि कर सकता था।" आज राजनीति को कुछ लोगों के स्वार्थ की पूर्ति के माध्यम में परिवर्तित किया गया है। राजनीतिज्ञ जनतंत्र के नाम पर चुनाव के नाम पर जनता का ही शोषण कर रहे हैं। इससे अवगत होने पर भी जनता जागती नहीं कहीं अपनी छोटी सुविधा और कहीं स्वार्थ के कारण प्रतिक्रिया हीन हो गयी है।

समकालीन समय में राजनीति एक अभिशाप बन गयी है। नाटककारों द्वारा राजनीति के बदलते चेहरे और राजनीतिक विद्रूपताओं को नाटकों में उभारा गया है। भ्रष्ट, सत्तालोलुप, स्वार्थ राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का चित्रण भी इन नाटककारों ने किया है। विनोद शाही एक ऐसा नाटककार है जिन्होंने अपने नाटकों में युगीन यथार्थ का चित्रण किए हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने राजनीति के जनविरोधी कार्यकलापों का भी पर्दाफाश किए हैं। आज की क्रूर व्यवस्था और भ्रष्ट शासन व्यवस्था का चित्रण भी उन्होंने अपनी रचनाओं में किया है। देश की राजनीति जब एक मज़ाक में तब्दील हो गयी तो उन्होंने इस पर व्यंग्य भी किए हैं।

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय सामाजिक, राजनीतिक वातावरण खासकर पंजाब की स्थितियों से प्रेरित हो कर उन्होंने नाटक लिखना शुरू किया था। युगीन राजनीतिक विड़म्बनाओं का चित्रण उन्होंने अपने नाटकों के ज़रिए किया है। ब्लू स्टार ओपरेशन के दौरान पंजाब में कर्फ्यू लगाया गया था। पंजाब के भिन्न-भिन्न भागों में हत्याएँ, अपहरण, दंगे, लूट-पाट घटित होते थे। इसके आधार पर उन्होंने अपना पहला नाटक लिखा था 'झूठ पुराण'। इस नाटक के ज़रिए पंजाब में व्याप्त आतंकवाद, दंगे और विभाजन का यथार्थ चित्र उन्होंने प्रस्तुत किया है। आज भ्रष्ट राजनीति जन कल्याण और जन हित से कोसों दूर है। व्यक्ति हित और स्वार्थ ही आधुनिक मनुष्य का लक्ष्य बन गया है। नेता लोग अपने हितों की रक्षा केलिए जनहित का नज़रअंदाज़ करते हैं। वर्तमान राजनीति और राजनीतिज्ञ का, खासकर उनके नैतिक पतन का खुलासा उन्होंने अपने नाटक 'पंचम वेद' के ज़रिए किया है। स्वतंत्रता के पूर्व राजनीतिक नेता कुछ आदर्शों के, उसूलों के आधार पर कार्य करते थे, जीते थे। आज के नेता आदर्श एवं नैतिकता से कोसों दूर खड़े हैं। नेता राजनीति को एक व्यवसाय के रूप में मानते हैं। ज़्यादा-से-ज़्यादा पैसा कमाने के चक्कर में कई नेता अपने उसूलों का दाव पर लगाते हैं। वे राजनीति को एक जुआ ही समझते हैं। इसका चित्रण उन्होंने अपने नाटक 'एक हत्या की हत्या' में किया है। विनोद शाही के अन्य नाटकों में राजनीतिक गिरावट का खुलासा किया गया है। आज की स्वार्थ नीति का चित्रण भी उनके नाटकों की विशेषता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के राजनीतिक परिवर्तनों को खासकर पंजाब में जो राजनीतिक परिवर्तन हुए उसका चित्रण उन्होंने अपने नाटकों की ज़रिए किया है। धर्म, पैसा, शराब आदि का इस्तेमाल कर के लोगों को खरीदने की जो मानसिकता नेताओं की है, उस पर भी उन्होंने अपने नाटकों के ज़रिए टिप्पणी की है।

एक आदर्श नेता का दायित्व है जनता के हितों का ख्याल रखना। आदर्श नेता जनता को सच्छंद जीवन जीने की सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। लेकिन नाटककार ने इस नाटक में इन आदर्शों से विमुख नेता प्रकाशेन्द्र का चित्रण किया है। अपने रास्ते के कांटा समझकर प्रकाशेन्द्र मज़दूर नेता गतिबोध को हटाने का निश्चय करते हैं। वह अपने दोस्तों से कहता है कि " कुछ समझ नहीं आता,एक अकेला आदमी,जिसके पास न पैसा है न घर हमारे लिए इतनी बड़ी समस्या कैसे बन गया है ? कैसे बे-परवाह होकर झोंपड़-पट्टियों और गलियों में घटिया लोगों की वकालत करने निकल पड़ा है ? छोटी-मोटी नंग धंड़ग भेड़-बकरियाँ मानती है,उसकी बातें। उसकी ये ऊल-जुलूस बातें एक बड़े खतरे की तरफ इशारा कर रही है। मुझे उसकी आंधी को रोकना

होगा। रोकना होगा। .....मैं कुछ सोचता हूँ। आप दोनों भी अपने अपने तौर पर कुछ करे.....।" सत्ता की भूख के आगे आदर्शों को भूलनेवाले नेताओं का खुलासा भी नाटककार ने प्रस्तुत नाटक में किया है ।गतिबोध की हत्या कराने के बाद उसका आरोप विरोधी दल के नेता पर थोंपने की कोशिश भी प्रकाशेन्द्र करते हैं। यह विरोधी पार्टी के नेता गतिबोध का दोस्त भी है। इस प्रकार विरोधी पार्टी के नेता पर आरोप लगाकर उन्हें दोषी स्थापित कर के उससे फायदा उठाने की कोशिश वह करता है। अपने फायते के लिए किसी भी हद तक गिरने केलिए तैयार नेताओं का चित्रण नाटककार ने किया है।

समकालीन समय में भारत में राजनीतिक दलों की संख्या बहुत अधिक है। राजनीतिक नेताओं की संख्या भी हज़ारों हैं। लेकिन जनता के जीवन में ज़्यादा सुधार अभी तक नहीं आया है। नेता अपनी सत्ता और आर्थिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए छल-कपट करते हैं। झूठे आश्वासनों और वादों से लोगों को एक तात्कालिक सांत्वना प्रदान करते हैं।'एक हत्या की हत्या' नाटक में नाटककार ने राजनीतिज्ञों की घिनौनी हरकतों का चित्रण किया है। नाटक का पात्र नेता प्रकाशेन्द्र समझौता के बहाने मज़दूर नेता गतिबोध को जुआखाने में बुलाते हैं। अपने दोस्तों और प्यादे के साथ मिलकर धोखे से उसकी हत्या करते हैं। बाद में प्रकाशेन्द्र सरकार के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार हो कर कहता है कि "मैं अकेला क्या कर सकता हूँ। मुझे गृहमंत्रालय के साथ यह मसला उठाना चाहिए। हम कल से गृहमंत्रालय के खिलाफ हड़ताल करेंगे। जब तक वो हत्यारों को पकड़ नहीं लेता, हड़ताल रहेगी स्कूलों में, कालिजों में,दफ्तरों में, घरों में।" प्रकाशेन्द्र अपने फायदे के लिए सरकार का ही नहीं साधारण जनता का भी इस्तेमाल करते हैं। वह गतिबोध की मृत्यु का फायदा उठाना चाहता है। वह अपने एक प्यादे से कहता है कि "..... इस मुल्क में आज बड़े आदमी मरते हैं। पर तुम्हारी बातों से लगता है कि उसकी हत्या का अपने फायदे के लिए ज़रूर इस्तेमाल किया जा सकता है। उसके प्रति जनता की सहानुभूति को मुझे अपनी तरफ मोड़ लेना होगा। ...अब उसकी हत्या का चश्मदीद गवाह तो कोई था नहीं, इसलिए उसकी असली हत्या की आसानी से हत्या की जा सकती है।" मात्र प्रकाशेन्द्र ही नहीं विरोधी दल भी एक प्रकार से गतिबोध की मृत्यु का फायदा उठाता है। एक प्यादा दूसरे प्यादों से कहता है कि "ओपोज़ीशन पार्टी वालों ने एक नयी चाल चली है। मुआवजे की रकम उन्होंने अपने फण्ड में से निकाल कर मरे हुए मज़दूर की औरत के पास भेज दी है। वे कहते हैं कि मरने से पहले गतिबोध ओपोजीशन के लीडर से मिला था और उसे सारी रकम देकर कहा था कि मेरे बाद मज़दूरों के हितों की रक्षा तुम्ही को करनी है। बजट के मामले में उसे नेता जी की पार्टी से निकाल दिया गया था। इस लिए अब वो गतिबोध का मामला उछाल कर नेता जी से बदला लेना चाहता है।" नेता छल कपट के सहारे अपने अधिकार को बनाए रखने के लिए कोशिश करते रहते हैं।

राजनीति में चापलूसी की परंपरा रही है। अपने फायदे केलिए दूसरों की तारीफ करने की प्रवृत्ति लोग हमेशा करते आए हैं। पुराने समय में राजा को खुश कर के कवि और अन्य दरबारी लोग धन और पद प्राप्त करते थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी इस प्रवृत्ति में खास तौर पर कोई परिवर्त्तन नहीं आया है। आजकल सत्ताधारियों की ही नहीं बल्कि सत्ताधारी लोग साधारण जनता का भी चाटूकारिता करते हैं। सत्ताधारी आपस में खुशामद करते रहते हैं। इस प्रकार ज़िन्दादिली करनेवालों को ही कई तरह के फायदे मिलते हैं। राजनीतिक नेताओं को खुश कर के ही आजकल साधारण जनता से लेकर पूँजीपति तक अपने कार्य पूरा करवाते हैं। ज़्यादातर उन्हें खुश करने केलिए रिश्वत ही देना पड़ता है। राजनीतिज्ञ पूँजीपतियों की तरफदारी करते रहते हैं। राजनीतिज्ञों को चुनाव के समय प्रचार केलिए जो पैसा चाहिए अक्सर पूँजीपति उन्हें देते हैं। राजनीतिज्ञ भी बदले में अवैध तौर पर उनकी मदद करते हैं। अक्सर नीतियों और योजनाओं को पूँजीपति के हितानुसार बनाते हैं। पूँजीपतियों के करोड़ों रुपए के ऋण भी माफ कर देते हैं। सरकारी बजट भी पूँजीपतियों के हितानुसार तैयार करते हैं। इस समस्या का खुलासा करते हुए नाटक का पात्र गतिबोध कहता है कि "जब सरकारी बजट खरीदना होता है, तो हाथों में लाखों रुपए उठाए घूमते हो और आज किसी की जान गई है, तो बस पांच सात हज़ार ..... पता नहरं यह सब देख कर मुझे रावण के मायावी मृग की याद क्यों आती है ? वह बजट तुम्हारे लिए कस्तूरी है, जो तुम्हारी नाभि में छिपा हुआ तुम्हें सुनहरी मृगों में बदलता जा रही है .....।" पूँजीपतियों का कल्याण ही नेताओं का लक्ष्य है। जन कल्याण केलिए बनाई गई कई योजनाएँ इस प्रकार कुछ लोगों के कल्याण केलिए खासकर पूँजीपतियों केलिए ही होती हैं। साधारण जनता हमेशा इन कूट नीतियों से अनभिज्ञ रहती है। नेता साधारण अनपढ़ लोगों की अज्ञता का फायदा उठाकर उनके नाम पर सारी योजनाओं से लाभ उठाते हैं।

राजनीतिज्ञ का जनता के साथ सीधा और गहरा रिश्ता होना ज़रूरी है। जनता के साथ रहकर उनसे एक अच्छा रिश्ता बनाकर ही राजनीतिज्ञ जनकल्याणकारी योजनाएँ बनाने में समर्थ होंगे। लेकिन आजकल राजनीतिज्ञ एक ऐसा रिश्ता बनाना नहीं चाहता है। नेता पूँजीपतियों से रिश्ता बनाना चाहते हैं और यह रिश्ता इसलिए बनाना चाहता है कि दोनों वर्गों के बीच आपसी लेन देन हो सकें। यह रिश्ता और आपसी लेन देन को विनोद शाही ने अपने नाटक 'एक हत्या की हत्या' में प्रस्तुत किया है। नाटक में राजनीतिक नेता और पूँजीपति जुआखाने में आपसी लेन देन के बारे में बात करते हैं।

" प्रकाशेन्द्र : तो फिर चलो। तेरी मिल की आउट ऑफ दि वे जा कर दिलवाए गए सारे कोटों का ध्यान रखते हुए, ये ब्लाइं चाल।

रजत : हूँ ..... मेरे इम्पोर्टिड़ कारों पर फोक्ट में किए गए तेरे सभी सेर सपाटों का ध्यान रखते हुए, ये मेरी ब्लाइंड़ चाल।"

अपने प्रतिद्वंद्वी को हमेशा केलिए खतम करने की प्रवृत्ति भी वर्तमान राजनीति में देख सकते हैं। आजकल राजनीतिक दल दूसरे दलों के विचार धाराओं से नहीं लड़ते बल्कि नेताओं से लड़ते हैं। किसी एक दल के नेताओं के विचारों एवं कर्मों से दूसरे दल के नेता खुश नहीं है तो उसे मार डालते हैं। इसके लिए पूँजीपतियों की सहायता लेती है। राजनीति में व्याप्त इस प्रकार की हिंसक वृत्ति का चित्रण भी नाटककार ने इस नाटक में किया है। नाटक में नेता प्रकाशेन्द्र पूँजीपति रजत के साथ मिलकर दोनों के शत्रु गतिबोध की हत्या करते हैं। रजत को अपने हितानुसार चलाने केलिए गतिबोध को मारना ज़रूरी था। इसके बारे में रजत पत्रकार मानिनी से कहता है कि "हम दोनों ने तो बड़ी कोशिस की थी। मैं ने तो उसकी हत्या पर सोने की कितनी ही पर्तें भी चाढ़ा दी थीं, पर हमारी कोशिशों लौट कर आखिर हमीं पर बूमरेंग करने चली आई ..... ।" इस प्रकार नाटककार ने पूँजीपति और नेता के संबन्ध को चित्रित किया है। पूँजीपतियों के तरफदारी को महत्व देनेवाले भ्रष्ट नेताओं की मूल्यहीनता को भी प्रस्तुत करने का प्रयास नाटककारों ने किया है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। दुनिया के कोने-कोने में पल-प्रतिपल घटित होनेवाले घटनाओं को पूरी ईमानदारी के साथ प्रस्तुत करना पत्रकारिता का दायित्व है। कहते हैं कि जनकल्याण या लोकमंगल की भावना पत्रकारिता का लक्ष्य है। समाज में घटित होनेवाले प्रत्येक घटना को निष्पक्ष रूप में प्रस्तुत करना पत्रकार का दायित्व है। पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण दायित्व यह भी है कि वह शासन व्यवस्था और साधारण जनता के बीच एक सेतु का कार्य करें। सरकारी नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाना भी पत्रकारिता का कार्य है। इसके साथ-साथ साधारण जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना भी पत्रकारिता का दायित्व है। ध्यान देने की बात यह है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद

पत्रकारिता एक व्यवसाय बनती जा रही है। पत्रकार अपने दायित्व और उद्देश्यों से दूर चले गए हैं। भ्रष्ट वातावरण ने खासकर भ्रष्ट राजनीति ने पत्रकारिता को भ्रष्ट बनाया है। वर्तमान समय में प्रत्येक राजनीतिक दल खुद का अखबार निकाल रहे हैं। इन अखबारों के ज़रिए राजनीतिक दल अपने विचारधाराओं का प्रचार कर रहे हैं। अपनी गलतियों की तरफदारी करने केलिए इन अखबारों का इस्तेमाल करते हैं। राजनीतिक दल एक दूसरे के ऊपर कीचड़ फेंकने केलिए भी समाचार पत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं। पत्रकार अपने कर्तव्य को भूल कर धन के प्रति लालची हो गए हैं। विनोद शाही भ्रष्ट पत्राचार तथा पत्रकार और राजनीति के अंतर्संबन्ध को नाटक में प्रस्तुत किया है। नाटक में नेता प्राकाशेन्द्र पत्रकार मानिनी के बारे में कहता है कि " और मेरे एक इशारा करते ही जिसे पल भर में ही योग्य मान लिया गया, जिसे डिप्लोमा पूरा करने से पहले ही पत्रकार की नौकरी दिलवा दी गयी और जो हमारी सोहब में रहने भर से खबर पर खबर पड़ने में माहिर मानी जाने लगी .....।" राजनीतिज्ञ अपनी स्वार्थ पूर्ति केलिए पत्रकारिता को भी एक हथियार बनाते हैं। इस केलिए अयोग्य को योग्य बनाते हैं।

पत्रकार नेताओं केलिए उनके इच्छानुसार खबर बनाते हैं। समाचार पत्र का नाम तो 'दैनिक धर्माधर्म' है लेकिन अधर्म ही करते रहते हैं। राजनीतिज्ञ अपने द्वारा किए जानेवाले कुकर्म को धर्म के रूप में प्रस्तुत करना ही चाहते हैं। पत्रकार भी इस स्थिति का फायदा उठाते हैं। पैसे के बदले शासकों के इच्छानुसार खबर तैयार करते हैं। सच को झूठ और झूठ को सच स्थापित करने में आज के पत्रकार माहिर हैं। ईमानदार मज़दूर नेता गतिबोध को एक लालची और अत्याचारी चित्रित करते हुए पत्रकार मानिनी खबर तैयार करती है। विनोद शाही ने अपने इस नाटकों में पत्रकार और राजनीतिज्ञों के संबन्ध का नकाब उतारा है। विनोद शाही ने युगीन विड़म्बनाओं को अपने नाटक का मुख्य विषय बनाया है। एक जागरूक नाटककार होने के कारण उन्होंने राजनैतिक क्षेत्र में मौजूद लगभग सभी समस्याओं को 'एक हत्या की हत्या' नाटक के ज़रिए उभारा है। उन्होंने स्वातंत्र्योत्तर भारत में राजनीति के बदलते स्वरूप को पैनी दृष्टि से आंका है और इस नाटक के ज़रिए प्रस्तुत किया है। राजनीतिक मूल्यहीनता का पर्दाफाश इस नाटक की प्रमुख विशेषता है। समकालीन दौर में राजनीति का अर्थ भ्रष्ट नीति बन गयी है। राजनीति के क्षेत्र में अनैतिकता बढ़ती जा रही है। वाकपटु नेता झूठे आश्वासन और वादों से लोगों को फँसाते हैं। इन सभी मुद्दों को उन्होंने इस नाटक में बखूबी से चित्रित किया है।

**********

## संदर्भ


1. मुकुंदीलाल श्रीवास्तव(सं),ज्ञान मंड़ल लिमिटेड़,ज्ञान शब्दकोश,2013,पृ.682
2. ज्योतिरीश्वर मिश्र,स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाटक-मूल्य संक्रमण,लोकभारती प्रकाशन,2007,पृ.72
3. डॉ.चन्द्रशेखर,दो रंगकर्मी हस्ताक्षर,आत्माराम एण्ड सन्ज़,1987,पृ.14
4. डॉ.सुधीर वाघ,समकालीन हिन्दी नाटकों में राजनीतिक व्यंग्य,विकास प्रकाशन,2009,पृ.234
5. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.18
6. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.42
7. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.37-38
8. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.50
9. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.27
10. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.13
11. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.59
12. विनोद शाही,एक हत्या की हत्या,यायावर नाट्य संस्थान,1988,पृ.13


# हिन्दी पत्रकारिता के बदलते स्वरूप


**कनक राज पाठक**
शोधार्थी
जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग
रांची विश्वविद्यालय, रांची, झारखण्ड


**बीज शब्द** - हिन्दी पत्रकारिता, हिन्दी मुद्रण, पत्रकारिता-मनोरंजन, पत्रकारिता का लक्ष्य

**प्रस्तावना** -भारत में पत्रकारिता का श्रेय महर्षि नारद मुनि को जाता है। देवत्वकाल में नारद मुनि ने धरती लोक, पाताल और स्वर्ग लोक के बीच संवाद स्थापित किया। नारद मुनि समूचे विश्व का समाचार देवतागणों को सुनाया करते थे। इसके बाद महाभारतकालीन संवाद स्थापित किया संजय ने। महाभारत की लड़ाई का आंखों देखा हाल धृतराष्ट्र को संजय ही सुनाया करते थे। इसके बाद राजाओं और महाराजाओं के काल में शिलालेख, भोज पत्रों पर लेख, मुनादी सहित अन्य जनमाध्यमों से लोगों के बीच सूचनाओं का प्रसार किया जाता था। वैश्विक मानकों के बराबर भारत में हिन्दी पत्रकारिता का श्रीगणेश उदंत मार्तंड से माना जाता है। यह साप्ताहिक प्रकाशन था और विशुद्ध हिन्दी में इसका प्रकाशन पंडित जुगल किशोर शुक्ल करते थे। भारत में पत्रकारिता के उद्भव काल में अखबारों, पत्रिकाओं का मुख्य उद्देश्य था ब्रितानी हुकूमत के खिलाफ जनमत तैयार करना। अकबर इलाहाबादी ने यहां तक कहा है कि "खींचो न कमानों को न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो"। राष्ट्रीय नवीन मेल के पत्रकार वेद प्रकाश वाजपेयी जी ने कहा था कि "सूरज निकले या न निकले लेकिन अखबार को निकलना होगा"।

**उद्देश्य-**"वर्तमान परिदृश्य में हिंदी और पत्रकारिता" विषय का मुख्य उद्देश्य है हिन्दी पत्रकारिता के भूत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी हासिल करना। हिन्दी पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किन उद्देश्यों और मिशन के साथ हुआ और यह कैसे विकसित हुआ और भविष्य में इसकी क्या क्या संभावनाएं हैं। प्रस्तुत शोध आलेख में इन्हीं बातों का उल्लेख किया गया है।

**"वर्तमान परिदृश्य में हिंदी और पत्रकारिता"**-सन 1826 से लेकर 1884 तक का समय हिंदी पत्रकारिता का उद्भव काल है। साल 1826 में 30 मई को पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत की थी। कलकत्ता से उदन्त मार्तंड नामक समाचार पत्र निकाल कर भारत में हिंदी पत्रकारिता का श्रीगणेश किया। जिसमें उदंत का अर्थ समाचार होता है, जबकि मार्तंड का अर्थ सूर्य है। सूर्य की किरणों की तरह ही इस समाचार पत्र ने अपने विचारों को भारतीय जनमानस तक पहुंचाया है। उदंत मार्तंड हिन्दी और हिन्दवासियों का सच्चा हितैषी था। हिन्दुस्तानियों के हित के लिए यह अखबार सबसे पहले चलाया गया। इसके संपादक जुगल किशोर ने लिखा था "हिन्दी भाषा अपनी निज भाषा में समाचार पढ़कर उसका आनंद लें और इसके महत्व को समझें" यही जुगल जी की हार्दिक कामना और पत्र प्रकाशन का सर्वोच्च लक्ष्य भी था। उल्लेखनीय है कि उतंद मार्तंड भारतवर्ष में हिन्दी का पहला साप्ताहिक समाचार पत्र था। हालांकि यह समाचार पत्र डेढ़ वर्ष तक ही चल पाया। भारत में पत्रकारिता का उदभव काल निष्पक्षता और राष्ट्रवाद से ओतप्रोत था। उदाहरण के तौर पर हम भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने में अखबारों का प्रयोग, जनजागरण और क्रांतिकारी घटनाओं में देख सकते हैं। ब्रितानी हुकूमत के द्वारा भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी पर तमाम प्रतिबंध लगाने के बावजूद शंखनाद, रणभेरी, हिंदोस्थान, हरिश्चंद्र मैगजीन, बाल बोधिनी, हिंदी प्रदीप, सरस्वती, प्रताप जैसे राष्ट्रवादी समाचार पत्र निकलते रहे और जन जन की आवाज बनते रहे। आर्थिक, शारीरिक, दण्डात्मतक

कार्रवाइयों के बाद भी उस समय के निर्भीक पत्रकारों ने राष्ट्रवाद, देशभक्ति और क्रांति के स्वर से सम्पकृत कर राष्ट्र के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। लाख कठिनाइयों के बाद भी ऐसे देशभक्त पत्रकारों ने आज़ादी के जन जागरण रास्ता नहीं छोड़ा और माँ भारती की सेवा के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दे दी।भारत में स्वतंत्रता के बाद हिन्दी पत्रकारिता में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सन् 1971 तक हमारे देश में अंग्रेजी समाचार पत्रों का वर्चस्व था, लेकिन इसके अलगे वर्ष हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी गति इतनी तीव्र कर ली कि अंग्रेजी के सभी समाचार पत्रों की प्रसार संख्या से आगे निकल कर हिन्दी समाचार पत्रों ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर लिया। वर्तमान में स्थिति यह है कि सभी भारतीय भाषाओं से आगे निकल कर हिन्दी समाचार पत्रों ने सभी समाचार पत्रों से आगे निकल गए। इस समय देश का ऐसा कोई भी प्रदेश नहीं है जहां से हिन्दी के समाचार पत्र और पत्रिकाएं नहीं निकलती हों।

सन् 1974 में भारत में सर्वाधिक समाचार पत्र और पत्रिकाएं हिन्दी में ही छपते थे। हिन्दी में जहां 3200 समाचार पत्र और पत्रिकाएं छपती थी वहीं अंग्रेजी की संख्या 2453 थी। वर्ष 1971 में प्रेस रजिस्ट्रार की रिपोर्ट के अनुसार विगत दो वर्षों में हिन्दी के पत्रों की बिक्री लगभग दो लाख से अधिक बढ़ी। सन् 1971 में हिन्दी के 422, अंग्रेजी 143 और उर्दू के 107 समाचार पत्र छपते थे। प्रेस इन इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2005-06 में अन्य भाषाओं की तुलना में हिन्दी के समाचार पत्रों ने बढ़त बनाए रखा। हिन्दी में 4131 समाचार पत्र और पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है जबकि अंग्रेजी में 864, बांग्ला में 445, गुजराती 775, उर्दू में 463 और मराठी में 328 समाचार पत्रों का प्रकाशन हो रहा है।

भारतीय भाषाओं में सबसे पहले तमिल भाषा के टाइप बनाए गए। नागरी लिपि के टाइप सबसे पहले यूरोप में बने। भारत में सबसे पहले 1778 ई. में पहली बार बांग्ला भाषा का व्याकरण छपा। उसके बाद सन 1779 देवनागरी लिपि में सबसे पहली पुस्तक छपी हिन्दुस्तानी भाषा का व्याकरण, इसे गिलक्राइस्ट ने छपवाया था। 195 साल पूर्व हिंदी पत्रकारिता के सफर पर नजर डाला जाए तो समाज और राष्ट्र में बदलाव के साथ-साथ पत्रकारिता ने ही अपने तेवर और कलेवर बदले हैं। आज हिंदी अखबारों को उद्योग का दर्जा प्राप्त है, जिसमे लाखों पत्रकार रोजगार पा रहे हैं। पत्रकारिता इतना मुखर हुई है कि आमजनों की आवाज बन कर उभरी है। शोषण और उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए लोग आज भी मीडिया का ही सहारा लेते हैं। जवाबदेह पत्रकारिता लोकतांत्रिक समाज की मज़बूती के लिए आवश्यक है।

**हिंदी पत्रकारिता का प्रिंट से मोबाइल तक का सफर**-हिंदी पत्रकारिता का सफर कागजी दुनिया से होते हुए आकाशवाणी और फिर टेलीविजन के दौर तक पहुंचा। सुनने और देखने जैसी सुविधाओं के कारण समाचार और मनोरंजन का माध्यम अशिक्षित और कम पढ़े लिखे लोगों तक अपनी जगह बनाने में कामयाब हुआ। कम मेहनत में आमलोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल हुआ है। टीवी और रेडियो के बाद अब मोबाइल ने यह स्थान ले लिया है। शुरुआती दौर में मोबाइल सिर्फ अपने परिजनों के कुशल क्षेम जानने और सम्पर्क के तौर पर कार्य करता था लेकिन मोबाइल में इंटरनेट,कैमरा, वीडियो कैमरा और अन्य की सुविधाएं आ जाने से अब यह सिर्फ सम्पर्क का माध्यम न रहकर पूरी दुनिया से अपडेट रहने का माध्यम बन गया है। कम्प्यूटर और मोबाइल में हिंदी टाइपिंग की सुविधा आ जाने से हिंदी के लेखकों, पाठकों को और भी सुविधा मिल गई है, विशेषकर तब जब मोबाइल में हिंदी यूनिकोड टाइपिंग की सुविधा मिली। आज जिसकी जेब में मोबाइल है वही खबरची की भूमिका अदा करने लगा है। सूचना प्रोद्योगिकी के इस युग में अपने आस पास होने वाली घटनाओं को सोशल मीडिया के जरिये वायरल कर दुनिया के किसी भी कोने में आंखों देखा हाल पहुंचा रहे हैं। ऐसी स्थिति में हिंदी पत्रकारिता का भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है। तकनीक इसी तेजी के साथ बढ़ता गया तो वह दिन दूर नहीं कि पढा जाने वाला अखबार टेलीग्राम की तरह इतिहास न बन जाये। वैसे भी अखबार ई पेपर के रूप में कम्प्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल पर आ ही गए हैं।भारत जैसे बहुभाषा भासी देश में विदेशों से आई कंप्यूटर के प्रयोग एवं सीखने के तौर तरीकों में इस्तेमाल अंग्रेजी भाषा ने हम भारतीयों को शुरुआती दौर में आतंकित किया था पर भारतीय वैज्ञानिकों और यहां की भाषायी शक्तियों ने इस समस्या से जल्द ही निजात दिला दी। परिणामस्वरूप भारत के युवा मस्तिष्क ने इसका उत्तर भाषा प्रोद्यौगिकी से दिया। अनेक भाषाओं, उपभाषाओं एवं बोलियों से समृद्ध भारत के युवा वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर को ही यहां की भाषा से समृद्ध कर दिया। हिन्दी अब चुटकुले कहानियां कविता या पारंपरिक गद्य-पद्य की विधाओं की भाषा मात्र न रहकर अब सूचना प्रोद्यौगिकी के तमाम आयामों, दिशाओं और क्षेत्रों तक जुड़ गई है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंतर्गत चंहुमुखी मार्ग प्रशस्त किए हैं। समाचार पत्र, पत्रिकाओं, पोस्टर, बैनर, हैडबिल, पंपलेट, विजटिंग कार्ड, दीवार लेखन, विवाह कार्ड, पुस्तक लेखन, निमंत्रण, अभिवादन पत्र, सामग्रियों की पैकिंग पर मुद्रण, स्टीकर लेखन, नाम पट्टिकाएं, विभिन्न सामग्रियों पर मुद्रण, वस्त्रों पर मुद्रण, विद्युतीय बोर्डों पर लेखन, विभागों-संस्थानों के नामोल्लेख करने वाले बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सूचना देने वाले विभिन्न बोर्ड, शोध प्रबंध, टंकण मुद्रण सहित अनेक मुद्रण माध्यमों में हिन्दी अपना वर्चस्व स्थापित कर चुकी है। इसका श्रेय सूचना प्रोद्यौगिकी को ही जाता है। सूचना और संचार के बढ़ते महत्व ने चेतना को जागृत करने का काम किया है। इस क्रांति ने जन जन को अद्यतन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। रेडियो, दरदर्शन, केबल, कंप्यूटर, इंटरनेट, फैक्स, सैल्युलर, पेजर, इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर, सिनेमा, दूरभाष तथा अन्य विद्युत माध्यमों ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को गति प्रदान की है। आईआरएस के 2017 के सर्वेक्षण के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर रपट में कहा गया है कि प्रिन्ट उद्योग बढ़ रहा है। आरएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या 1,14,820 है। किसी भी भारतीय भाषा में पंजीकृत समाचार पत्र-पत्रिकाओं की सबसे अधिक संख्या हिंदी भाषा में है और यह संख्या 46,827 है, जबकि हिंदी के अलावा दूसरे नंबर पर आने वाली अंग्रेजी भाषा में प्रकाशनों की संख्या 14,365 है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (MIB) द्वारा चैनलों को लाइसेंस जारी करने की स्टेटस रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 31 अक्टूबर 2017 से अब तक मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले लाइसेंसों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर तक देशभर में मंत्रालय द्वारा स्वीकृत निजी टीवी चैनलों की संख्या 877 है। नवंबर और दिसंबर 2017 में कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया गया है।

सरकार द्वारा वर्ष 2017 में 45 लाइसेंस जारी किए गए थे, जबकि उससे पूर्व के वर्ष में जारी किए जाने वाले चैनलों की संख्या 75 थी। यदि कुल चैनलों की बात करें तो 1099 चैनलों को अनुमति दी गई, जबकि 222 चैनलों का लाइसेंस रद किया गया था, इनमें 66 तो अकेले वर्ष 2017 में ही शामिल थे। इनमें 44.4 प्रतिशत यानी 389 चैनल 'न्यूज और करेंट अफेयर्स' कैटेगरी में जबकि 488 चैनल 'नॉन न्यूज। इंडियन रीडरशिप सर्वे (आईआरएस) की रिपोर्ट जारी कर दी गई है। इसके अनुसार, दैनिक जागरण सात करोड़ 36 लाख 73 हजार पाठक संख्या के साथ पहले स्थान पर है, दैनिक भास्कर 5.14 करोड़ पाठकों के साथ दूसरे स्थान पर है, अमर उजाला पाठक संख्या 4.76 करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर है। 'हिन्दुस्तान' और 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं क्योंकि अभी इनकी समीक्षा की जा रही है। कुछ हफ्तों बाद हिंदुस्तान समूह के आंकड़े जारी होने पर रैंकिंग में बदलाव आने के

आसार हैं। इसमें शीर्ष 10 अखबारों की सूची में अंग्रेजी का केवल एक अखबार 'टाइम्स ऑफ इंडिया' है। यह अंग्रेजी अखबार एक करोड 52 लाख 36 हजार की पाठक संख्या के साथ नौवें स्थान पर है। टीवी निगरानी एजेंसी BARC (ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल) इंडिया के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, भारत में लगभग 210 मिलियन घरों में अब एक टीवी सेट है, जो 2018 में 197 मिलियन से 6.9% अधिक है। टीवी दर्शकों की संख्या भी 6.7% बढ़ी, जो 2018 में 836 मिलियन से 892 मिलियन तक पहुंच गई। समाचार फॉर मीडिया डॉट कॉम के मुताबिक भारत में सबसे ज्यादा करीब 52 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं, इसके बाद 9.7 करोड़ लोग बंगाली, दो लाख साठ हजार लोगों ने अंग्रेजी को अपनी मातृभाषा बताया है।

**सारांश-**कहा जाता था कि ब्रितानी हुकूमत का सूर्यास्त नहीं होता है, लेकिन भारत के क्रांतिवीरों, युवाओं, महिलाओं और जन-जन ने मिलकर ब्रितानी हुकूमत को सात समुंदर पार खदेड़ दिया। इसका श्रेय पत्रकारिता को भी जाता है। खास कर हिन्दी पत्रकारिता जिसकी पहुंच गांव, ग्रामीण और शहरी सभी लोगों तक थी, स्वतंत्रता की चिंगारी को सभी तक पहुंचाया। इसी मिशन की पूर्ति के लिए भारत में पत्रकारिता की शुरुआत हुई थी। गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रताप, प्रेमचंद ने हंस, महात्मा गांधी ने नवयुग, हरिजन जैसे समाचार पत्रों का संपादन कर स्वतंत्रता की लौ हर भारतीयों के दिल में जगा दी। सैकड़ों समाचार पत्र ब्रितानी हुकूमत का नाकों दम कर दिया। अंततः 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली। इसके बाद भी हिन्दी पत्रकारिता ने अपना काम अनवरत जारी रखा। आजादी के बाद सभी समाचार पत्रों की प्रसार संख्या से आगे निकल कर हिन्दी समाचार पत्रों ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर लिया। वर्तमान में स्थिति यह है कि सभी भारतीय भाषाओं से आगे निकल कर हिन्दी समाचार पत्रों ने सभी समाचार पत्रों से आगे निकल गए। इस समय देश का ऐसा कोई भी प्रदेश नहीं है जहां से हिन्दी के समाचार पत्र और पत्रिकाएं नहीं निकलती हों। भारत में सबसे ज्यादा करीब 52 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं, इसके बाद 9.7 करोड़ लोग बंगाली, दो लाख साठ हजार लोगों ने अंग्रेजी को अपनी मातृभाषा बताया है। भारत के युवा मस्तिष्क ने इसका उत्तर भाषा प्रोद्यौगिकी से दिया। अनेक भाषाओं, उपभाषाओं एवं बोलियों से समृद्ध भारत के युवा वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर को ही यहां की भाषा से समृद्ध कर दिया।

हिन्दी अब चुटकुले कहानियां कविता या पारंपरिक गद्य-पद्य की विधाओं की भाषा मात्र न रहकर अब सूचना प्रोद्यौगिकी के तमाम आयामों, दिशाओं और क्षेत्रों तक जुड़ गई है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंतर्गत चंहुमुखी मार्ग प्रशस्त किए हैं। समाचार पत्र, पत्रिकाओं, पोस्टर, बैनर, हैडंबिल, पंपलेट, विजटिंग कार्ड, दीवार लेखन, विवाह कार्ड, पुस्तक लेखन, निमंत्रण, अभिवादन पत्र, सामग्रियों की पैकिंग पर मुद्रण, स्टीकर लेखन, नाम पट्टिकाएं, विभिन्न सामग्रियों पर मुद्रण, वस्त्रों पर मुद्रण, विद्युतीय बोर्डों पर लेखन, विभागों-संस्थानों के नामोल्लेख करने वाले बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सूचना देने वाले विभिन्न बोर्ड, शोध प्रबंध, टंकण मुद्रण सहित अनेक मुद्रण माध्यमों में हिन्दी अपना वर्चस्व स्थापित कर चुकी है।

**********

संदर्भ

1.मीडिया का विकास, नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी प्रोफेसर अर्जुन तिवारी, पृष्ठ संख्या 93, 115,
2.सत्याग्रह वेब पोर्टल https://www.satyagrah.com/
3.समाचार फॉर मीडिया डॉट कॉम हिंदी पत्रकारिता दिवस: चुनौतियों से चुनौतियों तक का सफर https://www.samachar4media.com/vicharmanch-news/an-article-on-hindi-journalism-day-written-by-senior-journalist-rajesh-badal-55614.html
4.सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट
5.ओरएनआई की वेबसाइट
6.इंडियन रीडरशिप सर्वे
7.गूगल

## महीप सिंह की कहानियों में मानवीय सम्बंध

**डॉ. प्रवीन कुमार**
सहायक प्रोफेसर
मो.9811401368

हिन्दी साहित्य में कहानी का विशिष्ट स्थान है। कहानी का अपना एक अलग अस्तित्व है। साहित्यकार अपनी कहानियों में अपने युग में घटित होने वाली घटनाओं एवं बदलावों को ही कहानी का आधार बनाता है। कहानीकार एक सामाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्यों के बीच रहकर ही किसी कृति की रचना करता है। लेखक समाज का अभिन्न अंग होने के कारण अपने आस-पास के परिवेश को अत्यंत सूक्ष्मता से जांच परख कर ही उसे साहित्य में परिलक्षित करता है। साहित्य लेखक की अभिव्यक्ति होती है।

डॉ0 नवल किशोर के अनुसार "एक बेहतर इन्सानी रिश्ते का संदर्शन ह साहित्य का लक्ष्य हो सकता है। हार्दिक मानवीय संबंधों की अनुपस्थिति के प्रति चिंता का भाव भी इसी संदर्शन का स्वरूप है। यह संदर्शन ही किसी मानववादी बनाता है।[1] हेतु भारद्वाज के अनुसारः "मनुष्यों का अन्य मनुष्यों के प्रति सहानुभूति व दया का भाव रखना तथा व्यक्तिगत स्वार्थ पूर्णतः त्याग कर सामाजिक पर्यावरण के अधिकारों व कर्तव्यों का समुचित समंजन करना ही संबंध है।" [2]

बदलते हुए परिवेश में मानवीय संबंधों को विभिन्न कारकों ने प्रभावित किया है। युग परिवर्तन के साथ-साथ मनुष्य की जीवन दृष्टि में बदलाव के साथ साथ में भी बदलाव आता रहता है। परिस्थितियों के अनुसार मानव व्यवहार में परिवर्तन होता रहता है। डॉ० महीप सिंह की कहानियों में मानवीय संबंधों के इस बदलते हुए रूप पर यहां प्रकाश डालने का प्रयास किया जा रहा है। स्वतंत्रता के पश्चात् मानवीय रिश्तों में आए बदलाव की भरसक आहट हमें महीप सिंह की कहानियों में सुनाई देती है। भारतीय समाज में जिन जीवन मूल्यों को आधार बनाकर मानवीय सम्बंध स्थापित हुए थे, आज वहीं सम्बंध बिखर रहे है। अविश्वास, शंका, स्वार्थपरता, स्वआश्रित होना इत्यादि इसके प्रमुख आधार है।आज सम्बंधों के बीच अर्थ का विशेष प्रभाव होता है। कुछ माँ-बाप अपनी की कमाई पर ही निर्भर रहते है। "परवरिश के लिए" कहानी की पदमा की माँ को जरा भी चिंता नहीं है कि उसकी बेटी देर रात तक घर से बाहर क्यों रहती है। जब उसे यह मालूम होता है कि पदमा गर्भवती है तो वह अवाक रह जाती है। वह पदमा से कहती है कि "कलमुंही काम करेगा? और काम नहीं करेगी तो घर की गुजर बसर क्या आसमान से तेरा बाप चलाएगा।"[3] यहां पर हम देखते है कि पदमा की मां को उसके गर्भवती होने की चिंता की अपेक्षा घर चलाने की चिंता है। यह स्वार्थमयी सम्बंध भारतीय मूल्य के परिचायक नहीं है।स्वराघात' कहानी में लाला दुनीचंद की जवान बेटी बिमला मर जाती है। लाला दुनीचंद अपने व्यापार में इस तरह व्यस्त है कि घर पर बैठकर मातम मनाना उन्हें बहुत खलता है। लालाजी जल्द से जल्द तेरहवीं को निपटाना चाहते है। वह अपनी पत्नी से कहते है कि-

"किरिया ग्यारवें दिन भी तो हो जाती है। बिमला की मां सोचती है - हां लोग ग्यारहवें दिन भी कर लेते है। पर करनी तो तेरहवें दिन चाहिए। तुम मेरा मतलब नही समझीं। "लालाजी समझाते है- 'मंगलवार कामकाज का दिन है, सारे मिलने जुलने वाले ठीक तरह से आ भी ना सकेगें और लड़को को भी - नाहक दफ्तर से छुट्टी लेनी पड़ेगी। [4]'सन्नाटा' कहानी महानगरीय ऊब एकाकीपन और संबंधों की रिक्तता को दर्शाती है। आज संबंधों की उष्मा को महानगर की भागदौड़ भरी जिंदगी ने नष्ट कर दिया हैं। दिवा और किटी दोनों मां बेटी है। एक ही घर में रहती है, लेकिन सम्बंधों में उष्मा नहीं है। दिवा (मा) कहती है कि-

"साल छमाही कहीं एक ऐसा दिन आता है, तब कहीं हल्का सा हमसूस

'कितने संबंध' कहानी संबंधों में कड़वाहट की कहानी है। मिसेज खन्ना के पति की मृत्यु के बाद सौतेले बेटे का व्यवहार अमानवीय है। सतिन्द्र और उर्मिल अब उनकी रत्ती भर भी परवाह नहीं करते, उससे सीधे मुंह बात भी नहीं करते । खाने की दो रोटियां उसके आगे ऐसे डाल देते हैं, जैसे लोग कुत्ते के आगे डाल देते है।"[6]आज के यांत्रिक युग में रक्त संबंधों का व्यवसायीकरण हो चुका है। 'शोक' कहानी मे सागर जी अपने पिता की मौत को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ने का अच्छा अवसर मानता है। परन्तु सुबह में हुई पिता की मौत से थोड़ा परेशान है। उनका कहना है कि - "अगर पिताजी की मृत्यु शाम को हुई होती तो मैं यह खबर अखबारों में देता जो दूसरे दिन सभी जगह छप जाति उसी के साथ दाह संस्कार का कार्यक्रम छप जाता। लेकिन पिताजी तो सुबह-सुबह गुजर गए।"[7]'सुर' कहानी में पिता के बाद अपने दोनों बेटों के कारोबार में हाथ बंटाने लगते है । परन्तु इस दौरान उसे अपने बेटों से पहले वाला अपेक्षित व्यवहार नहीं मिलता "----उसे महसूस होने लगा कि उसके व्यक्तित्व के साथ "डैडी" नाम का जो रंग लगा हुआ है, उसकी चमक हल्की पड़ने लगी है।"[8] आज की व्यस्त में अपने बूढ़े माँ-बाप के लिए वक्त नहीं है। बूढ़े मां-बाप अकेले को विवश है। 'कल' कहानी का इंदर विधवा मां को घर में अकेली छोड़कर कनाडा जा बसता है। वह साल भर में एक दो पत्र डालकर केवल उन्हें याद कर लेता है। आज भाई एवं बहनों के बीच पहले जैसा प्यार नही रहा है। जब से स्त्री को पैतृक सम्पत्ति में हक मिला है, तब से यह कटुता और बढ़ गई है। नाला कहानी में बहन की असाध्य बिमारी की हालत में भाई उसे पारिवारिक विकास में बाधा समझता है। बहन महसूस करती हुई कहती है कि "--- मुझे लगता है कि जैसे मैं एक बहुत बड़ा सा नाला हूँ और भाईसाहब जब भी मेरे पास से गुजरते हैं तो उसे मुझे लाकर निकलना पडता है।" [9] 'तपिश के मारे' कहानी का गोपाल अपने बड़े भाई की धोखेबाजी से पागल होकर दो जून की रोटी के लिए दर दर भटकता है। मलिक बाबू जब दिनेश से गोपाल की हालत के बारे में पूछते है तो वह बताता है कि—"---- तुम इसकी हालत देखकर अचरज कर रहे हो पर तुम्हें शायद पूरी बात मालूम नहीं कई साल पहले यह पागल हो गया था. बाप के मर जाने पर जब जायदाद का बंटवारा होने लगा तो इसके बड़े भाई ने ब्लैक में कमाया हुआ धन खुद हड़प लिया। उस बात का इस पर असर पड़ा और यह पागल हो गया है।"[10]

'कितना अजीब' कहानी में अर्थतंत्र का प्रभाव दोस्ती के बीच बाधा बनता है। परमान्द अपने दोस्त की आर्थिक सहायता नही कर पाता, क्योंकि उनकी दोस्ती अभी नई है। इसलिए दोस्त चंद मुलाकातों की दोस्ती पर विश्वास नहीं करता।"---- तुम कहते हो. इनसे तुम्हारी दोस्ती बस दो तीन मुलाकात की ही है। रूपए उधार मांगने के लिए संबंधों की इतनी पतीली और कच्ची दीवर पर कोई नही चढ़ता।"[11]

"वेतन के पैसे" कहानी में पत्नी की चिंता वेतन पर अपना अधिकार पाने की है क्योंकि पति वेतन के पैसे लाकर उसे नही देता। वह सारे पैसे स्वयं रख लेता है थोड़े बहुत उसे देता है, उनका वह हिसाब मांग लेता है। वह सोचता है कि " --- सच बात तो यह है कि स्त्री चाहती है कि कमाने का कार्य पति करे, किन्तु उसे रखने और व्यय करने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उसका हो, एकमात्र उसका।" [12]'गमले का फूल' कहानी में निर्मल को अपनी पत्नी का उन्मुक्त व्यवहार पसंद नहीं है। रति उसके दोस्तों के साथ उसकी अनुपस्थिति में ताश खेलती है तथा चाय पिलाती है इसलिए वह उस पर बरसता हुआ कहता है कि "---- परपुरुषों के साथ बैठकर ताश खेलने में तुम्हें लज्जा नहीं आती? उसने जलती निगाहों से रति को देखा। कोध और क्षोभ से उसके होठ कांप रहे थे।परपुरुष ---? रति ठगी सी देखती रही, वे तो तुम्हारे बचपन के मित्र है।"[13] 'लोग' कहानी में पत्नी के 'स्व' को लेकर उनके दाम्पत्य संबंधों में दरार पैदा हो गई है। पत्नी नौकरी करती है, अतः पति को इतना महत्व नहीं देती। पति कहता है " --- नीला से मेरी बहुत अच्छी तरह निभ सकती है- यदि वह बस थोड़ा सा मेरी भावनाओं की कद्र कर लिया करे। पर पता नहीं क्या बात है कि मुझे हर्ट करने में उसे बड़ा स्वाद आता है। बात-बात में वह मुझे खिझाती है। टीज करती है। अपनी बात वह जबरदस्ती मनवा लेती है, लेकिन मुझे इतना भी भरोसा नहीं रहता हकि मेरे मांगने पर वह एक गिलास पानी भी मुझे पिला देगी।"[14]

निष्कर्ष : अतः हम कह सकते हैं कि महीप सिंह जी मुख्यतः सम्बंधों के कथाकार है। संबंधों को देखने की उनकी दृष्टि यथार्थवादी होते हुए भी मूल्यवादी है। महीप सिंह ने संबंधों को टूटन में भी बचे हुए मानवीय संवेदन की तलाश की है। महीप सिंह जी की कहनियों में जीवतता है। उन्हें अपने परिवेश के जीवत यथार्थ की पहचान है। महीप सिंह जी ने युग की नब्ज को पहचान कर एक नवीन मानवीय संबंधों की सामाजिक दृष्टि हमें प्रदान की है। उन्होंने मानवीय संबंधों में नष्ट होती कोमलता पर चिंता व्यक्त की है। आज स्वार्थपरता के कारण संबंधों से लोगों का विश्वास टूटता जा रहा है। महीप सिंह जी भारतीय संस्कृति के सजग रक्षक एवं संबंधों में उष्मता के सजग कथाकार है। महीप सिंह जी महानगरीय परिवेश के कथाकार है। उन्होंने वहां के लोगों के संबंधों में बढ़ते तनाव बिखराव तथा आत्मकेन्द्रिकरण को उजागर किया है।

**********

सन्दर्भ ग्रन्थ:


1. डॉ0 नवल किशोर, मानववाद और साहित्य, पृष्ठ 106
2. हेतु भारद्वाज, स्वातंत्रयोत्र हिन्दी कहानी में मानव प्रतिभा, पृष्ठ 91
3. डॉ० महीप सिंह, क्षणों का संकट, परवरिश के लिए, पृष्ठ 41-42
4. डॉ० महीप सिंह, क्षणों का संकट, स्वराघात, पृष्ठ 76
5. डॉ० महीप सिंह सम्बन्धों का सन्नाटा, सन्नाटा पृष्ठ 14-15
6. डॉ० महीप सिंह, सम्बंधों का सन्नाटा, कितने सम्बंध पृष्ठ 73 -
7. डॉ० महीप सिंह, सम्बन्धों का सन्नाटा, शोक, पृष्ठ - 160
8. डॉ0 महीप सिंह, सम्बन्धों का सन्नाटा, सुर पृष्ठ
9. डॉ0 महीप सिंह, क्षणों का संकट, नाला, पृष्ठ 202
10. डॉ० महीप सिंह सुबह की महक के मारे पृष्ठ 100
11. डॉ० महीप सिंह संबंध का सन्नाटा कितना अजीब पृष्ठ 70
12. डॉ0 महीप सिंह, सुबह की महक, वेतन के पैसे पृष्ठ – 40
13. डॉ० महीप सिंह सुबह की महक गमले का फूल पृष्ठ-157
14. डॉ० महीप सिंह, क्षणों का संकट लोग, पृष्ठ- 131

# मणिपुरी बाल साहित्य: उद्भव और विकास

**एस. साधना चनु**
शोधार्थी
हिंदी विभाग मणिपुर विश्वविद्यालय

'बाल्यावस्था' इस शब्द को सुनते ही हमें बचपन की यहां-वहां की दौड़-धूप आंखों के सामने आती है। यह दौर मनुष्य जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य के जीवन की विकास यात्रा में इस अवस्था को हम भुला नहीं सकते हैं। जीवन में हर अवस्था का विकासक्रम मूल्यवान होता है, परंतु इस अवस्था का विकास अच्छे से नहीं हुआ तो जीवन आगे चलकर अव्यवस्थित, खुरदरा और असंगठित रहता है। इस अवस्था में हम बालक का जिस वातावरण में पालन-पोषण करते हैं एवं उसको शिक्षा-दीक्षा देते हैं, उसी के अनुरूप बालकों की मानसिक स्थिति का विकास होता है। उसी अनुसार बालक के आचरण का निर्माण देखने को मिलता है। यह वह समय है, जिसमें हम बालक को किसी भी रास्ते में ले जा सकते हैं और उसका उचित मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। यहां मणिपुर की एक प्रसिद्ध कहावत प्रस्तुत है-

'अङाङु दि अपेत्पा लैखोम् गुम्बनी' अर्थात् बच्चा गीली मिट्टी के समान होता है। हम गीली मिट्टी को रगड़ कर, मोड़ कर तथा तराश कर कोई भी अकार प्रदान कर सकते हैं। उससे उपयोगी वस्तु का निर्माण कर सकते हैं। उसी प्रकार हम बच्चे को शिक्षा देकर, मार्गदर्शन करके व उसको तराशते हुए सही रास्ते में ले जा सकते हैं। बच्चों को गुणकारी मूल्य प्रदान करके अच्छा, सूक्ष्म और संवेदनशील व्यक्ति बना सकते हैं। जिससे वह समाज में सार्थक योगदान एवं सहयोग दे सके। आधुनिकता का यह दौर अत्यंत नाजुक है। इस समय बच्चों को नैतिक एवं मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को संस्कारित करने में बाल साहित्य की मुख्य भूमिका है।'बाल साहित्य' वह बाल साहित्य है, जो बच्चों के लिए लिखा गया है। बालक उस साहित्य को पढ़कर अपनी मानसिक जिज्ञासाओं, कल्पनाओं, भावनाओं आदि को विकसित करता हैं। इसके साथ-साथ यह साहित्य बच्चों को शिक्षा एवं मनोरंजन प्रदान करता है।प्रकाश मनु के अनुसार- "बाल साहित्य (Children's Literature) वह साहित्य है जो विशेष रूप से बच्चों के लिए लिखा जाए या जो बच्चों को संबोधित हो तथा जिसके केंद्र में बच्चे और उनका बहुरंगी संसार हो।"[1]निरंकार देव सेवक के अनुसार- "वह साहित्य जिसमें रुचि, जिज्ञासा, इच्छा-आकांक्षा, राग-द्वेष, भावना-कल्पना की अभिव्यक्ति हो। बच्चे के मन में किस वातावरण और किन परिस्थितियों में किस प्रकार के भाव उत्पन्न होते हैं, इसे समझ पाना बड़ों के लिए आसान नहीं है। बाल मन इतना चंचल होता हैं कि उसे ठीक-ठीक समझ पाना कभी-कभी असंभव हो जाता है। बच्चे जिस दृष्टि से सूरज, चांद, तारों, आकाश, बादल, पर्वत, सागर और नदियों को देखते हैं, बड़े उन्हें हजार बार देखने के बाद भी उस दृष्टि से नहीं देख सकते। भक्ति, श्रद्धा, आस्था और विश्वास के जो परदे बड़े की आंखों पर पड़े रहते हैं, बच्चों की आंखों पर नहीं होते। फूल-कलियों के सौंदर्य, पेड़-पौधों की हरियाली, चिड़िया की चहचहाहट और कुत्ते-बिल्ली के रंग तथा हाव-भाव से जो मौन संदेश बच्चों के मन को प्राप्त होते रहते हैं, वे बड़ों के मन में नहीं होते हैं। अनुभव, ज्ञान, आयु और आकार में बच्चों से कोई गुना बड़ा होकर, धूल में खेलता, शैतानियां करता, बात-बात पर मचलता बन जाना बड़ी कठिन साधना है।"[2]बाल साहित्य यह शब्द सुनते ही प्रत्येक लोग इसको अलग-अलग अर्थों में समझलेते हैं ।जैसे बच्चों द्वारा लिखा गया साहित्य, वयस्कों द्वारा बच्चों के लिए लिखा गया साहित्य, बालकों के लिए लिखा गया साहित्य आदि विभिन्न रूप में मानते हैं। इस के संदर्भ में मस्तराम कपूर जी की 'हिंदी बाल साहित्य का विवेचनात्मक अध्ययन' पुस्तक में बाल साहित्य के निम्नलिखित अर्थ दिए गए हैं:"वयस्क साहित्य का बाल अर्थात लघु रूप, जैसे बाल रामायण, बाल महाभारत।

बालकों द्वारा लिखा गया साहित्य।
बालकों के विषय में लिखा गया साहित्य।
बालकों के लिए लिखा गया साहित्य।
बालकों द्वारा लिखा गया अस्वाद्य साहित्य।"[3]

बाल-साहित्य के उद्भव में लोरी, खेलगीत तथा लोक कथाओं की मुख्य भूमिका रही है। आगे चलकर बाल साहित्य ने अपना अलग विकास करते हुए विस्तृत रूप ले लिया है।मणिपुरी बाल साहित्य के उद्भव को देखा जाए तो लोरी, खेलगीत, लोक-कथाएं, बाल-कविता एवं बाल गीत, पहेली आदि का मुख्य योगदान है। बाल साहित्य का एक रूप बाल लोकसाहित्य है परंतु मणिपुरी बाल-साहित्य को लोक-कथाओं तथा लोक-साहित्य से पूरी तरह अलग नहीं किया गया हैं। मणिपुरी बाल कहानियों का आधार लोककथाओं से ज्यादातर प्रेरित है। यहां बाल लोक -कथाएं, बाल लोक-नाट्य, बच्चों के खेल गीत के साथ लोरी, पहेली, ऊल-जुलूल गीत पद्य कविताएं आदि से बालकों को मनोरंजन प्रदान किया जाता हैं, जो बाल साहित्य का मुख्य अंग हैं।बाल लोक-साहित्य बाल साहित्य का एक अंग है। परंतु मणिपर में लोक साहित्य को ही बाल साहित्य मान लेते हैं। बालकथाओं की पुस्तकों में बालकों की कथा के अतिरिक्त लोककथाएं जो वयस्कों के लिए भी होती है, उन्हें भी बालसाहित्य के अंतर्गत शामिल कर लेते हैं जबकि लोककथा बालकथा से भिन्न होती हैं। लोककथा तो बालसाहित्य का एक छोटा-सा अंग होता है और इसका कोई लेखक नहीं होता है। बाल कहानियों में लेखक अपनी रचनात्मक क्षमता से नया निर्माण एवं सृजन कार्य करता है और पाठकों तक उद्देश्य पहुंचाने का प्रयास करता है। वह अलग-अलग रुचिपूर्ण विधि एवं प्रयोजन के माध्यम से मनोरंजन प्रदान करने का प्रयास करता है।

मणिपुर में बालकों के लिए साहित्य यानी बाल साहित्य को गंभीरता से नहीं लिया गया। फिर भी यहां पर प्राचीन समय से ही बाल-साहित्य का विकासात्मक रूप देखने को मिलता है।मणिपुरी विद्वानों के अनुसार मणिपुरी बाल साहित्य का उद्भव प्राचीन काल के समय से लोरी के रूप में देखा जा सकता है-

"था-था थाबुङतोन,/नाचा मोराम्बी पोबीगे,
पोबी सनम नमबीगे,/हैबोङु चरोङु थादाबीरकओ...."[4]

अर्थात् मां, चांद के बच्चे मोराम्बी को अपने पीठ पर धारण करने को बोलती है और मां जो उसके बदले चांद से अंजीर का एक गुच्छा गिरा देने को बोल रही है। यह लोरी रात को बच्चे को सुलाते समय मां चांद को देखकर गाती है।मणिपुरी लोकसाहित्य को मणिपुरी बाल साहित्य के नींव के रूप में देखा जाता है। बालक खेलते समय गीत गाते हैं, यह खेल-खेल में गाए जाने वाले खेल गीत भी बाल साहित्य का एक अंग हैं। जो प्राचीन काल से चले आ रहे हैं। खेल गीतों ने हमारे बचपन में बाल साहित्य का बीज बोया गया है-

"ते-ते तेनावा कैसामपात की तेनावा
हैनौ न मूलगा तेनावा न हराओ ई ऊ.....ऊ....।"[5]

अर्थात् तोता जो कैसामपात नामक स्थान का है, आम जब पकते हैं तो वह खुश होता है। यह खेलगीत ऊल-जलूल शब्दावली से युक्त बाल गीत है जो जनसामान्य बोली में विशेष रूप से पाया जाता है। यह गीत बच्चों को हंसाने एवं मनोरंजन के लिए होता है और उसका कोई निश्चित अर्थ नहीं निकालता है। जनसामान्य के मध्य मौखिक परंपरा में प्रचलित पहेलियों ने भी बालसाहित्य के उद्भव में एक स्तंभ के रूप में काम

किया है। बचपन में हम एक दूसरे से अनेक प्रकार की पहेलियों पूछकर आपस में बुद्धि की परीक्षा करके मनोरंजन करते हैं-"कारा नानथा कारा नानथा करीनो? पाओखूम- लफु"[6]अर्थात् जहां बार-बार चढ़कर भी फिसलता है वह क्या है? उत्तर- केले का पौधा। मणिपुरी बालसाहित्य के विकास में अनुवाद की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शुरुआती दौर में हिंदू पौराणिक कथाओं, लोक कथाओं, बालकथाओं आदि अन्य भाषाएं रचना की अनुवाद देखने को मिलता है।आधुनिक काल में विशेष रुप से मणिपुरी बाल साहित्य का विकास 20वीं शताब्दी के छठे-सातवें दशक के आसपास से देखा जा सकता है। ऐसा मानकर चल सकते हैं कि इन्हीं दशकों में मणिपुरी लेखकों ने बाल साहित्य का विशेष रूप से लेखन कार्य शुरू किया। इस समय बाल साहित्य के विकास हेतु विभिन्न कार्यशालाएं, प्रशिक्षणों व प्रतियोगिताओं का आयोजन मणिपुर सरकार के शिक्षा मंत्रालय तथा अन्य विभागों द्वारा संपन्न किया गया। 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में मणिपुर सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'चिल्ड्रंस बुक्स कंपिटीशन' के विजेताओं की किताबों के प्रकाशन हेतु अनुदान की व्यवस्था की गई।

आगे का विकास क्रम देखा जाए तो साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा 2010 से बाल साहित्य पुरस्कार की शुरुआत होने के बाद बाल साहित्य लेखन को प्रोत्साहन मिला और उसके बाद निरंतर इसकी रचनाएं देखने को मिल रही हैं। उससे पहले 70 के दशक में कुछ रचनाएं देखने को मिली परंतु 60-70 के पहले बाल साहित्य लेखन न के बराबर हुआ। इस दौरान अनुवाद लेखन की भी भूमिका दिखाई दी। सन् 1978 में कार्लो कॉलॉडी (Carlo Collodi) के बाल उपन्यास 'पिनोकियो' (Pinocchio) का एवं अरेबियन नाइट्स (Arabian night) लोककथा को सगोलसेम इंद्रकुमार ने 'अरब की रात' नाम से अनुवाद किया। ई. सोनामणि में भी 'अरेबियन नाइट्स' का अनुवाद किया। बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन मणिपुर ने हिंदी, बांग्ला, अंग्रेजी आदि अन्य भाषाओं की प्रसिद्ध रचनाएं का अनुवाद करके पाठ्य पुस्तक में शामिल किया। जैसे प्रेमचंद की ईदगाह कहानी एवं नॉर्मान मेककिनल (Norman Mckinnel) दा बिसोप्स केन्दलस्टिक्स (The Bishop's candle-sticks) नाटक आदि जैसी रचनाओं को पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया गया। इसके साथ भारत एवं विश्व की अन्य लोक कथाओं एवं पुरानी कहानियों को भी शामिल इसमें शामिल किया गया।

60 के दशक में 'अङाङ् गी रामायण' अर्थात् 'बाल रामायण' नामक पुस्तक सुरचांद शर्मा द्वारा लिखी गयी। इसी दशक में हिंदू पौराणिक कथाओं के आधार पर आई.एस. काङ्जम द्वारा 'मयाम्बा गी खुदोल' अर्थात 'भाई का उपहार' नामक छोटी-सी बाल-कथा की कृति देखने को मिली। मणिपुरी भाषा में बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ अन्य उपयोगी रचनाओं का भी निर्माण किया गया।

सन् 1984 में सगोलसेम इंद्रकुमार ने 'थौना फबा खम्बातोन' अर्थात् 'वीर-साहसी खम्बातोन' नामक बाल कहानी संग्रह से बाल-साहित्य की मौलिक रचना प्रस्तुत करके अपनी रचनात्मकता लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। मणिपुरी लोक-कथा संग्रहों में थाङजम चंद्र सिंह द्वारा 'तेनावा ना लिबा फंगावारी' अर्थात् 'तोता द्वारा लोक-कथा वाचन' और सराङथेम बोरमणि द्वारा 'चींङ तम गी फुंगावारी' अर्थात् 'पहाड़ एवं घाटी की लोक-कथाएं' लोक कथा संग्रहों को देखा जा सकता है। सन् 1989 में आई.आर. बाबू सिंह द्वारा 'फंगा वारी' अर्थात् 'लोककथा', सन् 1997 में थोकचोम थौयाङबा सिंह की 'इसूसा इपू वारी लीरागे' अर्थात् 'बच्चों दादा कथा सुनाते हैं' , सन् 1999 आई.आर.बाबु सिंह द्वारा 'फुंगा वारी तासी' अर्थात 'लोक कथा सुनते हैं' और राजकुमार भुवनसना द्वारा 'सना कोकचाओ' (नाम विशेष) को बाल साहित्य के रूप में प्रस्तुत किया गया।आगे चलकर सन् 2003 में रघु लैशाङ्थेम की बाल साहित्य पर मौलिक रचना 'अतिथि उचेक' अर्थात 'अतिथि चिड़िया' नामक बाल-कहानी संग्रह प्रकाशित हुआ और सन् 2004 में कोङ्बम इबेयाइमा देवी द्वारा 'अमाईबी अमसुङ अतै फुंगा वारी सिङ' अर्थात् 'चील और अन्य लोक कथाएं' नामक लोककथा की कृति प्रकाशित हुई। फिर सन् 2005 में रघु लैशाङ्थेम द्वारा ' तेंजै अमसुङ ङा मिमित' अर्थात् 'तीर और मछली की आंख' बाल कहानी संग्रह की रचना देखने को मिली और सन् 2006 में कोइजम शांतिबला देवी ने 'तल तरेत' अर्थात् 'सात रोटी' लोक कथाओं एवं अन्य विषयों के बाल नाटक की रचनाएं प्रस्तुत किया। सन् 2008 में कोङ्बम इबेयाइमा देवी ने ' सोरारेन गी मचानुपी अतोनबी लैमशङ अमसुङ अतै फंगवारी' अर्थात् 'आसमान की छोटी बेटी लैमशङ और अन्य लोक कथाएं' लोककथा प्रकाशित किया। सन् 2009 में रघु लैशाङ्थेम का 'पातपान थोइबी' अर्थात् 'झील के किनारे की थोइबी' बाल कहानी संग्रह प्रकाशित हुई और 2010 में सगोलसेम इंद्रकुमार की 'थादा थबातोन' अर्थात 'चाँद में थबातोन' नामक कल्पित विज्ञान (साइंस फिक्शन) पर आधारित कहानी प्रकाशित हुई। सन् 2011 में रघु लैशाङ्थेम ने फिर 'येंबा लाबा खोङ्लकले' अर्थात् 'मुर्गा कुड़कुड़ाते हैं' नामक बाल कहानी संग्रह प्रकाशित किया। उसके बाद राजकुमार भुवनसना ने भी 2012 में 'सना कोकचाओ अमसुङ भुत निङ्थौ ' अर्थात् 'सना कोकचाओ और भूत राजा' बाल कहानी प्रकाशित किया। सन् 2013 में दोनेश्वर कोनसम की 'नुङसिरबा इसै' अर्थात 'प्यारा गीत' बाल कविता और सलाम शांतिबला की 'लोत्लंबा मणि' अर्थात् 'छिपा मणि' बाल नाटक प्रकाशित हुए और किरण कुमार मयाङलमबम की 'इपु इबेन फुंगा वारीसिंङ' अर्थात 'दादा-दादी की लोककथाएं'। आगे चलकर सन् 2015 में निङोम्बम जदुमणि सिंह के 'अपून्बना पंगल नी' अर्थात 'एकता में बल' बाल नाटक प्रकाशित किया गया। मेघचंद्र हैराङ्खोङजम की 'अङाङ् गी वारी नीम्फु' अर्थात् 'बच्चों की चालीस कहानी' और 'अङाङ् गी वारी' अर्थात 'बच्चों की कहानी' बाल कहानी संग्रह तथा थोङाम जामिनी देवी की 'उमङ लाइ गी मसाइगोन दा' अर्थात 'वन देवता के समक्ष में' बाल साहित्य सन् 2016 में प्रकाशित हुई। सन् 2017 में अबूजम इबोपिसक लुवाङ' की 'अङाङ् सिङ गी खोरिरोल 'फिदम" अर्थात 'बच्चों की बाल साहित्य 'फिदम" बाल साहित्य निबंध संग्रह, नाओरेम बिद्यसागर की 'उचान मैरा' अर्थात् 'देवदार की ज्योति' बाल कविता संग्रह, राजकुमारी सनाहनबी चनु की 'थवाइ सिङ गी थवाइ' अर्थात 'आत्माओं की आत्मा' नाटक आदि लेखन प्रकाशित हुए। सन् 2018 में सुब्रम (मोरेंजम देवा सिंह) की 'पुपु गी वारी अमसुङ....' अर्थात 'दादा की कहानी और....' नामक लोककलाएं, के.सी.मङाङ की 'लौसिङ मैरा' अर्थात 'ज्ञान ज्योति' लघु कहानी संग्रह, लैशाङथेम तोनदोन की 'पानथै , पाउरौ, पाउताक' (Manipuri proverbs and sayings) अर्थात 'मणिपुरी लोकोक्ति एवं कहावतें' आदि लिखे गए। मुतुआ तोम्बा की 'सुथाङ गी चिन्बुङ वारी' अर्थात् 'पीढ़ी दर पीढ़ी की लोक कथाएं' लोक कथाएं, कैसाम प्रियोकुमार की 'नवा शैरोल अहान्बा' अर्थात् 'प्रथम शिशु गीत' नामक कविता लिखे गए हैं। इसी तरह क्रमांक सन् 2020 में नोङ्थोंबम बिश्वरजीत सिंह की ' हेलोइ गी वासक' अर्थात 'परियों के वचन' लोक कथाएं, नाओरेम लोकेश्वर सिंह की 'तोमथिन अमसुङ खुजी' अर्थात 'तोमथिन और चूड़ी' बाल कहानी आदि प्रकाशित हो चुके हैं। इसी प्रकार मणिपुरी बाल साहित्य का विकास क्रम देखा जा सकता है।अभी दो-तीन दशकों में बाल साहित्य लेखन प्रवाह के साथ कई पुरस्कार भी प्रदान किए गये। इनमें से 'नहारोल साहित्य प्रेमी समिति' द्वारा स्थापित तेलेम ओङ्बी अतोइबेम्मा अवार्ड फॉर चिल्ड्रन लिटरेचर', मणिपुरी साहित्य परिषद, इंफाल द्वारा स्थापित 'असाङबम मीनकेतन अङाङ् नवा साहित्य मना' आदि पुरस्कारों के नाम ले सकते हैं। सन् 2010 से साहित्य अकादमी द्वारा बाल साहित्य पुरस्कार स्थापना के बाद मणिपुर में कई लेखकों को बाल साहित्य से पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिनमें सगोलसेम इंद्रकुमार, रघु लैशाङ्थेम,

राजकुमार भुवनसना, नाउरेम लोकेश्वर सिंह आदि नाम प्रमुख हैं।बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन मणिपुर द्वारा हिंदी, अंग्रेजी, मणिपुरी आदि भाषाओं की पाठ्यपुस्तकें एवं पूरक पुस्तकों में कई सारी बाल उपयोगी रचनाएं शामिल की गयी हैं। जो मणिपुर के प्रसिद्ध लेखकों तथा विशेषज्ञों द्वारा लिखा गया हैं। मणिपुर के सर्वश्रेष्ठ कवि एवं साहित्यकार ख्वाइराकपम चाओबा जीने 'छात्र मचा' नामक पाठ्यपुस्तक की किताब लिखी और उसके अतिरिक्त सात और पाठ्य-पुस्तकों हेतु शामिल करने के लिए लिखा। पर यह चर्चा का विषय रहा है कि इनको हम बाल साहित्य के रूप में नहीं रखा गया। परंतु जो रचनाएं इन्होंने रची है वे बाल साहित्य की श्रेणी के योग्य है और अभी यह चर्चा का विषय है। जबकि पाठ्यपुस्तकों के कविता, नाटक, कहानी आदि विधा को बाल साहित्य की श्रेणी के अंतर्गत नहीं रखा गया। प्रस्तुत पाठ्य-पुस्तकों में जो भी रचनाएं हैं लगभग सभी में बाल साहित्य के आवश्यक तत्व मिलते है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि बालकों के लिए अलग साहित्य रचना आवश्यक है। जो बालकों की मानसिक स्थिति के अनुसार सृजन किया गया हो और उनमें बढ़ते हुए आधुनिकीकरण व विज्ञानकीकरण का आधार भी देखने को मिले। बाल साहित्य की विशेषताएं बताते हुए प्रकाश मनु ने बाल साहित्य के बारे में यह कहा है-'बाल साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह बच्चों के लिए आनंद की वस्तु है, अच्छा बाल साहित्य बच्चों के मन को रंजित करता है और फिर खेल-खेल में बहुत कुछ सिखाता भी है जिससे उनकी कल्पनाशीलता बढ़ती है और व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास होता है।'[7] बाल साहित्य मनोरंजन के साथ-साथ नैतिक-शिक्षा, विज्ञान, मूल्य-शिक्षा, संवेदनशील एवं जिज्ञासा की भावनाएं उत्पन्न करें और बाल कहानी व बाल साहित्य के वास्तविक स्वरूप को संभाल कर रखने का भी प्रयास हो। इसके बावजूद मणिपुरी लोक कथा और बाल कहानी को अब तक अलग नहीं किया गया है। पाठक के बीच इन दोनों का अंतर स्पष्ट नहीं कर पाते हैं परंतु मूल बाल साहित्य रचना से नए-नए विषयों को रुचिपूर्ण रूप से रचना सृजन करेंगे तो बाल साहित्य के विकास रूप एवं समृद्ध बाल साहित्य मणिपुरी भाषा में भी अधिक देखने को मिल सकता है।

**********

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. हिंदी साहित्य ज्ञानकोश खंड-5, संपादक: शंभुनाथ, आलेख, "बाल साहित्य: प्रकाश मनु", प्रथम संस्करण: 2019 , पृष्ठ सं.: 2436 ।
2. डॉ० हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्य: रचना और समीक्षा, आलेख "निरंकार देव सेवक", शकुन प्रकाशन, नई दिल्ली 1998 पृष्ठ सं. 53।
3. हिंदी बाल साहित्य का विवेचनात्मक अध्ययन: मस्तराम कपूर, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिसटीब्यूटर्स (प्रा).लि प्रथम संस्करण: 2015, पृष्ठ संख्या: 62।
4. स्रोत का विवरण: एम. गन्दमाला देवी, आयु:-70, लिंग:स्त्रि, निरक्षर, पता:थोड्जू पार्ट 2, पूर्वी इम्फाल, संग्रह दिनांक:28/04/2023
5. स्रोत का विवरण: नाम:-एस.(ओ.) अरुना लैमा, आयु:-46, लिंग:स्त्रि, साक्षर, काम: आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पता:पौराबी मैयाइ लैकाइ, पूर्वी इम्फाल, संग्रह दिनांक :15/04/2023
6. स्रोत का विवरण:एस.डाम्बी देवी , आयु:-75, लिंग:स्त्रि निरक्षर,पता: वाइतोन मनिङ लैकाइ पूर्वी इम्फाल, संग्रह दिनांक:28/04/2023
7. हिंदी साहित्य ज्ञानकोश खंड-5, संपादक:शंभुनाथ, आलेख "बाल साहित्य: प्रकाश मनु", प्रथम संस्करण: 2019, पृष्ठ संख्या: 2436।


## सहायक ग्रंथ सूची:


1.हिंदी साहित्य ज्ञानकोश खंड-5, संपादक: शंभुनाथ , बाल साहित्य, प्रकाश मनु, प्रथम संस्करण:

2. डॉ० हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्य: रचना और समीक्षा, आलेख निरंकार देव सेवक, शकुन प्रकाशन, नई दिल्ली, 1998 ।

3.हिंदी बाल साहित्य का विवेचनात्मक अध्ययन मस्तराम कपूर, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिसटीब्यूटर्स (प्रा).लि, प्रथम संस्करण: 2015।

4.बाल साहित्य का इतिहास: प्रकाश मनु, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली 2018

5.सना कोकचाओ: राजकुमार भुवनसना, प्रकाशक: पोकनफम प्रकाशन, 1999।

6.सना कोकचाओ अमसुङ मरूप थेंगु: राजकुमार भुवनसना, प्रकाशक: राइटर्स फॉरम, इंफाल,2019।

7.तेंजै अमसुङ डा ममित: रघु लैशाङ्थेम, प्रकाशक :किङ पब्लिकेशन, इंफाल, 2005।

8.तल तरेत: कोईजम शांतिबला, प्रकाशक: न्यू लाइट प्रकाशन इंफाल, 2006।

9.तोमथिन अमसुङ खुजि: नाओरेम लोकेश्वर सिंह, प्रकाशक मणिपुरी लिटरेरी सोसायटी, 2020।

10.अङाङगी वारी: मेघचंद्र हैराङखोङजम, प्रकाशक: हैराङखोङजम पब्लिकेशन, 2016।

# हिंदी साहित्य के परिप्रेक्ष्य में नारीवादी विचार

**डॉ. पंडित बन्ने**
डी.लिट्
शोध-निर्देशक एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग,
भारत महाविद्यालय, जेऊर (म.रेल)
तह. करमाला, जि. सोलापुर (महाराष्ट्र)

**शोध सारांश :-**सामाजिक विषमताओं पर, विसंगतियों पर सीमाओं पर बीसवीं शताब्दी में अत्यधिक लेखन हुआ है। मंजुला भगत, मन्नू भंडारी, मधु कांकरिया, मृदुला गर्ग, सुभद्रा कुमारी चौहान, उषा प्रियंवदा, नमिता सिंह, मृणाल पाण्डेय, नासिरा शर्मा, रमणिका गुप्ता, निर्मला पुतुल, अनामिका आदि साहित्यकारों ने नारीवादी विमर्श पर विचार किया है। स्त्रियों के लिए पुरुषों के समान शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक क्षेत्र में पुरुषों के समान हो। हिंदी साहित्य में प्रेमचंद से लेकर राजेंद्र यादव तक अनेक पुरुष साहित्यकारों ने नारी समस्या को उकेरा है। उषा प्रियंवदा, कृष्ण, सोवती, मन्नू भंडारी एवं शिवानी आदि ने नारी मन के छिपे शक्तियों को पहचानकर नारी दिशाहीनता, युविधाग्रस्तता, कंठा आदि का विश्लेषण किया है। नारीवाद एक विचारधारा भी है और एक आंदोलन भी। नारीवाद विचारधारा मुख्य रूप से स्त्री-पुरुष भेदभाव से जुडी है तथा यह स्त्रियों की भूमिका अधिकारों से संबंधित है।

**बीज शब्द :-** नारीवाद, सामाजिक, समान, विमर्श, विचार, परिवेश,परिवार, अर्थव्यवस्था, संघर्ष।

प्रसिद्ध फ्रेंच लेखिका 'समोन द बोआ' ने नारी की स्थिति को स्पष्ट करते हुए 'द सेकंड सेक्स' नामक पुस्तक लिखी। उन्होंने सबसे पहले तो उन्हें स्त्री का स्त्री होना ही स्वीकार नहीं है। समाज का परिवेश, परिवार नारी को नारी बनाये रखने के लिए जिम्मेदार है। सिमोन ने कहा है- "औरत को औरत होना सिखाया जाता है। औरत बनी रहने के लिए अनुकूल बनाया जाता हैं।"[1] तथा पाश्चात्य स्त्रीवादी आंदोलन के ध्येय अलग - अलग दिखाई देते हैं। पुरुष के सामने समाज में स्थान प्राप्त करना इनका उद्देश है, लेकिन पाश्चात्य स्त्री की सबसे बडी समस्या आर्थिक स्वातंत्र्यता की है उसे केंद्र में रखकर पाश्चात्य स्त्रीवाद आगे बढ़ रहा है। भारतीय स्त्री धर्म, समाज, राजनीति, अर्थव्यवस्था, परिवार आदि क्षेत्रों में जकड़ी दिखाई देती है। भारतीय स्त्रीवाद इन स्तरों पर संघर्ष कर रहा है। समाज में विभिन्न स्थानों पर नारी को अन्याय-अत्याचार का सामना करना पड़ता है। आज इनका विरोध आरंभ हो रहा है। डॉ. विद्युत भागवत ने स्त्रीवाद का स्वरूप स्पष्ट करते हुए कहा है – "वैयक्तिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक स्तरों पर स्त्री पर जो अन्याय - अत्याचार के विरोध में संघर्ष की तैयारी रखना ही स्त्रीवाद को अपनाना है।"[2]स्त्रीवाद अर्थात पुरुषों के विरोध में संघर्ष न होकर जैविक, सामाजिक, मानसिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तरों पर स्त्री को जो कनिष्ठ स्थान दिया जाता है, उसे नष्ट कर पुरुषों के समान स्थान प्राप्त करके अपने अस्तित्व की अलग पहचान निर्माण करना है।

मैत्रेय पुष्पा कृत 'विजन' उपन्यास नारी के स्वतंत्र अस्तित्व की खोज को प्रस्तुत करनेवाला है। इस उपन्यास की नायिका डॉ. आशा निडर और साहसी है। पति डॉ. मुकुल चाहता है उसकी पत्नी डॉ. आभा गृहिणी बनकर रहें, ससुर की सेवा करें। इस विषय को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता है। परिणामत: डॉ. आभा पति से तलाक लेती है और अपना करियर बनाने में सफल होती है। पच्चीस वर्षीय सरोज नामक मरीज पर वरिष्ठ डॉ. अनुज वर्मा के बलात्कार करने पर नीडर होकर एफ.आय.आर. दर्ज कराती है। वह अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाती है।

बाजारवाद, भूमंडलीकरण, आधुनिकता को बढ़ावा देने वाला ममता कालिया कृत 'दौड' उपन्यास है। प्रस्तुत उपन्यास में भूमंडलीकरण तथा बाजारवाद युग की नारी परंपरागत आदर्शों की बेड़ियों को तोड़कर पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में विश्वास रखती है। 'दौड' उपन्यास की नायिका स्टैला डिमौलो जीन्स और टॉप पहननेवाली आधुनिक युवती है। वह कार्यकुशल, कैरियारिस्ट और इंटरप्राईज कार्पोरेशन में बराबर की पार्टनर है। उसकी कंपनी पवन पांडे गुर्जर कंपनी को कम्प्यूटर सप्लाई करती है। स्टैला का पति पवन पाण्डे अपनी माँ से कहता है- "माँ उसे रसोई नहीं आती लेकिन वह कम्प्यूटर विजर्ड है। स्टैला आज के बाजारवाद युग के अनुरूप दौडनेवाली उच्चशिक्षित युवती है। उसे रसोई नहीं आती किंतु कार्पोरेट की दुनिया में कामयाबी हासिल करती है। शादी से पहले वह प्रेमी पवन के रूम में रहती है। वह आर्थिक रूप से स्वयंपूर्ण है। वह पतिपर आश्रित नहीं है बल्कि अपने जीवन के फैसले वह स्वयं लेती है।

वैश्वीकरण के दौर में पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित नारी भारतीय संस्कृति को भूलती जा रही है। पश्चिमी चकाचौंध ने उसे दिग्भ्रमित कर दिया है। वह आत्मकेंद्रित हो सुख-सुविधाओं से खुद करने की नाकाम कोशिश कर रही है, पर वह अनजान है। "उपभोक्तावादी समाज और संस्कृति ने स्त्री का बाजारु ध्वस्तुड में तकीस कर महत्वाकांक्षाओं की ऊँधी गलियों में भटकने के लिए छोड़ दिया है।"[3]

हिंदी साहित्य के समकालीन परिदृश्य में कृष्णा सोबती, पुष्पा, प्रभा खेतान, मन्नू भंडारी, सूर्यबाला, कात्यायनी, अनामिका आदि का स्त्री विमर्श संबंधी दृष्टिकोण अधिक व्यापक होता हुआ दिखाई दे रहा है। बचपन से ही बाल मानसिकता पर पितृसत्ताक संस्कार किए जाते हैं जिनमें लड़को को श्रेष्ठ और लड़कियों को कनिष्ठ बताया जाता है।

बाप बचपन में से ही घर में स्त्रियों के लिए कोई स्थान ही नहीं होता। स्त्री पितृसत्ताक पद्धति में स्त्री रोबोट की तरह काम करती है। मेहरून्निसा परवेज और नसिरा शर्मा ने मुस्लिम समाज की स्त्रियों को लेकर लेखन कार्य किया है। नासिरा शर्मा शाल्मली और ठिकरे की मँगनी महत्वपूर्ण है। शाल्मली में जिस स्त्री दाम्पत्य स्थिति का चित्रण है वह मुसलमान न होकर हिंदू है। पति के रूप में पुरुष स्वयं कई गुना औरत से निम्न होकर भी अपनी औरत को पत्नी रूप में गुलाम समझता है। लेखिका शाल्मली के शब्दों में कहती है – "औरतों के पास दो अभिव्यक्तियाँ है सर झका देना या समस्या को अधूरा छोड़ सर काट लेना। मेरा विश्वास न घर छोडने पर पर न तोड़ने पर आत्महत्या न करने है न आपके आपने को किसी के लिए स्वाहा करने में है। मैं तो घर के साथ औरत के अधिकार की कल्पना भी करती और विश्वास भी।"[4]

मृदुला गर्ग आधुनिक विचारों से प्रभावित साहसी लेखिका है। उनके अनुसार नारी- पुरुष संबंधों को स्वतंत्र एवं स्वच्छाद होना चाहिए। उसमें किसी तरह के बंधन, पारंपारिक मान-पर्यादाएँ नहीं होनी चाहिए। 'कठगुलाब' उपन्यास के सारे नारी पात्र नर शोषण का शिकार होकर उसमें संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं। वह नर-नारी संबंधों पर कहती है- "अगर मर्द औरत के बीच का रिश्ता शोषक शोषीत का है तो क्या उसका विकल्प लेब्जियान्जिम है। क्या औरत मर्द से सिर्फ इसलिए आकर्षित होती है क्योंकि वह उसे बच्चा दे सकता। अगर औरत मर्द के बिना स्पर्श ज्ञान द्वारा बच्चा पैदा कर सके तो क्या औरत मर्द के बीच का आकर्षण समाप्त हो जाएगा।"[5]

आज नारी की प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। "शिक्षा, चिकित्सा, तननीकी, विज्ञान, कला, कविता, साहित्य सृजन,

पर्वतारोहण, क्रीडा जगत, पुलिस सेना, कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं जहां नारी का प्रवेश न होता है।"[6]

**निष्कर्ष :-**

यह कहा जा सकता है कि आज स्त्री समाज में अपने अस्तित्व तलाश कर रही है। परंपरा से चलते आ रहे बंधन, अपमान, अन्याय, अत्याचार, पारिवारिक बंधन छुटन से भरा जीवन जीना नहीं चाहती | स्त्री समाज में समानता की भावना निर्माण करना, नारी का अस्तिव स्थापित करना, संसार की बंधनों से मुक्त होना आदि कार्य स्त्री लेखन के माध्यम से हुआ है। नारी शिक्षित होने के कारण समाज में स्थित सभी कुप्रथाओं को तोड़ नारी सशक्त बना रही है। अपनी अस्मिता एवं अस्तित्व के प्रति सजग नारी अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं लेने लगी है। शिक्षा ने उसे आत्मनिर्भर तो बनाया ही है साहस भी उत्पन्न किया है। वे आर्थिक स्वतंत्रता की समर्थक और आर्थिक स्वतंत्रता के लिए संघर्षशील है। विवाह, जैन संबंध प्रेम विवाह, विवाह विच्छेद जैसी समस्याओं मे भी साहस के साथ हल खोजती हुई आगे बढ़ रही है। यही परिवर्तन आज स्थियों भी दिखाई दे रहा है।

**********

**संदर्भ ग्रंथ -**


1. स्त्रीवाद और महिला उपन्यासकार - डॉ. वैशाली देशपांडे, पृ.15.
2. वही, पृ.7.
3. हंस-सं-राजेंद्र यादव, पृ.6, नवंबर 2009, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली.
4. स्त्री विमर्श - उमा असारडोहकर,पृ.161.
5. कठगुलाब - मृदुला गर्गन पृ.169., भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली.
6. सम्मेलन पत्रिका - संत विभूती मिश्र, पृ.162, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, इलाहाबाद, सन 2009, अंक- 19


# सेज पर संस्कृत उपन्यास में चित्रित-स्त्री


**डॉ. आशीष**

सहायक प्राध्यापक

सेंट क्लारेट महाविद्यालय, बैंगलोर, कर्नाटक


संस्कृति और संस्कार दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। व्यापक अर्थ में देखें तो संस्कार अर्थात् शुद्धि, संशोधन, सफाई, सुधारना, आदि अर्थात् मनुष्य के मन, वचन और कर्म का शुद्धिकरण करना या उसमें सुधार करना। गोविंद चंद्र पाण्डेय ने 'संस्कार' को परिभाषित करते हुए लिखा है - "संस्कृति का सामान्य अर्थ है - संस्कार। संस्कार कहते हैं, दोषापनयन और गुणाधान को।" संस्कृति और संस्कार के सन्दर्भ में आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी का कथन भी सटीक जान पड़ता है कि "मनुष्य की श्रेष्ठ साधनाएँ ही संस्कृति है।" इस आधार पर यह समझा जा सकता है कि संस्कृति और संस्कार को लेकर जो वास्तविक मान्यताएँ समाज में प्रचलित हैं, उसका अनुसरण नहीं किया जाता। इसके विपरीत ऐसे कई पहलू सामने आते हैं, जहाँ पर समाज के सत्ताधारी अपनी वक्तिगत मान्यताओं को लागू करते हुए दिखायी देते हैं। इस संदर्भ में स्त्री को धर्म से जोड़ कर देखा जाए तो समाज के विभिन्न सत्ताधारियों की मानसिकता एक सी ही दिखायी देती है। धर्म का नाम आते ही स्त्री के प्रति संकुचित मानसिकता का प्रदर्शन खुलेआम होता है। वास्तव में, धर्म मनुष्यों को उनकी मानसिक विकृतियों से मुक्त करता है किन्तु कई लोग इसमें हस्तक्षेप कर उसे रूढ बना देते हैं और उसका पालन अनिवार्य कर देते हैं।

इस आधार पर मधु काँकरिया कृत 'सेज़ पर संस्कृत' उपन्यास को देखा जा सकता है। लेखिका ने इस उपन्यास के माध्यम से समाज की उन ग्रंथियों को उजागर किया है, जिनमें स्त्रियाँ संस्कृति और संस्कार के नाम पर उत्पीड़ित एवं प्रताड़ित होती हैं। स्त्री एवं पुरुष तथा जैन धर्म के शीर्ष पर बैठे धर्मगुरु की सत्ता के माध्यम से सामाजिक विकृतियाँ एवं अपसंस्कृति उभर कर आती है। परिणामस्वरुप मातृसत्ता के आगे एक छोटी लड़की (छुटकी) का जीवन नारकीय बन जाता है। प्रायः देखा जाता है कि संस्कार और संस्कृति की परिधि को अधिकतर स्त्रियों तक सीमित करके रख दिया जाता है, इसका उदाहरण छुटकी और उसकी माँ के द्वारा देखने को मिलता है। वहीं, उस घर की बड़ी बेटी संघमित्रा इस जंजाल में नहीं फँसती और प्रयास करती है कि किसी भी प्रकार कम-से-कम वह अपनी छोटी बहन छुटकी को साध्वी बनने की प्रक्रिया से बचा ले। इस दौरान वह अनुभव करती है कि स्त्री के अस्तित्व को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। स्त्री की शुद्धता एवं अशुद्धता को उसके चरित्र का पैमाना बनाया जाता है, उदाहरणस्वरूप - "शुरू से ही तर्क करने की अपनी आदत। मैं फिर अड़ी रही, 'जब रोज बिना नहाए नहीं घुसती तो आज कैसे घुसेगी?' हँसी रोकने के प्रयास में दादी की नाक फूल गई थी। दबी-दबी हँसी हँसते और नाक फुलाते हुए बोली, 'रोज तेरे पापा रात को तेरी अम्मा को गंदा कर देते हैं, इस कारण तेरी अम्मा को नहाना पड़ता है।" जो कार्य एक स्त्री के द्वारा हो रहा है, वही कार्य पुरुष (पति) द्वारा भी हो रहा है किन्तु संस्कार और संस्कृति के सारे नियम स्त्रियों पर ही लागू होते हुए दिखायी देते हैं, पुरुषों पर नहीं। यह समाज की वास्तविकता है, जो वह चयनित रूप से अपनाता है।

भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के मूल तत्वों को देखें तो विवाह उसका एक अभिन्न अंग है और सहवास विवाह से जुड़ी हुई एक क्रिया। अतः जिस प्रकार लेखिका ने लिखा है कि सहवास के बाद स्त्री गंदी हो जाती है और रसोई में जाने से पहले उसे नहाना पड़ता है, तो यह जानना आवश्यक है कि सहवास के बाद नहाना भारतीय संस्कृति का ही एक अंग है। सहवास एक प्रकार का श्रम है, जो दो मनुष्यों के

सानिध्य से हो रहा है और उसके बाद नहाना अर्थात् अपने शारीरिक अंगों को साफ करना है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में सहवास के बाद शुद्धि एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो स्त्री और पुरुष दोनों पर लागू होती है। लेखिका ने इस पक्ष को चयनित ढंग से प्रस्तुत किया है। संस्कृति का सामाजिक स्वरूप सकारात्मक होता है। जबकि उसका यथोचित अनुसरण सामाजिकों को करना होता है। कोई काम किसी सत्ताधारी द्वारा बद्धमूल तरीके से होने लगे, तो वह संस्कृति अपसंस्कृति में बदलने लगती है। समाज में कई धारणाएँ प्रचलित हैं कि अमुक-अमुक काम करने से ऐसा होता है और उसका नकारात्मक परिणाम मिलता है।

प्रस्तुत उपन्यास के माध्यम से समाज में स्त्री को पुरुष के अधीन दिखाया गया है। सभी रीति-रिवाजों में पत्नी पति से आशीर्वाद प्राप्त करती है और पति से पूर्व भोजन ग्रहण नहीं करती। वर्तमान समय में इस दृष्टि में भी परिवर्तन दिखाई देता है। ऐसी कई मान्यताएँ समय के साथ रूढ़िग्रस्त होती चली गई हैं। समय में परिवर्तन के साथ-साथ ऐसे रिवाज और परम्पराओं में भी परिवर्तन हुआ है और हो रहा है। कुछेक जगह स्त्री के विद्रोह को दबा दिया जाता है। लेखिका ने एक कथांश में विवाह की एक रस्म का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है - "एक राजस्थानी शादी में उसने देखा था, शादी की रस्म के बाद दुल्हे को सूखे नारियल का एक टुकड़ा दिया गया था - चबा लीजिए। मुँह में रखकर उसने दो-तीन बार चबाया ही था कि दुल्हन की माँ ने कहा, अब इस चबाए टुकड़े को निकालकर अपनी दुल्हन के मुँह में डाल दीजिए। आज समझी वह इन सारी रस्मों का निहितार्थ। शुरुआत में ही मन की ज़मीन पर हीनता का बिरवा रोप दिया जाए।" लेखिका ने संघमित्रा के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है कि इस प्रकार जूठन खिलाना अपमानजनक है। साथ ही यह भी बताने का प्रयास है कि परंपरा और रीति-रिवाज के नाम पर स्त्री के साथ दुर्व्यवहार होता है। पति का चबाया हुआ नारियल का टुकड़ा उसकी पत्नी को देना विकार बोधक माना गया है। यह भी कि विवाह के प्रथम दिन से ही स्त्री के मन में हीनता का भाव पैदा कर दिया जाता है एवं उसको मानसिक रूप से गुलामी की ओर धकेल दिया जाता है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य के अनुसार देखा जाए तो विवाह के बाद सामूहिक रूप से कुछ ऐसी प्रथाएँ होती हैं, जिससे नवविवाहित दंपति के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके। वर्तमान समय में इसे कई प्रकार की क्रीड़ाओं द्वारा संभव करवाया जाता है। उन क्रीड़ाओं में स्त्री को स्वतन्त्रता होती है कि वह उसमें भाग ले या न ले, किन्तु वह भाग लेती है और धीरे-धीरे सबके साथ घुलती-मिलती जाती है। ऐसी कई क्रीड़ाएँ प्रत्येक क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में होती हैं। अतः यह स्त्री पर मढ़ा या थोपा नहीं जाता कि वह जबरन कोई कार्य करे। जो कार्य वह नव दंपति के रूप में करती है, वही कार्य फिर वह दूसरे नव दंपति के साथ करवाने में भूमिका निभाती है। अतः उपरोक्त उदाहरण के माध्यम से देखा जाए तो लेखिका ने भारतीय सांस्कृतिक तत्वों को हीनता की संज्ञा दी है, जो कि भारतीय समाज एवं सांस्कृतिक दृष्टि से उचित नहीं हो सकती।

संघमित्रा अपनी छोटी बहन छुटकी को साध्वी बनने से रोकने के लिए अनेक प्रयास करती है। वह जैन आश्रम के अंतःनिवासियों से बातचीत करती है, ताकि मूल समस्या की जड़ तक पहुँच कर तर्क-वितर्क करे। इस कड़ी में संघमित्रा ने आश्रम में कई वरिष्ठ स्त्रियों से बातचीत की और पता लगाने का प्रयास किया कि आखिर उन्होंने साध्वी बनने का निर्णय क्यों लिया? इसमें कई स्त्रियों ने अपनी अलग-अलग कहानियों का बखान किया। उन्हीं में से एक स्त्री बताती है कि उसे शादी में दहेज भरपूर दिया गया था, किन्तु सुहागरात में पता चलता है कि उसके पति के बड़े भाई ने उसे ठुकराया दिया था और फिर उसके छोटे भाई ने उससे विवाह किया था। अपने आत्मसम्मान को ठेस पहुँचते देख उसका मन वैराग्य की ओर उन्मुख हो गया।

दृष्टव्य है - "दगने उत्साह और धूमधाम से पिता ने ब्याह रचाया। मैं मन मैला न करूँ, इसलिए हैसियत से बढ़कर खर्च किया। कुन्दन का सेट और सोने की बिछिया दहेज मे दी। पूरे दो दिन बारात की खातिर-तवज्जो की। इस पर भी नहीं भरा मन तो हर बाराती को विदाई में चाँदी का प्याला दिया। पर कौन टाल सकता था होनी को?" स्त्रियों को निरंतर यही कहा जाता है कि समझौता कर लो। घर-परिवार में यदि स्त्री का सम्मान हो तो उसको किसी के अधीन रहने की आवश्यकता नहीं पड़ती, वरन् वह आत्मनिर्भर होकर समाज को नई दिशा देने का दंभ भी रखती है।

संघमित्रा ने जिस तरह उस साध्वी से बात की उसी तरह एक साधु मुनिवर से भी बातचीत की। उसने पाया कि साधु मुनिवर अनैतिक रूप से ऐसे कई कार्य कर रहा था, जो समाज हित में नहीं थे। उसके पिता ईमानदारी से अपना काम करते तो वहीं उनका बेटा बेईमानी से काम करता। पिता संस्कृति के परिचायक तो बेटा अपसंस्कृति का। दो व्यक्ति दोनों में समय का अंतराल और उनके कार्यों में भी वही अंतर। इस तरह संघमित्रा को यह आभास हो रहा था कि वह अपनी छोटी बहन को इन उदाहरणों के आधार पर बचा लेगी, किन्तु अंततः वह असफल ही रहती है।

समाज में धर्म के नाम से ऐसी कई मान्यताएँ बना दी गई हैं, कि वह किसी आडंबर से कम नहीं होती। एक छोटी लड़की (छुटकी) जो समाज और मोह-माया से अपरिचित है, वह साध्वी बनने का अर्थ क्या जाने? उस पर जबरन् सामाजिक दबाव डाल कर अंधेरे में धकेलना कितना सार्थक है? धर्म को सर्वोपरि मान कर मनुष्य और उसके मनुष्यत्व को समाप्त कर देना, समाज के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में धर्म और संस्कृति किसी को बाँध कर नहीं रखती, वह अनेक सामाजिक बंधनो और अमर्यादित व्यवहारों से मनुष्य को मुक्त करती है। जो कार्य धर्म एवं संस्कृति के नाम पर एक जगह बाँध कर रख दिए जाते हैं वे सही मायनों में अपसंस्कृति को बढ़ावा देते हैं। वे समाज में विकृतियों का संचार करते हैं। उदाहरणस्वरूप देखा जाए तो - "दिव्यप्रभा के बालों की आखिरी लट को साध्वी प्रमुख प्रज्ञावती ने उखाड़ दिया।...दुल्हन छुटकी का जोगिन में रूपान्तरण। शृंगारहीन। बेलमुंडी। मुँह पर श्वेत पट्टी। नंगे पैर। श्वेत घाघरा-ओढ़नी। हाथों में चरवला। और चेहरे पर भावहीन उदासी। अब वह मोक्ष मार्ग की यात्री थी।"

साध्वी बनने की प्रक्रिया के दौरान छुटकी के साथ अमानवीय व्यवहार हुआ। उसके बालों को जड़ से उखाड़ दिया गया। उसके वस्त्र भी बदल दिये गए और सफेद घाघरा, ओढ़नी पहना कर सबके सामने प्रस्तुत किया गया। इतना ही नहीं उस छोटी चंचल बच्ची के मुँह को भी पट्टी से बाँध दिया गया। जिस बच्ची के खेलने-कूदने के दिन थे, उस नासमझ को साध्वी का नाम देकर जंजीरों में जकड़ दिया गया। इसके विपरीत यदि कोई व्यक्ति ऐसी किसी कुरीति का विरोध करता है तो वह धर्म विरोधी कहलाया जाता है।

वर्तमान समय जिस तीव्रता से आगे बढ़ रहा है, उसमें ऐसे कई उदाहरण आएँ हैं जिसमें युवा आधुनिक भौतिकता को त्याग कर मोक्ष का सहारा लेना उचित समझते हैं। वहीं, कुछ युवाओं को मोक्ष की आड़ में साधु-साध्वी भी बनाया जाता है। तब वे सामाजिक दबाव सहते हुए चुपचाप चले तो जाते हैं, परंतु आश्रम में कुछ समय व्यतीत करने के बाद जब उनके अंदर का व्यक्तित्व, जिज्ञासाएँ एवं इच्छाएँ जागृत होती हैं तो वे अपने आपको रोक नहीं पाते। वे सारी क्रियाएँ अचेतन होकर उनमें बसी रहती हैं और फिर किसी-न-किसी रूप में वह बाहर आती हैं। मोक्ष को जीवन का अंतिम लक्ष्य मानना उनके लिए मिथ्या साबित होता है। उपन्यास के माध्यम से देखा जाए तो एक साधु मुनिवर को जीवन की वास्तविकता का ज्ञान एक स्त्री ने कराया। वह जिस आत्मिक

सुख के लिए आया था उसे वह एक स्त्री द्वारा प्राप्त हुआ - "वह सुख एक स्त्री है जिसने पहली बार मुझे पुरुष होने का अहसास कराया है। जिसने पहली बार मुझे इस सत्य की प्रतीति कराई कि जीवन की पुकार क्या होती है? और कितना कठिन है उसे अनसुनी करना। बिना एन्द्रिक सुख से गुजरे हम कुंठित आत्मा चाहें बन जाएँ पर मुक्तात्मा नहीं बन सकते कि इंद्रिय निग्रह बकवास है।"

कई बुद्धिजीवी या साधारण मनुष्य धर्म का विरोध न कर, धर्म में पनपी कुरीति एवं आडंबरों का विरोध करते हैं। ऐसे में उनके आसपास के लोग उन्हें धर्म विरोधी करना आरंभ कर देते हैं। संघमित्रा के पिता धर्म में पनपी कट्टरताओं का खुल कर विरोध करते थे और उनकी पत्नी अर्थात् संघमित्रा की माँ का मानना था कि उनकी मृत्यु उन्हीं मान्यताओं के कारण हुई। अंधविश्वास से जकड़ी उनकी पत्नी समाज के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहाँ ऐसा मानना सामान्य है कि धर्म (धर्म में पनपी कुरीतियाँ) के खिलाफ बोलने से उनकी कुछ हानि हो सकती है,इसलिए धर्म के खिलाफ कुछ न कहा जाए। धर्म के नाम पर पनपी कुरीतियों का विरोध न किया जाए, जबकि वास्तविकता कुछ और ही कहती है।

अतः इस उपन्यास के माध्यम से कई पहलू सामने आते हैं, जैसे असमानता, सत्ता का रूढ़ रूप, अमानवीयता, मूल्यों का नैतिक पतन एवं सांस्कृतिक मूल्यों का पतन आदि। इसके अतिरिक्त यह पहलू भी सामने आता है कि स्त्री की स्वतंत्रता को लेकर कई पुरुष मुक्त विचारों को भी अपनाते दिखाई देते हैं, परंतु कई पुरुष उसी परंपरा का निर्वहन करते दिखाई देते हैं, जो रूढ़िबद्ध हो चुके हैं। कई स्त्रियों ने इस बंधन को स्वयं तोड़ा है और वे प्रयास करती हैं कि समाज में समन्वय का संचार हो। तर्क के आधार पर वे अपनी अस्मिता एवं स्त्री के अस्तित्व को बचाने का प्रयास कर रही है, ताकि अधिक से अधिक स्त्रियाँ इस जंजाल से मुक्त हो सके। संस्कार, संस्कृति और धर्म मनुष्य में मनुष्यत्व का निर्माण करता है। आवश्यकता पड़ने पर मनुष्य ही मनुष्य के काम आने वाला प्राणी है, किन्तु समाज के कुछ बुद्धिजीवियों और धार्मिक पद पर बैठे लोगों ने इसको मूल्यहीन बना दिया है। धर्म के नाम से फैली कुरीतियों को समाप्त करने की बजाए, वे स्वयं इसका पालन करते दिखाई देते हैं।

**********

## सन्दर्भ सूची : -


1. गोविंद चंद्र पांडेय, समसामयिक भारतीय संस्कृति का आधार, संस्कृति की सत्ता (सं. डॉ. दयानिधि मिश्र) पृ. 21
2. हजारी प्रसाद द्विवेदी, अशोक के फूल, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, तीसवाँ संस्करण 2011, पृ. 67
3. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2010 पृ. 56
4. वही, पृ. 151
5. वही पृ. 95
6. वही पृ. 99
7. वही, पृ. 132
8. वही 186-187


# दासताएँ औरत
## (वीना वर्मा की नज़र से)


**डॉ.सुनील**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिन्दी-विभाग गुरु नानक देव
विश्वविद्यालय, अमृतसर-) 143005
पंजाब)

**डॉ.चमकौर सिंह**
सहायक प्रोफ़ेसर,
हिंदी-विभाग
ए.एस. कॉलेज फ़ॉर वीमेन, खन्ना


वीना वर्मा का पंजाबी कहानी संग्रह "ख़रीदी हुई औरत")मुल्ल दी तींवीं) ,समाज में नंगी हो चुकी औरत की दास्तान है। औरत को औरत के पर्दे से एक औरत ही बख़ूबी देख सकती है,जो वीना वर्मा के चश्में से उभरे चित्रों में हम अनुभव और महसूस कर सकते हैं। पुरुष प्रधान समाज में औरत सबसे बड़ी गुलामी का प्रतीक है, जब तक औरत को मर्द रूपी लाठी की दरकार रहेगी,तब तक वो इसी तरह उसी लाठी का शिकार होती रहेगी। बहुत कम ऐसे कथाकार होते हैं,जो संवेदनशील मुद्दों को इतनी बेबाकी से लहू लुहान कर कर रख देते हैं और लाल रंग की आदी हो चुकी नज़रें तभी उन्हें अहमियत देती हैं, जब उनकी आंखों के सामने लाल रंग परोसा जाए, वीना वर्मा ने उन्हीं चीथड़ों में लिपटी औरत की कथा को अपने हृदय की मार्मिकताको दृढ़ता से पेश किया है।

पैसों के दाम बिक जाना,नँगा होना ही होता है, औरत की इज़्ज़त, उसका आत्मसम्मान ही उसके कपड़े होते हैं, जब वो बिक जाए या ख़रीद ली जाए...तब वो कपड़ो में भी नंगी ही होती है। नंगा होना सिर्फ कपड़े न होना ही नहीं होता, नंगा होना अपने आप से दर हो जाना भी होता है, नंगा होना भरे समाज में लाचार होना भी होता है, हर किसी की नज़रों में रखैल नज़र आना भी नंगा होना होता है, पूरे समाज की भाबी बन जाना नंगा होना होता है,दूसरों पर आश्रित होना , औरत के लिए नंगा होना ही है। कई बार औरत बिनां कपड़ों के भी नंगी नहीं होती और पुरुष कपड़ों में भी नंगे होते हैं।

विदेशों में ज़िंदा लाशों के रूप में कचील बन चुकी औरतों की कहानी बयां करती हैवीनावर्माकी कहानी कचील।पंजाबी संस्कृति में बच्चे को जन्म देते हुए मर जाती औरत,जिसकी गति नहीं हो पाती और और उसकी रूह भटकती रहती है,उसे कचील कहा जाता है। वीना की कहानी 'कचील ' की सुरजीत की ज़िंदगी समाजिक परम्पराओं और मर्द ज़ात की वहशी और शारीरिक ख्वाइशों की भेंट चढ़ चुकी है, जिससे वो ज़िंदा होते हुए भी कचील बन चुकी है,जो ज़िंदगी भर एक साथ,एक परिवार को पाने के लिए भटक रही है, सोलह साल की चढ़ती जवानी में उसकी शादी विदेशी बाप की उम्र के व्यक्ति से कर दी, व्यक्ति न होकर वो एक जानवर रहा। "उफ़्फ़ ! आदमी क्या था? राक्षश था पूरा। जानवरों की तरह सेक्स करता,कसाइयों की तरह पीटता था और जल्लादों की तरह उसकी देखनी थी।"पृष्ठ78 (1)

सात साल बाद उससे तलाक के बाद ,सुरजीत की ज़िंदगी में कुलदीप आया,जो पंजाब से पढ़ने के लिए आया था,सुरजीत के लिए कुलदीप,ज़िंदगी की नई किरण के रूप में आया,उसे लगा कुलदीप उसकी जवानी को वापिस ले कर ज़िंदगी के हसीन सपनों को पूरा करेगा, सुरजीत ,कुलदीप का पति की तरह ध्यान रखती,उसके कपड़े धो कर,इस्त्री कर ,लहज़े के साथ सम्भाल कर रखती, उसे सुबह शाम ताज़ा खाना बना कर खिलाती,रात को पढ़ते समय गर्म दूध देती, रात को उसका बिस्तर भी गर्म करती। लेकिन वो एक दिन पंजाब में घरवालों को मिलने के बहाने वापिस चला गया,कितने महीने सुरजीत उसकी प्रतीक्षा करती रही,वो नहीं आया। एक दिन पता चला ,कुलदीप तो दो महीने पहले वापिस आ गया,और उसने किसी दूसरी लड़की से

शादी कर ली। उसी दिन से सुरजीत को दौरे पड़ने शुरू हुए,और वो पागलों की तरह रहने लगी, एक बार कुलदीप को मिलने की इच्छा रखती के वो उससे पूछ सके कि उससे से क्या ग़लती हुई, उसके प्यार में कहां कमी रह गई। ऐसी ही अवस्था में एक दिन एक सहेली ने बताया के पाकिस्तान से कोई मौलवी आया है,जो काले इल्म का जानकार है,और सभी की मनचाही इच्छाओं को पूरा करता है, वो सुरजीत को पुड़िया बना कर देता है खाने के लिए, और तीन दिन में कुलदीप उसके कदमों में होगा.....आश्वासन देता है।तीन दिन के बाद कुलदीप तो नहीं आया, लेकिन सुरजीत उस मौलवी के चरणों मे पड़ी थी।सुरजीत के दिमाग पर कुलदीप की जगह अनवर ने ले ली।उसने भी सुरजीत को ज़िंदगी का साथ देने के एवज़ में जम कर चूसा...सुरजीत को एक बार फ़िर अनवर में हम साथी दिखने लगा, लेकिन सुरजीत को फिर झटका लगा,जब पता चला कि अनवर तो शादीशुदा है,बच्चों वाला है,और वो अपने परिवार को इंग्लैंड ले आता है। सुरजीत अपनी अस्मिता को बनाए रखने के लिए और समाज में जीने के लिए इस आशा के साथ अनवर के हाथों लुटती रहती है के एक दिन अनवर उससे शादी कर लेगा, और उसे दूसरी बेगम का दर्जा देगा।

"मैं फिर दुनिया के मेले में शरेआम लुट चुकी थी,और किसी को बता भी नहीं सकती थी, मैं सभी रिश्तेदारों को कह चुकी थी कि मैं अनवर से निक़ाह कर रही हूँ।"पृष्ठ 80(2)

सुरजीत, अपनी ज़िंदगी को एक नाम देने के लिए आज सुरजीत से वहीदा बन चुकी थी,उसने मस्ज़िद जाकर ,कलमा पढ़ कर , अपने आप को सिख से मुस्लिम बना लिया था।

"औरत की भी क्या ज़िंदगी है इंदू ! हमेशा किसी का होना चाहती है,खुद को किसी पे न्योछावर करना चाहती है,उसका भी कोई मालिक हो..क़िस्मत वाली होती हैं,जिनके मालिक होते हैं...कहते कहते सुरजीत चुप हो गई"पृष्ठ 82(3)

सुरजीत को लगता है वो भी एक कचील बन चुकी है,जो जीते जी मर चुकी है,और गति पाने के लिए जगह जगह भटक रही है,और वो कहती है के इंग्लैंड की आधी से ज़्यादा औरतें कचील की जून भोग रही हैं। आतंकवादी की मशूक(अत्तवादी दी मशूक) कहानी पंजाब के उस काले दौर कोदर्शाती है,जिसमें अनेकों नौजवानों की जिंदगियां तबाह हो गई,झूठे मुकद्दमों में फंसा कर जेलों में ठूस दिया या अधिक्तर नौजवानों को झूठे एनकाउंटरों में मार गिराया... पंजाब के मानव अधिकारों के पैरोकार जसवंत सिंह खालड़ा द्वारा नब्बे के दशक में पंजाब के काले समय की त्रासदियों को रिपोर्टबद्ध किया ,और स्टेट द्वारा हुए अत्त्याचारों को विश्व के सामने रखा, पंजाब के हज़ारों नौजवानों की लावारिस लाशों और सत्ता तंत्र द्वारा गयाब किए जा चुके नौजवानों की लाशों की पहचान की और अदालतों और समाज के सामने उनके सबूत रख न्यायकी फ़रियाद की। वो बात दसरी है के जसवंत सिंह खालड़ा के साथ भी वही हुआ,जो हज़ारों पंजाबी नौजवानों के साथ हुआ, 1995 में उन्हें पंजाब पुलिस द्वारा घर से उठाया गया,और आज तक उनकी लाश नहीं मिल सकी,जिसने हज़ारों लाशों को पहचान दी।

इन्हीं काले दिनों की व्यथा को वीना वर्मा की कहानी आतंकवादी की मशूक प्रस्तुत करती है,जिसमें सिस्टम द्वारा आतंकवादी की स्टम्प लगाकर प्रीतम, उसके माँ ,बाप और बहनों की ज़िंदगी नरक बना दी जाती है। स्टेट का सर्वश्रेष्ठ एथलीट जिसे उस काले दौर के तंत्र ने झूठे आरोपों में आतंकवादी बना कर जेलों में सड़ने को मजबूर कर दिया, पीछे सारा परिवार बिखर गया, मीनू का पति ,जो एक पुलिस वाला है, उसके चरित्र द्वारा कहानीकार स्थापित करता है के किस तरह पुलिस पैसे और प्रमोशनों के लिए झठे आरोपों में नौजवानों को फसा कर एनकाउंटर कर रही थी,या परिवार वालों से पैसे ऐंठ रही थी।"मेरा तथाकथित पुलिस वाला पति,हर रोज़ दो चार ग़रीबों को सलाखों के पीछे फेंक के नोटों से जेबें भर कर लाता"पृष्ठ 87(4)इस कहानी का मुख्य उद्देश्य पंजाब के उस काले दौर से, आने वाली पीढ़ियों को अवगत कराना है,और उस दौर में कैसे पंजाब की जिंदगियां बर्बाद हुई , उनका चित्रण करना भी कहानीकार का उदेश्य रहा।

वीना वर्मा की कहानियां औरतों की दिल दहला देने वाली दस्तानों को तो बयां करती ही है, साथ ही हमारे समाज में मर्दों के घिनौने चेहरे को भी बेपर्दा करती हैं। समाज में शराफ़त के चेहरे लिए , ऐसे हैवान घूमते रहते हैं, जो रिश्तों नातों को तार तार कर रख देते हैं। और औरत ज़ात की मज़बूरियों का अपने पैसे के बल पर फ़ायदा उठाते हैं। "पीछे वाला दरवाज़ा"(पिछला दरवाज़ा ) कहानी मिस्टर दत्ता के रूप में एक हैवान की कहानी है,जो औरतों को पैर की जूती से ज़्यादा कुछ नहीं समझता, औरत की इज़्ज़त और आत्मसमान को पैसों में तोलता है,और मानता है कि 10-10 डॉलर में औरत मिल जाती है।

कहानी की 20 साल की गीता, तीन साल से,शराबी पति और ससुराल वालों से रोज़ मार खाती और गालियाँ खाती, गीता अपने जीवन यापन के लिए नौकरी की तलाश में मिस्टर दत्ता के घर आती है, कितनी प्यारा,स्नेही और धार्मिक परिवार था, दत्ता की पत्नी कौशल्या,सारा दिन भक्ति में लीन रहती, साल में 3-4 महीनों के लिए भारत में तीर्थाटन के लिए चली जाती। पहले दिन ही गीता को इज़्ज़त और सम्मान मिला, कौशल्या देवी ने उसे गर्म खाना दिया। सभी गीता के काम से खुश थे,लेकिन कुछ हफ्तों के बाद कौशल्या द्वारा गीता के काम में मीन मेख निकालना शुरू हो गया। सफ़ाई अच्छी तरह से नहीं करती, यह ग़लत वो ग़लत... हूवर तोड़ दिया....और ऊपर से इस छोटी बच्ची को साथ ले आती हो, सारा दिन रोती रहती है, काम क्या करोगी तुम। .....एक दिन अचानक कौशल्या ने बताया वो भारत जा रही हैं.....शाम को मिस्टर दत्ता जब घर में होते तो गीता काम करने आती, पहले पहल तो मिस्टर दत्ता कुछ नहीं बोलते थे,लेकिन कुछ दिनों बाद वो बच्ची के साथ खेलना शुरू कर देते हैं,गीता को लगा , शायद इनके बच्चा नहीं है,इस लिए इन्हें बच्ची पर प्यार आता है, मिस्टर दत्ता बच्ची के लिए खिलौने ले आए, एक दिन नए कपड़े ले आए...और एक दिन मिस्टर दत्ता गीता के लिए एक सुंदर लाल रंग की साड़ी ले आए.. "यह क्या है अंकल जी?, तुम्हारे लिए स्पेशल ले कर आया हूँ,फिर उसने कोट की जेब में हाथ डाल कर पैसों की गुथी(बन्डल) गीता आगे फेंक दी,गीता की टांगे कांपने लगी। उठा ले गीता यह तुम्हारे लिए है।" पृष्ठ 92(5)"पर यह मेहरबानी क्यों अंकल जी? और कौशल्या आंटी को तो मेरा काम भी पसंद नहीं। गोली मार कौशल्या आंटी के, पागल है साली,और क्या जीभ से फर्श साफ करोगी?, सारा दिन मंदिरों में घंटियां बजाती रहती है, कभी घर का ख्याल नहीं करती, सारा दिन हरे राम हरे कृष्णा, हरे कृष्णा हरे राम करती रहती है....." पृष्ठ 92(6)

दत्ता अपने मोहपाश में बांधने के लिए गीता के सामने, अपने आप को पत्नि द्वारा शोषित पति घोषित करने की कोशिश कर रहा था। "भक्ति करना अच्छी बात है,लेकिन किसी बात की हद्द भी होती है, औरत के लिए और भी काम होते हैं, चार चार महीने आदमी को नहीं पूछती, अगर कभी ज़बरदस्ती उसके साथ सो भी जाऊं तो, आधी रात को उठ कर नहाने लग जाती है,कहती है पाप हो गया। बेवकूफ़ औरत.....साली को यह नहीं पता के पति ही परमेश्वर होता है, आदमी की भी जरूरतें होती हैं,सिर्फ रोटी ही नहीं चाहिए होती...अब क्या बाहर जा कर मुँह काला करूं?? इज़तदर बन्दा हूँ ....."पृष्ठ93 (7)"मेरे साथ भी तीन साल से यही हो रहा है अंकल जी,गीता बोली..पर यह बेवकूफ़ लोग समझते नहीं,सेक्स इनके लिए पाप और अधर्म की बात है...मेरी बात मान, तुम्हारे साथ भी नाइंसाफी हुई है, मेरे साथ भी...क्यों न हम दोनों एक दूसरे का साथ दें? तुम भी सुखी, मैं भी सुखी। " 93(8)

दत्ता आज पूरी गर्मी दिखा रहा था, वो आज अपने मन की भड़ास निकाल रहा था,और अपनी कामुक्ता की संतुष्टि के लिए नए रास्ते की खोज़ कर रहा था।"आंटी-ऊंटी की परवाह मत कर, वो तो पागल है साली। मैं तुम्हें मजबूर नहीं करूंगा...तुम्हारा अपना फैसला है,तू मेरी बेटी जैसी है,मैं अपने हाथों से तुम्हारी शादी करूंगा...तुम इस छोटी बच्ची की ज़िंदगी की ओर देख...दत्ता ने गीता की दुखती रग पर हाथ रखा"पृष्ठ93 (9)दत्ता की आंखों में ,रिश्तों की आड़ में अपने वहशीपन को छुपाते हुए... ज़रा भी शर्म नहीं थी, मानो वो सभी समाजिक और नैतिक परम्पराओं को भूल, जंगलीपन की हदें भी पर कर चुका था। मैं तुम्हारा भी बाप हूँ,और तुम्हारी बेटी का भी..तुम्हारी ज़िंदगी पटरी पर लाना मेरा फ़र्ज़ है। एक रात मिस्टर दत्ता की मनोकामना पूरी हुई,गीता अपने ससुराल की प्रताड़ना से दुखी होकर,उनसे बदला लेने के लिए एक रात दत्ता के साथ जा सोई....दूसरे दिन दत्ता गीता और बची को सोशल सिक्योरिटी के दफ़्तर ले गयी,यहाँ उन्हें एक फ्लैट मिल गया। अब दत्ता की कामपूर्ति में और आसानी होती, वो जब भी फ्री होता,गीता के पास चला जाता,उसके साथ रातें गुज़ारता। दत्ता द्वारा अपनी पत्नी को गीता की कहानी सुनाकर ,गीता के प्रति करुणा का स्वर पैदा कर लिया,और दोनों ने कोर्ट जाकर सारी दुनिया को बता दिया कि गीता अब उनकी बेटी है.....तीन साल बीत गए,पता ही नहीं चला। लेकिन वो इन तीन सालों में पहले साल ही छह बार गर्भवती हो गई,हर दो महीने बाद गीता गर्भवती हों जाती, और दत्ता उसे पैसे देकर क्लिनिक भेज देता,और गीता हर बार फूल की तरह खाली होकर वापिस आ जाती।

गीता जब भी गर्भवती होती, तो मिस्टर दत्ता की आंखों में जोश भर जाता,उसे अपनी पुरूष शक्ति पर गुमान होता, पचास साल का होकर, बीस साल की लड़की को गर्भवती कर सकता है। तीन साल बाद उसका तलाक हो गया, और उसने चाहा अब वो अपना घर द्वारा बसा ले,और शादी कर ले.... दत्ता से दिल की बात सांझी करते ही, दत्ता का नज़रिया उसकी ओर बदल गया,दत्ता अब उस पर नज़र रखने लगा....दत्ता जैसा वहशी, कमीना इंसान, यह बात कैसे पचा लेता के उसका शिकार , उसके मुँह से कोई और चुरा के ले जाता....एक दिन एक मकेनिक घर में आया हुआ था,तभी दत्ता घर पहुंच गया, और इतने दिनों की भड़ास एक साथ गीता पर निकाल दी।"शर्म कर,माल मेरा खाती हो और ऐश यारों के साथ करती हो, साली, अगर जवान लड़कों के साथ सोने का इतना शौक है,तो मुझे बुड्ढे को पीछे क्यों लगा रखा है। "पृष्ठ94(10)मिस्टर दत्ता, गीता को हर तरह से बर्बाद कर देने की धमकी देता, उसकी बेटी के भविष्य का डर दिखाता है,गीता सारी रात अपनी वर्तमान ज़िंदगी और भविष्य की संभावनाओं को तलाशती हुई निर्णय पर पहुंचती है कि अब ज़िंदगी खुद के लिए न जी कर, अपनी बेटी के लिए जीनी है। गीता मिस्टर दत्ता के सामने झुक जाती है,अपने आप का हर तरह से समर्पण कर देती है। दत्ता भी अपनी विजय पाकर इठला देता है,और कहता है मैं तुम्हारा और तुम्हारी बेटी का ख़्याल सारी जिंदगी रखूंगा। बेटी को होस्टल में पढ़ने के लिए भेज दिया जाता है, बेटी पढ़ने में अच्छी होती है। गीता को सन्तुष्टि मिलती जब बेटी आगे बढ़ती देखती। एक दिन गीता की बेटी ,मां से पेट मे दर्द की शिकायत करती है। गीता उसे कलीनिक ले जाती है, गीता के पैरों के तले से ज़मीन खिसक जाती है,जब डॉक्टर बताती है कि तुम्हारी बेटी गर्भवती है। बेटी बाहर रहती है,और अपने किसी दोस्त के साथ यह गलत कार्य कर लिया होगा। बेटी अपनी मां के सामने सिर नहीं उठा पाती, अपनी मां से आंख तक नहीं मिला पाती। लेकिन गीता अपनी बेटी के साथ खड़ी होती है,वह कहती है कि बेटा ऐसा भी क्या जो तुम मुझे बता नहीं सकी। मुझे बताओ वो कौन लड़का है,जिसके साथ तुमने यह काम किया है। बेटी चाह कर भी नहीं बता पाती...गीता ज़ोर देकर अपनी बेटी से पूछती है,कि बेटा एक बार बता तो दो, इस बच्चे का बाप कौन है?? बेटी के मुँह से आवाज़ निकलती है.....दत्ता अंकल।

गीता की आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है, और राक्षश की भांति दत्ता की छवि मस्तिक्ष में घूमने लग जाती है। गीता ने पूछा के दत्ता अंकल ने यह सब कुछ कब किया,तो बेटी बताती है, के जब आप सो जाती थी तो दत्ता अंकल पीछे के दरवाज़े से आते थे,जिस रास्ते से वो तुम्हें मिलने आते थे। निशब्द गीता,समय की करूपता से ख़ुद और बेटी को कुचलते हुए पाती है, 'पिछला दरवाज़ा' कहानी जहां एक ओर औरत की सामाजिक दुर्दशा को दर्शाती है,वहीं दूसरी ओर समाज में नकाबों के पीछे छुपे बैठे दत्ता जैसे हैवानों की मानसिकता को भी रेखांकित करती है। वीना वर्मा का यह पंजाबी कहानी संग्रह जातियों, धर्मों और देशों की सीमाओं से परे,समस्त विश्व की औरतों की प्रतिनिधिता करता है। हमारे वैश्विक समाज में औरत औरत है, न तो वो भारतीय है,न मलेशियन,न पाकिस्तानी,न ही अमेरिकन। औरत औरत है, और वो हर समाज,जाति और देश में मर्द जात के दमन का शिकार होती है, हमें औरत ज़ात के आत्मसम्मान की बात करनी होगी और बार बार करनी होगी। किसी भी समाज में औरत की उन्नति के बिना समाज की उन्नति बेमानी है।

**********

संदर्भग्रंथ सूची:-

1. वीना वर्मा, ——नवयुग पब्लिशर्स, नई दिल्ल,(अनुवाद) पृष्ठ 78
2. पृष्ठ 80वहीं
3.पृष्ठ 83
4. पृष्ठ 87
5. पृष्ठ 92
6. पृष्ठ 92
7. पृष्ठ 93
8. पृष्ठ 93
9. पृष्ठ 93
10. पृष्ठ 84

# जुलूस उपन्यास के स्त्री पात्र

**डॉ. माया सगरे लक्का**
सह आचार्य
कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग
रेवा विश्वविद्यालय, बेंगलोर

**प्रास्तावना :** – 1965 में प्रकाशित जुलुस रेणु जी का तीसरा उपन्यास है| इस लघु उपन्यास का मूल स्वर यथार्थवादी रहा है | उपन्यास की भूमिका में में हीं रेणु जी कहते हैं – "पिछले कुछ वर्षों से मैं एक अद्भुत भ्रम में पड़ा हूँ। दिन-रात, सोते-बैठते, खाते-पीते मुझे लगता है कि एक विशाल जुलूस के साथ चल रहा हूँ अविराम। यह जुलूस कहाँ तक जा रहा है, यह लोग कौन हैं, कहां जा रहे हैं, क्या चाहते हैं - मैं कुछ नहीं जानता। .... इस भीड़ से निकलकर राजपथ के किनारे सुसज्जित बालकनी में खड़ा होकर जुलूस देखने की चेष्टा की है। किंतु भीड़ से अलग होने की सामर्थ्य मुझ में नहीं। इस जुलूस में चलने वाले नर-नारियों से, अपने आसपास के लोगों से मेरा परिचय नहीं। लेकिन उनकी माया.... ममता.... मैं छिटककर अलग नहीं हो सकता।"इस मन स्थिति को उन्होंने अद्भुत मनोविकार की संज्ञा दी है। उनकी इस दरी मन:स्थिति का प्रभाव उपन्यास पर दृष्टिगोचर होता है। इस मन:स्थिति के दो पक्ष है - तटस्थता और संलग्नता। तटस्थ होकर जीवन यथार्थ का चित्रण करनेवाले रेणु विराट का पूर्ण आस्वादन करने के निमित्त भीड़ का ही एक अंग बन जाना चाहते हैं। भीड़ में रहकर, भीड़ से एकनिष्ठता उनकी अपनी विशेषता है।

**कुंजीरूप शब्द** - बिहार का अंचल (गोडियार गाँव) , मूलस्वर, भाषाशैली, परिवेश, नारी के रूप – माता, पत्नी, कन्या, बहन, भाभी, सास-बहू |

उपन्यास की कथाभूमी है - बिहार के पूर्णिया जिले का गोडियार गाँव और उसके पास बसा हुआ नया गांव नबीनगर, जहां देश विभाजन के बाद पूर्वी पाकिस्तान से आए बंगाली शरणार्थियों को बसाया गया है। इस नगर में बताए गए अधिकांश शरणार्थी पूर्व बंगाल के मैमंसिंग जिले के जुमापुर गांव के निवासी है। उपन्यास में बंगाली शरणार्थी और उनके पड़ोसी गोडियर गांव के निवासियों के पारस्परिक संपर्क की कथा है। कथा में आंचलिकता इतनी है कि दो भिन्न मान्यताओं, विश्वासों और रीति-रिवाजों वाले वर्गों की समस्याओं एवं प्रवृत्तियों की भिन्नता प्रभावशाली ढंग से प्रकट हो जाती है। गोडियर गांव का जीवन भले ही आंचलिक हो परंतु उपन्यास में उसे महत्व नहीं मिल पाया है।

उपन्यास में मुख्यतः पूर्वी बंगाली से आए शरणार्थियों की कथा है, जो एक बार उखड़ कर कहीं जम नहीं पाते। इनकी वेदना को स्वर दिया है हल्दी चिरैया ने 'का कस्य परिवेदना'। परती परिकथा की तरह रेणु जी ने इस उपन्यास का प्रारंभ पक्षी से किया है और अंत सांस्कृतिक कार्यक्रम से। बीच में नबीनगर और गोडियर गांव की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक समस्या तथा वहां के निवासियों के रहन-सहन, खान-पान और जीवन मूल्यों का यथार्थ एवं प्रभावशाली चित्रण किया है।अपने देश, अपनी भूमि के प्रति बंगाली शरणार्थियों का मोह इतना अधिक है कि वह बिहार के किसी भी शरणार्थी कैंप में टिक नहीं पाते। हालांकि नबीनगर की भूमि, नदी, नाले, पोखर, बाग-बगीचे सब कुछ वैसा ही है, जैसा कि उनके देश में था। फिर भी उनका मन नहीं लगता। पवित्रा उन्हें समझाती है-"हम लोगों का भाग्य अच्छा है कि इस जिले में हमें बसाया गया। यहां ध्यान और पाठ की खेती होती है, हम भी अपने देश में धान और पाट की खेती करते थे। यहां के लोग भी मछली भात खाते हैं। गांव- घर, बाग-बगीचे, पोखरे और नदी सब कुछ अपने देश जैसा।"पवित्रा के इतना समझाने के बावजूद उनका सवाल रहता कि देश माने हिंदस्तान कैसे हो सकता है? पवित्रा दखी होती है कि इन शरणार्थियों को यहां की मिट्टी से, लोगों से, पशु पक्षियों से मोह क्यों नहीं हो रहा है? वह अलग-अलग, कटे-कटे से रहते हैं। पवित्रा का कोई प्रयास उस दरवाजे को खोलने में सफल नहीं होता। यह लोग बात-बात में चिढ़ते हैं- जैसे गोडियर गांव के निवासी, डाकिया सभी नबीनगर को पाकिस्तानी टोला ही कहते हैं, जिससे यह चिढ़ जाते हैं। किसी बाहरी व्यक्ति का कॉलोनी में आना भी इन्हें पसंद नहीं। पवित्रा चाहती है कि यह शरणार्थी यहां के निवासियों से हिल-मिल जाए तो इनका यहां मन लगेगा। परंतु इसी बात को लेकर समस्या खड़ी होती है।आर्थिक दृष्टि से शरणार्थियों की स्थिति कंकालों की है। अधिकांश लोग खेती करते हैं और बच्चे आसपास के गांवों में बिस्कुट आदि बेचते हैं। बाकी जो भी सरकारी सहायता मिलती है उसी पर उसका जीवन-यापन चल रहा है। अधिकांश घर बांस फूस के झोपड़े है। ठाकुरतला भी एक झोपड़ा ही है, जहां हर मंगलवार को कीर्तन होता है और कीर्तन के बाद की बैठक में सामूहिक और व्यक्तिगत समस्याओं की चर्चा होती है। पवित्रा ही इस बैठक का संचालन करती है। गांव का हर आदमी सारी जिम्मेदारी उसी पर सौंप देता है। वैसे भी आज तक ये शरणार्थी पवित्रा के कारण ही अलग-अलग कम्पों में सुरक्षित रह सके हैं |

गोडियर गांव के बाबू टोला में –"15 घर मैथिल और 4 परिवार राजपूतों के हैं। 20 घर ग्वाले। 8 धानुक, 13 घर गोढी-गोडियार गांव का असल नाम इसी गोढी टोला से हुआ-जहां गोढी (मछली मारने वाली जाति) लोग रहते हैं – गोढीहार से गोडियर।" गांव का सबसे सुखी-संपन्न और सुशिक्षित परिवार है तालेवार गोढी का। सारे गांव की लक्ष्मी इसके यहां निवास करती हैं। रामचंद्र चौधरी यहां के पुराने जमींदार परंतु बड़े मुकदमे में अपनी उसकी सारी संपत्ति, जमीन, पोखरे, बाग-बगीचे और मवेशी रेहन- बंदकी, गिरवी के रूप में तालेवार गोढी के यहां चली गई।

राजपूतों के 4 परिवारों में एक है विधवा सरस्वती देवी का परिवार, जिसकी एक ही लड़की है, जिसे धोती-कुर्ता पहनाकर लड़की की तरह पालती हैं। एक परिवार है ठाकुर रणवीर सिंह का, जो कभी इलाके का नामी पहलवान था। परंतु 8 साल की उम्र में गठिया रोग से ग्रस्त है। इन के पांच बेटे शहर में रह कर कमाते हैं और हर महीने ₹10 के हिसाब से 5 मनीआर्डर आते हैं बा। की दो घर राजपूत, सौतेले भाई है - दोनों खेती करने के अलावा झठी गवाही देते हैं और लठैत का काम करते हैं। 20 घर ग्वाले हैं किंतु किसी के पास एक गाय न भैंस। किसी के पास एक धुर जमीन नहीं। खेत- मजदरी करते हैं। धानुकों का भी यही हाल है। गोडियर गांव की संपत्ति तोलेवार गोढी के यहां विराजती है। सभी टोले और जाति के लोगों को तालेवार गोढी की कृपा दृष्टि पर भरोसा रहता है। पिछले 10 साल से गोडियर गांव के लोग स्कूल-स्कूल चिल्ला रहे हैं परंतु कुछ नहीं हुआ और पाकिस्तानी टोला को बसकर 6 महीने भी नहीं हुए और मिडिल स्कूल का ओऽडर पास हुआ है। इससे गांव में ईर्ष्या भाव निर्माण हुआ। राजनीतिक दृष्टि से आजादी के बाद गांव में भी जागरूकता आ रही है। देश को आजाद होकर 14 वर्ष हुए। जुलूस की यादें लोगों के दिल में अभी ताजा है। 2-2 आम चुनाव हो चुके हैं। देश में बड़े-बड़े काम हो रहे हैं। विकास हो रहा है। विकास के संबंध में लोगों की एक राय नहीं। कोई कहता है देश आगे बढ़ रहा है। तो कोई इसे योजना पर पीछे खिसका हुआ देखता है। राजनीतिक नेताओं के भ्रष्ट चरित्र को उजागर करने हेतु रेणु जी ने छोटे बाबू जैसे कुटिल, भ्रष्ट, चरित्रहीन नेता के चरित्र को प्रस्तुत किया है।

गांव में अंधविश्वास भी अधिक मात्रा में फैला हुआ है। लोगों का विश्वास है कि तालेवार गोढी भूत- प्रेत भगाता है। जिस समाज में नेतृत्व करने वाले लोग अंधविश्वासी पालते हैं तो सामान्यतः लोगों की स्थिति क्या होगी, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

गांव में अनैतिकता का बोलबाला है। तालेवाडी के अनेक स्त्रियों से अनैतिक संबंध है। पवित्रा उखड़े हुए शरणार्थियों को सही ढंग से बचाना अपनी मुख्य समस्या मानती है और इसलिए वह मुमकिन प्रयास भी करती रहती हैं। वह जिला कॉलोनी कमेटी के सदस्य भी है और कॉलोनी की समस्याओं पर विचार विमर्श के लिए हर महीने मीटिंग में जाती है। वहां उसकी मुलाकात पत्रकार नरेश वर्मा से होती है नरेश वर्मा विनोद की हूबहू प्रतिकृति है। अपने वतन में विनोद मुखर्जी पवित्रा के सपनों का राजकुमार था जिसकी कासिम ने हत्या कर दी थी ।उस समय में आई बाढ़ और तूफान से कॉलोनी तथा गोडियर गांव में के अधिकांश घर नष्ट हो जाते हैं। खेत तबाह हो जाते हैं। पवित्रा इन दुखी पीड़ित, भूखे लोगों का जुलूस लेकर तालेवार गोढी दरवाजे पर पहुंचती है। अपनी मुंह बोली बेटी को भीख मांगता देखकर तालेवार गोढी रो उठता है और उसकी झोली में ₹5000 डाल देता है। जुलूस यहां से शहर जाता है। नरेश ने पूर्णिया शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम नाच दल का आयोजन किया है। पवित्रा दर्शकों की भीड़ में झोली लेकर भीख मांगती है। समूह के दुख को दूर करने हेतु अकेलेपन को त्याग कर वह समूह को अपने आप को समर्पित कर देती है और यहां से उसे अपना घर मिल जाता है। "मैं अपनी सत्ता को इस समाज में विलीन कर रही हूं। लोक संस्कृतिमूलक समाज के गठन के लिए आमि आमा के उत्सर्ग कोर्लाम।" इन पंक्तियों में रेणु जी का मानवतावादी आदर्शवाद स्पष्ट झलकता दिखाई देता है। जुलूस के इस आदर्श समापन को लेकर कई सवाल उठते हैं। क्या इस समापन को पवित्रा के जीवन का सुखांत माना जाए? पवित्रा नरेश से प्रेम करती है पर उसे अपना नहीं पाती। अपना जीवन वह लोक संस्कृतिमूलक समाज के संगठन के लिए समर्पित कर देती है। कुल मिलाकर 100 पात्रों वाला यह लघु उपन्यास आजादी के बाद भारतीय जीवन में आयी गिरावट तथा स्त्री जीवन की विवशता और शक्ति के चित्रण की दृष्टी से सफल माना जा सकता है |

जुलुस के नारी के विविध रूप –जुलूस नायिका प्रधान उपन्यास है। आंचलिक उपन्यासों में परंपरागत अर्थ में नायक और नायिका नहीं होते हैं। उपन्यास के अनेक कथाओं में से किसी एक कथा को प्रधानता प्राप्त होने से उस कथा से संबंधित पत्र नायक अथवा नायिका होने का भ्रम होता है। इस दृष्टि से पवित्र उपन्यास की नायिका ना होकर प्रमुख कथा के प्रधान पात्र हैं संपूर्ण उपन्यास में पवित्रा ही एकमात्र नारी चरित्र है। जिसका विस्तार से चित्रण हुआ है गांव में। नारी पात्रों में दीपक की मां, संध्या, संध्या की मां, गरीबाला दासी, कालाचंद की मां आदि आते हैं। गुणमंती, सिंगारो, रेशमी, गौरी, बड़ी पतोहू तथा पहलवान रणवीरसिंग की चारों पतोहू आदि ऐसे नारी पात्र हैं जिनका प्रसंग के अनुसार उल्लेख हुआ है। उपन्यास के चरित्र चित्रण में वर्गीय दृष्टिकोण नहीं है। परिवार तथा समाज में नारी की स्थिति का यथार्थ चित्रण हुआ है। पवित्रा और दीपा की माँ ही उच्च वर्ण नारियां है। बाकी सभी निम्न वर्ग से संबंधित नारियाँ है। उपन्यास में आर्थिक समस्याओं के साथ ही मानवीय संबंधों, शरणार्थियों की मानसिकता और उनके प्रति लोगों के आक्रमक रवैया का प्रभावशाली चित्रण हुआ है।

पवित्रा- पूर्वी बंगाल के मैमनसिंग जिले के जुमापुर गांव के शरणार्थियों को बिहार राज्य में पूर्णिया जिले के गोडियार गांव में के पास बसाया गया है। पवित्रा ही एकमात्र उच्च वर्गीय ब्राह्मण कन्या है, बाकी सभी पिछड़ी जाति की नारियां हैं। उपन्यास का आरंभ हल्दी चिरैया से होता है। वह भागती हुई भी या अपने गीले पंख सुखाती हुई, सबकी परिवेदना की चिंता करती है। यही हल्दी चिरैया तो पवित्रा है जिसे पुर्वी पाकिस्तान से शरणार्थी बनकर, सब कुछ गंवाकर भारत आना पड़ा है। यहां भी अपने व्यक्तिगत जीवन के दुखों को दबाकर शरणार्थियों के अभाव-अभियोगों की चिंता करती हैं।

पवित्रा जमापुर गांव के हिंदू जमींदार चटर्जी की पढ़ी-लिखी कन्या है। पवित्रा के अतीत को फ्लैशबैक पद्धति से चित्रित किया गया है। पवित्रा को परिवार में पिता के अलावा किसी का प्यार नहीं मिला। मां तो उसे सांपिन समझती।

सुंदर जवान लड़कियों का दुखद अंत ही उसके परिवार के इतिहास में होता रहा है। बचपन से ही मां पवित्रा को घर के सारे काम सोंम्पाती, कभी कोई भूल हुई कि गालियां और तमाचे उसके नसीब होते। बाबा अपना सारा प्यार लुटाना चाहते हैं। लेकिन एक दिन माँ ने उस पर भी कलंक लगा दिया, भाइयों ने मिलकर जलील किया और पवित्रा को ओठ सिकर घर के अंदर नौकरानी की तरह रहना पड़ा। पवित्रा के पिता ठाकुर बाड़ी में प्रसिद्ध थे। ठाकुर बाबा के घर और दुर्गा पूजा की जाती थी। ईद के मौके पर पवित्रा पिता के साथ कादिर अब्बा की हवेली जाया करती। और दुर्गापूजा के समय कादिर अब्बा सभी बच्चों के साथ ठाकुरबाड़ी आया करते। पवित्रा ने कासिम के आँखों में वहशीपन देखा था। देश विभाजन के समय पवित्रा का मंगेतर विनोद मुखर्जी की हत्या कर दी थी।

शरणार्थी पूर्णिया जिला के सबसे उर्वर भूमि गोडियर के पास बस जाते हैं। खान-पान, रहन-सहन, भूमि की समानता के बावजूद इस देश को शरणार्थी अपना देश मानने से कतराते हैं। वहां कॉलोनी में हर मंगलवार के दिन ठाकुरतला में सभी स्त्री-पुरुष मिलकर कीर्तन गाते हैं। किर्तन के बाद समाज और व्यक्ति की समस्याओं पर विचार विमर्श भी होता है। इसका संचालन पवित्रा करती है। जिस दिन पवित्रा नहीं होती, उस दिन सभी लोग वहां की मिट्टी, चांद सितारों तक की निंदा करते हैं। पवित्रा हर तरफ से कोशिश करती हैं कि गांव के लोगों का यहां की मिट्टी से प्रेम बना रहे।

पवित्रा को अपने पड़ोसी कासिम की आंखों में जो वह वहशीपन दिखाई दिया, वह भारत पहुंचने पर भी मिलता है। कभी रिफ्यूजी कैंप के सुपरवाइजर के रूप में, तो कभी रिलीफ कलर के रूप में। कासिम हर जगह है और रूप बदलकर वह पवित्रा का पीछा करता रहा है।

कोलोनी के लिए मिडिल स्कूल को मंजूरी मिल जाती है, तो पवित्रा चाहती है कि उन्हें बच्चों के साथ गोडियर गांव के बच्चे भी स्कूल में पढ़े। इसी हेतु पवित्रा गोडियर गांव में पैरवी करने आती है और उन्हें बच्चों को कॉलोनी स्कूल में पढ़ने आए ऐसा वह बताती है। लेकिन गांव के लोग अलग-अलग तर्क देकर विरोध करने लगते हैं। पर तालेवार गोढी के समझाने पर वह मान भी जाते हैं।

पवित्रा विविध उपक्रमों द्वारा शरणार्थी और यहां के निवासियों में मेल-मिलाप बढ़ाकर शरणार्थियों को यहां के परिवेश के साथ एकरूप होते देखना चाहती हैं। इसी कारण सुक्की बेलाही के हरिप्रसाद यादव और संध्या के प्रेम संबंध तथा विवाह का वह विरोध नहीं करती। पवित्रा शरणार्थियों के बीच अकेली है। रेणु जी उसे उसके घर तक पहुंचा देते हैं। जहां पहुंचकर वह खुद की सही पहचान करने लगती है ..... "मैं जी गयी फिर। मैं अकेली नहीं। मैं निसंग नहीं। मैं कहीं निर्जन में नहीं एक विशाल परिवार की बेटी हूं। इन आत्मीय स्वजनों के बीच पारस्परिक सहानुभूति और संयोगिता को फिर से पनपाऊंगी मैं। ...अपने गांव समाज में-लोगों के विरान हृदय में आनंद मुखर स्वर फिर से भरना होगा। ....खोयी चीजों का उद्धार करना होगा। ....अपरिचय, अजनबीपन, उदासीनता, अकेलापन, आत्मकेंद्रियता, विचीन्नता विच्छिन्नता को दूर कर के भूले-भटके लोगों को, अपने लोगों को लौटा कर लाना होगा। मैं अपनी सत्ता को इस समाज में विलीन कर रही हूं। लोक-संस्कृतिमूलक समाज के गढ़न के लिए आमा के उत्सव

कोर्लाम!" दीपा की मां- श्रीमती सरस्वती देवी ठकुराइन, विवाह से पूर्व मिडिल इंग्लिश पास करके रामगंज-पिपरा के कन्या पाठशाला में अध्यापिका की नौकरी करती थी। गांव के पोस्ट ऑफिस में दो ही नाम से पार्सल आते - सरस्वती देवी और पारस प्रसाद के नाम। सरस्वती देवी तरह-तरह की किताबें, हिमसागर तेल, बालों की जूं मारने की दवा मंगवाते रहती। स्कूल इंस्पेक्टर इस पर डोरे डालने शुरू किया था। छट्टन भी इसके साथ आता था| दोनों ने मिलकर सरस्वती को प्रेग्नेंट कर दिया| मीठी-मीठी बातों और अध्यापिका बनने के लोभ में सरस्वती को कड़वे यथार्थ का बोध होता है। कोई उसके काम नहीं आया। यह दोनों तो उन्हें दोहरा शोषण करते हैं सरस्वती सोचती है कि उस समय पारस नहीं होता तो वह पागल हो जाती।

सरस्वती देवी का विवाह गोडियर गांव में हुआ। उसका पति किसी जूट मिल में मशीन मैन था। उसका एक हाथ मशीन में कट गया था। जिंदगी भर की कमाई और हाथ कटने का हर्जाना मिलाकर पूरे ₹5000 देखकर सरस्वती को खरीदा था दीपा के बाबू ने। विवाह के पूर्व गर्भवती होने की बात मालूम होने पर भी दीपा के बाबू ने बड़े मन से सब कुछ माफ कर दिया था। जब तक वह जीवित रहे उन्होंने दीपा की मां को अपने से अलग नहीं होने दिया। 8 महीने का वह काल दीपा की मां को नरक की तरह लगा था। पारस की सहायता से उसने पति से मुक्ति प्राप्त की। सरस्वती के मन में महत्वाकांक्षा का भाव प्रबल है। पवित्रा शरणार्थियों का नेतृत्व करती है। यह जानकर उसमें लीडरानी बनने की महत्वाकांक्षा प्रबल होती है। वह पारस प्रसाद से कहती है.... "क्या चाहते हो तुम लोग? मेरे रहते हुए गांव में एक बंगालिन आकर लीडरी करेगी? मीटिंग में जाती है पूर्णिया –हाथ में चमड़े का थैला लटकाकर। लो क्या कहते होंगे? गिडियर गांव में कोई बिहारी औरत पढ़ी-लिखी नहीं है क्या? गांव पर तो राज है गोढी और गुडाम का। लाज आवे तो किसे ?" दीपा की मां एक चरित्रहिन नारी है। पति का कांटा अपने रास्ते से दूर करने के बाद अनेक पुरुषों से वह अनैतिक संबंध रखती है। सरस्वती देवी को एक ही लड़की है जिसे वह लड़के की तरह पालती हैं। नाम भी लड़के की तरह ही रखा है, दीपा। उसे लड़के का लिबास पहनाती है तथा वनस्थली विद्यापीठ भेजकर लाठी, भाला, घुडसवारी की ट्रेनिंग दिलवाना चाहती है। कुल मिलाकर दीपा की मां का चरित्र एक सामन्य नारी का है जो अपनी प्रवृत्तियों की दास है।

**संध्या-** संध्या योगेशदास और गिरिबाला की लड़की है। देखने में सुंदर, भोले स्वभाव की संध्या को जिस दिन पवित्रा ने देखा- पवित्रा मुग्ध हो गई देखते ही। संध्या की मां ने कहा था, "यह आपके साथ रहे। यह आप ही की बेटी है- दीदी ठाकुरुन। निगोडी ने जन्म के बाद से ही मुझे सताया है। अब आप इसे शरण में लीजिए।" और तब से पवित्रा ने संध्या को बेटी की तरह पाला। संध्या पवित्रा के साथ ही रहती है, पवित्रा की हर बात वह मानती है। संध्या में बहुत मीठा गला पाया है। शब्दों को समझकर वह गीत गाती है। शाम के समय ठाकुरतला में शंख बजाकर वह आरती की सूचना देती है। संध्या को पवित्रा कीर्तन, सिलाई के साथ हिंदी पढ़ना भी सिखाती है। हिंदी पढ़ना उसे सबसे अच्छा लगता है। संध्या सुक्की बेलाही के हरिप्रसाद जादव से प्रेम करती हैं। हरिप्रसाद जादव इस परिवार को महिचंदा कालोनी से जानता है। हरिप्रसाद जादव संध्या से विवाह करना चाहता है। संध्या के मां-बाप को भी इस विवाह की अनुमति है, पर कोलीनीवालों को यह विवाह स्वीकार नहीं है।

**गिरिबाला** - संध्या के मां गिरिबाला देवी का स्वभाव बड़ा विचित्र है। लोगों की चुगली करना उसकी आदत है। अपना स्वार्थ साधना वह अच्छी तरह जानती हैं। संध्या को प्राणों से भी बढ़कर प्यार करती है। पवित्रा इसका गलत लाभ उठाकर गिरिबाला कभी-कभी नाजायज बातें कह देती है। पवित्रा, का नाम लेकर लोग उनसे बेवजह हर तर्क वितर्क करते रहती है। गिरिबाला पवित्रा के नाम का गलत इस्तेमाल करके अपना स्वार्थ साधना चाहती हैं अर्थात गिरिबाला एक सामान्य स्वार्थी नारी का प्रतिनिधित्व करती है।

इन नारी चरित्रों के अलावा कुछ अन्य नारी पात्रों का प्रसंगवश उल्लेख आता है। उपन्यास में उनका कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। हरलाल शाह की स्त्री, कनकबाला हमेशा घुंघट काढ़े रहती है। गोपाल पाइन की घरवाली गठिया से पीड़ित है। लंगडकर चलती है। पहलवान रणवीर सिंह की पांचो पतोहू एक नंबर की झगड़ालू स्त्रियां है।

**निष्कर्षतः-** कहा जा सकता है कि जुलूस में पवित्रा एकमात्र नारी चरित्र है जिसका विस्तार से चित्रण हुआ है। संपूर्ण उपन्यास के केंद्र में पवित्रा ही है। अन्य नारी पात्र थोड़ी देर के लिए आते हैं और अपनी भूमिका निभाकर अलग हो जाते हैं।

**********

संदर्भ -


1. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु भूमिका से
2. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु – पृष्ठ 12
3. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु – पृष्ठ 17
4. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु – पृष्ठ 166
5. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु – पृष्ठ 166
6. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु – पृष्ठ 129
7. जुलूस – फणीश्वरनाथ रेणु – पृष्ठ 133

# विस्थापन का दर्द : कश्मीरी लेखिकाओं की संघर्ष गाथा

**डॉ. जयश्री सिंह**
शोध निर्देशिका
विद्या प्रसारक मण्डल द्वारा संचालित के. जी. जोशी कला एवं एन. जी. बेडेकर वाणिज्य महाविद्यालय, ठाणे – ४००६०१

**ममता माली**
शोध छात्रा,हिन्दी शोध केंद्र
विद्या प्रसारक मण्डल द्वारा संचालित के. जी. जोशी कला एवं एन. जी. बेडेकर वाणिज्य महाविद्यालय, ठाणे – ४००६०१

**शोध सार :**भारत देश की आज़ादी जहाँ एक ओर गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति का पैगाम लाई वहीं विभाजन की व्यथा कथा से जन मन को छलनी करती रही| भारत की उत्तरी सीमाओं के प्रांत इस विस्थापन को अभी भूल भी नहीं पाए थे कि उन्हें एक बार फिर कश्मीर की अपनी पुश्तैनी मिट्टी से निष्कासित होना पड़ा| किसी भी क्षेत्र में विस्थापन का मानसिक, शारीरिक, और भावात्मक दंश सबसे अधिक महिलाओं के हिस्से आता है| कश्मीरी महिलाओं द्वारा झेले गये दंश, विस्थापन के पीछे के राजनैतिक तथा स्वार्थपरक घिनौने मंतव्य को उजागर करना बेहद जोखिम भरा व संघर्ष पूर्ण काम था| कश्मीरी महिलाओं के अस्मिता और अस्तित्व के संकट के पीछे सबसे बड़ी और विकट समस्या 'विस्थापन' की ही है| चंद्रकांता, क्षमा कौल, और संजना कौल जैसी कश्मीरी लेखिकाओं ने महिला लेखिका के तौर पर इस कार्य को अपनी ज़िम्मेदारी मानते हुए व समाज के सामने इस सत्य को उजागर करने का बीड़ा उठाया| इन भुक्तभोगी लेखिकाओं ने अपने 'कथा सतीसर', 'दर्दपुर', और 'पाषाण युग' जैसे उपन्यासों में विस्थापन और उससे जुड़ी मानवीय त्रासदी का जीवंट और जीवंत वर्णन किया है| इन लेखिकाओं ने कश्मीरी महिलाओं के विस्थापन से पूर्व व पश्चात के मानसिक व शारीरिक स्थिति का सच्चा चित्र समाज के सामने प्रस्तुत किया है| कश्मीरी लेखिकाओं की कश्मीर विस्थापन पर आधारित ये रचनाएँ कश्मीर के इतिहास और वर्तमान के ज्वलंत सच का सम्पूर्ण आख्यान प्रस्तुत करती है| ये रचनाएँ मात्र उपन्यास न हो कर उनके संघर्ष की गाथा हैं| इस आलेख में उसी संघर्ष को रेखांकित करने का प्रयास किया जाएगा|

**बीज शब्द** : कश्मीर विस्थापन, काफिर जीवन, अल्पसंख्यक समाज, शरणार्थी की यातनाएँ, स्त्रियों की पीड़ा, मानवाधिकार का संघर्ष|

विभाजन की रेखाएँ जब जमीन पर खींची जाती है तब केवल जमीन का बँटवारा ना होकर दिलों का, संस्कृति का, भाषा का, मानव से मानव का और दो कौम का बँटवारा होता है| यह विभाजन मनुष्य का अपनी जड़ों से कटना है| यह जड़ केवल जमीन से ही नहीं जुड़ी है बल्कि जुड़ी है अपनी पहचान से, अपनी संस्कृति से, अपने धर्म से, अपनी भाषा से, अपनों से, अपने समाज से, अपने वातावरण की उस आबोहवा से जहाँ उसने पल-पल साँस ली है, उससे बिछड़ना मानो शरीर का आत्मा से जुदा होना है| विभाजन विस्थापन से पूर्व की विभीषिका है| हमारे देश ने भी आज़ादी के एवज़ में विभाजन के दर्द को झेला है और अब विस्थापन की मर्मांतक पीड़ा से गमज़दा है| 1947 में विभाजन का जो घाव हमें मिला था, आज वही घाव नासूर बन कश्मीर विस्थापन के रूप में रह-रहकर रिस रहा है| देश के अन्य राज्यों में भी विभाजन की आग ने बहुतों को झुलसाया था| कहीं आग ठंडी हुई तो कहीं राख़ बन मनुष्यों के कुकर्मों का सबूत छोड़ गई| पूर्व में बंगाल हो या पश्चिम में पंजाब, विभाजन ने मनुष्य को इस कदर विभाजित किया कि लाखों की संख्या में मनुष्य मारे गए और जो ज़िंदा बचे वे विस्थापन हेतु मजबूर हुए और आज भी विस्थापन की पीड़ा को झेलते झेलते ज़िंदा लाश बन गए हैं| जिस तरह से अपनी जड़ों से कट कर किसी पेड़ को जमीन या सड़क किनारे फेंक दिया जाता है ठीक उसी प्रकार से विभाजन के पश्चात अपनी जड़ों से विस्थापित मनुष्य की भी ठीक यही स्थिति होती है| मनुष्य को यदि दो वर्गों में विभाजित किया जाए तो, दो रूप सामने आते हैं – एक हैं पुरुष वर्ग और दूसरा है स्त्री वर्ग| स्त्री वर्ग जिसे हर स्तर पर यथा – शारीरिक, मानसिक, भावनिक, आर्थिक रूप से कमजोर मानकर या यों कहें कि अपनी-अपनी स्वार्थपूर्ति के चलते कमजोर बनाकर हर स्तर पर उसका शोषण किया गया और किया जाता रहा है| देश का विभाजन हो या मनुष्य जाति का विस्थापन सबसे ज़्यादा भुगतान और सज़ा स्त्री वर्ग के हिस्से में आती है| विभाजन के एक बिन्दु से विस्थापन के दूसरे बिन्दु तक के बीच का जो काल रूपी रेखाखण्ड है वह बलात्कार, अपहरण, शारीरिक शोषण, अत्याचार, स्त्री की सौदेबाजी, स्त्री की खरीद फ़रोख्त, जुल्म, अंग-भंग, जैसे तमाम विकृत बिन्दुओं का ऐसा समुच्चय खंड है जो स्त्री जीवन को ही पूर्णत: खंडित कर देता है| उसे अपने अस्तित्व से घृणा होने लगती है| अपनी आत्मरक्षा हेतु वह अपनी ही आत्मा और शरीर का क़त्ल कर देती है या अक्सर अपनों के द्वारा ही मौत के घाट उतार दी जाती है| विस्थापन के परिप्रेक्ष्य में स्त्री की इसी अन्तर्मन की पीड़ा को कश्मीरी लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान की है| कश्मीर जैसे संवेदनशील विषय पर क्षमा कौल का उपन्यास 'दर्दपुर' एक ऐसे समय का द्योतक है जब कश्मीर में आतंक के चलते अलगाववाद अपनी चरम सीमा तक पहुँच गया है| कश्मीर की संस्कृति विखंडनवाद का परिणाम भुगत रही है| 'दर्दपुर' कश्मीर के दर्द का रेशा-रेशा उधेड़कर हमारे समक्ष इस तरह प्रस्तुत हुआ है मानो उनकी इस पीड़ा को आँखों से अपने दिल में उतारकर महसूस कर सकें| यह दर्द है आतंक के कारण अपनी ही जमीन से जुदा होने का, अपने ही वतन में विस्थापितों का जीवन जीने हेतु विवश होने का| यह दर्द है अपनी भाषा, अपनी संस्कृति, अपनी पहचान के शनै: शनै: मिटने पर विलुप्त होने का| लाख कोशिशों के बावजूद भी, अपने और अपनों के आत्मबलिदान के बावजूद भी अपने को विस्थापित होने से ना बचा पाने की जद्दोजहद में आखिरकार साहित्य के मंच से अपनी आवाज़ बुलंद करना ही इन साहित्यकारों ने श्रेयस्कर समझा| 'दर्दपुर' का दर्द कश्मीरी पंडितों का अपनी जमीन से उखाड़ फेंकने का जबरिया विस्थापन का दर्द है| कश्मीरी पंडितों का घाटी से बर्बरतापूर्वक किया गया विस्थापन दुनिया का सबसे बड़ा जीनोसाइड माना जाता है| किसी खास धर्म विशेष के वर्ग द्वारा बाहरी ताकतों के बल पर दूसरे धर्म विशेष के लोगों को अपनी ही जमीन से बहिष्कृत करने की पीड़ा का आख्यान है 'दर्दपुर'| भारत जैसे धर्म निरपेक्ष देश के लिए यह कृत्य अशोभनीय है क्योंकि हम भारत की विविधता में एकता की मिसाल देते हैं| 'दर्दपुर' उपन्यास के प्रथम पृष्ठ पर ही लेखिका क्षमा कौल जी ने यह शब्द गढ़कर **"धार्मिक आतंक की सतायी विश्व की सभी स्त्रियों के नाम"** कहकर एक तरह से स्त्रियों की वेदना को अभिव्यक्ति प्रदान करने के साथ ही समाज को इस हकीकत से भी रूबरू कराया है| 'दर्दपुर' उपन्यास की नायिका सुधा के माध्यम से लेखिका क्षमा कौल ने नायिका द्वारा भोगे गए नारी रूप में उत्पीड़न और विस्थापन की विभीषिका रूपी दर्द को उपन्यास की कथावस्तु का आधार दिया है| सुधा दिल्ली के एक एनजीओ की एक विशेष योजना अंतर्गत कार्यरत है| सुधा जो कि मूलत: कश्मीर से है किन्तु जम्मू स्थित शरणार्थी शिविर में दर्दनाक और शर्मनाक जीवन जीने हेतु विवश है| यह विवशता उसके जीवन में आई है जनवरी 1990 की उस रात से जिसे याद करते ही वह सिहर उठती है| 19 जनवरी 1990 की यही वह स्याह रात थी जब मस्जिदों से अज़ान की जगह कश्मीरी पंडितों के घाटी से विस्थापित होने के फरमान जारी किए जा रहे थे| आज एक बार फिर से सुधा कश्मीर जाने के लिए उसी एनजीओ के साथ चल पड़ी है| सुधा के लिए दोबारा कश्मीर लौटना अर्थात उसके भीतर बैठे क्रोध, आक्रोश, जलालत, और दर्द में लौटना है जो उसके,

और उसके परिवारवालों ने और जिसे उसके अपने समुदाय ने अपने तन और मन पर झेले थे| सुधा किस तरह से उनका सामना कर पाएगी| सुधा और सुधा की भाँति उस समुदाय विशेष के लोग आखिरकार अपने साथ केवल यादें ही तो ला सकें थे जो आज तक उनको भीतर ही भीतर साल रही है, कचोट रही है| सुधा कहती है, "हम| दीप्ति, सिर्फ हम? जिन्होने धर्मांधता की अमानवीयता के अंगारों पर पैर रखकर अपने को ज़िंदा-साबुत निकाल दिया| ईश्वर के दिये प्राणों को बचाकर ईश्वर को कृतकृत्य किया.....दीप्ति, हम कश्मीरी भट्ट|"1 विस्थापन की उस रात के बाद कश्मीरी पंडित आखिरकार अपने साथ तो कुछ भी ना ला सके, उन्हें इतना समय ही नहीं दिया गया कि अपने साथ कुछ ला सकें| जान बचाने की कुछ समय की मोहलत मिली थी| बस बची हुई ज़िंदगी ही बचाकर ला सके| बाकी सब कुछ पीछे ही छूट गया- कश्मीर, हारी पर्वत, डल झील, शंकराचार्य पर्वत, अपनी संस्कृति, अपनी भाषा, अपने कुछ लोग, अपनी ज़मीन और वह सब कुछ जो उन्हें मिट्टी से, ज़मीन से और आबोहवा से बाँधे रखा था| अब यह सब कुछ बस यादों के हवाले है| यही यादें अब सुधा और सुधा के साथ तमाम विस्थापितों को मानसिक विस्थापन का दंश दे रही है| सुधा ने सोचा, "हम एक सिक्के के दो पहलू हैं| ये यहाँ हमारे सपनों को ढो रहे हैं, हम वहाँ इनके साथ होने के सपनों का निर्वाह कर रहे हैं| इन पर यहाँ विभ्रम के आक्रमण हो रहे हैं और हम पर वहाँ|"[2]

'आतंकवाद' जो कश्मीर विस्थापन का मुख्य कारण बना| इसी आतंकवाद के चलते लोगों को अपने घरों से, लोगों के दिलों से, और अंतत: अपने समुदाय और समाज, अपनी जड़ों से हमेशा-हमेशा के लिए निकाल फेंका|.....'एक गाँव है.....सीमान्त पर.....कहते है कि उस गाँव में सब पुरुष आतंकवाद में मारे गए हैं| पुरुषविहीन है वह गाँव|'[3] आखिरकार आतंकवाद पुरुषों को तो मार डालता है लेकिन स्त्रियों को ज़िंदा क्यों छोड़ देता है| यह प्रश्न इस बात की ओर भी संकेत करता है कि दख, पीड़ा, अपमान स्त्रियों के हिस्से क्योंकर है| कारण यह भी है कि स्त्रियों ने ही स्त्रियों की पीड़ा को कभी समझा नहीं तो फिर पुरुष समाज से क्या अपेक्षा की जा सकती है| ....."दरअसल हम स्त्रियों की असुरक्षा ही यही है कि हम एक संगठन नहीं हैं| स्त्री की कोई संवेदनात्मकता मित्रता नहीं| विडम्बना यही है| इस विडम्बना से पुरुष संसार परिचित है और इसी ज्ञान के रहते उसने स्त्री को अपना गुलाम कर दिया है|"[4]

आतंकवाद की सताई गई ऐसी ही स्त्रियों के दर्दे एहसासात को अपने उपन्यास 'कथा सतीसर' के माध्यम से लेखिका चंद्रकांता जी ने भी मुखर अभिव्यक्ति दी है| चंद्रकांता जी ने अपने उपन्यास 'कथा सतीसर' के माध्यम से न केवल स्त्री जीवन के तमाम पहलुओं को उद्घाटित किया है बल्कि समाज और परिवार में स्त्रियों के दशाओं और अस्तित्व के लिए संघर्ष के प्रयासों को भी उजागर किया है| चंद्रकांता जी के उपन्यास में चित्रित पात्र काल्पनिकता से कोसों दूर और सत्य के बेहद करीब प्रतीत होते हैं| चंद्रकांता जी ने उपन्यास में कश्मीर के तत्कालीन उन परिस्थितियों का चित्रण किया है जब कश्मीर की आबोहवा में दमघोंटू आतंकवाद का जहर शनै: शनै: ज़िंदगी को अपने आगोश में लेकर जीवनलीला को समाप्त कर रहा था| 'आतंकवाद' किसी का भी सगा नहीं होता है| आतंकवाद निर्ममता की हदों को पार करता हुआ क्या पुरुष, क्या स्त्री और क्या बच्चे, सभी पर कहर बनकर टूट पड़ता है| इसके बावजूद स्त्रियों को तड़पा-तड़पाकर मारने में आनंद की अनुभूति करता है| इसीलिए आतंकवाद की त्रासदियों की सबसे अधिक भुक्तभोगी स्त्रियाँ ही होती हैं – शारीरिक और मानसिक शोषण, बलात्कार, हत्या, मारपीट, जबरन तरीकों से यौन संबंध से बेजार होती स्त्रियाँ| चंद्रकांता जी ने उपन्यास के स्त्री पात्रों में जानकीमाल, कमला, सोना, लल्ली, विजया, पिचरी, तुलसी, मंगला, राज्ञा, खुर्शीद, प्रभावती, फाता, शारिका, सरस्वती आदि प्रमुख एवं गौण स्त्री पात्रों को चित्रित किया है| इन स्त्रियों के चित्रण के साथ ही उस समय का भी लेखिका ने वर्णन किया है जब स्त्रियों को निर्णय लेने का भी अधिकार प्राप्त न था| स्त्रियाँ कुएँ के मेंढक की भांति अपने घर-परिवार की चारदीवारी के भीतर ही अपने संसार को समेटे हुए जीवनयापन करने को विवश थी| कारण कश्मीर के समकालीन हालत जिसमें आतंकवाद, कबाइली हमले आदि शामिल है और जिसके चलते स्त्रियों को सुरक्षा का हवाला देते हुए उन्हें मानसिक, भावनिक और शारीरिक रूप से पंगु बना दिया जाता है| लेखिका ने मनु महाराज के माध्यम से उपन्यास में वर्णित इस तथ्य को उजागर किया है – "मनु महाराज ने तमाम आदर के साथ स्त्री के हर उम्र और हर हाल में पुरुष पर निर्भर रहने की जो सोच प्रदान की थी, उसका उत्तम नमूना अजोध्यानाथ के घर के परिवार की लक्ष्मियाँ थीं| पुरुष हो सोचे वह सही, जो करे वह उत्तम, जो आदेश दे, उसका पालन धर्म|"[5]

कश्मीर के तत्कालीन समाज के साथ साथ, समाज में फैले आतंकवाद ने भी स्त्रियों की बेहद ही कठिन परीक्षा ली है| आतंकवाद के चलते स्त्रियों का जीवन भी आतंकमय बन गया है| आतंकवाद ने इन स्त्रियों के जीवन को अंधकारमय बनाया दिया| निराशा, आक्रोश, शोषण, अत्याचार और निर्मम हत्याओं ने वादी की स्त्रियों के जीवन को दोज़ख बना कर रख दिया है| लेखिका ने आतंकवादियों और जिहादियों द्वारा पीड़ित स्त्रियों की वेदना को बड़ी ही मार्मिकता और संवेदना के साथ उपन्यास में वर्णित किया है| चौदह वर्षीय नूरा का जीवन जिहादियों द्वारा किस तरह से बर्बाद किया जाता है यह उपन्यास में आए इस तथ्य से स्पष्ट होता है जो नूरा की माँ के शब्दों से व्यक्त होता है, "सब ढकोसला है गुंडागर्दी, और कुछ नहीं| मेरी लड़की पागल हो गई| इन शिकसलदों ने उसे खराब कर डाला|"[6] नूरा केवल उदाहरण ही नहीं ऐसे कई और उदाहरण भी हैं जो यह स्पष्ट रूप से बताते हैं कि स्त्रियाँ किस तरह से आतंकवाद की पीड़ा से गमज़दा हैं|

आतंक से जान बचाकर भागी स्त्रियों को विस्थापन के दंश का सामना करना पड़ा| विस्थापित शिविरों में भी खूंखार आँखें इनका पीछा करती है| उपन्यास की शुभावती जो विस्थापन कर दर्द झेल रही है, अपनी दो जवान बेटियों के लिए किस कदर चिंतित है यह इस तथ्य से स्पष्ट होता है, "वहाँ से बचाकर लाई, पर यहाँ भी आँखों से लीलनेवालों की कमी नहीं| कल ही राशनवाला बोल रहा था, "लड़कियों को भेजा करो आंटी, राशन के लिए क्यों धूप में तकलीफ पाती हो?" शुभावती आदमी की नज़र को क्या पहचानती नहीं?"7 विस्थापन के कारण घर-बार छूटते ही इंसान मानों धूल-मिट्टी समान हो जाता है जिसे कोई भी अपने पैरों तले रौंद सकता है|

'पाषाण युग' उपन्यास के माध्यम से संजना कौल ने भी विस्थापन के पारिवारिक और सामाजिक पीड़ा को उजागर किया है| वादी में आतंकवाद के चलते कश्मीरी पंडितों के हो रहे विस्थापन को लेखिका ने एक नन्हें पंछी के माध्यम से प्रतिकात्मक स्वरूप में स्पष्ट किया है –"वह नन्हा पंछी गायब हो गया था| पता नहीं चला, बिल्ली निगल गई या चील-कौवे उड़ा ले गए|.....लोग भी तो इसी तरह गायब हो रहे थे| कहीं अपहरण, कहीं गोलियां तो कभी पूरे परिवार की हत्या|"8 स्त्री केवल मकान भर नहीं होती है बल्कि स्त्री एक ऐसा घर होती है जो सभी तरह के रिश्तों को अपनी भावनिक, आत्मिक, मानसिक और शारीरिक शक्तिरूपी चार दीवारी से बाँधे रखती है| यही कारण है कि घर-परिवार, रिश्ते-नाते का कोई भी व्यक्ति जब इस तकलीफ से गुजरता है तो सबसे पहले उस घर की स्त्री ही सक्ते में आ जाती है| उपन्यास की मुख्य पात्र अंजलि भी अपनी भाभी रागिनी के सपरिवार वादी से विस्थापन पर चिंतित हो उठती है –"अभी हमारी समझ में खुद नहीं आ रहा है, अंजलि| बाबूजी के हाथ में किसी ने चिट्ठी पकड़ा दी कि यह अपने बड़े बेटे को दीजिये| खोलकर पढ़ी तो विनय को गोली मार देने की धमकी, साथ ही चौबीस घंटे में कश्मीर छोड़ देने की हिदायत|

घर में सबके होश उड़े हुए हैं|"[9] सच्चाई तो यही है कि कश्मीर के आज के हालातों को देखकर यकीन करना मुश्किल है कि स्वर्ग है तो बस यहीं है, यहीं है, यहीं है| यह सत्य उपन्यास के पात्र वीरेन्द्र के द्वारा अंजलि को लिखे पत्र के माध्यम से मुखर होती है- "कश्मीर अब तुम लोगों के रहने की जगह नहीं रही| अत: तुम सब कोई और विकल्प सोचो| मैं जानता हूँ, कोई अपनी जमीन से उखड़ना नहीं चाहता| लेकिन अगर तुम लोग ज़िंदा रहना चाहते हो तो कश्मीर छोड़कर कहीं और बस जाने के सिवा और कोई रास्ता नहीं है|"[10] वीरेन्द्र के माध्यम से लेखिका संजना कौल जी ने विस्थापन का सटीक चित्रण किया है|

**निष्कर्ष :-** किसी भी सजीव के लिए उसके बसे-बसाये आशियाने को यकायक छोडकर अन्यत्र गमन करना कभी भी स्वीकार्य नहीं होता है| किसी भी व्यक्ति द्वारा जब स्वयं की इच्छा से स्थान को छोडना अर्थात विस्थापन किया जाता है तो हालातों के मद्देनजर स्वीकार कर लिया जाता है किन्तु वही विस्थापन यदि जबरिया हो तो उस पीड़ा को वह मरते दम तक भुला नहीं पता है| अत: कह सकते हैं कि विस्थापन किसी भी हालात में किसी के द्वारा भी स्वीकार नहीं होता है| आतंकवाद और उससे उत्पन्न विस्थापन जिसके फलस्वरूप निर्मित समस्याएँ यथा असुरक्षा, बलात्कार, शोषण व निर्मम हत्या जैसे ज्वलंत प्रश्नों को कश्मीरी लेखिकाओं ने उपन्यासों में उठाया है| कश्मीरी लेखिकाओं के उपन्यास न केवल आतंकवाद के विमर्श पर बात करते हैं अपितु कई ज्वलंत व सटीक उदाहरणों के माध्यम से आतंकवाद के संभावित खतरों की ठोस समीक्षा भी प्रस्तुत करते हैं| इन कश्मीरी लेखिकाओं ने न केवल आतंक से पीड़ित कश्मीर के ज्वलंत सत्य को उजागर करने कर साहसिक कार्य अपनी लेखनी के माध्यम से किया है बल्कि विस्थापन और विस्थापितों की पीड़ा को भी अपनी रचना में मुखर किया है|

**********

**संदर्भ ग्रंथ –**


1.कौल, क्षमा, दर्दपुर (2014), ज्योतिपर्व प्रकाशन, गाजियाबाद, पृष्ठ सं. 32
2.वही, पृ. 70
3.वही, पृ. 163
4.वही, पृ. 173
5.चंद्रकांता, कथा सतीसर, 2007, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं. 29
6.वही, पृ. सं. 551
7.वही, पृ. सं. 517
8.कौल संजना, पाषाण-युग, 2003, आधार प्रकाशन, हरियाणा, पृ. सं. 7
9.वही, पृ. सं. 21
10. वही पृ. सं. 41-42


## 'कठगुलाब':एब्यूज्ड स्त्री चिंतन से आगे की कथा


**डॉ.वीरेन्द्र प्रताप**
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय
अमरकंटक,म.प्र.484887



**सारांश:-**मृदुला गर्ग अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कथाकार हैं | उनकी कहानियां,निबंध और वैचारिक लेख विदेश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं | उनके सर्वाधिक विवादित उपन्यास 'चित्तकोबरा' का 1987 में जर्मन भाषा में अनुवाद हो चुका था और 1990 में यह उपन्यास अंग्रेजी में अनूदित हुआ | 'कठगुलाब' उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद 2003 में 'कंट्री ऑफ़ गुडवाइज' नाम से हुआ | इन्हीं उपन्यासों पर अश्लीलता का आरोप भी लग चुका है | 'कठगुलाब' को स्त्री की जिजीविषा का प्रतीक बनाया है मृदुला गर्ग ने | यह जिजीविषा इस उपन्यास के अनेक पात्रों में दिखाई देती है | जहां तमाम घुटन,उपेक्षा,अपमान,तिरस्कार,शोषण और प्रताड़ना को सहते ,टूटकर बिखरते हुए और फिर ताकत बटोर कर अपने लिए राह बनाती स्त्रियाँ आगे बढ़ जाती हैं | इस आगे बढ़ने की ताकत उन्हें पश्चिमी समाज के सिस्टरहुड और भारतीय समाज के बहनापे से मिलता है | समाज और परिवेश भिन्न-भिन्न होते हुए भी स्त्री का शोषण एक जैसे होता है,पुरुष की मानसिक प्रवृत्तियाँ एक जैसी देखने को मिलती हैं | इसीलिए स्त्री मुक्ति का प्रयास व्यक्तिगत न होकर सामूहिक प्रयास बन जाता है और यह सामूहिकता बोध एक सीमा के आगे जाकर जेंडर के भेद को भी खत्मकर मानवीय मुक्ति में तब्दील हो जाता है | इस उपन्यास को गालियों के लिए नहीं मानवीय मुक्ति और शोषण की संस्कृति के बरक्स समता मूलक समाज के निर्माण की चेतना के लिए पढ़ा जाना चाहिए | आत्मा और देह,स्त्री और पुरुष के अभिप्रेरित लक्षणों के मिश्रण के बिना नए समाज और संस्कृति का सृजन संभव नही है |



**बीज.शब्द:**कठगुलाब,एब्यूज्ड,स्त्री.मुक्ति,नारीवाद,लेस्बियनिज्म,समता,स्वतन्त्रता,सामाजिक-सांस्कृतिक सृजन


प्रस्तावना:—हिंदी कथा साहित्य में मृदुला गर्ग की पहचान एक नारीवादी लेखिका के रूप में स्थापित है| उनके कुछ उपन्यासों पर अश्लीलता का आरोप भी लगाया जाता रहा है |'चित्तकोबरा' उपन्यास पर तो इतना बवाल हुआ था कि मृदुला गर्ग जी को गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ और कोर्ट-कचहरी के चक्कर भी काटने पड़े थे | ऐसा नहीं है कि साहित्य में श्लीलता-अश्लीलता पर बहस पहले नहीं हुई है,रेणु का 'मैला आँचल' राही मासूम रजा का 'आधा गाँव' और जगदम्बा प्रसाद दीक्षित का 'मुर्दा घर' भगवानदास मोरवाल का 'रेत' जैसे दर्जनों ऐसे उपन्यास हैं जिनमें गालियों की भरमार है | अज्ञेय के 'नदी के द्वीप' पर भी संयत-असंयत काम प्रसंग की चर्चा होती रही है | इन सन्दर्भों को देखकर लगता है कि साहित्य में सेक्स की चटपटी भाषा, जैसे सड़क छाप उपन्यासों में होती है और देह और समाज की वैज्ञानिकता के बीच फर्क को जरूर ध्यान में रखना चाहिए | इसी अर्थ में मैं चाहता हूँ कि उपन्यास के कुछ प्रसंगों,जिन्हें अश्लील माना जाता है उन्हें सामाजिक यथार्थ की दृष्टि से देखा जाना चाहिए और इसके पार जाकर उन प्रसंगों की सामाजिक पड़ताल की जानी चाहिए जहां कथाकार का लेखिकीय उद्देश्य निहित होता है | मनुष्य की मानसिक दुष्प्रवृतियों को उजागर किये बिना या उसका लेखकीय ट्रीटमेंट किये बिना किसी चिंतन की धारा एकांगी हो सकती है | इसलिए इसे नजरअंदाज करने से न सिर्फ एक पक्ष की चिंतन प्रक्रिया तमाम आरोपों-प्रत्यारोपों से घिर जाती है बल्कि घातक भी हो जाती है | मृदुला गर्ग जी के साथ चित्तकोबरा के सन्दर्भ में भी यही हुआ था |

मृदुला गर्ग का 'कठगुलाब' उपन्यास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्त्री जीवन की गहन त्रासदी की यथार्थ कथा है | भारत से लेकर पश्चिमी दुनिया तक की अनेक घटनाओं,नयी-पुरानी पीढ़ी की स्त्रियों के जीवन अनुभव और बौद्धिक जगत में विमर्श-चिंतन,आन्दोलन में सक्रिय महिलाओं से लेकर नर्मदा जैसी घरेलू महिलाओं के जीवन संघर्ष और मुक्ति की चेतना को एक प्लेटफॉर्म पर रख कर जांचने-परखने का अद्भुत प्रयास है | 'कठगुलाब' एक प्रतीकात्मक शीर्षक है जिसका आशय 'स्त्री की जीवटता' इस अर्थ में है कि समाज जिसे बंध्या संबोधित कर उपेक्षित अपमानित का भाव रखता है, यदि उसे सही से सींचा और पाला-पोसा जाए तो उसमें भी उर्वरा शक्ति आ जाती है | सिमोन द बुआ का बहुचर्चित कथन 'स्त्री पैदा नहीं होती है बना दी जाती है' यह बनाया जाना जेंडर विभेद का एक सांस्कृतिक रूप है | मृदुला गर्ग भी यही कहना चाहती हैं कि स्त्री के भीतर के कोमल तंतु सृजन की अपार संभावनाओं को समेटे हुए हैं, लेकिन वे संभावनाएं तब तक प्रतिफलित नहीं होती जब तक की उसकी देख-रेख यानी उचित वातावरण न बना दिया जाये | गुलाब की बाड लगा देने पर अपने आप खिल जाती है लेकिन कठगुलाब के लिए उचित वातावरण तैयार करना होता है | जब तक स्मिता के जीजा,डॉ जारविस, इर्विंग, गनपत और असीमा का बाप जैसे 'कठफोड़वा' इस समाज में मौजूद रहेंगे, कठगुलाब के खिलने की संभाव्यता भी शून्य रहेगी |इन्हीं संभावनाओं की तलाश है यह उपन्यास |

नारीवादी आन्दोलन के विभिन्न चरणों और लहर-दर-लहर चल रही वैचारिक बहसों में मानवीय गरिमा और स्वतन्त्रता के सवाल लगातार उठाये जाते रहे हैं | मानवीय गरिमा और स्वतन्त्रता के साथ शुरू हुआ पश्चिम का नारीवादी आन्दोलन एक ऐसे मोड़ पर भी पहुंचता है जहां बहुतेरी नारीवादी स्त्रियों ने अपने जीवन से न सिर्फ पितृसत्ता को पूरी तरह से खारिज किया बल्कि पुरुष के अस्तित्व का ही अपने जीवन में निषेध कर दिया | सवाल यह है कि इस निषेध से कोई स्वस्थ सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन हो सकता है क्या ? नर्मदा की कहानी सुनाते हुए स्मिता के मन में यह सवाल उठता है कि-"अगर मर्द-औरत के बीच का रिश्ता शोषक-शोषित का रिश्ता है,तो क्या उसका विकल्प लैस्बियनिज्म है?"[1] पितृक संस्कृति के बरक्स एक प्रति संस्कृति का सृजन स्त्रियों के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन वह प्रति संस्कृति जैविक जरूरतों को नकार कर निर्मित नहीं हो सकती | लेस्बियनिज्म देह की जरूरतों का नकार नहीं,पुरुष के नकार की प्रवृति है | यह जरूर है कि इससे स्त्रियाँ कुछ समय तक पुरुषों पर आभाषी रूप से सफलता महसूस कर सकती हैं लेकिन प्रति संस्कृति के रूप में विकल्प के तौर पर कोई ठोस निर्मित नहीं कर सकती हैं | सिमोन ने स्वीकार किया है कि-"नारी के लिए कामेक्षा – जैविक,सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक तौर पर भिन्न होती है |कई बार स्त्री को - - यदि वह यौन-तुष्टि चाहती है - - ऑब्जेक्ट बनना पड़ता है|"[2] आगे सिमोन ने लिखा है कि-"कामुकता का अनुभव एक ऐसा अनुभव है जो कि मानव को अपनी स्थिति की जटिलता का तीव्रतम बोध कराता है ;इस अनुभव के अंतर्गत वे शरीर व् भावना के स्तर पर स्वयं के प्रति सचेत हो पाते हैं |यह स्थिति औरतों के लिए और भी जटिल हो जाती है,क्योंकि वह पहले स्वयं को वस्तुगत रूप में पाती हैं और यौन क्रिया के स्वतंत्र एहसास के लिए अपनी स्वतन्त्रता के विषय में सचेत नहीं हो पाती हैं ;स्वयं को बद्ध स्थिति में देखने की बजाय अपनी स्वतंत्र स्थिति का आकलन करना चाहिए –यह कठिन और खतरनाक स्थिति है ;इस स्थिति में हर कोई असफल होता है |"[3] दरसल परपीडन से बचने का उपाय कई बार आत्म पीडन में तब्दील हो जाता है | अमेरिका में उपेक्षित,प्रताड़ित स्त्रियों के लिए कार्यरत संस्था 'राँ'यानी 'रिलीफ फॉर एब्यूज्ड विमेन'में काम करते हुए स्मिता ने तीन तरह की स्त्रियों को देखा था कि "पहली वे जिन्हें एब्यूज्ड विमेन कहते थे जो लांछित,प्रताड़ित,बलात्कृत और पीटी हुई औरतें थीं,जिनके भीतर प्रतिरोध की चेतना के रूप में पलायन का भाव आया वह भी बहुत बाद में ,दूसरी वे थीं जिनपर किसी न किसी तरह का कहर टूटा था वे इस संस्थी में सहानुभूति देने आती थीं,बदले में खुद भी सहानुभूति हासिल करती थीं,तीसरे दर्जे की स्त्रियाँ जो अपनी बौद्धिकता,पद और रुतवे पर गर्व करतीं थीं,इनके भीतर करुणा कम दंभ ज्यादा था |दूसरों के अनुभव को देखकर इन्हें पुरुषों के प्रति घृणा का भाव पैदा हो गया था |"[4] इस तीसरे स्तर की कुछ महिलायें लेस्बियन थीं और कुछ बिना शादी के दूसरे,तीसरे मर्दों के साथ स्वतंत्र तरीके से रह रहीं थीं –"जो हर छठें-छमासे अपना साथी बदल लेतीं थीं |मजे की बात यह थी कि अपनी तमाम तटस्थता के बावजूद जब वे मौजूदा प्रेमी से अलग होती ;तो गहरी भावात्मक यातना से गुजरतीं|"[5]यौनिक या जैविक जरूरतें मनुष्य की सहज प्रवृत्ति है |इस प्रवृति को नकार पाना सहज नहीं है |

बहुचर्चित नारीवादी लेखिका बैट्टी फ्रिडन ने भी स्त्री की यौनिकता पर सवाल उठाते हुए लिखा था कि-"क्या नारी अपने लैंगिक अस्तित्व को नकार सकती है ? क्या वह पूर्णतः स्वतंत्र हो सकती है ? क्या संतान से मुक्ति या परिवार के दायरे से बाहर रहकर जीना उसे मुक्त करता है ? यौन राजनीति नारी मुक्ति आन्दोलन का मुद्दा नहीं है |उसे केन्द्रीय मुद्दा बनाने से हमारे हितैषियों के मन में कई प्रकार के भ्रम उत्पन्न होते हैं और विरोधी इस आधार पर हमारे कार्यक्रमों को बदनाम करते हैं और हमारी शक्ति क्षय होती है |मूल मुद्दा यौन राजनीति नहीं आर्थिक समता,सामाजिक न्याय,शिक्षा का बराबर अवसर उपलब्ध होना है |एक जैसे कार्य के लिए पुरुष और नारी को सामान वेतन और सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इस नीति को समाप्त करना है कि कुछ कार्य केवल महिलाओं के लिए ही तय हैं |"[6] 'द सेकेंड स्टेज' पुस्तक में बैट्टी फ्रीडन ने लिखा था कि-"अब हम यह महसूस करतीं हैं कि नारी मुक्ति आन्दोलन के प्रथम चरण की मांगों के आधार पर पुरुषों और बच्चों के साथ या उनके बगैर ज़िंदा रहना संभव नहीं | नया चरण व्यावसायिक सफलता और पारिवारिक जीवन दोनों की आवश्यकताओं को एक साथ लेकर बढेगा |"[7] कठगुलाब उपन्यास में बहुत सी ऐसी घटनाएं आई हैं जहां स्त्रियाँ गर्भधारण और बच्चे पैदा करने के लिए बेहद लालायित दिखाई देती हैं |वह चाहे भारत के पिछड़े क्षेत्र और निम्न वर्ग की नर्मदा हो या पश्चिम की मारियान या राक्जांन |दरसल फेमिनिस्ट होकर भी औरत की प्रकृति को नहीं नकारा जा सकता है दूसरी बात यह कि सामाजिक परिवर्तन के लिए जरुरी है पुरुष की मानसिकता में बदलाव |इसके लिए स्त्रियों के पास एक ही रास्ता है कि नयी पीढ़ी का सृजन वे अपने हाथों,अपने तरीके से करें |पितृक मूल्य कोई शाश्वत मूल्य नहीं है जिसके भीतर बदलाव नहीं हो सकता है,बल्कि यह अपनी जरूरतों के हिसाब से निरंतर बदलते रहा है यही कारण है कि स्त्री को कभी उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ धारण करने के लिए मजबूर किया जाता है और कभी गर्भपात के लिए | पुरुषों पर बच्चों का बोझ न हो या उनकी यौनिक स्वच्छन्दता में कोई बाधा न आये इसलिए इर्विंग जैसे पुरुष,जो स्त्रियों पर जीवन यापन के लिए निर्भर रहते हैं, तर्क करते हैं कि-"औरत जब हर क्षेत्र में काम कर रही है |सुबह से शाम तक व्यस्त रहती है तो उसे इस आदिम प्रवृति और मान्यता से मुक्त होना चाहिए,वरना किसी महान कलाकृति की रचना नहीं हो पाएगी |"[8] इसके लिए मारियान को इर्विंग ने यह भी समझाया कि-"आदिम समाज स्त्री को शिशु की रचना में व्यस्त रखकर,उसे पुरुष की सुरक्षा पर निर्भर बनाना चाहता था और यह भी ढकोसला फैलाया कि औरत को बच्चे की सृष्टि करके इतनी पूर्णता मिल जाती है कि उसमें काव्य का कलाकृति की सृष्टि करने की भूख बची नहीं रहती |"[9] पितृक मूल्यों के इन्हीं दबाओं ने सामाजिक संरचना में बदलाव किया, परिणाम स्वरूप स्त्री-पुरुष के बीच संबंधों का स्थायित्व समाप्त हो गया और भोगवादी संस्कृति ने जन्म लिया | नारीवादी आन्दोलन स्थापित

व्यवस्था में आमूलचूल या क्रांतिकारी परिवर्तन चाहता है | इस परिवर्तन के लिए स्त्री विद्रोह की हद तक मुखर होती है,इसलिए कई बार यह आन्दोलन बहुत उग्र हो जाता है और एकांगिकता की ओर बढ़ जाता है ,जबकि जर्मेन ग्रीयर का मानना है कि ऐसी स्थिति से बचना चाहिए | "जब यह आन्दोलन पुरुषों से अपनी स्वतंत्रता मांगते हैं या स्वतन्त्रता देने को मजबूर करते हैं तो यह स्त्री-पुरुष के अलगाव और अपनी निर्भरता को ही आगे बढ़ा रहे होते हैं |"[10] अलगाववाद के मूल्यों वाली क्रांतियों,स्त्री देह और यौनिकता पर सचेत करते हुए जर्मेन ग्रीयर ने लिखा है कि- "क्रांति को उन कुछ सन्दर्भों को ठीक कर पाना चाहिए जिन्हें स्त्रीत्व,काम,प्रेम और समाज की हमारी पूर्वधारणाओं ने मिलकर गढ़ा है | यह ऊर्जा के पुनर्विस्तार का प्रस्ताव रखती है,दमन के लिए नहीं कामना,गति और सृजन के लिए ऊर्जा का उपयोग | काम को शक्तिशाली और शक्तिहीन,दबंग और दबैल,लैंगिक और अलिंगी, के बीच व्यापार से बचना होगा ताकि वह प्रभविष्णु,सौम्य,कोमल लोगों के बीच संवाद का एक स्वरूप बन पाए ,यह इतर लिंगी संपर्क की मनाही से नहीं हो सकता |"[11] आन्दोलन विषमता को समाप्त करने के लिए होते हैं वर्चस्व को स्थापित करने के लिए नहीं,इस बात का ध्यान हर परिवर्तनकामी व्यक्ति को रखना चाहिए |विवाह नामक संस्था को स्त्री-पुरुष के जीवन में स्थायित्व का आधार माना जाता है | यह आधार परस्पर एक-दूसरे की निर्भरता पर ही टिका होता है,लेकिन अक्सर यह देखा जाता है इस व्यवस्था में एक पदानुक्रम मौजूद है | इस पदानुक्रम से बचने का एक रास्ता प्रेम या स्त्री-पुरुष के विवाहेतर सम्बन्ध हैं,लेकिन इन संबंधों की अस्थिरिता इसकी आलोचना की जमीन तैयार करती है |वैसे तो प्रेम को बहुत उच्च और पवित्र दर्जा दिया जाता है लेकिन कई बार यह इतना विकृत हो जाता है कि घृणा की हद तक पहुँच जाता है - आत्मपीडन,परपीडन,अपराधबोध और स्त्रियों के शारीरिक हिंसा ,दमन और अक्सर गाली-गलौज पर जाकर ख़त्म होता है | विवाह संस्था के भीतर सामाजिक दबाव और असुरक्षाबोध की वजह से सालों-साल स्त्रियों को शोषण-उत्पीडन का शिकार होना पड़ता है,यह उपन्यास इन सन्दर्भों को बहुत बारीकी से उठाता है | इस उपन्यास में स्मिता,मारियान,एलेना,सूजन,राक्जांन,नर्मदा और असीमा जैसी बहुत सी स्त्रियाँ हैं जिन्होंने पितृसत्तात्मक मूल्यों की घुटन और यातना को झेला है | जीजा द्वारा बलात्कृत स्मिता प्रतिशोध की आग लिए बडौदा के लिए निकली तो कानपुर पहुँच गयी और फिर अमेरिका | जिस शोषण और दमन से मुक्त होने के लिए उसने घर छोड़ा आखिरकार अमेरिका पहुंचकर उसका कोई समाधान नहीं निकला | सांस्कृतिक द्वंद्व से जूझते हुए अमेरिका में वह एक साइक्याट्रिस्ट डॉ जारविस के द्वारा फिर उसी शोषण का शिकार होती है अंतर बस इतना था कि जीजा के लिए प्रतिशोध की आग ज़िंदा थी और जारविस को स्मिता ने भी अच्छे से ठोक-पीट कर कुछ संतुष्ट हो ली थी | मारियान का रूथ से मारियान बनने की एक त्रासद कथा है |लेकिन जीवन में कई उलट-फेर,उतार-चढ़ाव से उसका यही निष्कर्ष था कि-"हर औरत में जुल्म उठाने की एक ऐसी महारत देखी जा सकती है कि सोफेस्टकेटेड से सोफेस्टकेटेड औरत भी कहीं-न –कहीं एक मामूली किसान सी औरत की तरह रोती-कलपती पायी जाती है |"[12] सातवें दशक के आस-पास अमेरिका में पूंजीवाद चरम पर था | पूंजी की ताकत पर हर चीज खरीदी जा सकती थी एक ऐसा भ्रम का वातावरण बनाया गया था |जीवन में यांत्रिकता इस तरह हावी होने लगी की मानवीय संवेदनाओं में रिक्तता भर गई | पूंजी में अंधे लोगों ने दौलत को शाश्वत मूल्य के रूप में स्वीकार किया,उसकी ताकत पर हर चीज खरीद लेनी चाही | दौलत की ताकत पर सौन्दर्य का बाज़ार परवान चढ़ा और सौन्दर्य के इस बाजारीकरण ने स्त्री को सिर्फ देह या उपभोग की वस्तु के रूप में तब्दील कर दिया |परिणाम यह हुआ कि स्त्रियों को अपनी बदली हुई भूमिका में खुद को पारिभाषित करना जरुरी हो गया | मारियान की माँ वरजिनया एक खूब सूरत महिला थी | जिसने अपने सौन्दर्य को बनाए रखने के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराई हुई थी और लिबास पर खासा ध्यान देती थी | पिट्सवर्ग के नामी-गिरामी लेखक ,कलाकार,उद्योगपति और व्यापारी सब उसके सौन्दर्य से प्रभावित थे | लेकिन कैंसर की बिमारी से जूझती वरजिनया जब मृत्यु शैया पर पड़ी थी उस समय मारियान ने जो महसूस किया वह महत्वपूर्ण है | वह कहती है "उस बिमारी के दौरान,मैंने सिर्फ माँ को कंगाल होते ही नहीं देखा था,अमेरिका के दो कल्ट आइकांस को टूटते बिखरते भी देखा था- दौलत और जवानी |"[13] मृदुला जी ने मारियान के इस कथन से पूंजी और सौन्दर्य के मिथ को तोड़ा है |

नर्मदा एक कामकाजी घेरलू महिला है | निरंतर अन्याय,अत्याचार सहते हुए भी वह हिम्मत नहीं हारती,पहले आर्थिक स्वतन्त्रता हासिल करती है,अपने भीतर शोषण के विरुद्ध प्रतिरोध की चेतना विकसित करती है,स्वभाव में दबंगई भी आ जाती है | इस व्यवहार को हासिल करने में बहुत कुछ असीमा का प्रभाव था | लेकिन इसके बावजूद वह पति और बच्चों के मोह से विरक्त नहीं हो पाती है | असीमा ने उपन्यास में खुद नाटकीय तरीके से अपना परिचय दिया है | पहला तो यह की उसने खुद के सीमा नाम को असीमा में तब्दील किया था | दूसरा यह की उसे मर्दों से नफरत थी | सबसे ज्यादा नफरत अपने बाप से | उसके बाप ने उसकी माँ के रहते ही दूसरी औरत रख ली थी क्योंकि माँ हर वक़्त उसकी भूख मिटाने को न तत्पर रहतीं थीं और नही उन्हें देह प्रदर्शन पसंद था |असीमा की माँ हर तरह की सीमा में बंधी,एक अड़ियल,जिद्दी औरत थी |यह असीमा का कथन है |असीमा की माँ को फेमिनिज्म के बारे में कितनी जानकारी थी इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है वह – "आदर्श गृहिणी,कर्तव्यपरायण माँ ,अपनी सीमाओं में आबद्ध,सतयुगी काल से चली आ रही,संतोषी भारतीय नारी थी |"[14] लेकिन माँ के अड़ियल व्यवहार से असीमा कहती है –"क्या महज जिद के बल पर कोई औरत फेमिनिस्ट कहला सकती है ?जरूरी नहीं है कि हर जीवन मूल्य को विचारधारा में बाँध कर ही देखा जाए | असीमा के बाप की दूसरी शादी के बाद माँ ने खुद ही सारे रिश्ते तोड़ दिए और "उसने न रोना-धोना मचाया,न गाली-गुफ्तार की | न तलाक मांगा न जेब खर्च | उलटे छाती ठोंक कर एलान कर दिया,;मेरे सिद्धांत मुझे ऐसे पति से एक पैसा लेने की इजाजत नहीं देते,जो किसी और का पति बन चुका हो |"[15] असीमा की माँ ने अपना रास्ता खुद बनाया तो यह उसका स्वाभिमान और सम्मान है | स्वाभिमान और अपनी शर्तों पर जीवन जीना एक मूल्य है | आर्थिक स्वतन्त्रता फेमिनिज्म के भीतर एक जरुरी मुद्दा है लेकिन जरूरी नहीं कि हर जीवन मूल्य को विचार धारा पर आंका जाए |

पश्चिमी सन्दर्भ में देखा जाए तो लेस्बियनिज्म और गर्भपात के लिए कानूनी लड़ाई नारीवादी आन्दोलन का हिस्सा है |इसकी आलोचना चाहे जितनी की जाये लेकिन स्त्रियों को इस स्थिति तक पहुंचाने में सर्वाधिक भूमिका पुरुषों की ही है | पुरुष की हिंसा और प्रताड़ना से त्रस्त होकर ही महिलाओं के भीतर पुरुषों के लिए घृणा का भाव पैदा हुआ | जबकि सृजन स्त्रियों का स्वभाव है | किसी व्यवस्था को विकृत करने के लिए स्त्रियों ने उसमें परिवर्तन नहीं किया है बल्कि विसंगतिपूर्ण ढाँचे को समाप्त कर उसका पुनर्निर्माण करना और समता मूलक समाज की स्थापना करना स्त्री चिंतन का केंद्र विन्द है | फिर यह मामला गर्भ धारण,घरेलू श्रम या सामाजिक दायित्व का ही क्यों न हो | यही वजह है कि मृदुला गर्ग जी ने स्त्री सृजन को नया आयाम दिया है | स्मिता और असीमा जैसी नारीवादी स्त्रियाँ सिर्फ बौद्धिक विमर्श ही नहीं करतीं बल्कि सृजन के अन्य पक्षों का तलाश भी करती हैं और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाह भी करती हैं | स्मिता के सूडो फेमिनिस्ट कहने के जबाब में असीमा का कथन देखा जा सकता है-"मुझे फेमिनिस्ट का तमगा लगाने के लिए किसी नीम-मर्दानी औरत के साथ सोना मंजूर नहीं है|"[16] उपन्यास में अतिवैज्ञानिकता या कहें यांत्रिकता की प्रवृति की भी कटु आलोचना की

गयी है | विपिन मजूमदार और असीमा के संवाद में टेस्ट ट्यूब शिशु का जिक्र किया गया है | यह बात साफ़ तौर पर उपन्यासकार ने बता दिया है कि यह मातृत्व का विकल्प नहीं हो सकता है | गर्भ धारण का एक तरिका मात्र है | शिशु के गर्भ और स्तनपान की जरुरत तो माँ के बिना पूरी नहीं हो सकती है |यह क्षमता केवल स्त्रियों में है इसीलिए लेखिका का मानना है कि स्त्री के भीतर सृजन की क्षमता है,उदारता और संवेदनशीलता को बनाए रखने में मातृत्व की महत्वपूर्ण होती है | यह मानवीय मूल्य और मानवीय चेतना को किसी जड़ व्यवस्था से सिर्फ लड़ने में ख़त्म कर देने से बेहतर है उसका सृजनात्मक उपयोग करना | इस उपन्यास में मृदुला गर्ग जी ने स्मिता और असीमा के माध्यम से आक्सकॉम की सहायता से 'डिपराइल्ड गर्ल्स चाइल्ड ' के लिए काम करना और गुजरात के बन्थाल और गोधड जैसे गरीब,पिछड़े गाँव और वहाँ की उसर,बंजर धरती को हरा भरा करवा देना न सिर्फ स्त्री की पर्यावरणीय चेतना या ईको फेमिनिज्म को दर्शाता है बल्कि प्रति संस्कृति का निर्माण भी करना है | यह संस्कृति बृहत्तर मानवीय समाज को अपने भीतर समाहित करने की क्षमता रखती है |

**निष्कर्ष:-**

निष्कर्षतः देखा जाए तो सम्पूर्ण मानव मुक्ति ही साहित्य का उद्देश्य होता है | व्यक्तिगत मुक्ति या व्यक्तिगत स्वतन्त्रता का प्रयास एकांगी या एक पक्षीयता की निशानी है | व्यक्तिगत मुक्ति से कोई बड़ा सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन नहीं हो सकता है | कठगुलाब उपन्यास में स्मिता और असीमा का गुजरात के गोधड और बन्थाल जैसे पिछड़े आदिवासी क्षेत्र में जाकर लड़कियों के लिए स्कूल खोलना,उसर-बंजर जमीन में सुधार करके हरा भरा और उपजाऊ बनाने का जिक्र न भी किया जाता तो भी स्त्री जीवन का पूरा संघर्ष उभर कर आता | लेकिन इस स्थिति में यह स्त्री संघर्ष सिर्फ स्त्री के लिए होता | पितृसत्ता के वर्चश्व को चुनौती देती स्त्रियाँ अपना प्रतिशोध पूरा कर सकती थीं,अपने निजी जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर पहुँच सकती थीं लेकिन स्त्री विमर्श के प्रचलित पैटर्न से आगे नहीं बढ़ पातीं | यह उपन्यास स्त्री विमर्श के परम्परागत ढाँचे को तोड़कर नया रूप गढ़ता है जिसमें सिर्फ स्त्री मुक्ति की चेतना नहीं,सम्पूर्ण मानव मुक्ति की चेतना विद्यमान है |

**********

**सन्दर्भ सूची:-**

1.गर्ग,मृदुला,कठगुलाब (2013,सातवाँ संस्करण)भारतीय ज्ञान पीठ,नयी दिल्ली,पृ.190
2.इस्सर,देवेन्द्र,स्त्री मुक्ति के प्रश्न (2009)संवाद प्रकाशन,मेरठ,पृ.18
3.पूर्वोक्त,पृ.19
4.कठगुलाब,पृ.56
5.पूर्वोक्त,पृ.57
6.स्त्री मुक्ति के प्रश्न,पृ.45
7.पूर्वोक्त,पृ.45
8.कठगुलाब,पृ.79
9.पूर्वोक्त,पृ.78
10.ग्रीयर,जर्मेन,बधिया स्त्री,अनुवाद मधु बी.जोशी(2001),राजकमल प्रकाशन,नयी दिल्ली,पृ.19
11.पूर्वोक्त,पृ.19
12.कठगुलाब,पृ.97
13.पूर्वोक्त,पृ.72
14.पूर्वोक्त,पृ.165
15.पूर्वोक्त,पृ.166
16.पूर्वोक्त,पृ.173

# गुरु रैदास का पाठ – संपादन

**डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह**
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय सासाराम-821115(बिहार)

संत रैदास के जमाने की एक भी पांडुलिपि अभी तक नहीं मिल सकी है। इसीलिए रैदास बानी का सबसे पुराना प्रमाणिक स्रोत " आदिग्रंथ " को माना जाता है। " आदिग्रंथ " का संकलन 1604 ई. में गुरु अर्जुन देव ने किया था। इसमें रैदास के 39 पद तथा 1 श्लोक शामिल हैं। एक पद मामूली पाठभेद के साथ दो बार अलग - अलग रागों में संकलित है। उसे जोड़कर अक्सर 40 पद और 1 श्लोक कहा जाता है। इसके अलावा संत - मत के अनेक संग्रहों में उनकी रचनाएँ संकलित मिलती हैं। दादू ग्रंथ के रूप में लिखी हुई पोथियों के सैकड़ों संग्रह, विभिन्न रूप और रूपांतर के साथ राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, आमेर के पुस्तकालयों में उपलब्ध हैं। नागरी प्रचारिणी सभा, काशी तथा हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के हस्तलेख संग्रहों में भी कबीर के साथ - साथ रैदास की अनेक रचनाएँ उपलब्ध हैं। " रैदास बानी " में डॉ. शुकदेव सिंह ने लिखा है कि रज्जबदास की सर्वगी में 9 और गोपालदास की सर्वगी में 67 रचनाएँ अंगों और रागों में वर्गीकृत हैं ( रैदास बानी, सं. शुकदेव सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 16)। महाराष्ट्र और पंजाब के अनेक गुरुद्वारों तथा रैदासी डेरों में भी ऐसे हस्तलेख उपलब्ध हैं, जिनमें रैदास की रचनाएँ हैं। अभी तक जो प्राचीनतम हस्तलेख मिल सका है, जिसमें रैदास की बानी है, वो 1582 ई का है। इसे फतेहपुर हस्तलेख कहा जाता है। फतेहपुर हस्तलेख का परिचय देते हुए डॉ. शुकदेव सिंह ने लिखा है कि फतेहपुर हस्तलेख ( 1582 ई. ) को चित्राजी कुँवर को पढ़ने के लिए तैयार कराया गया था, जो कछवाहा राजा नरहरिदास के पुत्र थे। इसमें कुल 441 पद हैं, जिनमें से 5 पद रैदास के हैं ( रैदास बानी, सं. डॉ. शुकदेव सिंह, पृ. 22 )।

जैसा कि विदित है कि राजस्थान, पंजाब, गुजरात एवं महाराष्ट्र आदि प्रांतों में अनेक पांडुलिपियाँ मिलती हैं, जिनमें संत रैदास के पद संगृहीत हैं। रैदास बानी की पांडुलिपियाँ संभालने में दादू पंथ एवं राम स्नेही पंथ के अनुयायियों की सराहनीय भूमिका रही है। इसमें सिख धर्म का भी योगदान महत्वपूर्ण है। किंतु जिस काशी में रैदास का जन्म हुआ था, वहाँ से एक भी स्वतंत्र हस्तलेख अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है। यह दुखद है। दुखद इसलिए कि रैदास की मातृभाषा काशी की थी। इसलिए उनकी बानी में काशी की भाषा की प्रमुख भूमिका रही होगी। ऐसा सहज ही अनुमान किया जा सकता है। लेकिन काशी में लिखित कोई हस्तलेख नहीं मिल पाने के कारण अन्य प्रांतों की भाषाएँ उनकी बानी पर हावी हो गई हैं। यह पाठ - संपादन की सबसे बड़ी कठिनाई है। जैसा कि हम डॉ. शुकदेव सिंह द्वारा संपादित " रैदास बानी " में देखते हैं कि " चाम का हाती चाम का राजा " लिखा है। बनारस की भाषा में " हाथी " को " हाती " कहने और लिखने का प्रचलन पहले भी नहीं था और आज भी नहीं है। "कबीर ग्रंथावली" में एक बार भी " हाती " का लेखन नहीं है। वहाँ " हाथी " लिखा जरूर मिलता है। चूँकि कबीर और रैदास दोनों बनारस के थे। दोनों समकालीन थे। दोनों में परस्पर संवाद भी होता था। मुगल काल की चित्रकारी में हमें कबीर और रैदास के संयुक्त चित्र मिलते हैं। इसलिए रैदास की काव्यभाषा भी कबीर की काव्यभाषा से बिल्कुल अलग नहीं रही होगी। दोनों पर काशी की भाषा की छाप रही होगी। रैदास के पाठ - संपादन में हमें सदैव इस बात का ख्याल रखना होगा। चूँकि कबीर की भाषा, पाठ-संपादन तथा उनके शब्दकोश पर अनेक काम हो चुके हैं। सो, रैदास के पाठ - संपादन के सिलसिले में कबीर के पाठ - संपादन से मदद मिलेगी। अनेक पदों के पाठ इतने भ्रष्ट हो चुके हैं कि उसके मूल को पकड़ना बहुत कठिन है। एक उदाहरण " रैदास बानी " से लिया जा सकता है, वह पद संख्या 69 है। लिखा है -चाम की गऊ

**चाम का बचड़ां।**
**चामहि धुने चामहि टांडां।।**

जाहिर है कि दूसरी पंक्ति का पाठ भ्रष्ट है। इसलिए इस पद का भाव और अर्थ पकड़ने में कठिनाई है। प्रथम पंक्ति में साफ है कि गाय भी चाम की तथा बछड़ा भी चाम का है। लेकिन दूसरी पंक्ति का प्रथम पंक्ति से कोई सामंजस्य नहीं है। यदि हम " धुने " की जगह " दुहे " कर दें तथा " ठांड़ां " की जगह " थांड़ां " कर दें तो पाठ सही हो जाएगा।

**चाम की गऊ चाम का बचड़ां।**
**चामहि दुहे चामहि थांड़ां।।**

दरअसल इस पद में रैदास चाम का महत्व स्थापित कर रहे हैं। इसलिए वे कहते हैं कि गाय भी चाम की तथा उसका बछड़ा भी चाम का है। इतना ही नहीं बल्कि गाय को दुहनेवाला ग्वाल भी चाम का है और जिस थन को ग्वाल दुह रहा है, वह थन भी चाम का है। गो - दोहन को वे दो पंक्तियों में बताते हैं। इसके ठीक नीचे राजा और उसके काफिले का वर्णन है, वह भी दो पंक्तियों में है। दूसरी बात कि " बचड़ां " के तर्ज पर हमें " थांड़ां " लिखना होगा, जबकि मूल पाठ में " ठांडां " लिखा है। " ड " की जगह यहाँ " ड़ " होगा।

पाठ - संपादन और अर्थ - निर्धारण के बीच गहरा रिश्ता होता है। यदि पाठ अशुद्ध है तो जाहिर है कि अर्थ भी गलत होगा। एक उदाहरण बेगमपुर वाला पद से लेते हैं। इसमें एक जगह " दोम न सेम " लिखा मिलता है, जिसका अर्थ अनेक आलोचकों ने अनेक प्रकार से किया है। वे दोम को " दोयम " का लघु रूप मान लेते हैं तथा आगे सेम की मनमानी व्याख्या कर डालते हैं। सेम का अर्थ तीसरे दर्जे का नागरिक किसी भी भाषा में नहीं है। कुछ लोगों ने इसे "सोम" कर लिया है और फिर बता दिया है कि इसका अर्थ तीसरे दर्जे का नागरिक होगा। लेकिन "सोम " का अर्थ भी अरबी - फारसी - तुर्की या भारत की अन्य भाषाओं में कहीं भी तीसरे दर्जे का नागरिक नहीं मिलता है। कतिपय आलोचकों ने इसे " सौम " मान लिया है, जो अरबी का है। लेकिन अरबी के सौम का अर्थ " महंगा करके बेचना " होता है। यदि यहाँ " सौम " मान भी लें तो इसका कोई तालमेल " दोम " के साथ नहीं है। पद में आगे लिखा है कि " एक सो आहि " मतलब कि बेगमपुर में सभी एक समान हैं। फिर दूसरे और तीसरे दर्जे के नागरिक की कल्पना करने का कोई औचित्य नहीं जान पड़ता है। दरअसल यहाँ सटीक पाठ है - दाम न साम। चूँकि इस पूरे पद में पातिसाही का वर्णन है। राज सत्ता किस तरह से दाम और साम का प्रयोग करती है, बताने की जरूरत नहीं है। रैदास ने जिस बेगमपुर की संकल्पना प्रस्तुत की है, उसमें उन्होंने यह बताने का प्रयास किया है कि बेगमपुर बिना शोक की नगरी है, सो वहाँ साम - दाम जैसे राजकीय हथियार इस्तेमाल नहीं किए जाते हैं। मैंने यहाँ रैदास बानी के पाठ - संपादन की एक झलक मात्र प्रस्तुत की है, इसकी पूरी प्रक्रिया को लिखने के लिए स्वतंत्र पुस्तक तैयार करनी होगी, जो यहाँ संभव नहीं है।

मध्यकाल के "आदिग्रंथ" में रैदास की 40 बानियाँ संगृहीत हैं। इसे रैदास बानी का प्रामाणिक तथा प्राचीनतम संग्रह माना जाता है। लेकिन आदिग्रंथ में शामिल रैदास की बानियाँ कहाँ से ली गई हैं,

इसका पता नहीं चल सका है। इसका संकलन 1604 ई. में सिखों के पाँचवें गुरु अर्जुन देव ने किया था। आधुनिक काल में रैदास बानी का पहला संकलन बेलवीडियर प्रेस, इलाहाबाद से प्रकाशित हुआ। बेलवीडियर प्रेस ने 1907 ई. से संतों की बानी प्रकाशित करना प्रारंभ कर दिया था। इस संकलन का नाम "रैदास जी की बानी" है। संकलन के आरंभ में रैदास जी का जीवन - चरित्र दिया गया है। जीवनी एकदम से पारंपरिक ढंग से लिखी गई है। फिर सबसे पहले रैदास की 6 साखियाँ संकलित हैं। फिर आगे 87 पद संकलित हैं। संकलन राग के हिसाब से है और इसमें कठिन शब्दों का अर्थ भी देने की कोशिश है। आजादी के बाद परशुराम चतुर्वेदी ने संत - काव्य " का संपादन किया, जिसका प्रथम संस्करण 1952 ई. में आया था। यह संपादन किताब महल, इलाहाबाद से छपा है। इस संकलन में कवि जयदेव से लेकर स्वामी रामतीर्थ के समय तक की चुनी हुई रचनाएँ शामिल की गई हैं। इसमें सबसे पहले रैदास की संक्षिप्त जीवनी लिखी गई है। फिर उनके पद दिए गए हैं। पद विषय के अनुसार रखे गए हैं, जैसे विनय, दैन्य भाव, नाम महत्व, चेतावनी आदि। इसमें रैदास के कुल पदों की संख्या 28 है। आखिरी में रैदास की 3 साखियाँ संकलित की गई हैं। संपादक ने हर पद के नीचे पाठकों की सुविधा के लिए कठिन शब्दों का अर्थ दिया है। परशुराम चतुर्वेदी के बाद वियोगी हरि ने "संत - सुधा - सार" का संपादन किया। यह संपादन संस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ। वह साल 1953 ई. था। इस संपादन में कुल मिलाकर 37 संतों की रचनाएँ हैं। सिद्ध सरहपाद से लेकर तुलसी साहब तक की रचनाएँ इसमें शामिल हैं। आचार्य विनोबा ने इसकी प्रस्तावना लिखी है। इस संग्रह में रैदास के 31 पद और 5 साखियाँ हैं। आरंभ में छोटी - सी जीवनी लिखी गई है। फिर रैदास के पद दिए गए हैं। हर पद में राग का जिक्र है। कठिन शब्दों का अर्थ भी दिए गए हैं। संपादन का आधार संपादक ने खुद बता दिया है। इसमें श्री गुरुग्रंथ साहब, रैदास जी की बानी, भक्तमाल तथा भगवान रविदास की सत्य कथा से मदद ली गई है। रैदास जी की बानी ( बेलवीडियर प्रेस ) में आदिग्रंथ में संकलित रैदास के कुछेक पदों को जगह मिली है। कई पद ऐसे भी हैं जो "आदिग्रंथ" में नहीं हैं। परशुराम चतुर्वेदी ने अपने संकलन में "आदिग्रंथ" और "रैदास जी की बानी" दोनों को आधार बनाया है। " संत - सुधा - सार " के बाद 1955 ई. में "संत रैदास और उनका काव्य" नामक पुस्तक प्रकाशित हुई। इसमें भी रैदास की बानियाँ संकलित हैं। इसके संपादक रामानंद शास्त्री हैं और इसका प्रकाशन रविदास आश्रम ज्वालापुर, हरिद्वार से हुआ।

1950 के दशक के आखिर में रैदास पर एक नए ढंग की आलोचनात्मक पुस्तक प्रकाशित हुई, जिसका नाम "संतप्रवर रैदास साहेब" है। इसके लेखक चंद्रिका प्रसाद जिज्ञासु हैं। "संतप्रवर रैदास साहेब " ( पूर्वार्द्ध ) का प्रकाशन 1959 ई. में हुआ था। इस पुस्तक ने रैदास को देखने की एक नई दृष्टि दी। इस पुस्तक में जिज्ञासु ने रैदास को ब्राह्मणवादी कहानियों से मुक्त किया। उन्होंने बताया कि रैदास के गुरु रामानंद नहीं थे। जिज्ञासु ने रैदास के जीवन से जुड़ीं ऐसी सभी चमत्कारी घटनाओं का खंडन किया है। "संतप्रवर रैदास साहेब " का दूसरा खंड 1968 ई. में प्रकाशित हुआ। दोनों भाग बहुजन कल्याण प्रकाशन, लखनऊ से छपे हैं। डॉ. जोगिंदर सिंह, पृथ्वी सिंह आजाद, रत्न चंद और बेणी प्रसाद शर्मा ने भी अपने - अपने ढंग से रैदास बानी का संपादन किया। 1986 में इंद्रराज सिंह लिखित "संत रविदास " का प्रकाशन हुआ। इसे प्रकाशन विभाग ने छापा है। इसमें रैदास के 58 पद एवं 6 साखियाँ हैं। लेकिन पुस्तक इसलिए महत्वपूर्ण है कि इसमें रैदास का जीवन - वृत्त, उपलब्धियाँ एवं अन्य पक्षों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया है। इंद्रराज सिंह ने रैदास पर प्रकाशित पुस्तकों के बारे में भी जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि डॉ. बेणी प्रसाद शर्मा ने 8 - 10 वर्षों के अथक प्रयत्न से रैदास के उपलब्ध प्राय: सभी महत्वपूर्ण हस्तलेखों का निरीक्षण करके अधिकाधिक पदों को संगृहित कर प्रामाणिक रूप से संपादित करने का प्रयास किया है। उनके संपादन में 177 पद तथा 49 साखियाँ हैं। साखियाँ इसलिए कम हैं कि उन्होंने पृथ्वी सिंह आजाद के "रैदास - दर्शन" में शामिल 193 साखियों को छोड़ दिया है ( संत रविदास, इंद्रराज सिंह, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, परिशिष्ट 2) । डॉ. बेणी प्रसाद शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक का नाम "संत गुरु रविदास वाणी" है। डॉ. धर्मपाल मैनी और डॉ. धर्मवीर ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण काम किया है। इक्कीसवीं सदी के आरंभ में डॉ. शुकदेव सिंह ने "रैदास बानी" का संपादन किया है। इसका पहला संस्करण राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली से 2003 ई. में छपा है। इसमें 193 पद संकलित हैं। हर पद का पाठांतर भी दिया गया है। इसमें 14 साखियाँ भी हैं। पाठ - संपादन निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। अभी रैदास के पाठ - संपादन और भी होंगे तथा उनकी भूली - बिसरी बानियाँ और भी मिलेंगी।

**********

# श्यौराज सिंह बेचैन की कहानियों में संवेदना के विविध रूप :'हाथ तो उग ही आते हैं '

**शमीम पी**
सहायक आचार्य
हिंदी विभाग सरकारी ब्रेनन कॉलेज
धर्मडम, तलशेरी, कन्नूर – 670106 मोब: 7356108164

हिंदी साiहित्य धारा को जाति एवं वर्ग चेतना की मशाल से रोशन करने वाले प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं पत्रकार हैं श्यौराज सिंह बेचैन। उनकी कहानियों के केंद्र में शोषण, गरीबी, अशिक्षा, जातिवाद और भेदभाव के शिकार दलित जीवन का संघर्ष रहा है। उन्होंने वर्तमान और अतीत का विश्लेषण करके उसके आधार पर सवर्णवादी मानसिकता को बेनकाब करने का सफल प्रयास किया है । यही नहीं दलितों के संघर्ष, उत्पीड़न, प्रतिकार, चेतना आदि को उजागर कर सामाजिक न्याय साबित करने का आह्वान थी सशक्त रूप से उनकी रचनाओं में प्रतिफलित है। भोगे हुए यथार्थ को वास्तविकता के धरातल पर प्रतिष्ठित करते हुए अपने अनुभव के आलोक से सदियों से संतप्त दलित वर्ग के संघर्ष को पाठक के सामने समग्रता से प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया है।

श्यौराज सिंह बेचैन जी की साहित्यिक प्रेरणा के पीछे एक लंबा संघर्ष रहा है। बचपन से ही उन्होंने दलित होने की पीड़ा को भोगा। वे एक प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि, सामाजिक लेखक, समीक्षक, नाटककार, कहानीकार, एवं कहानीकार है। उनकी प्रसिद्ध रचनायें है: हिन्दी दलित पत्रकारिता पर अंबेडकर का प्रभाव, क्रौंच हूँ में, नई फसल(कविता संग्रह), उत्तर आधुनिक अस्पृश्यता के दौर में(निबंध संकलन), मेरा बचपन मेरे कंधों पर (आत्मकथा), भरोसे की बहन(कहानी संग्रह) आदि। श्यौराज जी ने अपना रचनाओं के माद्धम से दलित वर्ग की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व सांस्कृतिक समस्याओं, पीड़ाओं और अत्याचारों को बड़ी सजीवता से उठाने का साहसिक प्रयास किया है।

श्यौराज जी का नया कहानी संग्रह, 'हाथ तो उग ही आते हैं' में नौ कहानियां संकलित है। "इस संग्रह की एक- एक कहानी एक-एक उपन्यास की कथा समेटे हुए है ।यह देश की सांस्कृतिक बहुलता तथा विविधता का प्रतिनिधि उदाहरण है, जिसमें लगता है पात्र पृष्ठों के बाहर आकर पाठकों के कानों में अपना भोगा हुआ सच बयान कर रहे हैं"।[1] इस संकलन की कहानियों में स्त्री जीवन, जाति दंश, अस्मिता के प्रश्न, पात्रों में अधिकार चेतना, मूल्य, मर्यादा और भविष्य निर्माण की अकुलाहट से पाठक के हृदय को झकझोरती है। यह कहानियां समाज की सच्चाइयों, विद्रूपताओं, घिसी- पिटी मानसिकताओं और दलित जीवन के संघर्षों का खुलासा कर सवर्णवादी व्यवस्था को उसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं ।इन कहानियों में उन्होंने दलित समाज की वेदना को महसूस कर जाति भेद के अपमान सहते हुए सवर्ण मानसिकता द्वारा थोपे गए अभाव, उत्पीड़न एवं अवरोधों के संताप के खिलाफ संघर्ष करते हुए दलित एवं स्त्री पात्रों का सृजन किया है।

स्त्री जीवन की वास्तविक वेदना को उजागर करती हृदयस्पर्शी कहानी है 'घूँघट उठा था क्या'? लाडो नामक लड़की, नाचती-गाती, खिलखिलाती, पढ़ने को इच्छुक सुंदरी का विवाह अपनी बाप के उम्र के चौधरी बलाधीन के साथ कर दी जाती है। सदा घूंघट से ढके उस सुंदर मुखडे को एक बार निहारने का मोह युवा नौकर बच्चू के दिल में उमड़ता रहता है जो स्वाभाविक भी है क्योंकि वह उसकी मालकिन थी। बलाधीन की वासना का शिकार बन उसके इशारों पर घूँघट में अपना चेहरा छुपाए अपने अरमानों को भूल कर बलाधीन की पत्नी बन जीवन गुजारती है। बच्चू के मन में अपनी मालकिन को देखने की चाहत की लहर उठती रहती है जो कहानी के अंत तक कभी पूरी नहीं हो पाती। जब प्रसव के दौरान अनेक नवयुवतियों के समान कच्ची उम्र में ही रक्तस्राव से उसकी मृत्यु हो जाती है। हवेली पहुंचकर बच्चू अन्य नौकरों से आहिस्ता पूछता है "तुम में से किसी ने उनका चेहरा देखा था क्या? मुखाग्नि देते वक्त भी घूंघट हटा था क्या?"[2] उसके इस प्रश्न के साथ कहानी समाप्त हो जाती है लेकिन हमारे समाज में आज भी गरीबी के कारण, दहेज प्रथा के कारण कितनी ही लाडो का जीवन बलि वेदी पर चढ़ गया है । यह कहानी स्त्री स्वतंत्रता, स्त्री चेतना, स्त्री मुक्ति आदि नारो के आगे प्रश्नचिन्ह लगाती है कि क्या कभी स्त्री पूर्णतया इस घूँघट से बाहर निकल पाएगी?

हमशक्ल' कहानी मे लेखक ने भ्रष्ट राजनीति, अधिकार प्राप्ति का मोह, अधिकार के लिए उच्च वर्ग की राजनीतिक चालबाजी, पुरानी घिसी- पिटी मान्यताओं का प्रचलन आदि के शिकार दलित वर्ग की पीडाओ को बखूबी उकेरा हैं। अपने घर के निम्न वर्ग की नौकरानी के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने में उच्च वर्ग के लोग पीछे नहीं हटते। उनको शारीरिक शोषण का शिकार बनाकर अपने बच्चों को जन्म देने के लिए विवश करते और अवसर प्राप्त होने पर उन बच्चों का भी शारीरिक शोषण और क्रूरता से हत्या कर देने से भी नहीं झिझकते ।इन्हीं सच्चाइयों का उद्घाटन इस कहानी में किया गया है ।

'आग और फूँस' कहानी आजीवन संघर्ष करती विधवा नारी की कहानी है जिसका नाम है सरवती। जो अपने पति के मृत्यु उपरांत अपने ससुर की जिम्मेदारी बन जाती है। जातिगत, सामाजिक विद्रूपताओं एवं सवर्ण वर्ग के उत्पीड़न का मुकाबला करते हुए संघर्षरत नारी सर्वती पग -पग पर टूटती -बिखरती संघर्ष करती आगे बढ़ती है । वह सामूहिक बलात्कार का शिकार होती है व इतनी क्रूरता और अत्याचार सहन कर वह जीने की इच्छा खो देती है दाताराम उसको समझाता है, "यह तुम कैसे बातें करती हो? मैं कहता हूं जो जबरदस्ती करता है वास्तव में वही मरता है और अपनी मनुष्यता को भी मारता है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि तुम मेरे होते मर नहीं सकती। मैं जीते जी तुम्हें मरने नहीं दूंगा।"[3] लोगों की नजर में उनका रिश्ता आग और फूँस का रिश्ता, लेकिन दोनों के लिए यह रिश्ता जीने का हौसला और संघर्ष का मार्ग प्रशस्त करता है ।अपने ससुर के आश्वासन और सहारे के बल पर सरवती समस्याओं का मुकाबला करते हुए आगे बढ़ती है। आगे भी कई कठिनाइयां उनके आगे आती है लेकिन उनकी परवाह किए बिना आजीवन संघर्ष करते समाज के निम्न वर्ग की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित करती है। सर्वती गरीब बस्ती के बच्चों के लिए एक निशुल्क शिक्षा केंद्र खोलती है । वहां ज्ञानदान का बोर्ड लगाकर अत्यंत निर्धन, अछूतों और अल्पसंख्यकों के बच्चों को तालीम देती है ।उसके स्कूल में बाल श्रमिक और बेसहारा बच्चे पढ़ने आते हैं। लेकिन जब यह खबर शिक्षा व्यवसाइयों के कानों में पहुंचती है तो वे इस संस्था का विरोध करते हैं और कहते हैं "अच्छा इंसान बनाने को तुम्हें यह भूखे नंगे, मैले-कुचैले गरीब और अछूत ही मिले हैं सबसे स्वच्छ और संपन्न घरों के बच्चे नहीं मिले तुम्हारा उद्देश्य क्या है ?"[4] दलितों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं आ पाया है ।शिक्षा के क्षेत्र में आज भी दलित पिछड़ रहे हैं । सवर्ण वादी मानसिकता के कारण निम्न वर्ग शिक्षा प्राप्त करने के अवसर से वंचित कर दिए जाते हैं हैं । सरवती प्रयास करती है कि वह इन बच्चों की कुछ मदद करे लेकिन उसे व्यवसायियों के घृणा का पात्र बनकर अपना सब कुछ दांव पर लगाना पड़ता है।

'हाथ तो उग ही आते हैं', कहानी, गरीब, असहाय स्त्री की कहानी है जो बड़े लोगों के घरों में काम करके अपना जीवन गुजारती है ।वह अपने बच्चे को साथ लेकर अपने मालकिन के घर काम के लिए जाती है जिसके लिए मालकिन तानाकशी करती है । शहरों में रहने वाली उच्च वर्गों की स्त्रियां निम्न वर्ग की स्त्रियों से काम कराने की इच्छुक होती है लेकिन उनकी जाति उन्हें हमेशा खलती रहती है। इसलिए वह हमेशा तानाकशी करती रहती है। एक दिन मालकिन के बेटे की असावधानी के कारण उसका बच्चा दुर्घटना का शिकार हो जाता है। अस्पताल पहुंचती है तो समझती है कि देर हो जाने के कारण अब तो उसके बच्चे के हाथ काटने पड़ेंगे ।यह हृदय विदारक कहानी मानव मन को अंदर तक झकझोर ती है आज भी हमारे देश में निरीह, असहाय नारी, जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं से भी वंचित, चिकित्सा से वंचित है ।उच्च वर्ग की प्रवृत्तियों का शिकार होकर जीवन भर कष्ट सहने के लिए बाध्य होकर जीते हैं ।उच्च वर्ग के लोगों की लापरवाही का शिकार बनना तो निम्न वर्ग के लोगों की तकदीर है ।'हाथ तो उग ही आते हैं' शीर्षक भविष्य में आशाओं का संचार करता है ।लेकिन दंगे फसाद शोषण से पीड़ित दलित वर्ग का जीवन नरक ही बन जाता है। जब दंगे फसाद होते हैं तो गरीब, असहाय दलित वर्ग के लोग ही उत्पीड़न का शिकार बनते हैं। रूक्खो कहती है "हम तो चौधरियों के गांव के अछूत हैं, हम न हिंदू है ना मुसलमान हैं, पर हमे लड़ाई के वक्त मुसलमान तो हिंदू समझ कर मारते हैं और हिंदू अछूत जानकर।"[5]

'कार्ड संख्या 2118' एक ऐसे निम्न वर्ग के व्यक्ति के संघर्ष का चित्रण करता है जो अपने ही जाति के लोगों की निर्मम क्रूरता का शिकार बनता है ।लेखक कहते हैं अशोक ऐसे ही था कभी प्रधान की शिकायत, तो कभी लेखपाल की, कभी बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति स्थापना के विवाद में टांगे अड़ाई। उसके जीवन की विडंबना यह थी की समाज के बाहरी ताकतों के हाथों नहीं बल्कि अपने समाज के लोगों के हाथों मारा गया था ।उसकी जाति के लोग हमला कर उसे मार डालते हैं ।वह व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करता है उसका यह विश्वास है कि वह अपने हक प्राप्त करके ही रहेगा। वह हार मानने को तैयार नहीं होता हे। लेखक उसके बारे में कहते हैं कि "अशोक को उसकी गरीबी ने हीं दुस्साहसी बनाया था।कोई मेरा क्या बिगाड़ लेगा..... मेरे पास खोने गवाँने के लिए रखा ही क्या है? कहकर बेफिक्र सा हो जाता था पर उसे धमकियां मिल रही थी ।"[6] वह उस वर्ग का प्रतिनिधि था जो समझता है कि संविधान की प्रस्तावना में ही उसका जीवन और मानव गरिमा की सुरक्षा की बात कही गई है।

'अस्थियों के अक्षर' कहानी भी निर्धन, असहाय निम्न वर्ग के नारी की व्यथा कथा को चित्रित करती है जो पुरुष वर्ग के हाथों प्रताड़ना का शिकार बनती है। वर्तमान समाज में भी, निम्न वर्ग के समाज की स्त्रियां दवा, भोजन एवं स्वास्थ्य के अभाव में मौत का शिकार बनती है। लेखक बचपन में अपनी पढ़ने की इच्छा को दबाकर न रख पाए थे और इसके लिए रुपए चुरा कर किताब खरीद कर पढने का प्रयास करते हैं ।लेकिन उनकी प्रवृत्ति का फल उनकी मां को भुगतना पड़ा। अपने पति और रिश्तेदारों के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक अत्याचार का शिकार बनना तो दलित स्त्री के जीवन का एक कड़वा सच है। लेखक चाहते थे कि माँ के आगे अपनी गलती कुबूल करे लेकिन जीवन भर कह नहीं पाए। नारी जीवन की त्रासदी के हर पहलू का निदर्शन करती कहानी दलित नारी के जीवन संघर्ष का बखूबी चित्रण करती है। सदियों से स्त्री का उत्पीड़न वर्गगत संदर्भ में भी होता है और लिंग के आधार पर भी। दलित स्त्री का उत्पीड़न वर्ग ,जाति, व लिंग तीनों स्तरों पर होता है। वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में अधिकांश दलित नारी का शोषण पुरुषों और उच्च वर्ग की नारियों के द्वारा होता है।परिवार में भी उसे कोई अहमियत नहीं दी जाती है। सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के अभाव में उसका जीवन बदतर होता जाता है।' वह अम्मा जैसी थी', 'सिस्टर' आदि कहानियां मानवीय संवेदना एवं जीवन की आकस्मिकता को दर्शाती है। जीवन में कुछ फैसले बाद में मानव के लिए पछतावा अकेलापन और दुख का कारण बन जाता है। कुछ रिश्तो को प्राथमिकता न देना और उपेक्षा कर देना, जीवन की इन विडंबनाओ को दर्शाने वाली कहानियां है। मिलन और बिछोह तो जिंदगी के ही दो पहलू है। लेखक का मानवतावादी दृष्टिकोण इन कहानियों में प्रतिबिंबित होता है। 'छोटू' कहानी का पात्र ऐसे बच्चों का प्रतिनिधित्व करता है जो ठेकेदार के हाथों भिखारी बनकर जीने के लिए बाध्य होता है। इन बच्चों का बचपन कूड़े के ढेर एवं ठेकेदारों के मारपीट व यातनाओ के बीच गुजरता है। वह ऐसा ही बच्चा था जो दर-दर की ठोकर खाने के लिए और ठेकेदार के प्रताड़ना का शिकार होने के लिए जन्मा था। उसे किसी कूड़े के ढेर से किसी को मिला था। उसकी परवरिश मांगे हुए पैसे से होती है जिसका दसवां हिस्सा ही उसे मिल पाता और बाकी तो मालिक हड़प कर जाता था। इस दौरान ही सड़क पर एक दुर्घटना के समय वह ज़ख्मी हो जाता है।इलाज के खर्चे के लिए पैसा ना होते हुए बस प्रतीक्षा में जीता है कि एनजीओ वाले आकर जानवरों को जिस प्रकार ले जाते हैं उसी प्रकार उन्हें भी ले जाकर उनका भी इलाज करेंगे। वह नहीं समझ पाया लेकिन वोट की राजनीति ही हर कहीं चलती है यही तो वास्तविकता है। ऐसे ही दुविधा में फँसे बच्चों की लाचारी को बयान करती कहानी दिल को छू जाती है। ज़ख्मी बच्चों की लाचारी का फायदा उठाने वाले ठेकेदार कहता है "इलाज का खर्चा क्या तेरा बाप देगा? जा मांग पहले तुझे घायल होने का नाटक करना पड़ता था, लेकिन अब तो असल में घायल है या ज्यादा मांग कर ला खून के धब्बे भी पोंछने की जरूरत नही। यहां दया पाने के लिए दया करने लायक दिखना भी चाहिए ।"[7] इस कहानी के जरिए लेखक असहाय, निर्धन, लाचार बच्चों के जीवन की लाचारी का चित्रण करते हैं जिनके जीवन में ना तो कोई रोशनी की किरण नजर आती है और न कोई उम्मीद। सिर्फ ठेकेदार की गाली और दिन रात मेहनत यही उनकी तकदीर में लिखा होता है। इसी दुर्दशा का चित्र लेखक इस कहानी के द्वारा प्रस्तुत करते हैं।'हाथ तो उग ही आते हैं कहानी संग्रह के गहन अध्ययन के उपरान्त यह निष्कर्ष लगा सक्ते हे कि श्यौराज सिंह जी अपनी कहानी संग्रह 'हाथ तो उग ही आते हैं' में मानव संवेदना के विभिन्न पहलुओं, स्त्री जीवन की विडंबना, जातिगत भेदभाव, उत्पीडन, स्त्री अस्मिता के प्रश्न, बाल उत्पीड़न, पुरुष सत्तात्मक समाज मे स्त्री शोषण, राजनेताओं के दांव- पेंच आदि का बखूबी चित्रण करते हैं । इस संग्रह की कहानियां मानव संवेदना को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ती है। रचनाकार दलित समाज के जीवन की चुनौतियों का सच्चा लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हैं। उनका लेखन सामाजिक संघर्षों का दस्तावेज है। जीवन की चुनौतियां, भावनाएं, जीवन के कटु यथार्थ उनकी रचनात्मकता में स्वत: ही गहराई और कलात्मकता के साथ प्रकट होते है। उनकी कहानियों में अंधविश्वास और रूढ़ियों पर प्रहार, नारी चेतना राजनीति पर कटाक्ष, दलित वर्ग के प्रति सहानुभूति भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता, बाल विवाह जैसी कुप्रथा, अछूतों की पीड़ा, व्यवस्था विरोधी स्वर, असमानता के विरूद्ध आंदोलन, आधुनिक बोध और परिवार कल्याण आदि विषयों पर चर्चा की गई है। दलित जीवन की दशा, पीड़ा, घुटन, मजबूरी, शोषण तिरस्कार उन्होंने गहराई से समझा है। दलित वर्ग में चेतना का विकास करने के लिए उन्होंने अपने कहानियों के माध्यम से सफल प्रयास किया है।

**********

संदर्भ सूची

1 श्यौराज सिंह बेचैन, हाथ तो उग ही आते हैं, आवरण पृष्ठ
2 वही, पृ. सं. 31
3 वही, पृ. सं. 103
4 वही, पृ. सं. 105
5 वही, पृ. सं. 115
6 वही, पृ. सं. 127
7 वही, पृ. सं. 157

# दलित जीवन की भयानक त्रासदी : 'सद्गति'

**डॉ. पान सिंह**
हिंदी विभाग, हिमाचल प्रदेश
विश्वविद्यालय, शिमला-5

हिन्दी साहित्य में कहानी सबसे प्राचीन विधा के रूप में जानी जाती है। हिन्दी कहानी विधा का अध्ययन करने से पता चलता है कि हिन्दी साहित्य में विभिन्न प्रकार की कहानियां लिखी जा चुकी हैं और लिखी जा रही हैं। विद्वानों ने कहानी का वर्गीकरण करते हुए अनेक प्रकार बताए हैं। स्थूल रूप से कहानियों को तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है- कथा प्रधान, वातावरण प्रधान, प्रभाव प्रधान कहानियां। कथा प्रधान कहानियां तीन प्रकार की होती हैं- घटना प्रधान, कार्य प्रधान, चरित्र प्रधान। विषयवस्तु की दृष्टि से कहानियों को विभिन्न प्रकार से विभक्त किया जा सकता है। जैसे- सामाजिक कहानियां, ऐतिहासिक कहानियां, मनोवैज्ञानिक कहानियां, राजनीतिक कहानियां आदि। शिल्प एवं शैली की दृष्टि से कहानियां पांच प्रकार की होती हैं- वर्णात्मक, आत्मकथात्मक, पत्रात्मक, संवादात्मक तथा प्रतीकात्मक। उदेद्श्य की दृष्टि से कहानियां का वर्गीकरण तीन प्रकार से किया जा सकता है- आदर्शवादी कहानियां, यथार्थवादी कहानियां तथा आदर्शोन्मुख यथार्थवादी कहानियां। कहानी परम्परा में प्रेमचन्द युग को कहानी के विकास का काल माना जाता है। इस युग में कहानी सही रूप से मनुष्य तथा जनसमाज से जुड़ी और यह काम मुन्शी प्रेमचन्द जी ने किया। मुन्शी प्रेमचन्द ने आदर्शोन्मुख यथार्थवादी कहानियां लिखी। उनकी अधिकतर कहानियों में मनुष्य एवं समाज का यही रूप दिखाई देता है। मुन्शी प्रेमचन्द की तर्ज पर ही दलित लेखक रूपनारायण सोनकर ने अपनी कुछेक कहानियां रची हैं, लेकिन दोनों ही कहानीकारों का कथानक और कथ्य नितांत भिन्न है| दोनों कहानीकारों की कहानियों के नाम एक जैसे होने पर भी भिन्नता बहुत अधिक है| दोनों ही रचनाकारों की कहानियाँ वैचारिक, शिल्पगत और भावगत स्तर पर अलग हैं| जहां प्रेमचन्द जी ने आदर्शोन्मुख यथार्थवादी कहानियां लिखी हैं, वहीं रूपनारायण सोनकर ने यथार्थवादी कहानियां रची हैं। इस शोधालेख का मुख्य उद्देश्य प्रेमचन्द की कहानी 'सद्गति' और रूपनारायण सोनकर की कहानी 'सद्गति' का विश्लेषण एवं मूल्यांकन करते हुए दलित जीवन की भयानक त्रासदी को प्रस्तुत करना है।

मुन्शी प्रेमचन्द तथा सोनकर ने दलित समाज को लेकर एक ही शीर्षक की दो कहानियां लिखी हैं। जहां प्रेमचन्द की कहानी का नाम 'सद्गति' था, वहां सोनकर ने भी अपनी कहानी का नाम 'सद्गति' ही रखा। लेकिन सर्वप्रथम अन्तर यह है कि प्रेमचन्द की कहानी 20सवीं सदी में वर्णित है और सोनकर की कहानी 21सवीं सदी की कहानी है। लगभग दोनों कहानियों में एक सदी का अन्तर है। दोनों कहानियों का कथ्य और शिल्प भी भिन्न है| समानता यह है कि दोनों कहानियों में दलित समाज के शोषण की गाथा समाहित है। लेकिन कहानी कहने का अन्दाज दोनों का बिलकुल भिन्न-भिन्न। प्रेमचन्द की कहानी 'सद्गति' की पहली पंक्ति की शुरूआत बहुत ही साधारण-सी प्रतीत होती हैं- ''दुखी चमार द्वार पर झाड़ लगा रहा था।'' वहीं सोनकर ने अपनी कहानी का आरंभ बड़ी दार्शनिकता के साथ प्रस्तुत किया है| कहानी के आरंभ में वे लिखते हैं- ''जिस तरह पेन में भरी स्याही लिखते-लिखते समाप्त हो जाती है, उसी तरह मनुष्य का जीवन चलते-चलते समाप्त हो जाता है। पेन की स्याही समाप्त होने पर उसको दुबारा भरा जा सकता है। लेकिन जीवन की गति रूकने पर उसे गतिमान नहीं बनाया जा सकता है।'' उच्चवर्ग द्वारा निम्नवर्ग का शोषण दोनों कहानियों का कथानक है। समाज में फैली छुआछूत तथा दलित शोषण का पर्दाफाश करना दोनों ही कहानियों का उद्देश्य रहा है। प्रेमचन्द की कहानी 'सद्गति' में एक ब्राह्मण द्वारा दलित जाति के दुखी नामक पात्र का शोषण दिखलाया गया है। दुखी नामक पात्र अपनी लड़की की शादी की साइत सगुन विचारने हेतु ब्राह्मण के घर जाता है और ब्राह्मण उसके बदले उससे कई कार्य करवा लेता है। पंडित कहता है- ''घास को गाय के सामने डाल दे और जरा झाड़ लेकर द्वार तो साफ कर दे। यह बैठक भी कई दिन से लीपी नहीं गई। उसे भी गोबर से लीप दे। तब तक मैं भोजन कर लूं। फिर जरा आराम करके चलूंगा। हां, यह लकड़ी भी चीर देना। खलिहान में चार खांची भूसा पड़ा है। उसे भी उठा लाना और भुसौली में रख देना।'' अपनी दलित जाति के होने के कारण वह उनसे कुछ मांग भी नहीं सका और भूखा-प्यासा काम पर लगा रहा। हुक्का पीने का मन हुआ तो वह पंडित के घर केवल आग लेने जाता है, उस पर पंडिताइन क्रोधित होकर कहती है- ''चमार हो, धोबी हो, पासी हो, मुँह उठाये घर में चला जाये। हिन्दू का घर न हुआ, कोई सराय हुई। कह दो दाढ़ीजार से जला जाये नहीं तो इस लुआठे से मुंह झुलस दूंगी। आग मांगने चले हैं।'' इन उच्च वर्ग के ठेकेदारों की बात उसके कानों तक पड़ जाती है तो वह सोचता हुआ अपने आप से कहता है- ''सच तो कहती हैं। पंडित के घर में चमार कैसे चला आये। बड़े पवित्तर होते हैं यह लोग, तभी तो संसार पूजता है, तभी तो इतना मान है।'' वह अपने आपको ही कोसता है।

प्रेमचन्द की कहानी में दलित चेतना है। उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों तथा बाह्याडम्बरों का नग्न चित्रण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उच्चवर्ग के द्वारा निम्न वर्ग के शोषण का कच्चा चिट्ठा खोला है। तत्कालीन स्थिति, परिवेश तथा समाज का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है। दुखी नामक पात्र उनके यहां काम करता हुआ मर जाता है, लेकिन उच्चवर्ग को उसके प्रति कोई दया का भाव या सहानुभूति नहीं है। वे उसे केवल एक लाश समझते हैं। ऐसी लाश जिसे पंडित रस्सी डालकर खींचकर गांव से बाहर फैंक देता है।

भूखा, थका होने के कारण वह लकड़ी चीरते-चीरते मर जाता है तो पंडिताइन कहती है- चमरौने में कहला भेजो मुर्दा उठा ले जाये।'' यहां तक कि उच्चवर्ग के लोग निम्न वर्ग का रोना धोना भी अपशगुन समझते हैं। तभी तो पंडिताइन कहती हैं- 'चमार का रोना मनहूस होता है।'' जब कोई लाश उठाने न आया तो पंडित जी ने रस्सी का फंदा बनाकर लाश को खींचकर गांव से बाहर कर दिया। ''जहां दुखी की लाश को खेत में गीदड, गिद्ध और कुते और कौए नोंच रहे थे। यहीं जीवन पर्यन्त की भक्ति, सेवा और निष्ठा का पुरस्कार था।'' उच्चवर्ग का घिनौना रूप आम आदमी के हृदय को चीत्कार कर रख देता है। प्रेमचन्द ने यह बताने की कोशिश की है कि उच्चवर्ग अपने जाति, ज्ञान व दौलत के अंहकार में अपनी सारी मनुष्यता की हदों तथा सीमाओं को पार कर देता है। प्रेमचन्द द्वारा लिखित 'सद्गति' कहानी के माध्यम से उनका मूल मन्तब्य स्पष्ट हुआ है। प्रेमचन्द ने जितनी भी कहानियां लिखीं, उनका घटनाक्रम आम जीवन से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। कहानियों के माध्यम से जन-जीवन का चित्रण करना प्रेमचन्द के कथा साहित्य की विशेषता रही है। उनकी कहानियों का कथाक्रम कहीं भी विछिन्न होता नहीं दिखाई देता। कहानी तत्त्वों की दृष्टि से प्रेमचन्द कहानी सार्थक रही है। आम जीवन के घटनाक्रम को कल्पना के माध्यम से संवारने की कला प्रेमचन्द जैसे मुर्धन्य कथाकार के पास ही हो सकती है, जो उन में कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनकी अपनी अलग ही शैली थी। बात कहने का एक अलग ही अन्दाज था। घटनाक्रम को एकसूत्र में पिरोने की कला थी। पात्रों के माध्यम से कहानी को अन्तिम छोर तक ले जाने की सशक्त अभिव्यक्ति थी। कल्पना से कहानी को सम्पूर्णता प्रदान करने का एक अलग डिक्शन था। प्रेमचन्द कोई मामूली कथाकार नहीं थे। उनकी बातें ही कहानियों का

रूप ले लेती थीं। 'सद्गति' भी ठीक ऐसी ही कहानी है जिसमें प्रेमचन्द का कथाकार एक मूल मंतब्य को स्पष्ट करता हुआ कहानी चुनता-बुनता दिखाई देता है। सामाजिक ढांचे पर आधारित कहानी अपनी छाप छोड़ने में पूर्ण रूप से सक्षम रही है। भारतीय समाज की सबसे बड़ी बिडम्बना धर्म, सम्प्रदाय, जाति तथा ऊंच-नीच तथा आडम्बर रहे हैं, इन सामाजिक बिडम्बनाओं ने समाज को खोखला करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज भी समाज इन बिडम्बनाओं तथा स्थितियों से उबर नहीं पा रहा है। जाति-सम्प्रदाय की गहरी खाई को आज भी हम पाट नहीं पाए हैं। यह न पाटने वाली खाई आज भी हमारा आहार बनाकर अपना आकार बढ़ाए जा रही है। 21सवीं सदी में हम वैश्वीकरण तथा आधुनिक होने का दावा ठोंकते हैं, अपनी खोजों पर इतराते हैं, कहते हैं कि हमने विज्ञान, इतिहास, दर्शन, शास्त्र, साहित्य तथा अन्य सभी क्षेत्रों में विजय पायी है। लेकिन हम अपने अन्दर पल रही मनुष्यता को कहां तक विकसित कर पाये हैं? हमारी सोच में कितना आधुनिकपन है? हमारी सोच कहां तक उच्चदृष्टिकोण के तराजू में तुल सकती है? ऐसे प्रश्न हमारी निम्न सोच की परिभाषा देते दिखाई देते हैं। हमारी मानसिकता की संकुचितता का माप दर्शाते हैं। तब हम स्वयं से प्रश्न करते हैं कि हम आज भी कहां खड़े हैं? ठीक ऐसी ही सोच को व्यक्त करने के लिए धर्म, सम्प्रदाय तथा जातीयता को मिटाने के लिए दोनों कथाकारों- प्रेमचन्द तथा सोनकर ने 'सद्गति' कहानी का सृजन किया है। सोनकर की पूरी कहानी में सत्ता लोभियों की कथा बयान हुई है। शब्बीर मुस्लिम वर्ग से संबंधित है जिसने हिन्द-मुस्लिम दंगों में मुख्य भूमिका निभाई थी। वह सत्ता पाने के लिए हिन्दू-मुस्लिम, स्वर्ण-असवर्ण सभी के साथ गिरगिट वाले रंग बदलता है। हिन्दुओं के सामने मुस्लिम धर्म को गलत ठहराता है और मुस्लिमों के समक्ष अपने कट्टर मुस्लिम होने का दावा करता है। दलितों से वोट लेने के लिए साम, दाम, दण्ड भेद की नीति अपना रहा है।

सोनकर की 'सद्गति' को पढ़कर एक बात यह अच्छी लगती है कि उनके बात कहने का ढंग बहुत ही जबरदस्त है। उनकी कहानी की क्रमबद्धता कभी विछिन्न होती नहीं दिखाई देती। उनकी बातों में दार्शनिकता का पुट मिलता है। कहानी के आरंभ में वे लिखते हैं- ''जिस तरह पेन में भरी स्याही लिखते-लिखते समाप्त हो जाती है, उसी तरह मनुष्य का जीवन चलते-चलते समाप्त हो जाता है। पेन की स्याही समाप्त होने पर उसको दुबारा भरा जा सकता है। लेकिन जीवन की गति रूकने पर उसे गतिमान नहीं बनाया जा सकता है।'' यह कहानी राजनीतिक दांव पेचों पर आधारित है। चुनाव की मारा-मारी पड़ी है, नेता लोक अपने बड़े बड़े दावों से लोगों को आश्वासन दिला रहे हैं। वोट लेने के लिए ओछी राजनीतिक चालें चली जा रही हैं। सोनकर लिखते हैं, ''युवा जोशीले उम्मीदवार वोट मांगते समय वोटरों के पैर छूना नहीं भूलते लेकिन दलितों के पैर छूना अब भी वर्जित समझते हैं। उनसे दबंगई के बल पर ही अपनी तरफ वोट डलवा लेते हैं। कहीं-कहीं विवेकशील युवा सवर्ण उम्मीदवार दलित बुजुर्गों के पैर छूत देखे गए हैं।'' एक अन्य स्थल में सोनकर कहानी में राजनीतिक लोभ का चित्रण करते हुए लिखते हैं- 'कुर्सी की चाहत एक मणि की तरह होती है इसके लिए वे विषैले सर्प की बांबी से निकाल लेते हैं। सर्प से डंसने की भी परवाह नहीं करते हैं।''मियां शब्बीर सोनपुर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहा है। मियां शब्बीर के पूर्वज सदानंद सिन्हा ने मुगलों के शासनकाल में एक बहुत बड़ा ओहदा पाने के लिए इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था। वह अपनी कौम से वोट मांगने के लिए अपने बारे में कबूलता हुआ कहता है- 'मैं कुरान की कसम खाकर कहता हूं मैं ऐसा नहीं करूंगा। दंगों के दौरान मैंने न जाने कितने हिन्दुओं को मौत के घाट उतारा है। मैंने अपनी वफादारी मुस्लिम समाज के प्रति ऐसा करके सिद्ध कर दी है।''वह हिन्दुओं से वोट मांगते हुए कहता है- 'जो अपराध मेरे बुजुर्गों ने इस्लाम धर्म स्वीकार करके किया है मैं उसका पश्चाताप करूंगा। मैं चुपचाप इस्लाम धर्म छोड़ चुका हूं, लेकिन इसकी घोषणा इलैक्शन के दौरान नहीं कर सकता क्योंकि फिर मुझे मुसलमानो का वोट नहीं मिलेगा। मियां शब्बीर के सामने धर्म एक मजाक था। स्वार्थ धर्म पर भारी पड़ रहा था।''हिन्द-मुस्लिम दंगों में सुखलाल केवट का बेटा शहीद हुआ होता है जिस कारण वह मियां शब्बीर को अपने रास्ते का कांटा नजर आ रहा था। वह सुखलाल पर चुनाव से हटने के लिए डरा धमका रहा था। लेकिन सारे प्रलोभन उसके सामने फिके पड़ गए। वह चुनाव को किसी भी हालत में जीतना चाहता था।

सत्ताधारियों के लोभ का चित्रण करते हुए सोनकर लिखते हैं- ''कुर्सी बिलकुल शहद के छते की तरह होती है। जिस तरह शहद पाने के लिए बहुत सारी मधुमक्खियों को मारना पड़ता है उसी तरह कुर्सी पाने के लिए राजनीति में बहुत सारे निदोष व्यक्ति मारे जाते हैं।'' आगे लिखते हैं, ''जैसे वंशी में चारा लगाकर जल के अन्दर मछलियों को पकड़ने के लिए धोखा दिया जाता है। मछलियां चारा खाने के लिए लोहे के कांटे में फंस जाती है।'' वैसे ही शब्बीर हिन्द-मुस्लिम सुख-दुख में शामिल होकर अपना ढंग बदलता था। कहानी का घटनाक्रम तब बदल जाता है जब मियां शब्बीर एक मृत व्यक्ति को वोट लेने के लिए कांधा देकर अपना दिखावा करना चाहता है। लेकिन वह नहीं जानता था कि वह दिखावा उस पर भारी पड़ने वाला है। बोझ उठाये वह लंगड़ाने लगा था लेकिन कोई उससे कंधा बदलने नहीं आ रहा था। ''वह कहने लगा- आप लोग कहें तो मैं एक गाड़ी की व्यवस्था कर दूं।''दूसरे बुजुर्ग ने कहा- '' नहीं बेटा! गाड़ी की क्या जरूरत है? आधा रास्ते से ज्यादा रास्ता तो आ गए हो। तुम शहर जाओगे फिर गाड़ी लाओगे। तब तक बहुत समय लग जाएगा। बढ़े चलो बेटा तुमने पुण्य का काम किया है।''शमशान घाट पहुंचने पर पता चला कि जिसको वह कंधा देकर लाया है उसके बेटे को शब्बीर ने ही बेरहमी से मारा था जिसके गम में उस व्यक्ति की मौत हुई थी। वह अपने अपराधों को याद करके बूढे गगन से माफी मांगता है- ''मैं गुनहगार हूं मैंने निर्दोष लोगो को मारा है।'' यह पश्चाताप की अग्नि में जल रहा होता है। दलित गगन बोला- ''मत सोचो पुरानी बातें। यह शमशान घाट हमारी आंखे खोलता है। जीवन का रहस्य बताता है त्याग, मौहब्बत और भाईचारा जीवन की अमूल्य निधि है। जो आदमी इन खूबियों के साथ यहां पर आता है वह सुख की नींद सोता है।''

शब्बीर कहता है- ''मैंनें गुनाह किये हैं। मैं मानवता को भूल गया था। स्वार्थ अंधे धर्म और मजहब ने मुझे बिलकुल अंधा कर दिया था। हम दोनों समुदाय के लोग भाई हैं। मैंने भाइयों को मारकर बड़ा अपराध किया है। मुझे सजा मिलनी चाहिए।'' इसी आत्मग्लानि के साथ वह भी चिता में कूद पड़ता है लेकिन दो आदमी उसे निकाल लाते हैं। लेकिन वह बच नहीं पाता, वह भी मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। उसकी लाश को कब्रिस्थान में कौए, चीलें, गिद्धें तथा सूअर कूते नोंच-नोंचकर खाते हैं।

सोनकर की कहानी का कथानक राजनीतिक जीवन की उथल-पुथल से उठाया गया है तथा सत्ता लोभियों के इर्द-गिर्द घुमाते हुए अपने उद्देश्य में सफल रहे हैं। उन्होंने अपनी कहानी 'सद्गति' में धर्म-विरोधी झठे, मक्कार, दांवपेची, स्वार्थी शब्बीर का हृदय परिवर्तन करवाकर 'सद्गति' प्रदान करते हुए सार्थकता प्रदान की है। हिन्द-मुस्लिम झगड़ों को केन्द्र बनाकर जो धर्म, सम्प्रदाय तथा जाति के नाम दंगे होते हैं, उनका जिक्र किया है तथा मनुष्य को उनका वास्तविक धर्म क्या है? का ज्ञान करवाया है। मनुष्य का वास्तविकता से सामना करवाया है। उसे एहसास करवाया है कि मृत्यु ही वास्तविक सच्चाई है। शमशान घाट में आकर मनुष्य अंहकार, द्वेष, वैर-भाव सब कुछ भूल जाता है। मनुष्य के क्षणभंगुरता का आभास इस कर्मस्थल पर जाकर हो जाता है। यही सोनकर की कहानी का मुख्य ध्येय था। सोनकर की बातों से कबीर की याद हो आई-

''रहना नहीं यह देश बेगान है।

**यह संसार कागद की पुड़िया बूंद पड़े घुल जाना है।**
**यह संसार झाड़ झंखाड़ उलझि-पुलझि मर जाना है।''**

दोनों कहानियों का अंत एक जैसा ही है। एक तरफ प्रेमचन्द की कहानी में दुखी की लाश को कौए, गीदड़, गिद्धे तथा कुते आदि नौच-नोंचकर खा देते हैं वहीं सोनकर की कहानी में भी शब्बीर की लाश को कौए, गीदड़, गिद्धे, तथा कुते वैसे ही नोंच-नोंचकर खाते हैं। लेकिन मृत्यु के पीछे दोनों कहानियों की घटनाएं विपरीत हैं। जहां प्रेमचन्द की कहानी में एक दलित होने के कारण अपनी स्वामी भक्ति के लिए शहीद हो जाता है, वहीं दूसरी ओर सोनकर की कहानी में शब्बीर जैसा दरिंदा मुसलमान अपने ही गुनाहों के पश्चाताप की अग्नि में शहीद हो जाता है। दोनों लेखकों ने बड़ी ही चतुराई से घटनाक्रम को गति प्रदान की है। दोनों लेखकों ने दलित समस्या को उठाकर कहानी का घटनाक्रम प्रस्तुत किया है। प्रेमचन्द ने कहानी को पात्रों के माध्यम से आगे बढ़ाया है और सोनकर ने कहानी में अपनी दार्शनिकता का पुट अधिक दिया है। प्रेमचन्द ने एक कथाकार की भान्ति घटनाक्रम को जोड़ा है लेकिन सोनकर ने एक जागरूक दार्शनिक की भान्ति अपने ज्ञान का पोलिश भी कहानी पर किया है। दोनों कहानियों में वर्ण तथा वर्ग संघर्ष दिखाई देता है। दोनों कहानियों में कर्म के प्रति आस्था दिखाई देती है। प्रेमचन्द की कहानी का बीज लड़की की शादी के रूप में जन्म लेता है। जबकि सोनकर की कहानी का बीजांकुर सत्ता चुनाव आदि से होता है। सोनकर की कहानियों में विभिन्न वर्गों का उल्लेख हुआ है लेकिन प्रेमचन्द ने दलित, ब्राह्मण तथा गौड़ आदि ही जातियों का वर्णन किया है। सोनकर की कहानी में हिन्दू-मुस्लिम दंगों की चर्चा की गई है लेकिन प्रेममचन्द की कहानी एक सामान्य जीवन से उठायी गई है। सोनकर की कहानी का नायक मक्कार, चुतर, हत्यारा, दांवपेची, आदि है, लेकिन प्रेमचन्द की कहानी का नायक अति दीन-हीन तथा स्वामीभक्त है।

**निष्कर्षत: -**

कहा जा सकता है कि दोनों ही कहानियां समय और स्थिति के माप-तोल में खरी उतरती हैं। दोनों ही कहानीकारों ने निम्नवर्ग की व्यथा को व्यक्त किया है। दोनों ही उच्चकोटि के कथाकार हैं। दोनों ही कहानीकार अपने-अपने उद्देश्य में सफल रहे हैं। दोनों ही कथाकारों का कथ्य एवं शिल्प भिन्न है| दोनों ही कथाकारों की अपनी-अपनी कथा जमीन है| दोनों ही कहानीकारों ने अपनी कहानियों के माध्यम से मानव-मूल्यों को सहजने का बखूवी प्रयास किया गया है। अंतत: दोनों 'सद्गति' नामक कहानियाँ दलित जीवन की भयानक त्रासदी हैं|

**********

संदर्भ :-

1.प्रेमचंद की सम्पूर्ण कहानियाँ (संपादक, वाणी प्रकाशन), नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 20 19, पृष्ठ 816
2.नागफनी, त्रैमासिक पत्रिका, अंक-2, नवंबर-जनवरी, 20 11, (रूपनारायण सोनकर द्वारा रचित 'सद्गति' कहानी), पृष्ठ 35
3.प्रेमचंद की सम्पूर्ण कहानियाँ (संपादक, वाणी प्रकाशन), नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 20 19, पृष्ठ 817
4.वही, पृष्ठ 818
5.वही, पृष्ठ 819
6.वही, पृष्ठ 821
7.वही, पृष्ठ 822
8.वही, पृष्ठ 822
9.नागफनी, त्रैमासिक पत्रिका, अंक-2, नवंबर-जनवरी, 20 11, (रूपनारायण सोनकर द्वारा रचित 'सद्गति' कहानी), पृष्ठ 35
10.वही, पृष्ठ 35
11.वही, पृष्ठ 36
12.नागफनी, त्रैमासिक पत्रिका, अंक-2, नवंबर-जनवरी, 20 11, (रूपनारायण सोनकर द्वारा रचित 'सद्गति' कहानी), पृष्ठ 36
13.वही, पृष्ठ 36
14.वही, पृष्ठ 38
15.वही, पृष्ठ 38
16.वही, पृष्ठ 38
17.वही, पृष्ठ 38
18.वही, पृष्ठ 39
19.वही, पृष्ठ 39
20.नागफनी, त्रैमासिक पत्रिका, अंक-2, नवंबर-जनवरी, 20 11, (रूपनारायण सोनकर द्वारा रचित 'सद्गति' कहानी), पृष्ठ 39
21.वही, पृष्ठ 39

# जयप्रकाश कर्दम के उपन्यास 'छप्पर' में सामाजिक चेतना

**अजय कुमार चौधरी**
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी
पी. एन. दास कॉलेज, पलता

**सारांश** -जयप्रकाश कर्दम द्वारा लिखित उपन्यास 'छप्पर' एक सामाजिक उपन्यास है। इस उपन्यास में समाज के विविध पहलुओं सामाजिक व्यवस्था, शिक्षा, वर्ण व्यवस्था, जाति-पात, अंधविश्वास, रूढ़िवादी परंपरा का विरोध, शिक्षा का विकास, सामाजिक संघर्ष, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आदि पर बल दिया गया है। जिसके मूल में सामाजिक चेतना का विकास करना है। उपन्यास का नायक चंदन शिक्षा प्राप्त करने के लिए गांव को छोड़कर शहर चला जाता है। वह शहर से ही दलित शोषित, उत्पीड़ित और आर्थिक रूप से विपन्न लोगों के बीच आत्मसम्मान, शोषण के विरुद्ध संघर्ष, रूढ़िवादी परंपराओं के विरुद्ध सामाजिक चेतना का विकास कल समाज में समरसता, अधिकार, सौहार्द स्थापित करने का प्रयास करता है।

**बीज शब्द**-समाज, अधिकार, समरसता, सौहार्द, वैज्ञानिक चेतना, शोषण, उत्पीड़न, संघर्ष

**शोध आलेख** -सामाजिक चेतना एक व्यक्ति की समाज में उसकी परिस्थितियों ,समस्याओं और जरूरतों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता का मापदंड है। यह एक अवधारणा है जिसे मनुष्यों के सामाजिक और मानसिक विकास के साथ जोड़ा जाता है। सामाजिक चेतना व्यक्ति के भौगोलिक ,सांस्कृतिक ,आर्थिक ,राजनीतिक और मानसिक परिवेश की समझ ,उसके सामाजिक और नैतिक मूल्यों की संवेदनशीलता ,समस्याओं की उपेक्षा न करने की क्षमता ,और अपनी उम्मीदों और वास्तविकताओं के बीच एक संतुलन बनाने की क्षमता को समझने की क्षमता है। सामाजिक चेतना व्यक्ति को सामाजिक न्याय , इंसानियत ,सम्प्रेषण ,साझेदारी ,विश्वभ्रातृत्व और समरसता के मानकों के प्रति जागरूक बनाती है। इसके माध्यम से व्यक्ति किसी भी सामाजिक समस्या ,जैसे गरीबी ,न्याय की अभाव ,विभेद ,जातिवाद ,लिंग भेद , पर्यावरणीय मुद्दे ,अस्तित्व के खिलाफ लड़ाई ,आदि के प्रति संवेदनशील हो सकता है और इसका समाधान ढूंढ़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर सकता है। इस उपन्यास का नायक चंदन मानवीय गुणों से संपृक्त और संवेदना से भर हुआ समाज में समरसता और सामाजिक न्याय के आपने आस पास के उपेक्षित, पीड़ित, शोषित और आर्थिक रूप से विपन्न लोगों में सामाजिक चेतन का विकास कर एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहता है जहाँ न कोई बड़ा हो और न ही कोई छोटा हो, सभी अपने गुण-कर्म के माध्यम से पहचान जाता हो। सामाजिक चेतना के विकास के लिए चंदन स्कूल की स्थापना करता है जहाँ शोषित -पीड़ित लोगों को समझ भर शिक्षित कर सामाजिक चेतन का विकास करता है। **"चंदन का स्कूल दलित शोषित लोगों की सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया और जल्द ही इन गतिविधियों ने एक आंदोलन का रूप ले लिया। समता और स्वतंत्रता के वातावरण में सांस लेने के लिए आतुर अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन के साथ जुड़ते गए। सामाजिक बदलाव के लिए शुरू हुआ यह आंदोलन बृहत से बेहतर होता गया और थोड़े ही दिनों में शहर की गलियों से बाहर निकल कर यह आंदोलन दूर देहातों तक फैल गया।"[1] 82** सामाजिक चेतना मनुष्यों को समाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करती है और उन्हें अपने आसपास के लोगों के साथ साझेदारी करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह एक सकारात्मक संघर्ष की भावना का विकास करती है जो सामाजिक, आर्थिक और मानसिक उन्नति की दिशा में साथी बनता है। **"कौन कहता है की व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता आखिर आदमी की ही तो बनाई हुई सारी व्यवस्थाएँ, और सारी व्यवस्थाएँ आदमी के लिए ही हैं। तब, यदि किसी व्यवस्था में दोष हो और वह उत्थान की बजाय पतन का कारण बनती हो, तो उसे अवश्य बदला जा सकता है, और बदला जाना चाहिए।"2 सामाजिक चेतना के साथ व्यक्ति उच्चतम न्याय, सामाजिक इंसाफ, और एक समृद्ध और समरस समाज के लिए काम करने का संकल्प बना सकता है। किसी भी देश के विकास में समाज के विकास महत्वपूर्ण होता है समाज के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है। हमारा देश गांव का देश है। गांव के विकास के लिए मनुष्य की चेतना का विकास आवश्यक है. जितना संपन्न व्यक्ति ही समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा देश विभिन्नताओं का देश जिसमें कई संप्रदाय, जाति की साथ-साथ रहती है। हमारी अलग-अलग रीति-रिवाज, परम्पराएं हैं। इतनी सारी विभिन्नताओं के होने के बावजूद भी हमारा देश एक है। इस एकता के पीछे सामाजिक चेतना का होना आवश्यक है। इस उपन्यास में उपन्यासकार ने सामाजिक चेतना के विकास के लिए चंदन जैसे नायक का चयन कर्ता हैं। चंदन मानवीय गुणों से संपन्न है। वो समाज के विकास के लिए तत्पर हैं। इसके लिए वह समाज के लोगों में सामाजिक चेतना के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**

**हमारा समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित समाज है। यहाँ एक वर्ण को आर्थिक और सामाजिक रूप से इतना संपन्न कर दिया गया है कि वह अन्य वर्ण पर अपना आधिपत्य स्थापित करने के लिए तरह-तरह की यंत्रणाएं करता है। इसके विरोध में चंदन संतनगर के लोगों को जागृत करता है। मुक्ति के व्यवस्था का विरोध करता है "यदि परम्पराएं गलत हो, जन विरोधी हो, यदि व्यवस्था दोषपूर्ण हो, तो उसका विरोध किया जाना चाहिए। और यदि करने की सामर्थ्य या साहस नहीं हो तो भी कम से कम इतना तो किया ही जा सकता है कि स्वयं उस व्यवस्था और परंपराओं को ना मानें।"3 जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित होती है। चंदन इस सामाजिक समरसता के समर्थन के लिए संत नगर के लोगों में शिक्षा का प्रचार करता है। उसकी सामाजिक हैसियत को सम्मान करने के लिए उसे सम्मान से जीने के लिए सीखाता है। अधिकार और सामाजिक सम्मान के लिए के लिए सजग करता है "हमें प्रत्येक क्षेत्र में आना चाहिए। केवल सामाजिक रूप से ही हमारी प्रस्तुति निम्न नहीं है बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक, प्रत्येक क्षेत्र में हम पिछड़े हुए हैं। सो हमने प्रत्येक क्षेत्र में ऊपर आने की जरूरत है लेकिन सबसे पहली जरूरत है-सामाजिक सम्मान की।"4 चंदन का मानना है कि सामाजिक सम्मान प्राप्त करने के लिए हमें अपनी नेक्स्ट जेनेरेसन को शिक्षित करना होगा। अभी भी समाज में ऐसे बहुत लोग है जो असहाय है, आर्थिक रूप से विपन्न है। ऐसे लोगों की सहायक के रूप में हम शिक्षित युवकों**

**को आगे आना होगा। "अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए उन सबको भी वही सब कुछ सहना पड़ेगा जो हमारे माता पिताओं को सहना पड़ा है। संघर्ष करने की भावना और शक्ति हर किसी में नहीं। इसलिए वे लोग संघर्षों से टूट न जाए, उनके आगे समर्पण न कर दें, इस स्थिति से बचने के लिए उनको हमारी मदद की जरूरत होगी। आर्थिक, प्रशासनिक और कानूनी, उनको हर तरह की मदद चाहिए। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है की हम चाहे जिस क्षेत्र में जाये लेकिन अपनी लोगों का ध्यान रखें और उसकी मदद करें।"**[5] चंदन सामाजिक चेतन का विकास शिक्षा के माध्यम से करना चाहता है **"मैं अपनी शिक्षा का उपयोग अपने दिन-हीन समाज के उत्थान के लिए करूँगा। मैं उन पीड़ित, शोषित और उपेक्षित लोगों को ऊपर उठाने के लिए काम करूँगा जो कीड़े-मकड़ों की तरह जीते हैं। समाज जिनके साथ पशुवत व्यवहार करता है, उनको पास नहीं बिठाता और उनसे घृणा करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी के कर्ज में जिन की कमर तोड़ दी हैं और कर्ज को चुकाने के लिए जो बंधुआ मजदूर बनकर जीने को विवश होते हैं।"**[6] किसी भी समाज के विकास में उसकी सबसे बड़ी बाधा सामाजिक रूढ़ियां, परंपरागत विचारधाराएं, अंधविश्वास और अज्ञानता होती है। इस अज्ञानता से मुक्ति का मूल आधार शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से वैज्ञानिक चेतना का विकास होता है। ये वैज्ञानिक चेतना ही हमें अच्छे बुरे की पहचान कराता है इसलिए चंदन बुनियादी शिक्षा पर ज़ोर देता है। उसका मानना है की शिक्षा के अभाव में ही धर्म इंसान का शोषण करती है धर्म अंधविश्वास पर आधारित है। इनकी जड़ें इतनी गहरी मजबूत है कि इसके खंडन के लिए ज्ञान का होना आवश्यक है। चंदन का मानेना है कि जो **"धर्मग्रंथ हमारे शोषण और अत्याचार की जड़ें है इन जड़ों को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। आप उसके लिए जरूरी है कि लोग अभी से अधिक पढ़ें ताकि इन धर्मग्रंथों में निहित अन्याय और असमानता के दर्शन को समझ सकें तथा अन्याय, सोशल और असमानता के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। हमारे शोषण का आधार क्या है, हमारे उत्थान और विकास में कौन से तत्व बाधक है, यह जाने बिना सार्थक संघर्ष नहीं किया जा सकता। यह ज्ञान शिक्षा से ही हो सकता है, इसलिए शिक्षा का होना बहुत ज़रूरी है। जीवन की लड़ाइयां को लड़ने के लिए शिक्षक सबसे ज्यादा मारक और शक्तिशाली शस्त्र है। शिक्षा ही उत्थान और विकास का आधार है।"**[7] जुलाई का महीना कई दिन तक बीत जाने के बावजूद भी संतनगर में बारिश नहीं है। संत नगर के लोगों ने सामूहिक रूप से निश्चय किया की यदि बारिश करवाना हो तो यज्ञ और हवन करवाना चाहिए। यज्ञ और हवन के लिए आर्थिक रूप से संपन्न होना भी जरूरी है। यह किसी एक व्यक्ति की बस की बात नहीं। इसलिए संत नगर के लोगों ने सामूहिक रूप से चंदा इकट्ठा कर वर्षा के लिए यज्ञ और हवन की बात का समर्थन करते हैं, सभी अपने सामर्थ्य के अनुरूप चंदा देते हैं। लेकिन यह जब बात चंदन तक आती है तो वह यज्ञ और हवन के लिए चंदा देने से साफ मना करता है। साथ ही साथ उसकी अंधविश्वास और रूढ़िवादी का विरोध करते हुए ईश्वर के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करता है आओ उस में वैज्ञानिक चेतना के विकास के लिए अपनी बात पर ज़ोर देते हुए कहता है **"उलटी-पुलटी नहीं साफ सीधी बात कर रहा हूँ मैं। दुनिया में ऐसा कोई भगवान, ईश्वर या परमात्मा नहीं है जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी है। जो शक पैदा करने वाला, पालन करने वाला संहार करने वाला है। जो शाश्वत और चैतन्य है। जो जगत का नियामक तथा अनादि और अनंत है। यह मान्यता असत्य, भ्रामक तथा वैज्ञानिकता से परे है। सच्चाई यह है कि दुनिया में आत्मा, परमात्मा, ईश्वर, ब्रह्म, भगवान या इस तरह के किसी सत्ता का कोई अस्तित्व नहीं है। मनुष्य सबसे बड़ी सत्ता है, दुनिया में मनुष्य से बड़ी कोई चीज़ नहीं है। आत्मा परमात्मा ईश्वर ब्रह्म और भगवान ईश में से कोई भी वास्तविक नहीं है। ये सब मिथक है, काल्पनिक हैं तथा भोले-भाले लोगों को बेवकूफ बना कर अपने स्वार्थ सिद्ध करने के उद्देश्य से चालक लोगों द्वारा इजाद किए गए है।"**[8] वह अपनी बात का समर्थन करते हुए यज्ञ और हवन आदि अनुष्ठान के पीछे के उद्देश्य को भी प्रकाश में लाकर सामान्य लोगों के मस्तिष्क में फैले अंधकार को मिटाने का प्रयास करता है। **"यज्ञ और हवन आदि अनुष्ठानों की परंपरा के पीछे एक ही उद्देश्य रहा है और वह है समाज को दिव्य शक्तियों से भयभीत रख कर धर्म विशेष को जीवित रखना। यज्ञ आदि अनुष्ठान ओके पीछे यही कारण है और भारतीय समाज की यह एक त्रासदी है कि किसी भी आपदा के इस समय उससे निपटने के उपाय खोजने की बजाय देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाती है, तरह -तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं।"**[9] वह केवल रूढ़िवादी और अंधविश्वास कहीं विरोध नहीं करता बल्कि समाज में फैले असमानता कभी विरोध करता है। समाज व्यवस्था के कारण सवर्ण और दलित दो वर्ग हैं। एक वर्ग आर्थिक रूप से संपन्न, ताकतवर है तो दूसरी तरफ़ आर्थिक रूप से विपन्न, शोषित पीड़ित वर्ग हैं जो अपने आत्मसम्मान के लिए आजीवन संघर्ष करते हुए काल के गाल में समा जाता है। ऐसे समाज व्यवस्था के विरोध में भी चंदन अपनी आवाज को बुलंद करता है। लोगो में इस व्यवस्था के विरुद्ध आक्रोश उत्पन्न करता है। साथ ही साथ अधिकार और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष के लिए प्रेरित भी करता है। इसके लिए वो संगठन का निर्माण करता है। सो संगठन के माध्यम से सामाजिक उत्थान के लिए आंदोलन करता है। इस आंदोलन का प्रभाव सामान्य लोगों पर पड़ता है। वहशत नगर के पीड़ित वह शोषित लोगों को संबोधित करते हुए कहता है **"हमारा समाज सोया हुआ है। व्यक्ति हो या समाज, वह चाहे कितनी भी समर्थ और बलवान क्यों न हो, यदि वह सोया हुआ है तो वह मुर्दे के समान निश्चल और निष्प्राण है, उसे कोई भी आसानी से खत्म कर सकता है। जबकि हमारा समाज न केवल सोया हुआ है बल्कि वो जंजीरों में जकड़ा हुआ भी है। शोषण अत्याचार की मार से पीड़ित और जर्जर यह समाज कहीं हमेशा के लिए सोता ही न रह जाए इसलिए उसे जगाना जरूरी है।"**[10] है। चंदन की इस आंदोलन का प्रभाव इतना अधिक पड़ा कि **शिक्षा के प्रचार के साथ- साथ लोगों के दृष्टिकोण में भी व्यापकता शुरू हुई। केवल रोटी की चिंता में उलझे रहने वाले लोगों में चिंतन में बदलाव आया तथा अपने उत्थान और विकास के प्रति चेतना जागृत होने लगी।"**[11] जब मनुष्य में सामाजिक चेतना का विकास होता है तो समाज में समरसता, सौहार्द, ऐक्य की भावना जागृति होती है। समाज में रूढ़िगत परंपराओं का विरोध करना, वैज्ञानिक चेतना का समर्थन करना, अंधविश्वास के कूप से मुक्ति प्राप्त करना, समाज में समानता के लिए संघर्ष करना, शिक्षा का प्रसार- प्रसार करना, आत्म सम्मान और अधिकार के लिए संघर्ष करना, शोषित पीड़ित लोगों के मुक्ति के लिए आवाज बुलंद करना, संगठन बनाना, समाज में फैली कुरीतियों का विरोध करना, सम सामयिक और प्रगतिशील विचारों का समर्थन करना ही सामाजिक चेतना का विकास है। छप्पर उपन्यास में जयप्रकाश कर्दम ने इस चेतना के विकास के लिए चंदन को नायक के रूप में खड़ा कर समाज में समरसता सौहार्द, अधिकार और आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ता है। **"चंदन की अगुवाई में सामाजिक बदलाव के लिए शुरू हुए आंदोलन की व्यापक प्रतिक्रिया हुई समाज पर। लोक मानस को झकझोर सर दिया उसने। भ्रम और भ्रांति के शिकार दलित लोगों ने यथार्थ को जानना शुरू किया। जन्म के आधार पर व्यक्ति को श्रेष्ठ या हीन मानने की भावना का लोप होने लगा**

**और उसके स्थान पर यह भावना विकसित हो चली थी कि जन्म के आधार पर नहीं अपितु कर्म तथा योग्यता के आधार पर ही मनुष्य श्रेष्ठ अथवा हीन होता है।"[12]**

**निष्कर्ष -** निष्कर्षतः हम कह सकते है कि व्यक्ति के सामाजिक माध्यमों में साझा किए गए अनुभव ,उसके सामाजिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह शिक्षा ,परिवार , समुदाय ,संगठन ,सामाजिक संबंध और साझेदारी द्वारा हो सकते हैं। शिक्षा और ज्ञान का प्राप्त होना सामाजिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण होता है। जब व्यक्ति विभिन्न मुद्दों ,समस्याओं और न्याय के मामलों के बारे में ज्ञान प्राप्त करता है ,तो उसकी सामाजिक चेतना जागृत होती है और उसे समाज में सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करती है। व्यक्तिगत अनुभव ,जैसे कि संघर्ष ,संघर्ष ,उद्धार ,यात्रा आदि ,भी सामाजिक चेतना के विकास को प्रभावित कर सकते हैं। ये अनुभव व्यक्ति को अन्य लोगों की समस्याओं और जीवन की कठिनाइयों को समझने और उन पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता प्रदान करते हैं। व्यक्ति की संवेदनशीलता और उदारता ,उसकी सामाजिक चेतना के विकास को प्रभावित करती है। जब हम दूसरों के दुःख और सुख को समझते हैं, तब हमें उनके प्रति संवेदना और सहानुभूति होती है जो हमारी सामाजिक चेतना को बढ़ाती है। सामाजिक आदर्शों ,मूल्यों और संस्कृति का प्रभाव भी सामाजिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण होता है। जब व्यक्ति एक समरस समाज और सामाजिक न्याय के प्रति प्रेरित होता है ,तब उसकी सामाजिक चेतना सक्रिय होती है। अतः हम कह सकते है कि यह भावना एक व्यक्ति के सामाजिक और मानसिक परिवेश ,शिक्षा ,अनुभव ,और व्यक्तिगत योग्यताओं पर भी निर्भर करती है।

**********

## संदर्भ सूची


1. कर्दम, जयप्रकाश, छप्पर, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पहला संस्करण 2017, पृष्ठ. 82
2. वही पृष्ठ – 88
3. वही पृष्ठ – 97
4. वही पृष्ठ – 41-42
5. वही पृष्ठ – 43
6. वही पृष्ठ – 44
7. वही पृष्ठ – 45
8. वही पृष्ठ – 20
9. वही पृष्ठ – 20
10. वही पृष्ठ – 83
11. वही पृष्ठ – 82
12. वही पृष्ठ – 91


# ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानियों में 'दलित आत्म-संघर्ष'


**मु.जाहिद रजा सिद्दीकी**
शोधार्थी, हिंदी विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (उ. प्र.)



**शोध-सार :-**किसी भी देश के साहित्य की मूल्यवत्ता का आकलन मुख्यतः सौन्दर्यशास्त्रीय, समाजशास्त्रीय एंव शैली वैज्ञानिक अध्ययन-पद्धति के आलोक में किया जाता है। किसी भी रचना का सौन्दर्यशास्त्रीय अध्ययन हमें मनुष्यता के विकास के प्रति आस्थावान बनाता है। भारतवर्ष का दलित साहित्य भी इससे अछूता नहीं है।



**मूल शब्द:** दलित, साहित्य, सवर्ण, जाति, ब्राह्मण, संवेदना, विचार, शोषण।


**शोध आलेख:-**आजादी के बाद वर्णाश्रम व्यवस्था को तोड़कर छुआछूत की प्रथा को भारतीय समाज से हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया। जिससे दलित मुख्यधारा से जुड़ने लगे और अपनी व्यथा को शब्दों में बयाँ करने लगे। दलितों के इस बयाँ को साहित्य जगत में 'दलित-साहित्य' के नाम से जाना जाता है। अपने अंदर करुणा और विद्रोह को समेटे यह साहित्य आज व्यापक रूप में लोगों को प्रभावित करते हुए दलितों के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। दलित के लिए अन्य शब्द भी प्रयोग में लाए जाते हैं जैसे- शुद्र, हरिजन, अनुसूचित जाति, अछूत आदि। डा. भीमराव अम्बेडकर ने अपने ग्रंथों में दलित के लिए डिप्रेस्ड, अनटचेबल, बहिष्कृत आदि शब्दों का प्रयोग किया है। हिन्दी शब्दकोश में दलित शब्द का अर्थ है - ''दबाया हुआ, कुचला हुआ या नष्ट किया हुआ।''1 विद्वानों के एक वर्ग ने दलित साहित्य के प्रसार के लिए और ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए दलित शब्द का व्यापक प्रयोग किया है। 'हंस' पत्रिका के अपने लेख में नारायण सुर्वे लिखते हैं- ''दलित शब्द की मिली-जुली कई परिभाषाएं हैं। इसका अर्थ केवल बौद्ध या पिछड़ी जातियाँ ही नहीं हैं। समाज में जो भी पीड़ित हैं वे सभी दलित हैं।''[2] इन तथ्यों को देखते हुए यह कह सकते हैं कि दलित वह है जो हिन्दू समाज में वर्णाश्रम व्यवस्था के अनुसार सबसे निचले स्तर पर है तथा जिसे अछूत माना गया है। वर्तमान समय में इस शब्द का विस्तार होता जा रहा है। आज बौद्ध, आदिवासी, पिछड़ी जातियाँ, भूमिहीन श्रमिक, कृषक तथा भटकने वाली सभी जातियाँ दलित मानी जाती हैं लेकिन दलित शब्द का इतना विस्तार होने से मूलतः जो अछूत है वही दलित है और इस दलित का जो पक्षधर साहित्य है वह दलित साहित्य है। शरण कुमार लिम्बाले अपनी पुस्तक 'दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र' में लिखते हैं- ''दलितों का दुःख, परेशानी, गुलामी, अधःपतन और उपहास के साथ ही दरिद्रता का कलात्मक शैली से चित्रण करने वाला साहित्य ही दलित साहित्य है। 'आहं का उदात स्वरूप अर्थात् साहित्य हर एक मनुष्य की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और भयमुक्त सुरक्षा मिलनी चाहिए। पृष्ठभूमि पर निर्मित एक प्रवृत्ति साहित्य में ऐसी अभिव्यक्त हो रही है। इस प्रवृत्ति का नाम दलित साहित्य है।''[3]

ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपनी रचनाओं से हिन्दी दलित साहित्य को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दलित समाज के प्रति होने वाले उपेक्षित व्यवहार को अपनी रचनाओं के माध्यम से न केवल दलित साहित्य को प्रासंगिक बनाया बल्कि साहसपूर्ण ढंग से अपने समाज के यथार्थ को सामने लाने के लिए दलित वर्ग को प्रेरणा देने में भी सफल रहें। ये अपनी पुस्तक 'दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र' में लिखते हैं- ''दलितों द्वारा लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य की कोटि में आता है।''[4] वह सवर्ण

समाज द्वारा जातिगत भेदभाव भुगतने के साथ-साथ अपने अनुभवों को लेखनी के माध्यम से सामने लाकर दलित साहित्य को अग्रसर करने में महत्वपूर्ण योगदान देते रहें। 'दलितों के प्रति अमानवीय व्यवहार और दोहरे मापदण्ड' में वह लिखते हैं कि- ''एक दलित लेखक के अपने निजी अनुभव, उसके सामाजिक अनुभव कितने भयावह और कमजोर करने वाले होते हैं, इसका अंदाजा दूर खड़ा कोई लेखक, आलोचक, संपादक नहीं लगा पाता है। अनुभवों का अंतःकरण में रूपान्तरण उन भावनाओं में होता है, जो उस संघर्ष को आक्रोश की ओर ले जाती है और अंततः करुणा, प्रेम के रास्ते कविता, कहानी और आत्मकथा के रूप में सामने लाती है। इन्हीं अनुभवों ने अनेक दलित लेखक पैदा किए हैं, जिनके अंतर्द्वंद्व उन्हें दूसरों से अलग करते हैं।''5 आधुनिक समय में दलित साहित्य ने विशेष स्थान प्राप्त किया है। इस युग के दलित साहित्यकारों में प्रमुखतः ओमप्रकाश वाल्मीकि, मोहनदास नैमिश्वराय, श्यौराज सिंह बेचैन, कंवल भारती, जयप्रकाश कर्दम, सूरजपाल चौहान, सुशीला टाकभौरे, रमणिका गुप्ता, हेमलता माहिश्वर एवं डा. कुसुम वियोगी आदि उल्लेखनीय हैं, जिनके लेखनी ने दलित साहित्य को हिंदी में स्थापित किया है। इन साहित्यकारों में ओमप्रकाश वाल्मीकि का स्थान सर्वोपरि है। उनका लेखन 'भोगे हुए यथार्थ' का प्रामाणिक दस्तावेज है। जिस जद्दोजहद से वे गुजरे हैं, उनका जीवंत चित्रण साहित्य के माध्यम से हमारे सामने आकर उपस्थित होता है- ''उन्होंने अपनी कहानियों में एक ओर जहां ज्ञान और सत्ता के प्रतीक ब्राह्मणवाद और सामंतवाद पर आक्रमण करते हुए दलितों पर हो रहे शोषण, दमन और तिरस्कार का मार्मिक चित्रण किया है, वहीं दूसरी और कविताओं में वर्ण और जाति व्यवस्था पर तीखा प्रहार करते हुए परंपरागत मायाजाल को तोड़ने की कोशिश की है।''6 ओमप्रकाश वाल्मीकि का नाम वर्तमान समय में भी पथ निर्देशक के रूप में लिया जाता है। हमारे बीच वे भौतिक रूप से भले ही न हों लेकिन उनकी वैचारिक दृष्टि सदियों तक साहित्य जगत में अजर और अमर रहेगी। उनकी कविता सनातन धर्म की वर्ण-व्यवस्था के प्रति विरोध की भावना को व्यक्त करती है। जिसके अन्तर्गत वे परंपरागत जातीय रूढ़ियों को तोड़ना चाहते हैं। 'जाति' नामक कविता की ये पंक्तियां आज भी प्रासंगिक होकर हमें एक नई शक्ति प्रदान करती हैं-

'स्वीकार्य नहीं मुझे
जाना, मृत्यु के बाद
तुम्हारे स्वर्ग में।
वहाँ भी तुम
पहचानोगे मुझे
मेरी जाति से ही!'

इस कविता के माध्यम से वे उन तमाम बंधनों से मुक्त होने की जिस आकांक्षा को रखते हैं, उससे सच में एक क्रांति की लहर दौड़ने लगती है। आज की दलित कहानियों ने प्रत्रानुकूलता से जड़ता को तोड़ने का कार्य किया है- ''दलित कहानी इस व्यवस्था की सदियों के खिलाफ आवाज ही नहीं उठाती बल्कि कुछ सवाल भी पूछती है।''7 ओमप्रकाश वाल्मीकि अपनी आत्मकथा 'झठन' के लिए जितने प्रसिद्ध हुए उतने ही उनकी कहानियों ने समाज में दलितों की यथा-स्थिति का चित्रण संवेदनात्मक रूप में किया है। दलितों के प्रति छुआछूत का व्यवहार हमारे समाज में एक भयावह बीमारी है। मनुष्य होते हुए दूसरे मनुष्य को उसकी जाति के आधार पर उपेक्षित दृष्टि से देखना उसके साथ खान-पान में दूरी रखना समाज की रीति है। छुआछूत और तिरस्कार की त्रासदी से कई दलित अपनी असली पहचान को छुपाने के लिए मजबूर हैं। 'सलाम' कहानी संग्रह में 'कहाँ जाए सतीश' शीर्षक नामक कहानी में सतीश अपनी पहचान छुपाकर इसलिए रह रहा था क्योंकि समाज के उपेक्षापूर्ण व्यवहार से वह तंग हो गया। अब वह अपनी बस्ती से दूर किराए पर रहकर अच्छे से पढ़ाई करता शाम में फैक्टरी में काम करता जिससे वह अपना खर्चा चलाता अपने भविष्य को सम्मान के साथ जीने की चाहत में वह तमाम कोशिशों में लगा रहता। सतीश के कुशल व्यवहार से मकान मालिक खुश था। लेकिन सवर्ण परिवार को सतीश की जाति का पता चलते ही उसके प्रति उनके मन में नफरत का सैलाब उमड़ जाता है। दिसंबर की ठिठुरन भरी रात में सतीश को घर से बाहर कर दिया जाता है। वह समझ नहीं पाता कि आखिर उसका कसूर क्या है ? मानवीय रिश्ते जाँति के आधार पर क्यों बनते हैं?- 'उसने मुझे राखी बांधी थी साहब….. पर आज……. उन्हें पता चल गया कि मेरी जाति क्या है। साहब, भंगी होने से रिश्ते टूट जाते हैं? मैं इस भंगीपन से छुटकारा पाना चाहता हूँ साहब।''[8] सतीश उलझन में है लेकिन उसके सवालों का कोई जवाब किसी के पास क्यों नहीं है? सर्द रात में वह अपनी फैक्टरी में रात बिताने को सोचकर जाता है, परन्तु उसे वहाँ भी ठिकाना नहीं मिलता है।

'चर्चित कहानी संग्रह 'सलाम' ओमप्रकाश वाल्मीकि का पहला कहानी संग्रह है। जो वर्ष 2000 ई. में प्रकाशित हुई। इस संग्रह में 'सलाम' शीर्षक कहानी जो भारतीय समाज में समानता के लिए आन्दोलन का प्रतीक है उसका स्वरूप देखने को मिलता है। इस कहानी में दलित हरिश के सवर्ण दोस्त कमल को गाँव का चायवाला इसलिए चाय नहीं पिलाता क्योंकि वह दलित के शादी में बाराती बनकर आया है। 'चूहड़ों की बारात में बामन' आए यह उसके किए अकल्पनीय है। इसलिए वह चिल्लाकर अपनी खीझ को भीड़ में शामिल लोगों के सामने प्रकट करता है - ''चूहड़ा है। खुद को बामन बतारा है। जुम्मन चूहड़े का बाराती है। इब तुम लोग ही फैसला करो। जो यो बामन है तो चूहड़ों की बारात में क्या मूत पीने आया है। जात छिपाके चाय मांग रा है, मैने तो साफ कह दी। बुद्धू की दकान पे तो मिलेगी ना चाय चूहड़ों-चमारों कू कहीं और ढूंढ़ लें जोके।''[9]

यह कहानी दलितों की पीड़ा, त्रासदी और वेदना को दिखाते हुए सलामी के पारंपरिक रिवाज को तोड़ने की चेतना को दर्शाती है। सलामी की अपमानजनक प्रथा से ग्रस्त समस्त दलित-समाज को मुक्ति दिलाने का काम हरीश अपनी शादी के दौरान करता है। बारात की विदाई के पहले गांव के घर-घर जाकर सलाम करने की प्रथा से दलित वर-वधू में हीनता-बोध घर कर जाता है और स्वाभिमान के टुकड़े-टुकड़े हो जाते हैं। हीनता-बोध की जड़ रही सलामी की प्रथा से हरीश को मुक्ति दिलाने में मित्र कमल उपाध्याय जो प्रगतिशील विचारों वाला ब्राह्मण है का बड़ा योगदान रहा है। उसकी प्रेरणा से वह सदियों से चली आ रही इस प्रथा को ठुकराता ही नहीं बल्कि उसे खारिज भी करता है। उसका यह कदम दलितों में चेतना के स्वर को आगे बढ़ाने का काम करता है। हरीश के इस फैसले से सवर्णों का आगबबूला होना यह दर्शाता है कि उन्हें यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं हो पाता कि दलित अपने मान-सम्मान की पहल करें। गांव के सवर्ण बल्लू का हरिश के ससुर को परंपरा का विरोध कर अपने सम्मान के विषय में सोचने के लिए धमकाना यह साबित करता है कि दलित समाज को चेतनाशील होना सवर्ण समाज के लिए घातक लगने लगता है- ''तभी तो कहूँ- जातकों (बच्चों) को स्कूल ना भेजा करो। स्कूल जाके कोण-सा इन्हें बालिस्टर बनाना है। ऊपर से इनके दिमाग चढ़ जागें । यो न घर के रहेंगें न घाट के। गाँव की नाक तो तूने पहले ही कटवा दी जो लौंडिया कू दसवीं पास करवा दी। क्या जरूरत थी लड़की कू पढ़ाने की, गाँव की हवा बिगाड़ रहा है तू। इब तेरा जमाई 'सलाम' पर जाने से मना कर रहा है….. उसे समझा दे…..'सलाम' के लिए जल्दी आवे...।''[10] सवर्णों का यह सोचना कि सम्मानित सारे कामों में सिर्फ हमारा अधिकार है और अपमानित होते रहना और सहना दलितों की नियति है, यह विचार हमारे समाज की उन्नति में बाधक होने के बावजूद अपना परचम लहराता है।

'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी में शिक्षा का महत्व और दलित समाज के लिए उसकी आवश्यकता की प्राथमिकता दर्शायी गई है। दलितों पर शोषण का मुख्य कारण अशिक्षा और गरीबी है। शिक्षा से उन्हें निरंतर वंचित कर उनके अधिकारों का हनन किया गया। सुदीप के पिता अनपढ़ दलित किसान हैं वह बचपन से अपने पिता के मुंह से सुनते आ रहा है कि 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' लेकिन जब वह स्कूल में मास्टर के द्वारा पच्चीस का पहाड़ा सुनता है कि पच्चीस चौका सौ तब वह घर में भी वह पहाड़ा पढ़ता है। किंतु इस पर उसके पिता डांटते हैं कि मास्टर जी बच्चों को गलत-सलत पढ़ा रहे हैं। जब सुदीप नौकरी पाकर पहली तनख्वाह अपने पिता के सामने गिनकर समझाते हुए रखता है तब वह समझ लेते हैं कि 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' नहीं सौ ही होते हैं। तब जाकर उनका चौधरी पर से विश्वास टूटता है और उनके मुंह से निकलता है, ''तेरे कीड़े पड़ेगें चौधरी, कोई पानी देने वाला भी नहीं बचेगा।''[11] शोषित वर्ग के आँखों पर लगी इस पट्टी को हटाने के उपाय है शिक्षित होना; अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना। जिस तरह सुदीप ने अपने पिता के सामने चौधरी के षडयंत्र का पर्दाफाश किया उसी तरह दलित समाज को अपने कर्तव्यों का बोध होना बहुत जरूरी है तभी तो वह पीढ़ियों से की जा रही इस तरह की धोखेबाजी को समझ पाएंगें क्योंकि उनकी मेहनत, ईमानदारी एवं सहजता को हमेशा दरकिनार कर उन्हें प्रताड़ित किया जाता रहा है। गरीबी की मार की झेलता दलित दिन-रात कठिन मेहनत के बावजूद भुखमरी के हालातों से गुजर रहा है। जातिगत आधार पर काम का विभाजन भी इनकी गरीबी का बड़ा कारण है। इनसे काम तो ज्यादा मेहनती व धृणित करवाएं जाते हैं परन्तु आमदनी बहुत कम है। इस प्रकार शिक्षा के महत्व के साथ-साथ सवर्णों के छल-कपट को भी उजागर करती है। यहां अंबेडकर के 'शिक्षित हो, संघटित हो, संघर्ष करो' का नारा बिल्कुल सटीक बैठता है। इनके नारे का उद्देश्य यही था कि दलितों को अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी होगी।

'अम्मा' नामक शीर्षक कहानी में भी जागृत चेतना दिखाई देता है। इसकी नायिका दरवाजे-दरवाजे मैला साफ करती है लेकिन अपने बच्चों को इस काम से दूर रखती है और उन्हें पढ़ाती है। अम्मा का स्वाभिमान उसका चरित्र है। मिसेज चोपड़ा के घर काम करने आयी अम्मा पर विनोद बुरी नजर रखता है एवं छेड़ने की कोशिश करता है, तो उसे झाड़ू से जबाब देते हुए कहती है- ''भैंणजी, इस हरामी के पिल्ले से कह देना हर... एक औरत छिनाल न होये है।''[12] वाल्मीकि की कहानियों में स्त्री के लिए उतना सम्मान उतना ही स्पेस है जितना कि पुरुष के लिए है।

'जंगल की रानी' एक आदिवासी महिला की कहानी है। वह गांव के स्कूल में काम करती है। 'ग्रामीण महिला प्रशिक्षण शिविर' के दौरे पर आए डिप्टी साहब की गंदी नजर कमली पर पड़ती है। वह उसे अपने आगोश में लेना चाहता है, लेकिन कमली अपने आत्मसम्मान और स्वाभिमान को हरगिज झुकने नहीं देती है। वह अंत तक लड़ती है और अपनी अस्मिता को बनाए रखते हुए अपनी जान गवां देती है, लेकिन उसके सामने अपनी इज्जत को खोने नहीं देती है। 'चीड़ीमार' कहानी की नायिका सुनीति की हालातों के चलते काम पर जाना पड़ता है। समाज में किसी अकेली औरत का और अगर वह दलित हो तो स्वतंत्र होकर नौकरी करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। गली के तीन लड़को को छेड़ने के बावजूद वह काम पर जाती है, लेकिन उनके सामने हथियार नहीं डालती। अपने मित्र सुतेज के द्वारा दिए गए मनोबल के सहारे वह उनसे डटकर मुकाबला करती है और उन्हें सबक सिखाती है। सामाजिक अर्न्तविरोध के कारण जाति की समस्या दलित के सामने सदैव खड़ी रहती है। जाति के नाम पर ही दलितों को समय-समय पर और हर मोड़ पर अपमानित करना, उनका मजाक उड़ाना सवर्ण समाज का परिपाटी बन गया है । 'अधड़' कहानी का नायक मिस्टर लाल अपनी पत्नी से कहता है, ''मैं नहीं चाहता यहां के लोगों को पता चले कि हम शिड्यूल कास्ट हैं। जिस दिन से लोग जान जायेंगें, ये मान-सम्मान सब घृणा और द्वेष में बदल जायेगा।''[13] सामान्यतः ऐसा होता भी हैं। आज-कल शहरों में दलित समाज के शिक्षित लोग अपनी जाति छिपाने में ही अपनी भलाई समझते हैं। इसका कारण आधुनिक युग में भी समाज के अन्दर गहरी पैठ पकड़ी हुई जाति-व्यवस्था ही है। व्यक्ति किसी भी उच्च स्थान पर विराजमान क्यों न हो उसे जाति के नाम से ही सम्मान दिया जाता है। अगर वह अपनी जाति छिपाता भी है तो समाज उसे किसी न किसी तरह जान ही लेता है। 'दलित विमर्शः साहित्य के आईने में' जयप्रकाश कर्दम लिखते हैं- ''साहित्य का काम समाज की संवेदनाओं को झकझोर कर उसमें प्रगति - चेतना का संचार करना तथा उसे एक दिशा देना है। दलित-साहित्य इस काम को पूरी तरह से अंजाम दे रहा है।''[14] इसी तरह 'घुसपैठिए' कहानी में भी राकेश की पत्नी इन्दु नहीं चाहती कि पड़ोस में किसी को उसकी जाति के बारे में पता चलें, वह समाज के उपेक्षित व्यवहार से अपने परिवार को बचाना चाहती है। उसे अपने पति का दलितों के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार पसंद नही है। वह कई दफा अपने पति को इनसे दूर रहने को कहती है- ''तुम चाहे जितने बड़े अफसर बन जाओ, मेल-जोल इन लोगों से ही रखोगे, जिन्हें यह तमीज भी नहीं है कि सोफे पर बैठा कैसे जाता है. तुम्हें इनसे यारी दोस्ती करना है तो घर से बाहर ही रखो... आस-पड़ोस में जो थोड़ी बहुत इज्जत है, उसे भी क्यों खत्म करने पर तुले हो.... गले में ढ़ोल बाँधकर मत घूमो- यह जो सरनेम लगा रखा है... यही क्या कम है कितनी बार कहा है कि इसे बदलकर कुछ अच्छा-सा सरनेम लगाओ... बच्चे बड़े हो रहे हैं... इन्हें कितना सहना पड़ता है। कल पिंकी की सहेली कह रही थी रैदास जूते बनाते था.... तुम लोग भी जूते बनाते हो.... पिंकी रोते हुए घर आई थी.... मेरा तो जी करता है बच्चों को लेकर कहीं चली जाऊँ।''15 दरअसल इन्दु के भीतर का यह डर समाज में व्याप्त अमानवीय मान्यताओं का परिणाम है। वह नहीं चाहती कि उसके बच्चों को सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़े। इन्हीं कारणों से कई अच्छे पदों पर कार्यरत दलित अपनी जाति के बाकी लोगों से ही दूरी बनाने लगते हैं। हमारे समाज में जातिगत ऊँच-नीच की प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, इसलिए प्रत्येक जाति दूसरी जाति से आगे बढ़ने की होड़ में लगी रहती है। ऐसा नहीं है कि जातिगत भेदभाव सवर्णों के बीच में ही मौजूद है दलित जातियाँ भी इससे अछूती नहीं है। यह कहानी सिर्फ जाति.... व्यवस्था को ही लेकर आगे नहीं बढ़ता बल्कि उच्च संस्थानों में दलित छात्र-छात्राओं के साथ होने वाले अमानवीय कृत्यों का भी पर्दाफाश करता है। शारीरिक, मानसिक और धार्मिक प्रताड़ना की अथाह ने मेडिकल छात्र सोनकर को मरने पर मजबूर किया वह लड़ता रहा परन्तु साजिशों के चक्रव्यूहों से लड़ते-लड़ते हार गया। आरक्षण से आए बच्चों को परेशान करना, उनकी कई शिकायतों के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं करना, उन्हें ही चुप रहने सहने की सलाह देना, मेहनती होने के बावजूद कोई कार्यवाही नही करना, उन्हें परीक्षाओं में कम नंबर देना, इस तरह के उपेक्षापूर्ण रवैये से उन्हें कितनी तकलीफ होती है इसका एहसास वाल्मीकि की कहानियों में बहुत गहराई के साथ देखने को मिलता है। इसी तरह आरक्षण की वजह से काबिलियत पर शक करना भी आपसी मनमुटाव, द्वेष की स्थिति 'कुचक्र' कहानी में दिखाई देती है। अक्सर उनकी सफलता की तुलना आरक्षण के साथ की जाती है। काम के प्रति कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार, जानकार होने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। दलित युवक आर. बी. का प्रमोशन गैर दलितों को उचित नहीं लगता है। उनकी बौखलाहट उसके प्रति कुचक्र की तरफ बढ़ने लगती है। उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना, उसकी बाकी अधिकारियों से शिकायत करना, चोरी के इल्जाम में फंसाना। इस तरह के कई स्तरहीन योजनाओं द्वारा अपने मूल को तसल्ली दी जाती है- ''रीढ़-वीढ़ कुछ नहीं शर्मा जी..... मर-मरकर काम करें हम और प्रमोशन मिले इन भंगी..... चमारों को..... बस शर्मा जी अब तो सेंटर में बदलाव आना ही चाहिए ..... नहीं तो य लोग देश को तबाह कर देंगें।''[16] शर्मा जी के उकसाने पर निशिकांत का यह मनोभाव दलितों के

प्रति समाज में प्रचलित धारणाओं की उजागर करता है। 'बैल की खाल' कहानी का काले और भूरे गांवों में जानवरों के डाक्टर आने से दुःखी हैं, क्योंकि उन्हें कोई जानवर मरेंगें नहीं तो वह खाएंगे क्या ? दूसरा काम भी नहीं देता। ''गांव भर की नजर में वे सबसे निकम्मे जीव थे, मरे जानवर की खाल खींचने वाले।''[17] इनकी जरूरत गांव वालों को तभी होती जब गाँव में कोई जानवर मर जाता वरना यह जीवित हैं या नहीं इसकी परवाह किसी... को नहीं थी। 'खानाबदोश' कहानी की मानो और सुकिया अपने लिए भी पक्की ईटों का मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन उनका यह ख्याल धाराशायी कर दिया जाता है। सुबेसिंह दलित स्त्री मानो को अपने जाल में तमाम प्रलोभन के बाद भी किसनी की तरह नहीं फंसा पाया तो उसे काम से निकालने की साजिश रचता गया।

'गोहत्या' शीर्षक नामक कहानी में मुखिया के आदेश का पालन न करने की सजा गोहत्या की? साजिश में फंसाकर दी जाती है। सुक्का का अपनी बीवी को हवेली लाने से मना करना मुखिया के वर्चस्व को आघात पहुँचाता है- ''औकात में रह सुक्का। उड़ने की कोशिश ना कर, बाप-दादों से चली आई रीत है। लेकिन सुक्का का अप्रत्याशित जवाब मुखिया को तिलमिला देता है। मुखिया जी काम करता हूँ तो दो मुट्ठी चावल देते हो..... वह हवेली नहीं आएगी।''[18] सुक्का को इस विरोध की सजा लाल दहकती लौ से हाथ जलाकर मिलती है, जिससे मुखिया के भीतर की प्रतिशोध की ज्वाला तो शांत हो जाती है लेकिन सुक्का की चीत्कार से पूरा गाँव दहल जाता है। दलितों पर अपना अधिकार जमाने वाले लोग कई तरह की रीतियाँ बनाकर उनका शारीरिक, मानसिक शोषण करते रहे हैं।

'बिरम की बहू' में दलित युवक का शारीरिक, शोषण एक ठाकुर की बहू के द्वारा किया जाता है और उसे बाद में कभी नज़र उठाकर भी नहीं देखा जाता। ठाकुर के द्वारा संतान न होने के कारण बहू सूर्यग्रहण के समय याचिका के लिए अपने द्वार पर आए हुए दलित युवक के साथ सहसवास कर गर्भवती बनती है, ताकि उसे अपने घर से निकाला न जाय। यहाँ इस स्त्री की उच्चवर्णीय पितृसत्ता की अमानवीयता के कारण ऐसा कदम उठाना पड़ता है, लेकिन जब वह पुत्र जन्म देती है तो उसके असली बाप की ओर आँख उठाकर भी नहीं देखती। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि वंश प्रतिष्ठा के लिए ब्राह्मणवादी सवर्ण किसी भी हद तक गिर सकता है, चाहे वह सवर्ण पुरुष हो या स्त्री अपने सुख प्राप्ति के लिए किसी को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब तक उनका स्वार्थ छिपा रहता है तब तक उनके लिए छुआ-छूत की रेखा भी आड़े नहीं आती है। तब इस शोषणकारी नीति से बचकर अपनी अस्तित्व की रक्षा करना आवश्यक हो जाता है। इसी करुण-व्यथा को देखते हुए 'ठाकुर का कुंआ' नामक शीर्षक कविता वाल्मीकि लिखते हैं-

''कुंआ ठाकुर का
पानी ठाकुर का
खेत-खलिहान ठाकुर के
गली-मुहल्ले ठाकुर के
फिर अपना क्या?
गांव ? शहर ? देश ? ''

दलित साहित्य में वाल्मीकि जी ने अपने कहानियों के माध्यम से पूरे समुदाय का चित्रण करते हैं। वे स्व की जगह हम की भावना के साथ सामाजिक सरोकार एवं भेद-भाव को दर्शाते हैं। इस साहित्य में मानवता की बात होती है, जिस समाज में लेखक रहता है, उस समाज के हित में वह सोचता है। बाबा साहब अंबेडकर ने स्वाधीनता, समानता और भाईचारे की जो बात कही, उसका पूरा-पूरा पालन दलित साहित्यकार करते हैं। अंबेडकर का यह मानना है कि- ''हिन्दू समुदाय विभिन्न जातियों का एक संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि वह शत्रुओं का समुदाय है। उसका हर विरोधी वर्ग स्वयं अपने लिए और अपने यथार्थपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही जीवित रहना चाहता है।''19 इनके गंभीर विचारों के आधार पर आज का दलित- साहित्य एक विचारात्मक पहलू के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है, जिसके मुख्य प्रेरणादायक श्रोत सिर्फ डॉ. भीमराव अंबेडकर ही हैं। लेखक के रचनाओं में उस महान व्यक्ति के आदर्श एवं विचारों का एक प्रवाह- सा मिलता है। इनके तार्किक तथ्यों को प्रामाणिक मानते हुए रमणिका गुप्ता लिखती हैं- ''अनुभवों की प्रमाणिकता से दलित- साहित्य में नया तेवर उभरा, जो सीधे मन को छूता है। यह वर्तमान साहित्य के लिजलिजेपन और वासीपन तथा एकरूपी, इस वादी प्रणाली से भिन्न है और चमत्कारी कल्पनाओं से बिल्कुल अलग होता है।''[20]

ओमप्रकाश वाल्मीकि की अन्य कहानियों में भी दलित समाज की विभिन्न समस्याओं और अंतर्विरोधों ताल-मेल है। इस समाज की नियति यही थी कि वह सवर्णों की सेवा करता रहे ताकि अपने पूर्व जन्म के पापों का प्रायश्चित कर सके, किन्तु यह सब असंगत अमानवीय और अंधश्रद्धा को बढ़ावा देने वाली बातें हैं। 'यह अंत नहीं', 'हिराई', 'सपना', 'जिनावर', 'ग्रहण', 'छतरी', 'ब्रह्मास्त्र' आदि कहानियों में दलितों की वास्तविकता, कर्मठता, वेदना आदि का सजीव चित्रण किया गया है। इनके कहानियों की भाषा शैली बेजोड़ है। दलित जीवन का दर्द, अदम्य लालसा उसकी मनोस्थिति को जिन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है उससे कहानी पढ़ते हुए सम्पूर्ण दृश्य सामने दिखाई देते हैं, जो कहानी के महत्व को बढ़ाती है। साहित्य का काम समाज के हर उस रूप को सामने लाना है जो समाज में विद्यमान है जिससे समाज में फैली विसंगतियों को समझा जा सके। इसी सन्दर्भ में डा. जयप्रकाश कर्दम का मानना है कि- ''यथार्थ पर आधारित होने के कारण दलित साहित्य 'वाह' का नहीं 'आह' का साहित्य है। इसमें दलित जीवन देश, दर्द और आह सर्वोपरि है क्योंकि यह समाज का सबसे बड़ा कद और भयावह यथार्थ है। दलित उत्पीड़न और संवेदना के जितने भी पक्ष हो सकते हैं हिन्दी साहित्य की दलित कहानियों में लगभग उन सभी का प्रतिपाद्य बनाया गया है।''[21]

निष्कर्ष रूप से कह सकते हैं, कि ओमप्रकाश दलितों को वाल्मीकि की कहानियाँ प्रेरणांशील रही है अपने सम्मान के लिए लड़ना होगा, प्रतिरोध करना होगा हर उस नियम का जिससे उसकी अस्मिता को ठेस पहुँचे। स्वाभिमान से सम्मानपूर्ण जीने का हक सभी को है चाहे वह किसी भी जाति का हो, जब जाति मानवीय संबंधों में बाधक बनने के बजाए समानता को महत्व देगी तभी नये समाज की परिकल्पना का सपना साकार होगा एवं सभी को बराबरी का मुकाम हासिल होगा।

**********

सन्दर्भ -


1.बाहरी, डा. हरदेव, हिंन्दी शब्दकोश, पृष्ठ 368
2.हंस, पत्रिका (सम्पादक) राजेन्द्र यादव, अप्रैल 1992, पृष्ठ 23
3.लिम्बाले, शरणकुमार, दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, पृष्ठ 42, 43
4.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, पृष्ठ 15
5.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, मुख्यधारा और दलित साहित्य, पृष्ठ 68
6.चौबे, देवेन्द्र, आधुनिक साहित्य में दलित विमर्श, पृष्ठ 58
7.गुप्ता, रमणिका, दलित चेतनाः साहित्यिक एवं सामाजिक सरोकार, पृष्ठ 55
8.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, 'सलाम' 'कहानी संग्रह', कहाँ जाए सतीश' पृष्ठ 55
9.वही, 'सलाम' कहानी, पृष्ठ 13
10.वही, पृष्ठ 18
11.वही 'पच्चीस चौका डेढ़ सौं' कहानी, पृष्ठ 82
12.वही, कहानी, 'अम्मा', पृष्ठ 23
13.वही, कहानी, 'अधड़', पृष्ठ 91
14.कर्दम, डॉ0 जयप्रकाश, दलित विमर्शः साहित्य के आईने में, पृष्ठ 117
15.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, 'घुसपैठिए' कहानी, पृष्ठ-15
16.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, 'सलाम' कहानी संग्रह, 'कुचक्र' कहानी पृष्ठ 105
17.वही, 'बैल की खाल', कहानी, पृष्ठ 35
18.वही, कहानी, 'गोहत्या', पृष्ठ 59
19.डा. अंबेडकर, बाबा साहेब, संपूर्ण वाङ्मय, खण्ड-01, पृष्ठ 72
20.गुप्ता, रमणिका, दलित चेतनाः साहित्यिक एवं सामाजिक सरोकार पृष्ठ 127
21.कर्दम, डा. जयप्रकाश, दलित विमर्शः साहित्य के आईने में, पृष्ठ-111

# रोज केरकेट्टा के ''अबसिब मुरडअ'' में आदिवासी प्रतिरोध

**कु. रेशम सोनकर**
शोध छात्रा,हिन्दी विभाग
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय
अमरकंटक (म0 प्र0)-484887

किसी भी समाज में यदि प्रतिरोध का आकलन किया जाय तो यह पता चलता है कि हर समाज में प्रतिरोध किसी न किसी रूप में रहा है चाहे सत्ता कितना भी क्रूर न रही हो। लोग पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और धार्मिक स्थितियों के विरोध में खड़े होते रहे हैं चाहे उन्हें जो भी कीमत चुकानी पड़ी हो। प्रतिरोध की जड़ें सभ्यता के विकाश के साथ ही जुड़ी हैं। बद्री नरायण ने अपनी पुस्तक ''प्रतिरोध की संस्कृति'' में लिखा है कि "प्रतिरोध की संस्कृति भी होती है। प्रतिरोध की संस्कृति बोलती भी है और चुप भी रहती है। प्रतिरोध की बोलती संस्कृति के अनेक रूप होते हैं तो चुप संस्कृति के भी सहस्र रूप। प्रतिरोध के इन दोनों रूपों की खोज हम जनसामान्य के प्रतिदिन के व्यवहार में कर सकते हैं।''[1] डा. प्रभाकरन हेब्बार इल्लत ने माना है कि—

"प्रतिरोध का स्वर स्वाधीन मानव स्वाधीन, विवेकशील प्राणी को विवेकशील बनाने का सामाजिक कार्यक्रम है, इसी से मानव के इतिहास का निर्माण संभव है। ये प्रतिरोध के स्वर भौतिकवादी, लोकवादी, मानवतावादी रूप में साहित्य के विभिन्न स्तरों पर अनुगुँजित होते रहते हैं। ये स्वर आभिजात्य के विरुद्ध समस्त अधिनायकत्व के प्रति विकसित सास्कृतिक शंखनाद है। प्रतिरोध अतरंगता से उद्भूत होता है तथा समस्त प्रकार की जड़ता का उन्मूलन कर आगे बढ़ता है।"[2]

अगर आदिवासी प्रतिरोध की बात की जाय तो इसके विविध आयाम देखने को मिलता है। अंग्रेजी हुकूमत के दौरान आदिवासी अंग्रेजों और भारतीय जमींदारों दोनो से लड़ रहे थे। देश के आजाद होने के बाद आदिवासी समुदाय दीकुओं, सरकारी तंत्र और अपने समुदाय के अंदर व्याप्त कमियों से लड़ रहे हैं। रमणिका गुप्ता वर्तमान में आदिवासी जीवन के यर्थाथ और प्रतिरोध के कारणों पर विचार करते हुए कहती है कि-

"आज झारखण्ड हो या देश का कोई आदिवासी बसाहटों का गाँव व शहर, जल-जंगल-जमीन पर कब्जा, विस्थापन, घुसपैठ, अवमानना, अस्तित्व व पहचान का संकट तथा बेरोजगारी, भूख, बेदखली और जंगल में प्रवेश निषेध ने आदिवासियों का जीना दूभर कर दिया है। निषेध व बाजारवाद और सरकारी नीतियों के कारण उसके रोजगार, उसकी भाषा, जीवन शैली, संस्कृति व इतिहास पर संकट मड़रा रहा है। हीन-भावना का संकट अलग से उन्हें कुतर कर खा रहा है। बहिरागत दीकुओं की भरमार और आदिवासी स्त्रियों के प्रति उनकी कुत्सित दृष्टि, मानसिकता व अभद्र व्यवहार, उन्हें अलग से साल रहा है। गैर-आदिवासी दूषित समाज का इनके प्रति विकृत रुख व अंदाज-इन्हें जंगली समझना व अपने मूल्य, संस्कृति और धर्म को इन पर जबरन या फुसला कर लादना, आदिवासी बुद्धिजीवियों को सह्य नहीं है।"[3]

रमेश चन्द्र मीणा का कहना है कि "आदिवासी जीवन, समाज, संस्कृति बदलाव से गुजर रही है। आदिवासी न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से हाशिए पर धकेला जा रहा है अपितु उसकी अस्मिता संकट में है। जब भी आदिवासी की बात आती है तब भारतीय आदिम परंपराओं की उठती है और ये परंपराएं अब किसी महानगर में नहीं आदिम जीवन जी रहे, बीहड़ जंगलों में रह रहे आदिवासियों में दृष्टिगोचर होती है। ऐसे समुदाय लगता है जैसे अंतिम सांसे गिन रहे हैं।"[4] इस परिस्थिति में आदिवासियों ने साहित्य को प्रतिरोध का अपना साधन बनाया है। महेन्द्र प्रजापति ने भी शिक्षा और साहित्य को "प्रतिरोध के अभिव्यक्ति" का साधन बताया है। झारखण्ड के आदिवासी रचनाकारों में रोज केरकेट्टा का नाम वरिष्ठ रचनाकारों में आता है।

रोज केरकेट्टा झारखण्ड की आदिवासी कवियत्री हैं। उनका कविता संग्रह ''अबसिब मुरडअ'' खड़िया और हिन्दी दोनों भाषाओं में प्रकाशित हुआ है। हलांकि उत्तराधुनिक सिद्धान्तों के विचारकों का यह मानना है कि एक कृति की रचना के बाद रचनाकार की भूमिका समाप्त हो जाती है परन्तु वहीं पर परंपरावादी विचारकों का मानना है कि किसी भी कृति से उस समय-काल की सामाजिक-सांस्कृतिक स्थितियों का आकलन किया जा सकता है जिसमें उसकी रचना हुई होती है क्योंकि तत्कालीन परिस्थितियां किसी भी रचनाकार के मनोभावों का निर्माण करती हैं और रचना को जन्म देती हैं। कविताओं के विषय वस्तु को रेखांकित करते हुए रोज केरकेट्टा कहती हैं, "ये कविताएं ऊँची उड़ान नहीं भरतीं। परन्तु युवावस्था में प्रत्येक व्यक्ति कुछ सपने देखता है, कुछ आदर्श पालता है, वैसे ही मैंने भी कुछ सपने देखे थे, कुछ आदर्श पाले थे। वे कुछ हद तक इन कविताओं में झलकते हैं। शायद कुछ हद तक मेरी विचाराधारा भी दिख जायेगी।"[5] रोज केरकेट्टा के इस कविता संग्रह में प्रतिरोध बहुत मुखर होकर प्रस्तुत नहीं होता जैसा कि वर्तमान पीढ़ी के आदिवासी लेखिकाओं में देखने को मिलता है परन्तु प्रतिरोध का स्वर विविध रूपों में मौजूद है। कहीं संदेश, कही सुझाव, कहीं सांकेतिक रूप में प्रतिरोध दिखता है तो कहीं खुलकर भी पाठक के समझ प्रस्तुत होता है।

इस संग्रह की पहली कविता "पहली बारिश" में ही कवियत्री बाजारवादी संस्कृति और आधुनिकता से ओत-प्रोत मानव के जीव-जंतुओं के प्रति निष्ठुर व्यवहार के विरुद्ध मोर्चा खोल देती हैं। पहली बारिश में नदियां उमड़ रही थी और मछलियाँ जलपरियों की भाँति "तेजी से गहराई से लदगद-लदगद करते जल में/ऊँचाई की ओर उड़ रही थीं/थिरक रही थीं, रोशनी में चमक रही थीं।"[6] नदियों के अलावा खेत-गड्ढे सब छपाछप भर उठे थे जिसके उपरान्त मछलियां छिछले पानी में भी फैल गयी थीं और नृत्य कर रही थीं। यह मौका देख जवान, बूढ़े बच्चे सब जाल लेकर निकल गये और मछलियों के काल बनकर खेतों, नदियों और नालों हर जगह काल बनकर छा गये। "बेखौफ मौत से अठखेलियाँ करती/फँस गई/फँसा ली गी गई जालों में/मछलियों की प्रणयलीला/उमंग का उत्कर्ष" देखते-देखते मौत में तांडव में परिवर्तित हो गया।[7] आज का उपभोक्तावादी मनुष्य उत्स को पहचानना भूल गया है। उसे सिर्फ अपने स्वार्थ की चिंता है। उसे यह सुध नहीं कि वह भी इस सृष्टि का एक प्राणी हैं और उसे जीवों को कम से कम उनके सृजन काल में नहीं मारना चाहिए। पारिस्थितिकी जगत के जीवों के प्रति मनुष्य की इस कठोरता को देखकर कवियत्री का मन चीख उठता है और पहली बारिस में मछलियों का बिंब लेकर कहती हैं कि-

"उनकी मौत
नहीं करती द्रवित मानव को
इतना निष्ठुर इतना निर्मम
आज का मानव
सृजनकाल में मछलियाँ मारी जाती हैं।"[8]

आज विकाश का पैमाना सिर्फ भौतिक संसाधनों का विकाश हो गया है। आदिवासी क्षेत्रों में मकशद विशेष से सरकारी नुमाइंदों और ठेकेदारों के द्वारा सड़क, पुल और बांध बनाये जाते हैं और यह प्रचारित किया जाता है कि आदिवासी जन-जीवन के विकाश के यह जरूरी है। परंतु विकाश की इस अवधारणा के फलस्वरूप निर्मित

संसाधनों से आदिवासियों के जीवन की सुगमता बाधित होती है क्योंकि उस पर कब्जा ठेकेदारों का होता है। कवियत्री अपनी कविता "पुल" में वर्णन करती हैं कि पहले नदी में सुकरा काका के पिता नाव खेते थे जो नदी में नाव उतारने के पहले नदी और नाव की पूजा करने के उपरांत प्रसाद बांटते जिसे पाकर लोग खुश होते थे। बिना किसी से पैसा मांगे और बिना किसी को मना किए "देशी परदेसी सभी को/दिन हो या घोर अंधकार/इस पार लाते उमंग में भरकर और उस पार पहुँचाते पसीना पोंछकर|"[9] इस नदी को पार करने की यात्रा रिस्तों के डोर से बंधी थी। विकाश के मॉडल ने नदी के उपर पुल का निर्माण कर दिया जिससे अब "कार, साइकिलें, मोटर साइकिलें/गुजरती रहती पुल पर से/लोग आपस में बच कर लोगों से|"[10] निःसंदेह यात्रा के गति की रफ्तार तो बढ़ गयी परंतु रिस्तों के टूटने की गति भी तेज हो गयी। अब दादा का नाव बीच नदी में खड़ी करके पैसा मांगना और यह कहना कि पैसा निकालो नहीं तो नाव खड़ी रहेगी और अजगर मगर निगल जाएंगे एवं डरते देख बीच नदी में ठठाकर हंसना, फिर हंसते-हंसते किनारे पहुंचाना और किनारे तंबाकू खाकर कहना कि आना बार-बार जब तक आजा है यहाँ, सब कुछ सपना हो गया। आज तो हुई है-

"नदी पर पुल की विजय
पर हृदय भी विजित हुआ
टी. वी. रेस्तरां अपने हुए
हम अपनों से दूर हुए
लो नदी गंदी हो गई
नेह हृदय का बहा ले गयी|"[11]

कवियत्री अपनी कविता "दाम गिनोगे" में धरतीखोर और जंगलखोर सौदागरों को चुनौती देती हैं कि जिन पेड़ों और धरती की बोली लगाने आये है वे सब पुरखा के मेहनत और पसीने से सनी है। वह कहती हैं- "यह पेड़ वही/वही धूप, थकान, पसीना/वृक्ष के प्राण भी वही/ जहां तुम बैठे हो अभी|"[12] आदिवासियों के स्वाभिमान और गर्व को सजोते हुए कहती है कि "धूप पसीना परिश्रम/नहीं खरीदे जा सकते/यही सोना-रूपा/ दाम इनके कैसे दोगे?"[13] विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य धरती की छाती फाड़ रहा है, पेड़ काट रहा है, धरती को छलनी करके और खोदकर धन निकालता है, कारखानों में धातुओं को जलाकर बड़े-बड़े औजार बनाता है जिससे सारी दुनिया धुंए से भर रही है यानी प्रदूषण फैल रहा है। कवियत्री अपनी कविता ''प्रश्न'' में मनुष्य के इस मूर्खता पर प्रश्न करती हैं और कहती हैं कि- "मानव अपनी मूर्खता से/नहीं सोच पाता है कि/ स्वयं के लिए धरती पर/ स्वयं ही फंदा/क्यों रोपता है/क्यों बुद्धि नहीं लगाता?"[14]इतिहास लेखन की परंपरा वर्चस्ववादी ताकतों के हाथ में रही है। वर्चस्ववादी ताकतों ने जैसा चाहा, उस तरह का इतिहास लेखन करवाया। परिणामस्वरुप मौजूदा इतिहास में आदिवासी इतिहास को जगह ही नहीं मिली और वे इस तरह के इतिहास से संतुष्ट नहीं हैं। आज आदिवासी लेखक मौजूदा इतिहास के विरुद्ध अपनी आवाज को बुलन्द कर रहे हैं और आदिवासी इतिहास लेखन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कवियत्री अपनी कविता ''पन्ना'' में इतिहास के प्रति शिक्षक और विद्यार्थी के माध्यम से सवाल खड़ा करती हैं। जब शिक्षक विद्यार्थियों से कक्षा में पूछता है कि तुमलोगों ने कितने पन्ने भरे इतिहास के, पूरे कक्षा में सन्नाटा पसर जाता है तभी एक विद्यार्थी हिम्मत जुटा कर पूछता है "इतिहास पन्ने पर लिखूं/या क्या लिखूं पुरखों का इतिहास/या कथाओं की कथा/को लिखूं इतिहास?"[15] यह सुन शिक्षक विचार मग्न हो जाता है और कहता है-

"मत लिखो इतिहास
मत बांधो या कैद करो इतिहास
स्वतंत्र है इतिहास नहीं बंधता
जग्रत चौकीदार युग का वह
साक्षी है उथल-पुथल कर
सिपाही है युग का और
पदचिन्ह इतिहास की यात्रा का
वह इतिहास मत लिखो
जो बंधक है या पन्नों में सिकुड़ा
लिखो कि युग की छाती पूरे
चिकनी मिट्टी पर छपा जो हो
सुनहले अक्षरों में|"[16]

आगे शिक्षक कहता है- "लिखो वह इतिहास जो/हवा में रच जाए मन में खिले/ऐसा नहीं कि अगर बत्ती/जले, धुआं करे बुझ जाए/ और मिट जाए|"[17] वह अपील करता है कि "लिखो वह इतिहास जो हो/नीम वृक्ष की जड़ और फल/औषधी हो दर्द दुःख का/नाश करे पवित्र करे प्रसन्न करे/तन मन को|"[18] इस प्रकार कवियत्री एक ऐसे इतिहास लेखन की बात करती है जो पन्नों से परे लोगों के भावनाओं से ओत प्रोत हो, उसमें लोगों के दुखों को हरने की क्षमता हो। वह आह्वाहन करती हैं कि- "लिखो इतिहास धरती की चिकनी मिट्टी पर/समुद्र के जल पर, बादलों पर/दर करो जुल्म और दुःख/लिखो स्वर्णिम अक्षरों से/जैसा लिखो बिरसा ने|"[19]

ब्रिटिश हुकूमत के दौर से ही पूँजीवादी एवं बाजारवादी दृष्टिकोंण से ग्रसित समाज के ठेकदार या आदिवासियों की भाषा में 'दीकू' विकाश के नाम आदिवासी क्षेत्रों में मौजूद खनिज संपदा पर टकटकी लगाए रहते रहे हैं और सिलशिला आजादी के बाद भी खत्म नहीं हुआ। अपनी कविता "पचास वर्ष" में रोज केरकेट्टा आजादी के बाद की आदिवासी स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रश्न करती हैं कि क्या पचास वर्ष बाद भी सामाजिक बंधन टूट पाया है? जब पृथ्वी आसामान में जा रही है और सीमा पर तोप गरज रही है तब ऐसे में वन कैसे गुलजार हो सकता है? वह कहती है- "एक बंधन टूटा/दस बंधन बंध गये।/लोहा, कोयला, सोना-हीरा/दूसरे का हुआ, हार गए हम|"[20] अब खदानों पर दूसरों का कब्जा हो गया है जिससे उनके खाने की थाली दूसरों के हांथों में चली गयी है-

"हमारे खान दूसरों के
हमारी थाली दूसरी को
थाली पर दूसरे का हाथ
चारपाई पर बाबू बैठा|"[21]

प्राचीन काल से ही भद्र समाज में तमाम तरह की विसंगतियां पसरी हुई हैं जिनमें से एक है— मानव-मानव में भेद। यह कुत्सित भावना अब और तीव्र हुई है। एक मानव अपने को ऊँचा मानता है और दूसरे को नींचा। गोरे-काले भी भेद है। इस विभत्य दृष्टिकोंण पर प्रहार करते हुए कवियत्री अपनी कविता "मानव" में लिखती हैं- "मानव-मानव एक से/ आंखे, चेहरा, हाथ-पैर/यकृत, खून आँत भी/फिर भी अलग-अलग|"[22] वह कहती हैं कि मानव जन्म एक बार मिलता है इस लिए मानव को मानव जैसा ही व्यवहार करना चाहिए राक्षस जैसा नहीं।

विस्थापन आदिवासियों की एक बड़ी समस्या रही है। कभी कारखाने स्थापित करने के लिए तो कभी बांध बनाने के लिए आदिवासियों को उनके मूल निवास क्षेत्र से जबरन विस्थापित किया जाता है। रोज केरकेट्टा अपनी कविता "मछली केलाघाघ की" में विस्थापन के बाद बधराटोली की आदिवासी स्त्रियों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहती हैं कि जो स्त्रियां आज बाजारों में सिर झुकाए मछली बेच रहीं हैं वे कभी खाते-पीते घर की किसी की बहन-बच्ची हैं जो कभी "हँसती थीं, खेतों के बीच में/बैल-बकरी चराती थी|"[23] पर आज चेहरा नीचे किए मछली खरीदने की बिना जबरदस्ती किए यह कहते हुए मछली बेंच रही हैं कि ये मछलियां पाइन की नहीं हैं बल्कि ये ऊपर के बाँध की हैं। आज उनकी यह हालात इस लिए हुई है क्योंकि उन्होनें

"जमीन बचाने का संघर्ष किया था/जेल भी जाकर देखा था|"[24] परन्तु वे न तो जमीन बचा सकीं और न ही चेहरों की मुस्कान। वे कहती हैं कि-

"निगल गया बाँध खेत
निगल गया हँसी बच्चों युवतियों की।
डूब गया अमुस का पूजा-पाठ
बच गया नाम बुधराटोली भर।
युवक मोटिया ढोते हैं।
स्त्रियाँ हुईं मछुआरिन
जाति बदल गई
जीने की राह बदल गई|"[25]

उक्त पंक्तियाँ कवियत्री के विस्थापन के विरुद्ध प्रतिरोध को व्यक्त करती हैं। बहुत ही सरल और सहज तरीके से बिना आक्रामक तरीका अपनाए वह विस्थापन के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए विस्थापन से अपनी असहमति जाहिर करती हैं। कभी विस्थापन के कारण और कभी आधुनिकीकरण के प्रभाव से भद्र समाज जैसा जीवन जीने की लालच में आदिवासी युवा शहरों की तरफ पलायन कर रहा है। वह पेट पालने के लिए काम की खोज में बिन बताए भाग जा रहा है। उधर वह हीन काम कर रहा है, पसीना बहा रहा है, बीमार पड़ रहा है, दुख झेल रहा है, अकेले रह रहा है। वह अपनी संस्कृति और ग्रामीण प्रवेश से वंचित हो जा रहा है। वहां पर उसे बचपन और गांव के जीवन की यादें सताती हैं। जब भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रहता तो वह घर वालों को पत्र लिखता है। इसका चित्रण कवियत्री ने अपनी कविता "पत्थलगड़ी" में किया है। निराश युवक घर वापस आने की उम्मीद हार चुका है और अपने घर वालों से अनुरोध करता है कि-

"शर्म भय से भर लिखता हूं मां
रो-रो कर याद करता हूं अब्बा
मर खप जाउंगा इधर ही
नहीं फिर भी देख पाउंगा
भाई तुमसे अपील करता
बहन से भी निवेदन करता
कभी किसी दिन माघ महीने में
कर देना पत्थलगड़ी
याद कर देना भाई को|"[26]

इस प्रकार युवक की दयनीय दशा और मार्मिक पत्र के सहारे कवियत्री शहर की ओर पलायन का विरोध करती हैं। आदिवासी समुदाय में दीकुओं, सरकारी नुमाइंदों और अंधविश्वास से भय व्याप्त है। कवियत्री अपनी कविता "डर" में भय का प्रतिरोध करती हैं। वह कहती हैं कि शैशवावस्था में शिशु के अन्दर और बाहर अन्धकार ही अंधकार छाया रहता है जिससे वह भयभीत रहता है। अन्दर का भय उसे तरह-तरह के दृश्य दिखाता है। जैसे ही मां जरा सा भी हटती है वह झिंझोक कर मां को टटोलता है। यदि अन्दर का भय नवजवानी तक व्याप्त रहता है तो वह "जिन्दगी के जंगल में/सारी जिंदगी डराएगा'' क्योंकि ''अन्दर का भय शून्य से उतरता/सुख, जीवन्तता को निगलता/निगल जाता सूर्य प्रकाश को/भय पृथ्वी के प्रकाश को चूस डालता|"[27] भय से मुक्ति का मार्ग बताते हुए कवियत्री विवेक रूपी सूर्य को प्रकाशित करने के लिए कहती हैं जिससे कि "मन का भय किनारा काटे तो/जीवन तुम्हारा विजयी होगा|"[28] वह भय का प्रतिरोध करते हुए आदिवासी समुदाय को नसीहत देती हैं कि भय को मत बो और इसे मत बांटो तथा वह जहां भी अंकुरित हो उसे जड़ से उखाड़ दो, उसे जला दो एवं उसका पास न फटने दो।

संग्रह की अंतिम कविता ''अधीन करो'' में रोज केरकेट्टा आदिवासी जीवन में व्याप्त उन विकट समस्या रूपी शक्तियों को अधीन करने की बात करती हैं जो आदिवासी जीवन में भूचाल ला देती हैं। कभी बाढ़ तो कभी विविध बिमारियां आदिवासी जीवन को संकटमय बना देती हैं। विकास की डीगें तो हांकी ताजी हैं पर सरकारी तंत्रों के द्वारा बाढ़ और बिमारियों से निजात पाने के लिए कोई ठोस उपाय नही तैयार किए गए। आदिवासी क्षेत्रों में अस्पतालें खस्ता हालत में हैं। इन ताकतों की तुलना कियत्री बाढ़, बिमारी, सर्प, करैत, जोंक से करती हुई इनसे निपटने के तरीके तैयार करने की ओर ध्यान आकर्षित करती हैं।

इस प्रकार रोज केरकेट्टा अपने कविता संग्रह "अबसिब मुरडअ" में आदिवासी जीवन की वर्तमान संकटमय परिस्थितियों का प्रतिरोध किया है। उनका प्रतिरोध निर्मला पुतुल की तरह बर्हिमुखी नहीं है और न ही केवल स्त्री केन्द्रित है। वह आदिवासी जीवन के संपूर्ण पहलुओं पर अपनी आवाज को मुखर करती हैं। सहज और सामान्य भाषा में अपने प्रतिरोध को कविता के माध्यम से दर्ज कर आदिवासी जीवन की समस्याओं का सामाधान खोजने का प्रयाश करती हैं।

**********

## संदर्भ


1. बद्री नारायण, प्रतिरोध की संस्कृति, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012 पृ0 83
2. डा0 प्रभाकरन हेब्बार इल्लत, पर्यावरण एवं समकालीन हिन्दी साहित्य, वाणी प्रकाशन, 2019 पृ0 102
3. रमणिका गुप्ता, सं0, कलम को तीर होने दो झारखंड के आदिवासी हिन्दी कवि, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2015, पृ0 6-7
4. रमेश चंद मीणा, ''भूमिका'', उपन्यासों में आदिवासी भारत, अलख प्रकाशन, जयपुर, 2014, पृ0 04
5. रोज केरकेट्टा "निवेदन", अबसिब मुरडअ, प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन, रांची, 2010 पृष्ठ 5
6. रोज केरकेट्टा, अबसिब मुरडअ, प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन, रांची, 2010 पृष्ठ 11
7. वही पृष्ठ 11-12
8. वही पृष्ठ 12
9. वही पृष्ठ 21
10. वही पृष्ठ 23
11. वही पृष्ठ 23
12. वही पृष्ठ 79
13. वही पृष्ठ 79
14. वही पृष्ठ 71-73
15. वही पृष्ठ 81
16. वही पृष्ठ 83
17. वही पृष्ठ 83
18. वही पृष्ठ 85
19. वही पृष्ठ 85
20. वही पृष्ठ 106
21. वही पृष्ठ 106-107
22. वही पृष्ठ 113
23. वही पृष्ठ 117
24. वही पृष्ठ 117
25. वही पृष्ठ 119
26. वही पृष्ठ 56
27. वही पृष्ठ 47-48
28. वही पृष्ठ 47

# भारतीय बौद्ध दर्शन का कालजयी विश्वकाव्य : धम्मपद

**प्रो.डॉ.शशिकांत 'सावन' (डी.लिट्.)**
स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, प्रताप महाविद्यालय, अमलनेर
शोध निदेशक, क.ब.चौ.उ.म.विश्वविद्यालय, जलगाँव

**आशिया खंड का अविनाशी विश्वग्रंथ : बुद्धवचनावली 'धम्मपद':-** आज इक्कीसवी शताब्दि में यंत्रवत-सा जीवन जीते, जब हम ढ़ाई-तीन हजार पूर्व की आशियाई संस्कृतियों का विचार करते हैं तब सब से गरिमामयी समताधिष्ठित एवं विज्ञानवादि बौद्ध सभ्यता उभरकर आती है | बौद्ध सभ्यता एवं लोकसंस्कृति भारत ही नहीं अपितु समस्त आशियाखंड में भारतीय बौद्ध दर्शन की दैदिप्यमान कीर्तिपताका रही है | यह बौद्ध कीर्तिपताका ही भारतीय संस्कृति की शिखर ध्वजा के रूप में विश्वविख्यात हुई | आर्यपूर्व भारतीय श्रमण लोकसंस्कृति मोहंजोदडो एवं हडप्पा की सिंधुघाटिय बुनियादि भारतीय सभ्यता से विकसित है | बौद्धदर्शन से प्रभावित आशियाई विराट लोकजीवन तथा सभ्यता स्वर्णिम इतिहास के साक्ष्य हैं | महात्मा बुद्ध के लोकोपयोगी समताधिष्ठित वैश्विक तथा मांगलिक संदेशों ने केवल भारत को ही प्रभावित नहीं किया अपितु तत्कालिन समग्र आशिया खंड को झकझोर दिया | मानव तथा मानवता केंद्री जीवनोपयोगी विचारों को प्रत्यक्ष आचरणों द्वारा विराट लोक तक पहुँचाने में महात्मा बुद्ध, उनके वंशज, उत्तराधिकारी तथा भिक्खु गण सफल रहें |

उक्ति और कृति की एकरूपता, वचनों की स्पष्ठता, जीवन की सत्यता, लोककल्याण के प्रति सच्ची समर्पणशिलता, वैराग्यता और लोकोपयोगी विज्ञाननिष्ठता के संदेश बीज सबसे अधिक बौद्ध धर्म ने बिजांकुरित किए, जिसके महाबोधीवृक्ष समस्त आशिया खंड में विद्यमान हुए | बुद्ध संदेशों के अनेक सारगर्भित ग्रंथों में से एक है धम्मपद, जिसने मात्र भारतभूमि में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देशों को अपनी सत्यवादि समताधिष्ठित एवं मांगलिक किरणों से आलोक्ति किया | धम्मपद की विश्वव्यापी लोकोपयोगिता तथा अंतर्गत गरिमा के संदर्भ में प्रसिद्ध अभ्यासक कहते हैं, "एक पुस्तक को केवल एक पुस्तक के जीवनभर साथी बनाने की यदि कभी आपकी इच्छा हुई है तो विश्व के पुस्तकालय में आपको धम्मपद से बढ़कर दूसरी पुस्तक मिलनी कठीण है | जिसप्रकार महाभारत में भगवतगीता एक छोटी किंतु अमूल्य कृति है, उसीप्रकार त्रिपिटक में धम्मपद एक छोटा किंतु मूल्यवान रत्न है | काल की दृष्टि से भगवतगीता की अपेक्षा धम्मपद प्राचीनतर है | प्राचीन काल में चीनी तिब्बती आदि भाषाओं में इस के अनुवाद हुए हैं | वर्तमान काल में संसार की सभी सभ्य भाषाओं में- अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच.....आदि में कई-कई अनुवाद है |"(1)

विश्वप्रसिद्ध पाली ग्रंथ धम्मपद महात्मा गौतम बुद्ध के लोक उपदेशों का निचोड है | बुद्ध महापरिनिर्वाण के तीन माह पश्चात भिक्खु संघ के उनके शिष्य अरिहंत/अरहंत द्वारा बुद्ध वचनों को तत्कालिन पाली में काव्यबद्ध किया है | इस लोक कार्य में तत्कालिन बौद्ध भिक्ष बुद्धघोष ने बुद्ध उपदेशों के करिबन तीन सौ प्रसंगों को कथाओं के रूप में शब्दबद्ध कराके धम्मपद के गद्य-पद्यमय मौलिक काव्य के रूप में गढ़ा है | फलत: बौद्ध भिक्ष साहित्यकार अरहंत एवं बुद्धघोष विश्वकाव्य धम्मपद के मुख्य निर्माता ठहरें हैं | धम्मपद विश्व का ऐसा महान चंपुकाव्य सिद्ध हुआ है, जो महात्मा बुद्ध की लोकशिक्षा को तत्कालिन संदर्भ काव्य एवं कथाओं को प्रमाणों द्वारा सटिक बनाता है | लोकसाहित्य तथा बौद्धदर्शन के प्रसिद्ध अध्येता अलबर्ट जे.एडमंड इस काव्यग्रंथ की लोकगरिमा एवं विश्व उपयोगिता के संदर्भ में कहते हैं, "यदि एशिया-खंड में कभी किसी अविनाशी ग्रंथ की रचना हुई है तो धम्मपद ही है | इन पदों ने अनेक विचारकों के हृदय में चिंतन की आग जलाई है | इन्हीं से अनुप्रणित होकर अनेक चीनी यात्री मंगोलिया के भयानक कांतार और हिमालय की अलंघ्य चोटियों को लाँघकर भगवान के चरणों से पूत भारत भूमि के दर्शनार्थ आए हैं | इन्हीं को महाराज अशोक ने- जिन्होंने प्राणदंड का निषेध किया, गुलामी की प्रथा को कम किया, मनुष्य और जानवरों तक के लिए अस्पताल खोले, शिलालेखों पर अंकित करवाया | आज दो हजार वर्ष से रोम और ईसाइयत की संस्कृति का प्रचार होते रहने पर भी युरोप और अमरिका के सभी विद्यामंदिरों में, कोपेनहेगन से केंब्रिज तक और शिकागों से सेटपिटर्स बर्ग (लेनीनग्राड) तक यह युरोपियन और अमरिकन लोगों द्वारा श्रद्धा की दृष्टि से देखे जाते हैं |"(2)

धम्मपद के संदेश और सत्याधिष्ठित जीवनोपयोगी मार्गदर्शन किसी भी पाठक-श्रोता को प्रभावित किए बिना नहीं रहते | बौद्ध धम्म के मूल ग्रंथ त्रिपिटिक के प्रथम 'सुत्त पिटक' के पाँचवे आयाम 'खुद्दकनिकाय' का यह दूसरा ग्रंथ है | धम्मपद के कुल 423 बुद्ध गाथाएँ है, जो 26 वग्ग/वर्गों के अंतर्गत समाविष्ठ है |

1) यमकवग्ग, 2) अप्पमादवग्ग, 3) चित्तवग्ग, 4) पुप्पवग्ग, 5) बालवग्ग, 6) पंडितवग्ग, 7) अरहंतवग्ग, 8) सहस्सवग्ग, 9) पापवग्ग, 10) दंडवग्ग, 11) जरावग्ग, 12) अत्तवग्ग, 13) लोकवग्ग, 14) बुद्धवग्ग, 15) सुखवग्ग, 16) प्रियवग्ग, 17) क्रोधवग्ग, 18) मलवग्ग, 19) धम्मवग्ग, 20) मग्गवग्ग, 21) पकिणवग्ग, 22) निरयवग्ग, 23) नागवग्ग, 24) तण्हावग्ग, 25) भिख्खुवग्ग, 26) ब्राह्मणवग्ग का अंतर्भाव है | प्रस्तुत हैं इनके कुछ प्रतिनिधि पद.....

"न हि वेरेन वेरानि सम्मन्तीधं कुदाचनं |
अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्तनो ||" *(यमकवग्ग-05, धम्मपद-05)*

वैर, वैर से कभी शांत नहीं होता | अवैर से ही वैर शांत होता है | यही संसार का प्राचीन, सनातन नियम है |

"न तं मातापिता कयिरा वापिच त्रातका |
सम्मापणि हितं चितं सेच्यसो नं ततो करे ||" *(चित्तवग्ग-11, धम्मपद-043)*

न् मातापिता न् दुसरे रिश्तेदार, आदमी की उतनी भलाई कर सकते है, जितना सन्मार्गपर गया हुआ चित्त करता है |

"फंदनं चचलं चित्तं दुखख दुन्निकवारयं |
उजुं करोति मेधावी उसुकारो व तेजनं ||" *(चित्तवग्ग-01, धम्मपद-033)*चित्त चंचल है, चपल है, दूर-रक्ष्य है, दुर-निवार्य है | मेधावी पुरूष उसे उसी प्रकार से सीधा करता है, जैसे बाण बनानेवाला बाण को "पुत्ताम त्थि धनमत्थि इति बला विहत्रति |
अत्ता ही अत्तनो नत्थि कुतो पुत्ता कुतो धनं ||" *(बालवग्ग-03, धम्मपद-062)*

मेरे पुत्र हैं, मेरा धन है ऐसा सोचकर अज्ञानी व्यक्ति दुख प्राप्त

करता है | जब शरीर तक (भी) अपना नहीं है, तो धन और पुत्र कहाँ ?

"न हि पापं कतं कम्मं सज्जु सीखं मुच्चति |
डहत बाल मन्वेति भस्मच्छ न्नोव पाव को ||" *(बालवग्ग-12, धम्मपद-071)*

ताजे दुध की भांति पाप कर्म फौरन विकार नहीं लाता | वह भस्म से ढकी हुई आग की भांति जलकर मुर्ख आदमी का पीछा करता है |

"सेलो तथा एक धनने वातेनं न समीरति |
एवं निंदापसंसासु न समिजंति पंडिता ||" *(पंडितवग्ग-06, धम्मपद-08)*

अडिग और अचल पहाड़ हवा से नहीं हिलता, उसी तरह पंडित निंदा और प्रशंसा से कंपित नहीं होते |

"उय्युजंति सतीमंतो न निकेते स्मंतिते |
हंसा व पल्लल हित्वा ओक मोकं जहान्ति ते ||" *(अरहंतवग्गा-02, धम्मपद-091)* उद्यमी व्यक्ति कार्य करते हैं | वे घर में नहीं रहते | जिस तरह हंस क्षुद्र जलाशय छोड जाते हैं, उसी प्रकार उद्यमी भी घर छोडकर चलें जाते हैं |

"सहस्समपि चे वाचा अनत्थपदसंहिता |
एकं अत्यपदं सेस्योयं सुत्वा उपसम्मति ||" *(सहस्सवग्ग-01, धम्मपद-100)*

अनर्थकारी पदों से भरे सहस्त्र वणियों से एक उपयोगी पद सर्वश्रेष्ठ है, जिसे सुनकर शांति प्राप्त होती है | "पापोपि पस्सति भद्रं याव पापं न पच्चति |यदाच पच्चति पापं, अथ पापो पापानि पस्सति ||" *(पापवग्ग-04, धम्मवग्ग-119)*जब तक पाप फल नहीं देता तब तक पापी को अच्छा लगता है | जब पापफल उभरते लगता है तो उसे बुरा लगता है |वैश्विक मानव जीवन की समस्त समस्याओं का सम्यक समाधान : 'धम्मपद' :- प्राचीन काल से ही, किंबहुना मानवमन में आशा, आकांक्षा तथा सुखभोगेच्छाओं का निर्माण होने से लेकर आज तक समुचा जीवन समस्याग्रस्त बनता जा रहा है | भांति-भांति की सुखेच्छाओं ने मनुष्य मात्र को सुखी नहीं बल्कि दुखी-कष्टी बना दिया है | दुनियाभर के सुख पाकर भी सुखभोगी की लालसाएँ शांत होने की बजाय अधिकाधिक प्रक्षुभित हो रही है | इन लालसापूर्ति की होड में जीवन अशांत वैफल्यग्रस्त, भ्रष्ट एवं ईर्षामयी बनते जा रहा है | बुद्ध वचनों की शिक्षा, जो धम्मपदों मे निहित है, हजारो वर्षों से लेकर आज तक जीवन की इन विडंबनाओं का निराकरण कर रही है | वैश्विक मानव के समस्त समस्याओं का यथोचित सम्यक निरूपण जितना धम्मपद सत्य की ठोस धरातल पर करता है, उतना अन्य कोई नहीं कर सका | फलत: विश्वशांति, संतुष्टि, सदाचार, सच्चे सुख की प्राप्ति एवं मानवकल्याण हेतु धम्मपद का अंधकारम्य मानवी जीवन का अक्षय आलोक स्तंभ है | पाली धम्मपद के प्रसिद्ध हिंदी अनुवादक भिक्खु रतनज्योति, स्थविर इस संदर्भ में दावे के साथ कहते है, "विश्व में मानव जाति के सम्यक रूप में जीवन यापन करने तथा अंतिम सुख निब्बान की मंजिल पर पहुँचाने के संदर्भ में समयानुसार बहुत से मार्गदर्शक आए | किंतु कोई भी मार्गदर्शक ऐसा सम्यक मार्ग नहीं दे सका जो प्राणी मात्र के हृदय की आवाज हो | सार्वजनिक हो एवं उसकी धार्मिक मान्यताएँ अन्य प्राणियों के लिए दुख का कारण न् हो | वास्तव में धम्मपद मानव जीवन की समस्त समस्याओं का सम्यक रूप से समाधान करता है, यदि इन शिक्षाओं को व्यक्ति गंभीरतापूर्वक अपने आचरण में लाए | बर्मा, थाईलैंड, श्रीलंका आदि देशों में यह परंपरा है कि आवश्यक ज्ञान के लिए अन्य ज्ञान के साथ-साथ धम्मपद का कंठस्थ होना अत्यंत आवश्यक है | इसी से पता चलता है कि धम्मपद नामक ग्रंथ आकार में छोटा होते हुए भी कितना महत्वपूर्ण है |"[3]प्राचीन और आधुनिक विश्व साहित्य में सर्वाधिक लोकप्रिय, विवेकनिष्ठ जीवनोपयोगी एवं अनुदित यदि कोई कृति हुई है, तो वह धम्मपद ही है | देश-विदेश के विविध अभ्यासकों, भाषाविदों, साहित्यकारों तथा दार्शनिकों ने धम्मपद के सैंकडों अनुवाद अपनी-अपनी भाषाओं में कराके, बुद्ध वचनावली को अपनाकर जीवन को सही अर्थों में सुखी कराने का प्रयास किया है | प्रसिद्ध दार्शनिक तथा अंतर्राष्ट्रिय चित्रकार सर शांतिस्वरूप बौद्ध धम्मपद की गरिमा के संदर्भ में कहते हैं, "धम्मपद बौद्ध त्रिपिटक साहित्य का बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय ग्रंथ है | एक अनूठा कीर्तिमान भी धम्मपद के नाम के साथ जुड़ा है कि इस पुस्तक का अनुवाद संसार की सबसे अधिक भाषाओं में हुआ है | संसार की भाषाएँ ही क्यू ? भारतीय भाषाओं में से अकेली हिंदी भाषा में ही सैंकडों विद्ववानों द्वारा उसका अनुवाद किया जा चुका है | इस ग्रंथ की शिक्षाओं की लोकप्रियता का प्रमाण इस बात से भी मिल जाता है कि गुरू रविंद्रनाथ टैगोर को उनकी जिस गितांजली पर नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था, वह रचना भी धम्मपद को प्रभाव से अछुती नहीं रह सकी |"[4]

प्रस्तुत है धम्मपद के जीवनोपयोगी कुछ मौलिक संदेश.....

"सब्बे तसंति दंडस्स सब्बे सं जीवितं पियं |
अज्ञानं उपमं कत्वा न हनेय्य न घातेय ||" *(दंडवग्ग-002, धम्मपद-130)* सभीं दंड से घबराते हैं, सभीं को जीवन प्रिय होता है | इसलिए सभी खुद के समान औरो को भी समझे और किसी को भी न् मारे और न् मरवाये |

"यथा दंडेन गोपालो गावो पाचेति गोचरं |
एवं जरा च मच्चू च आयुं पाचेंति पाणिनं ||" *(दंडवग्ग-007, धम्मपद-135)*

ग्वाला/चरवाहा जिसप्रकार डंडे से गायों को चरागाह में ले जाता है ठीक उसी भांति बुढ़ापा और मृत्यु प्राणियों की आयु को हाँकते ले जाते हैं |

"न नग्गचरिया न जटा पंका, नानासका थंडिल साचिका वा |
रज्जोच जल्ल उक्कुटिपधान सोधेंति मच्च अवितिण्ण कणखं ||"*(दंडवग्ग-013, धम्मपद-141)*

आदमी की शुद्धि के लिए नंगा रहना, जटा धारण करना, शरिर को कीचड लपेटना, उपवास रखना, कडी जगह पर सोना, धूल लपेटना तथा उकडू बैठना कोई मायने नहीं रखते, यदि उसका मन ही संदेही हो |

"अट्ठीन नगरं कतं मंसलोहित लेपनं |
यत्थ जरा च मच्चूच मानो ओहितो |" *(जरावग्ग-005, धम्मपद-150)*

मनुष्य का शरिर मूलत: हड्डियों का एक नगर बनाया गया है | इसे मांस तथा रक्त से लिपा गया है | इस में बुढ़ापा, मृत्यु, अभिमान ढाह छिपे हुए है |

"अचरित्वा ब्रह्मचरियं अलद्धा योब्बने धनं |
जिण्णकोंचाव झायन्ति खीणमच्छेव पल्लले ||" *(जरावग्ग-010, धम्मपद-155)*

जो जीवन में ब्रह्मचर्यपालन नहीं करते, या पालन नहीं किया और जिन्होंने यौवनावस्था में धन नहीं कमाया, उनकी अवस्था उसी काँच पक्षी की भांति होती है, जो बिना मछली वाले तालाब में ध्यान लगाकर बैठते है |

"यस्यच्चन्त दुस्सील्य मालुवा सालमिवोततं |
करोति सो यथत्तानं यथानं इच्छति दिसो |" *(अत्तवग्ग-006, धम्मपद-162)*

जिस व्यक्ति का दुराचार शाल वृक्ष पर फैली मालुआ तला की भांति फैला हुआ है, वह खुद के लिए वही सब करता है, जैसे (जो) उसके शत्रुओं की इच्छा होती है |

"यस्स पापं कतं कम्मं कु सलेन पिथीयति |सोमं लोकं पभासेति अन्भा मुत्तोवचंदिभा ||" *(लोकवग्ग-006, धम्मपद-173)*

जो अपने किए गए पापकर्म को कुशल कर्म से ढँक देता है, यह बादल से मुक्त चंद्र की भांति इस लोक को प्रकाशित करता है |

"सब्ब पापस्स अकरणं कुसलस्स उपसंपदा |सचित्त परियोदपनं एतं बुद्धान सासनं ||" *(बुद्धवग्ग-015, धम्मपद-183)*

सब पापों का न करना, शुभ कर्मों का करना, चित्त को परिशुद्ध रखना यही बुद्ध की शिक्षा है|

"नत्थि रागसमो अग्गि, नत्थि दोससमो कलि |
नत्थि खधासमा दुकखा, नत्थि संतिपरं सुखं ||" *(बालवग्ग-006, धम्मपद-202)*

राग के समान अग्नि नहीं, द्वेष के समान मल नहीं | पाँच स्कंधों के समुदाय समान दु:ख नहीं | शांति से बढ़कर सुख नहीं |

"सीलदस्सन संपन्न धम्मट्ठे सच्चावादिनं |
अत्तनो कम्मकुब्बानं तं जनो कुरूते पियं ||" *(पियवग्ग-009, धम्मपद-217)*

जो शीलवान है, जो विद्वान है, जो धर्म में स्थित है, जो सत्यवादि है, जो अपने काम को करता है, करनेवाला है ऐसे व्यक्ति को ही लोग प्यार कहते हैं |

त्रिपिटिक का विशाल जीवनज्ञानसागर धम्मपद के घड़े में समाहित :- भारतीय बौद्ध ग्रंथों में धम्मपद का स्थान मौलिक है | त्रिपिटिक के अनेकानेक विशाल ग्रंथों का निचोड मानो धम्मपद में हुआ हो | करिबन इकतीस बृहत ग्रंथों की जीवनोपयोगी फलश्रुति अधिकांशत: धम्मपद में देखी जाती है | फलत: अनेका दार्शनिको तथा साहित्यकारों में धम्मपद को धम्मसार का वह घड़ा सिद्ध किया है, जो त्रिपिटिक के विशाल ज्ञानसागर से भरा हुआ है | इसमें निहित पदावली मानवी जीवन का सही दिशा दिग्दर्शन कराती है | बुद्धि, तर्क, प्रसंग तथा लोकजीवन की विशाल धरती के सक्षम प्रमाण इस ग्रंथ की विशेषताएँ है | फलत: धम्मपद विराट के साथ-साथ आधुनिकता की जीवन शैलियों को भी अनेकानेक आधार प्रदान कराता है, जो कालोपयोगी एवं प्रासंगिक भी है | धम्मपदों की यही कालोपयोगिता एवं प्रासंगिकता उसे कालजयी बनाती है | धम्मपदों की विशेष जीवन उपलब्धियों पर भाष्य करते हुए प्रसिद्ध दार्शनिक डॉ.धर्मकीर्ति कहते हें, "दार्शनिक दृष्टि से मैं धम्मपद को पूर्ण ग्रंथ की श्रेणी में रखता हूँ | यदि धम्मपद की तुलना वेदों, उपनिषदों, महाभारत, गीता, कुराण, मजीद एवं बाईबल से की जाए, तो यह ग्रंथ प्रत्येक दृष्टि से उनसे भारी पड़ता है | इस ग्रंथ का सुक्ष्म एवं विश्लेषणात्मक दृष्टि से अध्ययन किया जाए तो इस में मनोविज्ञान, न्यायशास्त्र, नीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, धर्मशास्त्र,, दर्शनशास्त्र के मूलभूत सिद्धांतों का अवलोकन किया जा सकता है | यथार्थ में नीतिशास्त्र का यह बेजोड ग्रंथा है | इस ग्रंथ के नीतिशास्त्र के सामने कांट एवं कृष्ण का नीतिशास्त्र बौना दिखाई देता है | मैं इस बात को निश्चित एवं निरपेक्ष रूप से कह सकता हूँ कि विश्व की विकसित संस्कृति एवं सभ्यता में इसप्रकार का महत्वपूर्ण ग्रंथ न लिखा गया है और न लिखा जाएगा 'न् भूतो न भविष्यति' वाली कहावत इसपर खरी उतरती है |"[5]

धम्मपद नामक यह मौलिक तथा कालजयी लोकोपयोगी काव्य ग्रंथ हर युग की भीषण समस्याओं का सहज सुलभ निराकरण का सत्यान्वेषि मार्ग है | मनुष्य की बर्बरता को नियंत्रित कराके उन्हें प्रज्ञा, शील, करूणा तथा सदाचार के मार्ग पर लाने में धम्मपद प्रभावकारी भूमिका निभाता है | इसीलिए धम्मपद का अध्ययन तथा तदुसार जीवनाचरण यदि होता है तो भारत ही नहीं अपितु विश्व बुद्ध के सन्मार्ग से पून दीव्यालोकित हुए बिना नहीं रहेगा | इसी मौलिक सत्य को प्रमाणित करते हुए आशिया के प्रसिद्ध विद्वान कहते है, "All these characteristics are featured in the Dhammapada, one of the thirty one books that comprise the Tripitika, the three Baskets, which contain the quintessence of the Buddha's Teaching. The Dhammapada is not a book to be read supeficially like novel and shelved aside. It should be read and re-read so that it may serve or constant companion for inspiration, solace and edification in times of needs."[6]

भारत ही नहीं अपितु विश्व के विवेक को तथा मानवतापूर्ण आचरण को सही अर्थ में जाग्रत करानेवाले धम्मपद यह मात्र काव्य रूप नहीं है बल्कि समस्त जीवन को समृद्ध कराने की सक्षम शैली है | प्रस्तुत है धम्मपदों की कुछ गरिमामयी पंक्तियाँ.....

"वचीपकोपं रक्खेय वाचाय संवुतो सिया |
वची दच्चरितं हित्वा वाचाय सुचरितं चरे ||" *(क्रोधवग्ग-012, धम्मपद-232)*

वाणी की चंचलता से बचे | वाणी का संयम रखे | वाणी का दश्चरित्र छोडकर उसका सदाचरण करे |

"सुदस्यं वज्जमत्रेसं अत्तनो पन दुद्दसं |
परेसं हि सो वज्जनि ओपुगाति यथा भुसं |
अत्तनो पर छादेति कलि व कितवा साठो ||" *(मलवग्ग-018, धम्मपद-252)*

दूसरों के दोष देखना आसान है, किंतु अपने दोष देखना बडा कठीण | आदमी दूसरों के दोषों को भूस की भांति उडाता है किंतु अपने दोषों को ऐसे ढँकता है, जैसे बेईमान जुँवारी पासे को|

"सब्बे संगरवारा दक्खा, ति यदा पत्राय पस्सति |
अथ निब्बिदंते दुक्खे एस मग्गो विसुसिद्धया ||" *(मग्गवग्ग-006, धम्मपद-278)*

सभी संस्कार दुख है | जब आदमी इस बात को प्रज्ञा से देखता है तभी उसे संसार से विराग पैदा होता है, यही विशुद्धि का मार्ग है |

"दूरे संतो पकासेंति हिमवंतोव पब्बता |
असंतेत्थ न दिस्तन्ति रत्तिखित्ता यथा सरा ||" *(पकिण्णवग्ग-015, धम्मपद-304)*

सत्पुरूष हिमालय पर्वत की तरह दूर से ही प्रकाशित होते है, असत्पुरूष रात में फेंके बाण की तरह दिखाई नहीं देते |

"अलज्जिताये लज्जंति लज्जिताए न् लज्जरे |
मिच्छादिट्ठि समादाना सत्ता गच्छंति दुग्गति ||" *(निरयवग्ग-011, धम्मपद-316)*

अलज्जा के काम में तो लज्जा करते हैं और लज्जा के काम में जो लज्जा नहीं करते ऐसी झूँठी धारणावाले प्राणी दूर्गति को प्राप्त होते है

"सुखा मत्तेय्यता लोके अथो पेत्तेय्यता सुखा |
सुखा सामणंता लोके अथो ब्रह्मणंता सुखा ||" *(नागवग्ग-013, धम्मपद-332)*

संसार में माता-पिता (दोनो की) सेवा सुखकर है | साथ ही संसार में श्रमणत्व (संन्यास) सुखकर है और सुखकर है निष्पाप (ब्रह्मणत्व) होना |

"मनुजस्स पत्रत्तचारिनो तन्हा बड्ढति मालुवा विय |
से फलवती हूराहूं फलमिच्छं व वनास्मि वानरो ||" *(तण्हावग्ग-001, धम्मपद-334)*

प्रमादी मनुष्य की तृष्णा मालुंवा लता की भांति बढ़ती जाती है | फल की इच्छा करता हुआ वह बन में वानर की तरह दिनोंदिन भटकते रहता है |

"यो निब्बनयो वनाधिमुत्तो वनमेव धावती |

जो निर्वाणार्थी तृष्णा से मुक्त हो, अच्छी तरह से मुक्त होकर भी तृष्णा की ही और दौडता है, उस व्यक्ति को ऐसा समझो जैसे कोई बंधन से मुक्त होकर फिर बंधन कि ओर भागता हो |

"चक्खुना संवरो साधु साधु सोतेन संवरो |
घाणेन संवरो साधु साधु जिहव वाय संवरो ||" *(भिक्खुवग्ग-001, धम्मपद-360)*

आँख का संयम (करना) अच्छा है | कान का संयम अच्छा है | नाक का संयम अच्छा है और जिह्वा का संयम भी अच्छा है |

"हित्वा मानुसकं योगं दिब्बं योगं उपच्चगा |
सब्ब योगविसंयुक्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ||" *(ब्राह्मणवग्ग-035, धम्मपद-417)*

जिसने मानवी भोगो को छोड दिया है, दिव्य भोगों को भी जिसने त्याग दिया है तथा सभीं भोगो के प्रति जो अनासक्त है, उसे मैं (बुद्ध) ब्राह्मण कहता हूँ |

**निष्कर्ष :-**

1. बौद्धधम्म और दर्शन की त्यागमयी कीर्ति पताका ही भारतीय संस्कृति की शिखरध्वजा
2. भारतीय बुनियादी बौद्ध लोक संस्कृति से समस्त आशियाई लोकजीवन प्रभावित
3. महात्मा बुद्ध के सत्यान्वेषि, मांगलिक एवं वैश्विक लोकसंदेशों के पाठ : धम्मपद
4. बौद्ध साहित्य सागर का अनमोल रत्न : विश्वकाव्य 'धम्मपद'
5. सुत्तपिटक के पाँचवे अध्याय खुद्दकनिकाय का दुसरा काव्यग्रंथ **:** धम्मपद
6. भारतीय तथा विश्व की सर्वाधिक भाषाओं में प्रचारित प्रसारीत एवं अनूदित : धम्मपद
7. महात्मा बुद्ध महापरिनिर्वाण के तीन माह पश्चात अरहंत तथा बुद्धघोष द्वारा धम्मपद की निर्मिति
8. आशिया खंड का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं अविनाशी लोकग्रंथ **:** धम्मपद
9. धम्मपद की पदावली तत्कालिन शिलालेख, भिक्खुसंघ एवं लोककंठ में सुरक्षित
10. धम्मपद के कुल 423 बुद्ध गाथाएँ/संदेश, जो 26 वर्गों में विभाजित
11. त्रिपिटिक के विशाल जीवनज्ञानसागर का निचोड : 'धम्मपद' का घड़ा
12. नीतिशास्त्र का बेजोड़ वैश्विक ग्रंथ : धम्मपद, जो वेद, गीता, कुराण, बाईबल से भारी
13. वैश्विक मानवजीवन की समस्त समस्याओं का सम्यक समाधान : धम्मपद
14. सब पापो से दूर रहना, शुभ कर्म करके, चित्त शुद्ध रचना **:** यही बुद्ध लोक शिक्षा
15. मनुष्य की बर्बरता नष्ठ कराते और मनुष्य को सदाचरण पर लाते **:** धम्मपद के पाठ

**********

**संदर्भ :-**


1. दो शब्द (भूमिका) मूलगंधकुटी विहार (सारनाथ, दि.24/05/1938) धम्मपद, डॉ.भदंत आनंद कौसल्यायन, बुद्धभूमि प्रकाशन, नागपुर (छटा संस्करण, सन **1993, B.E.2537, C.E.1993)**
2. पृष्ठसंख्या-007, धम्मपद, डॉ.भदंत आनंद कौसल्यायन, बुद्धभूमि प्रकाशन, नागपुर (छटा संस्करण, सन 1993, **B.E.2537, C.E.1993)**
3. मंगल कामना, धम्मपद (बुद्ध वचनावली), डॉ.महीपाल सिंह 'महीप', सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली (द्वितीय संस्करण, सन 2003, बुद्धाब्ध-2547)
4. प्रकाशकीय-सर शांति स्वरूप बौद्ध, धम्मपद (बुद्ध वचनावली)- डॉ.महीपाल सिंह 'महीप', सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली (द्वितीय संस्करण, सन 2003, बुद्धाब्ध-2547)
5. पुरोवाक-डॉ.धर्मकीर्ति (26 जनवरी 2004 में लिखित), धम्मपद (बुद्ध वचनावली)- डॉ.महीपाल सिंह 'महीप', सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली (द्वितीय संस्करण, सन 2003, बुद्धाब्ध-2547)
6. **Preface, (Vijirarama, Colombo, 5th, 9th May 1971) The Dhammapada-Narada Thera, The Corporate Body of Buddha Educational Foundation, Taipei, Taiwan R.O.C. (Fourth Edition 2538-1993)**
7. साक्षात्कार (दूरध्वनि द्वारा), प्रो.डॉ.तुलसा डोंगरे, पाली-प्राकृत बौद्ध विद्या विभाग, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, नागपुर, (दि.7 मई 2020, बुद्ध जयंति)

# अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन-दर्शन

**डॉ.शंकर मुनि राय**
शोधनिर्देशक हिन्दी- विभागाध्यक्ष,
शास.दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महा.राजनादंगाँव

**कैलाश कुमार**
शोधार्थी,शोधकेन्द्र
शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महा. राजनादंगाँव, छत्तीसगढ़

प्रस्तावना:- ''भारत तर्पण की भूमि है, अर्पण की भूमि है, वंदन की भूमि है, अभिनंदन की भूमि है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिन्दू-बिन्दू गंगाजल है। हम जिएंगे तो इसके लिए मरेंगे तो इसके लिए।'' -कुछ लेख कुछ भाषण, पृष्ठ - 256

भारतरत्न, जननायक एवं राजनेता जैसे अनेक अलंकारों से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री, कवि स्व० अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी कविता के प्रसिद्ध व चर्चित हस्ताक्षर हैं। राष्ट्रवादी विचारधारा से परिपूर्ण काव्य श्रृंखला के श्रृजन में अटल बिहारी वाजपेयी का आधुनिक हिन्दी साहित्य में विशेष महात्म्य है। खोजी संपादक तथा चिंतन प्रधान सांस्कृतिक निबंधों के प्रेणता के रूप में उनकी अलग पहचान है। एक ओर संवेदनशील तथा भावुक कवि के रूप में, मानव हृदय में उद्बुद्ध विविध भावों के सतरंगी चित्र खिंचने की अद्भूत प्रतिभा से संपन्न हैं तो दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री के रूप में पोखरण में परमाणु परीक्षण कर राष्ट्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर एवं स्वाभिमान से पूर्ण कर गौरवान्वित करने का कठोर निर्णय लेकर सम्पूर्ण विश्व को चकित कर देने में भी सक्षम है।

उनकी अधिकांश रचना में भारत की सांस्कृतिक अस्मिता तथा गौरव-गरिमा का नवोन्मेष है। उनका काव्य कोरी कपोल कल्पना का चमत्कार न होकर अपनी मातृभूमि को सुजलाम्, सुफलाम् और शस्यश्याामलाम् से सम्पूर्ण कर चहुंदिश विकास और वैभव की धारा बहाने का संकल्प मंत्र है। उनके लिए साहित्य शिल्प मात्र रचना विधान न होकर एक पवित्र साधना है जिसके बल पर वे राष्ट्र निर्माण का पुनीत वरदान प्राप्त करना चाहते हैं। वे अपने जीवन के कण-कण भारत माता के श्री चरणों में अर्पित करते रहे।

जन्म, बाल्यावस्था एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि:- अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर सन् 1924 ई० को ब्रह्म मुहूर्त में शिंदे की छावनी ग्वालियर में हुआ था। अटल जी का घर गिरिजाघर के पास ही था, उस दिन ईसा मसीह का भी जन्मदिन होने के कारण उषाकाल से ही गिरिजाघर से घंटियों की आवाज आ रही थी। उस समय कौन जानता था कि यह सुन्दर नवजात शिशु एक दिन भारतीय राजनीति का ध्रुव तारा बनेगा तथा देश के प्रधानमंत्री के गौरवपूर्ण पद को सुशोभित करेगा। वाजपेयी जी के पिता श्री कृष्ण बिहारी एक अध्यापक थे तथा अध्यापक पद से उन्नति करते हुए प्राचार्य तथा विद्यालय निरीक्षक के पद को सुशोभित किए। माता का नाम श्रीमती कृष्णा देवी था। पं० कृष्ण बिहारी के चार पुत्र- अवध बिहारी, सदा बिहारी, प्रेम बिहारी, अटल बिहारी तथा तीन पुत्रियाँ- विमला, कमला तथा उर्मिला से भरा-पूरा परिवार था। ग्वालियर में अटल जी के पिता श्री कृष्ण बिहारी जी अध्यापन के साथ-साथ काव्य रचना भी करते थे। उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम के स्वर भरे रहते थे। '' सोते हुए सिंह के मुख में हिरण कहीं घुस जाते'' प्रसिद्ध पंक्ति उन्हीं की है। वे ग्वालियर के प्रख्यात कवि थे तथा राजदरबार में उनका विशेष मान-सम्मान था। परिवार का विशुद्ध भारतीय वातावरण अटल जी के रग-रग में बचपन से ही रचने-बसने लगा। वे आर्यकुमार सभा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। संघ के प्रति परिवार की निष्ठा के परिणाम स्वरूप अटल जी का झुकाव उसी ओर हुआ और वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक बन गए। वंशानुक्रम और परिवारिक संस्कार एवं वातावरण ने उन्हें बाल्यावस्था से ही प्रखर राष्ट्र भक्त बना दिया। शिक्षा एवं उच्च शिक्षा:- वाजपेयी जी को बचपन से ही अध्ययन में विशेष रूचि थी। वैदिक सनातन धर्मावलम्बी कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार में जन्म होने के कारण उनका प्रथम साक्षात्कार श्रीमद्भागवत गीता तथा रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथों से हुआ। उनके पितामह पं० श्यामलाल जी संस्कृत के जाने-माने विद्वान थे। वे गाँवों में भागवत कथा बांचते थे। वाजपेयी जी बचपन में अपने पितामह की पोथियाँ पढ़ा करते थे। उनकी प्राथमिक शिक्षा से बी०ए० तक की शिक्षा ग्वालियर में हुई। तत्कालीन विक्टोरिया कॉलेज जो वर्तमान में लक्ष्मीबाई कॉलेज है, से उन्होंने उच्च श्रेणी में बी०ए० उत्तीर्ण किया। वे विक्टोरिया कॉलेज के छात्रसंघ के मंत्री और उपाध्यक्ष भी रहे। वे वाद-विवाद प्रतियोगिता में सदैव भाग लेते थे। स्नातक के बाद स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु ग्वालियर से उत्तरप्रदेश की व्यावसायिक नगरी कानपुर के प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र डी०ए०वी० कॉलेज गए, जहाँ से उन्होंने राजनीति शास्त्र में प्रथम श्रेणी में एम०ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की। अटल बिहारी वाजपेयी और उनके पिता जी दोनों ने कानून की पढ़ाई के लिए एल०एल०बी० में एक साथ डी०ए०वी० कॉलेज कानपुर में प्रवेश लिया। उस समय उनके पिता राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके थे। एल०एल०बी० की कक्षाओं में दोनों साथ ही जाते थे तथा छात्रावास में भी पिता-पुत्र दोनों एक ही कमरे में छात्र रूप में रहते थे, जिससे कई बार कक्षा में अध्यापकों के मध्य हास्य -विनोद की स्थितियाँ निर्मित हो जाती थी। अंततः एल०एल०बी० की पढ़ाई को बीच में ही विराम देकर अटल जी संघ के कार्यों में तल्लीन हो गए।

काव्य में राष्ट्रीय चेतना:- वाजपेयी जी के काव्य में मानवीय संवेदनाएँ, जीवन के उतार-चढ़ाव का प्रगाढ़ अनुभव और राष्ट्रीय चेतना का स्वर भरपूर है, जो उन्हें स्वातंत्र्योत्तर भारत में राष्ट्रीय फलक पर उभरे नेताओं से बहुत आगे ले जाकर खड़ा कर देता है। अटल जी ने सदैव राजनीतिक कालक्रम को सत्ता के दायरों से निकालकर राष्ट्र निर्माण का सर्वश्रेष्ठ उपकरण बनाने का प्रयत्न किया। राष्ट्र के संबंध में उन्होंने लिखा- ''राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक है कि हम राष्ट्र की स्पष्ट कल्पना लेकर चलें। राष्ट्र कुछ संप्रदाय अथवा कुछ जनसमूह का समुच्चय मात्र नहीं अपितु एक जीवमान इकाई है, जिसे जोड-ंतोड़कर नहीं बनाया जा सकता। इसका अपना व्यक्तित्व होता है, जो उसकी प्रकृति के आधार पर कालक्रम का परिणाम है। उसके घटकों में राष्ट्रीयता की अनुभूति, मातृभूमि के प्रति भक्ति, उसके मन के प्रति आत्मीयता और उसकी संस्कृति के प्रतीक गौरव के भाव में प्रकट होती है।''

एक कवि हृदय ही मातृभूमि और राष्ट्र की ऐसी जीवंत संकल्पना प्रस्तुत कर सकता है। भारत की जिजीविषा लंबे संघर्षों के बाद भी कितनी प्रखर है, उनकी कविता ''आज सिंधु में ज्वार उठा है'' की पंक्तियाँ देखिए

**''आज सिंधु में ज्वार उठा है, नगपति फिर ललकार उठा है ,**
**कुरुक्षेत्र के कण-कण से फिर पाञ्चजन्य हुंकार उठा है।**
**शत-शत आघातों को सह कर, जीवित हिंदुस्तान हमारा,**
**जग के मस्तक पर रोली सा शोभित हिंदुस्तान हमारा।''**
**-मेरी इक्यावन कविताएँ, पृष्ठ - 58**

विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत की एकता-अखंडता के लिए राष्ट्रीय चेतना का स्वर मुखरित करते हुए अटल जी इन पंक्तियों में संदेश देना चाहते हैं कि राष्ट्र सेवा का मार्ग कंटकाकीर्ण है, इस पथ पर स्वार्थ भेद की बलि चढ़ानी होगी -

**''बाधाएँ आती हैं आएँ**
**घिरे प्रलय की घोर घटाएँ**
**पावों के नीचे अंगारे**

**सिर पर बरसे यदि ज्वालाएँ**
**निज हाथों में हँसते-हँसते**
**आग लगाकर जलना होगा**
**कदम मिलाकर चलना होगा।''**

**-मेरी इक्यावन कविताएँ, पृष्ठ - 79**

अटल के काव्य में मानवीय चेतना:- मानवीयता की भावना के बिना कोई भी आदमी आदम कद नहीं माना जा सकता चाहे वह ऊँचाई में कितना भी बड़ा हो। अटल जी के हृदय में मानवता का संस्कार बाल्यकाल से ही पल्लवित हुआ था। अटल जी के जीवन और काव्य पर मुख्यतः स्वामी दयानंद सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के संयम एवं आदर्शों का प्रभाव है। इस प्रभाव की परिणीति है कि उन्होंने अपने काव्य में मानवीय चेतना को वाणी दी है। ''मेरी इक्यावन कविताएँ'' में संकलित यह लघु रचना उनकी भावनाओं को इंगित कर रहे हैं -

**''मेरे प्रभु!**
**मुझे इतनी ऊँचाई कभी मत देना**
**गैरों को गले न लगा सकूँ**
**इतनी रुखाई कभी मत देना।''**

**-क्या खोया क्या पाया, पृष्ठ -46**

अटल जी के काव्य में सांस्कृतिक चेतना:- साहित्य संस्कृति का संवाहक है और संस्कृति साहित्य का अभिलक्षित उद्देश्य। संस्कृति विहीन साहित्य की परिकल्पना पत्र विहीन वृक्ष के समान है। संस्कृति वही चिरंतन होती है, जिसका विपुल परिमाण में लिखा साहित्य उपलब्ध होता है। इस तरह साहित्य सर्जन एक सांस्कृतिक कर्म है और राष्ट्रवाद की अक्षुणता का ठोस आधार भी है। अटल जी का जीवन तथा उनका सृजन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का ही जयघोष है। वे उस काल के कवि हैं जब सर्वश्री शिवमंगल सिंह 'सुमन', रामधारी सिंह दिनकर, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' और माखनलाल चतुर्वेदी का ओजस्वी काव्य भारत की स्वतंत्रता कालीन हवाओं में तीव्रता से गूंज रहा था। अटल जी के सामने पराधीन भारत की स्वतंत्रता का ज्वलंत प्रश्न था। अपमानित एवं तिरस्कृत होती भारतीय संस्कृति को बचाने और दलित वंचित, शोषित दरिद्रनारायण को उनके गौरवशाली अतीत का सम्मानजनक वैभवपूर्ण जीवन दिलाने की चिंता थी। यही चिंता उनके काव्य की भाव भूमि बनी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से निष्पन्न ओजस्विता ही उनके काव्य का श्रृंगार है। उनकी छोटे-छोटे टुकड़ों में ओजस्वी शब्दावली में राष्ट्रीय भाव भूमि के ऊपर लिखी गई पंक्तियाँ इस प्रकार है:-

**''भू भाग नहीं, शत-शत मानव के हृदय जीतने का निश्चय।''**

इसमें संस्कृति मुखरता से बोल रही है। अटल जी की इसी तरह की एक और पंक्ति देखिए:-

**''मैं तो समष्टि के लिए व्यष्टि का कर सकता बलिदान अभय।''**

प्रकाशित रचनाएँ - अटल बिहारी वाजपेयी की प्रकाशित रचनाएँ निम्नानुसार है:-

1. मृत्यु या हत्या, 2. अमर बलिदान, 3. कैदी कविराय की कुण्डलियाँ, 4. न्यू डाइमेंशन ऑफ फॉरेन पॉलिसीज, 5. लोक सभा में अटल जी, 6. अमर आग है, 7. मेरी इक्यावन कविताएँ, 8. कुछ लेख, कुछ भाषण, 9. राजनीति की रपटीली राहें, 10. बिन्दु-बिन्दु विचार, 11. सेक्युलरवाद, 12. मेरी संसदीय यात्रा, 13. सुवासित पुष्प, 14. संकल्प काल, 15. विचार बिन्दु, 16. शक्ति से शांति, 17. न दैन्यं न पलायनम्, 18. अटल जी की अमेरिका यात्रा, 19. नई चुनौतीः नया अवसर। वाजपेयी जी के लेख और कविताएँ राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य, नई कमल ज्योति, धर्म युग, कादम्बिनी तथा नवनीत आदि पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में:- 6 अप्रैल 1980 का दिन अटल जी के लिए विशेष महत्वपूर्ण था। इस दिन बम्बई (मुंबई) में भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ और वाजपेयी जी उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए। वे इस पद पर 1986 तक आसीन रहे। सन 1962 से 1967 तक, फिर 1986 में वाजपेयी जी राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

(1) प्रथम कार्यकाल:- वाजपेयी जी 11वीं लोकसभा में लखनऊ से सांसद के रूप में विजयी हुए। भारतीय लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति महोदय ने उन्हें 16 मई 1996 को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई किंतु उनकी सरकार मात्र 13 दिन ही चली। सदन में बहुमत साबित न कर पाने के कारण विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने 28 मई 1996 को स्वयं ही त्यागपत्र दे दिया और वे सन 1998 तक लोकसभा में विपक्ष के नेता बने रहे।

(2) द्वितीय कार्यकाल:- सन 1998 के चुनाव में भाजपा लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। इस चुनाव में देश के अन्य कई पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़े तथा बहुमत प्राप्त होने पर राष्ट्रपति महोदय ने वाजपेयी जी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। 19 मार्च 1998 को प्रातः 9:30 बजे उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इस बार भी 13 माह तक सरकार चलाने के बाद सहयोगी पार्टियों द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण सरकार गिर गई।

(3) तृतीय कार्यकाल:- 1999 में राजग के साझा घोषणापत्र पर चुनाव लड़ा गया, जिसमें वाजपेयी जी के नेतृत्व को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। चुनाव में राजग को बहुमत हासिल हुआ और 13 अक्टूबर 1999 को वाजपेयी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभाला तथा कार्यकाल पूरा करते हुए 2004 तक इस पद को सुशोभित किए।अटल बिहारी वाजपेयी का प्रधानमंत्री के रूप में तृतीय कार्यकाल

(छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के विशेष संदर्भ में):-

भारत के दो क्षेत्र ऐसे हैं जिनका नाम विशेष कारणों से बदला गया। एक तो 'मगध' जो बौद्ध विहारों की अधिकता के कारण बिहार बन गया और दूसरा 'दक्षिण कौशल' जो छत्तीसगढ़ों को अपने में समाहित करने के कारण छत्तीसगढ़ बन गया। छत्तीसगढ़ वैदिक और पौराणिक काल से ही विभिन्न संस्कृतियों के विकास का केंद्र रहा है। यहाँ की प्राचीन मंदिर तथा उनके भग्नावशेष इंगित करते हैं की यहाँ पर वैष्णव, शैव-शाक्त, बौद्ध-जैन के साथ ही अनेक आर्य तथा अनार्य संस्कृतियों का विभिन्न कालों में प्रभाव रहा है।सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के रूप में पृथक राज्य के स्वप्नदृष्टा पंडित सुंदरलाल शर्मा थे। सन् 1965 में आचार्य नरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ समाज की स्थापना की। इसके दो साल बाद 1967 में डॉ० खूबचंद बघेल ने छत्तीसगढ़ 'भ्रातृत्व संघ' बनाकर राज्य निर्माण की मांग को पुनर्जीवित किया। 1979 में छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा का गठन कर राज्य गठन की माँग को आंदोलन का रूप दिया गया किंतु प्रत्येक बार केवल आश्वासन ही मिल रहे थे। 2 जनवरी 1995 की सर्वदलीय मंच की रैली में सात सांसद, 23 विधायक और दो मंत्री शामिल हुए। 1998-99 के लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के दौरान वाजपेयी जी रायपुर के सप्रे शाला मैदान के आम सभा में उद्घोष किया कि ''आप मुझे 11 सांसद दीजिए मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य दंगा।'' चुनाव परिणाम आने पर उन्हें राज्य में लोकसभा से 7 सीटें मिली। इस पर वाजपेयी जी ने कहा - ''रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई।'' अपने वचन के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा की। 31 जुलाई सन् 2000 को लोकसभा में और 9 अगस्त सन् 2000 को राज्यसभा में राज्य निर्माण का प्रस्ताव पारित हो गया तथा 28 अगस्त को राष्ट्रपति महोदय के० आर० नारायणन० के हस्ताक्षर हुए। 4 सितंबर सन् 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद 1 नवंबर सन् 2000 को छत्तीसगढ़ देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और पुरुखों का सपना साकार हुआ। वाजपेयी जी ने न सिर्फ राज्य निर्माण किया बल्कि राज्य के विकास की गतिविधियों में भी राज्य सरकार का साथ दिया। जनवरी 2002 में अटल जी के हाथों बिलासपुर जिले के सीपत में 1980 मेगावाट क्षमता के विशाल सुपर थर्मल पॉवर बिजली घर की बुनियाद रखी गई। अटल जी ने सन् 2004 में छत्तीसगढ़ में तीन विश्वविद्यालयों की नींव रखी:-

**1. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर,**
**2. तकनीकी विश्वविद्यालय दुर्ग,**
**3. पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर।**

सन् 1986-87 में जब अटल जी बस्तर दौरे पर आए थे तो वहाँ के वनवासियों और वन संपदा को देखकर बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने तभी से मनसा बना ली थी की छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा देना है। वे इस बात को महसूस करते थे की छत्तीसगढ़ में प्रचुर वन संपदा, खनिज संसाधन पर्याप्त उपज तथा जल स्त्रोत होने के बाद भी यहाँ के लोग अत्यंत पिछड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ी सौगात थी। यह प्रदेश के जनता के संघर्ष का सम्मान था। वाजपेयी जी छत्तीसगढ़िया के स्वाभिमान को बेहतर तरीके से समझते थे। उनके इस महान कार्य के लिए छत्तीसगढ़ की संपूर्ण जनता उनका हमेशा कृतज्ञ एवं आभारी रहेगा तथा उनके मानस पटल में अटल जी चिरकाल तक ससम्मान स्मरणीय रहेंगे।

वाजपेयी जी का राजनीति से सन्यास तथा मृत्यु:- सन् 2005 में वाजपेयी जी ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। सन् 2007 में उनकी अंतिम सभा 25 अप्रैल को कपूरथला चौराहे पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में हुई थी लेकिन उसके बाद उनका स्वास्थ्य खराब होने पर कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया था। ठीक होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी तो दे दी गई किंतु उसके बाद के वर्षों में उन्हें स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियाँ लगातार बनी रही। अंततः वे 16 अगस्त सन् 2018 को समस्त देशवासियों को अटल शून्य में छोड़कर चिर निद्रा में विलीन हो गए।

सादा जीवन उच्च विचार:- सादा जीवन व्यतीत करने वाले अटल जी सादगी एवं सरलता के जीवंत प्रतिमा थे। बचपन से ही पढ़ने-लिखने के शौकीन थे। उन्हें खाली बैठना बिल्कुल पसंद नहीं था। जब भी समय मिलता वे अपनी मनपसंद पुस्तक हाथ में उठा लेते। भोजन बनाने में उन्हें काफी रूचि थी, अपने हाथों से परोसकर खिलाने में उनको अत्यधिक प्रसन्नता होती थी। वे खिचड़ी के शौकीन थे। हिंदी कवियों में महाप्राण निराला भोजन बनाने और खिलाने के लिए विशेष प्रसिद्ध थे।

अटल जी देश के महान नेता थे किंतु साहित्य प्रेमियों को उनका कवि रूप ही अधिक प्रिय है। राजनीति में रहते हुए भी वे अजातशत्रु थे। उन्होंने आजीवन अविवाहित रहकर राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लेकर अपना सर्वस्व देश हित में समर्पित करने का प्रण लिया था।

**उपसंहार:-** 'भारत रत्न', राजनेता एवं कवि अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व श्रेष्ठ मानवीय गुणों की जीवंत प्रतिमा है। वे एक आदर्श राजनेता के रूप में दलीय मतभेदों से परे होकर राष्ट्र की सर्वोच्च हित में चिंता करते हैं, तो दूसरी ओर एक कवि के रूप में वे देश के सभी वर्गों को विश्वबंधुत्व का संदेश देते हुए कदम मिलाकर चलने की प्रेरणा देते हैं। कवि और राजनेता दोनों ही रूपों में उनके रग-रग में राष्ट्रभक्ति ही समाई हुई है क्योंकि मूलतः वे एक राष्ट्रपुरुष ही है।

**********

संदर्भ:-

1. न दैन्यं न पलायनम् - सं० डॉ० चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन 4855-56/24, बारहवाँ संस्करण, 2013 , अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
2. हार नहीं मानुंगा - सं० विजय त्रिवेदी, हार्पर कालिंग पब्लिशर्स, ए-75,सेक्टर 57,नोएडा 201301, उत्तरप्रदेश, भारत।
3. नयी चुनौती नया अवसर - सं० चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, नयी दिल्ली।
4. विचार बिन्दु सं० चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
5. कुछ लेख कुछ भाषण - सं० चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
6. बिन्दु-बिन्दु विचार - सं० चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
7. शक्ति से शांति - सं० चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।

## कांग्रेस पार्टी और भारतीय राजीनीति:एक सूक्ष्म विश्लेषण

**पूरन मल मीना**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
राजनीति विज्ञान, विभाग
राजकीय महाविद्यालय राजगढ़, अलवर (राज.)

भारत में लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली संविधान द्वारा अंगीकृत किया गया है.विगत 15वीं लोकसभा के चुनाव में चुनाव आयोग ने केवल 7 राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय दल या अखिल भारतीय दल के रुप में मान्यता प्रदान की थी। भारत निर्वाचन आयोग के मई 2023 के नवीनतम प्रकाशनों और बाद की अधिसूचनाओं के अनुसार, 6 राष्ट्रीय दल, 54 राज्य दल और 2,597 गैर-मान्यता प्राप्त दल हैं। चुनाव लड़ने वाली सभी पंजीकृत पार्टियों को चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित उपलब्ध प्रतीकों की सूची में से एक प्रतीक चुनने की आवश्यकता है। भारत निर्वाचन आयोग के मई 2023 के नवीनतम प्रकाशनों और बाद की अधिसूचनाओं के अनुसार, 6 राष्ट्रीय दल, 54 राज्य दल और 2,597 गैर-मान्यता प्राप्त दल हैं। राजनैतिक दल लोगों का एक ऐसा संगठित गुट होता है जिसके सदस्य किसी साँझी विचारधारा में विश्वास रखते हैं या समान राजनैतिक दृष्टिकोण रखते हैं। यह दल चुनावों में उम्मीदवार उतारते हैं और उन्हें निर्वाचित करवा कर दल के कार्यक्रम लागू करवाने का प्रयास करते हैं। चुनाव लड़ने वाली सभी पंजीकृत पार्टियों को चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित उपलब्ध प्रतीकों की सूची में से एक प्रतीक चुनने की आवश्यकता है। भारत में लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली संविधान द्वारा अंगीकृत किया गया है.विगत 15वीं लोकसभा के चुनाव में चुनाव आयोग ने केवल 7 राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय दल या अखिल भारतीय दल के रुप में मान्यता प्रदान की थी। इन राष्ट्रीय दलों के अतिरिक्त 46 राज्य स्तरीय अमान्यता प्राप्त पंजीकृत दल तथा अन्य दल भी हैं। उस दौर में राजनीतिक मानचित्र में केवल 7 राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय दल या राजनीतिक दल के रुप में तथा 46 राजनीतिक दलों को राज्य स्तरीय दल के रुप में मान्यता प्राप्त हैं। भारतीय कांग्रेस दल देश का सबसे पुराना और सशक्त दल है। इस दल की स्थापना सेवानिवृत अंग्रेज अधिकारी एम.ओ. ह्यूम के प्रयासों के परिणामस्वरुप दिसम्बर 1885 ई. को मुम्बई में की गई थी। इसी दल ने राष्ट्रीय आन्दोलन को सक्रिय संचालन करके भारत देश को स्वतंत्रता दिलवाने में अपनी अहम भूमिका का सफल निर्वहन किया था। हमारे देष की आजादी दिलवाने से पहले राष्ट्रीय कांग्रेस में सभी विचारधारा वाले व्यक्ति सम्मिलित किए गए थे और स्वतंत्रता मिलने के बाद भी राष्ट्रीय कांग्रेस का लगभग यही वर्चस्व भारतीय जन मानस में रहने का स्वरुप बना रहा। सन् 1948 में महात्मा मोहन दास कर्मचंद गांधी और सन् 1950 में सरदार वल्लभ भाई पटेल, जिसे लौह पुरुष कहा जाता है के निधन के बाद जवाहर लाल नेहरु के नेतृत्व में कांग्रेस दल ने समाजवाद और पंथ निरपेक्षता को अपना लक्ष्य घोषित किया समाज में वैज्ञानिक अवधारणा को इस सोच से बल मिला । औद्योगिक क्षेत्र में राज्य को सक्रिय भूमिका और सामूहिक कृषि या कृषि में सहकारिता के प्रस्ताव पारित किए गये थे। इन सभी के अलावा सन् 1961 में ही पंचवर्षीय योजनाओं के रुप में आर्थिक विकास के लिए नियोजन के मार्ग को अपनाया गया था । उसी दौर में अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में यानि विदेश निति में पं. जवाहर लाल नेहरु ने साम्राज्यवाद का घोर विरोध किया और विश्व बंधुत्व के लिए अनुपम कार्य किया और पंचषील के सिद्धांत के द्वारा नेहरु ने विश्व में शांति, सौहार्द एवं भाईचारा की स्थापना के लिए विभिन्न राष्ट्रों में सहयोग की भावना का प्रचार किया और विश्व बंधुत्व के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किया। 27 मई, 1964 को पं. जवाहर लाल नेहरु के निधन होने के बाद लाल बहादुर शास्त्री कांग्रेस दल के नेता चुने गये और भारत के दूसरे कांग्रेसी कार्यकारी प्रधानमंत्री बने। लाल बहादुर शास्त्री

बहुत ही कम समय तक सत्ता मे रहे। जनवरी 1966 मे श्रीमति इंदिरा गांधी कांग्रेस दल की नेता बनी और भारत की तीसरी कांग्रेसी प्रधानमंत्री बनी। इन नेताओं के कार्यकाल में कांग्रेस को एक सुनिश्चित दिशा देने वाले प्रस्ताव निरन्तर पारित किये जाते रहे। यद्यपि ये सभी प्रस्ताव अत्यधिक अस्पष्ट थे औरकांग्रेस के अंदर विद्यमान भिन्न-भिन्न वर्गों द्वारा इसकी अपने-अपने ढंग से व्याख्या कर ली गयी थी। कांग्रेस के अंदर विद्यमान वामपंथी और दक्षिणपंथी विचारधारा वाले व्यक्तियों में विचार भेद तो था ही इसके साथ ही सदस्यों में अंदरखाने में संघर्ष और गुटबंदी भी चल रही थी। इन सभी मतभेदों के कायम रहने के कारण सन् 1969 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दो गुटों में विभाजित हो गई थी. 1. कांग्रेस और 2. संगठन कांग्रेस। सन् 1971 में मध्यावधि चुनावों में श्रीमति इंदिरा गांधी के नेतृत्व में इंदिरा कांग्रेस ने भारी विजय चुनावों में हासिल कर ली थी। इस चुनाव में कांग्रेस का मुख्य नारा ''गरीबी हटाओं'' रखा गया था। इन चुनावों में अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों और भारत के जनसाधारण द्वारा कांग्रेस को बहुत अधिक समर्थन प्रदान किया गया था। परिणामस्वरुप कांग्रेस में श्रीमति इंदिरा गांधी निर्विवाद नेता के रुप में उभरकर स्थापित हुई थी। सन् 1977 के आम चुनावों में कांग्रेस दल की पराजय हुई और केन्द्र तथा राज्यों में जनता पार्टी की विजय हुई। आपसी फूट तथा कुछ अन्य कारणों से अनेक राजनीतिक दलों का यह गठबंधन भारतीय राजनीति में अधिक समय तक नहीं टिक पाया और सन् 1979 में इसका विघटन हो गया। लेकिन इससे पूर्व सन् 1978 में कांग्रेस में गुटबंदी होने के कारण पुनः कांग्रेस का दो दलों में विभाजन हो गया - एक रेड्डी कांग्रेस और दूसरी इंदिरा कांग्रेस बन गई थी। इस प्रकार यह विभाजन व्यक्तियों पर अधारित था और राजनीति का एक अंग था। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि यह विभाजन किनहीं सिद्धांतों पर ओधारित नहीं था। जनवरी 1980 के मध्यावधि चुनावों में इंदिरा कांग्रेस ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की और उसे वास्तविक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रुप में मान्यता प्राप्त हुई थी। कांग्रेस (ई) संसदीय दल ने श्रीमति इंदिरा गांधी को सर्वसम्मति से अपना नेता निर्वाचित किया। फलस्वरुप उन्हें देश का प्रधानमंत्री निर्वाचित किया गया। अतः सन् 1980 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा प्रकाषित घोषणा पत्र में बीस सूत्रीय कार्यक्रम की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए यह दावा किया गया था कि यह गरीबों, भूमिहीनों, कारीगरों, हाथकरघा, बुनकरों तथा समाज के अन्य कमजोर और दबे-कुचले हुए तबकों के लिए यह वरदान सिद्ध हुआ। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परिवार में से एक वयस्क व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध कराने और अल्पसंख्यकों को पर्याप्त संरक्षण देने हेतु सभी वर्गों की एक शांति सेना तैयार करने की योजना बनाने का वचन दिया गया था। 31 अक्टूबर, 1984 को श्रीमति इंदिरा गांधी के स्वयं के अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी। दिसम्बर 1984 के आम चुनावों में लोकसभा में कांग्रेस ने विजय के पिछले सभी अभिलेख में रिकॉर्ड तोड़ दिये। 8वीं लोकसभा दिसम्बर 1984 के चुनाव हेतु जारी किए गये घोषणा पत्र में कांग्रेस ने आष्वासन दिया कि फसल बीमा योजना को व्यापक बनाया जायेगा, धार्मिक स्थानों का दुरुपयोग रोकने के लिए कड़ी कार्यवाही सुनिष्चित की जायेगी, भ्रष्टाचार, गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के प्रयास जारी रहेंगे। लोकसभा चुनावों में इस दल के प्रमुख नारे ''देष की एकता और अखंडता की रक्षा, केन्द्र में शक्तिषाली सरकार और राजावी गांधी को नेतृत्व संभालने के नारे देष की जनता के सामने रखे गये थे। विधानसभा चुनावों में इस दल का प्रमुख नारा ''केन्द्र एवं राज्यों में एक ही दल की सरकार बनाने या रखने का नारा रखा गया था। इस प्रकार 8वीं लोकसभा चुनाव और इसके बाद सन् 1985 के विधानसभा चुनावों में राजीव गांधी के नेतृत्व में इंदिरा कांग्रेस ने भारी सफलता इन चुनावों में प्राप्त की थी, लेकिन सन् 1987 से ही इंदिरा कांग्रेस और शासन के सम्मुख एक के बाद एक अनेक राजनीतिक चुनौतियाँ आने लगी। इसी पृष्ठभूमि में 6 नवम्बर, 1989 को 9वीं लोकसभा के चुनाव सम्पन्न हुए। 6 नवम्बर, 1989 को जारी किये गये 9वीं लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस दल ने के दलालों का सफाया कर जनता को सीधे सौंपने का संकल्प दोहराया। इसके अलावा पंचायती राज और नगरपालिका विधेयक स्वायत्त शासन को बढ़ावा देने के लिए लाये गये, लेकिन विपक्षी दलों ने उन्हें सदन में पास नहीं होने दिया, तब कहा गया कि अब अगर कांग्रेस (ई) में आई तो दोनों विधेयकों को पुनः संसद में प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे विकास की प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर जनता सक्रिय रुप से भागीदार बन सके। तब विष्वनाथ प्रतापसिंह भारत के प्रधानमंत्री बने लेकिन शीघ्र मंडल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्गों को देने के कारण वी.पी. सिंह सरकार के पतन के बाद कांग्रेस (ई) के समर्थन से समाजवादी दल नेतृत्व वाली चन्द्रषेखर प्रधानमंत्री बने, लेकिन चार महिने से भी कम समय में मतभेद पैदा हो गये। अतः राष्ट्रपति ने 9वीं लोकसभा को भंग कर 10वीं लोकसभा के चुनाव करवाने की घोषणा कर दी। जून 1991 में लोकसभा के मध्यावधि चुनाव हुए। उसमें श्री पी.वी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व में कांग्रेस (ई) की अल्पमत सरकार बनी। इस सरकार की 30 दिसम्बर, 1993 को लोकसभा में उस समय बहुमत प्राप्त हो गया जब अजीत सिंह के साथ जनता दल (अ) के सांसद कांग्रेस में सम्मिलित हो गये। इससे दल की लोकसभा में संख्या 256 से बढत्रकर 266 हो गई। 10वीं लोकसभा चुनाव में 6 अप्रैल, 1991 को जारी किए गये कांग्रेस (ई) की 64 पृष्ठीय चुनाव घोषणा पत्र में कहा गया कि उनका दल ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल हैं जो देष को स्थिर सरकार प्ररदान कर सकता हैं। इस घोषणा पत्र में यह भी कहा गया कि धार्मिक स्थलों के संबंध में सरकार पूर्ववत स्थिति चाहती हैं जिससे देष की एकता और अखंडता को बनाये रखा जा सके। इसमें साम्प्रदायिक ताकतों से लडत्रने और पृथकतावादी तत्वों को कुचलने का कायदा भी किया गया था। इसमें जम्मू एवं कष्मीर के बारे में कहा गया था कि पाकिस्तान और नियंत्रण रेखा से लगती सीमा को सील कर दिया जायेगा। पंजाब और असम में पृथकतावादी तत्वों से कडत्राई से निपटा जायेगा, जन-जन के बीच का विकेन्द्रीकरण किया जायेगा और पंचायतीराज को सुदृढ़ किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के हितों की रक्षा की जायेगी। आर्थिक क्षेत्र में बढ़ती कीमतों को रोकने और बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था को सुधारने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस चुनाव घोषणा पत्र में यह भी कहा गया था कि प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों के लिए रोजगार के नवीन अवसर जुटाये जायेंगे। कांग्रेस (इ) कहने के लिए आज भी समाजवाद में अपना विष्वास व्यक्त करती हैं, लेकिन वास्तव में इंदिरा कांग्रेस ने समाजवाद और समाजवादी अर्थव्यवस्था को अस्वीकार कर दिया हैं। जून 1991 से तो कांग्रेस ने ''उदारवादी अर्थव्यवस्था'' को अपना स्पष्ट लक्ष्य बना लिया। इस तरह से कांग्रेस के संगठन का ढांचा कम से कम दिखावे में पूर्णरुपेण जनवादी हैं तथा इसकी इकाइयां देष के प्रत्येक क्षेत्र में विस्तृत हैं। यह विष्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल हैं, लेकिन केन्द्रीय स्तर और प्रादेषिक स्तरों पर इस दल में आज भी गहरी गुटबंदी हैं। कांग्रेस की इसी गुटबंदी के फलस्वरुप मई 1995 में एक बार फिर कांग्रेस का तीसरी बार विभाजन हुआ। एन.डी. तिवाड़ी और अर्जुन सिंह के नेतृत्व में असंतुष्ट कांग्रेसियों का एक सम्मेलन 9 मई, 1995 को दिल्ली में आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन में अपने आप को असली कांग्रेस बताते हुए इस नवगठित कांग्रेस ने एन.डी. तिवाड़ी को अपना अध्यक्ष घोषित कर दिया था। इस दल का विधिवत गठन सन् 1995 को किया गया। इस दल ने 11वीं लोकसभा के चुनावों में अपने दल को तिवारी कांग्रेस के नाम से घोषित किया तथा लोकसभा की अधिकांष सीटों पर अपने प्रत्याषी खड़े किए गये थे। तिवाड़ी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यह कहा था कि वह धर्म निरपेक्षता की रक्षा, महंगाई, अषिक्षा, उद्योग के प्रति अन्याय आदि समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेगी तथा भारत को विष्व में सम्मान दिलवायेगी। इस प्रकार कांग्रेस का तीसरा विभाजन नीतिगत मतभेदों का परिणाम नही वरन् दल के

अंदर चल रहे सत्ता संघर्ष का ही अंश था। नरसिम्हा राव कांग्रेस (इ) ने 11वीं लोकसभा चुनाव हेतु अपने 40 पृष्ठीय घोषणा पत्र में ग्रामीण और शहरी गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल और गेहूँ दो रुपये प्रति किलो की दर से बेचने और सन् 2002 तक सबको रोजगार उपलब्ध कराने का आष्वासन दिया गया था। कांग्रेस (इ) के घोषणा पत्र में

1.यह भी कहा गया था कि कांग्रेस के पुनः सत्ता में आने पर उच्च पदों पर आसीन लोगों के भ्रष्टाचार की जाँच के लिए लोकपाल की नियुकित की जायेगी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी इसकी जाँच की परिधि में लाया जायेगा। इस घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में सीटें आरक्षित करने के साथ दलित और ईसाइयों जैसे वर्गों को भी नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी। वेतन आयोग की सिफारिष पर सैतीस लाख केन्द्रीय कर्मचारियों की सेवानिवृति आयु बढ़ाने का भी आष्वासन दिया गया था। कांग्रेस (इ) द्वारा किए गये वायदों में बेघरों को घर, समूची जनसंख्या को पेयजल उपलब्ध कराने, सभी प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को दोपहर का मुफ्त भोजन और किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने जैसे वायदे किए गये थे। मई 1996 के आम चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मात्र 140 स्थान ही लोकसभा चुनाव में प्राप्त कर पाई थी। कांग्रेस की इस पराजय का प्रमुख कारण दल का विभाजन एवं आंतरिक कलह माना जाता हैं। कांग्रेस (इ) ने 140 स्थान प्राप्त कर केन्द्र की संयुक्त गठबंधन मोर्चा सरकार का बाहर से समर्थन करते रहने का निर्णय लिया था। कांग्रेस प्रथम बार विपक्षी दल के रुप में विहित सीटें भी प्राप्त नहीं कर पाई। विष्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की 12वीं लोकसभा चुनाव फरवरी और मार्च 1998 में तीन चरणों में सम्पन्न हुए गत तीन लोकसभा चुनावों की भांति इस बार भी कांग्रेस ने 141 स्थान प्राप्त किये और उसकी स्थिति यथावत रही। कांग्रेस की डूबती नैया को बचाने के लिए सोनिया गांधी को राजनीति में आना पड़ा। उन्हें सन् 1998 में कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। फरवरी-मार्च 1998 में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद नवम्बर 1998 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता मिली। इस सफलता का पूर्ण श्रेय सोनिया गांधी को दिया गया। कांग्रेस ने सोनिया गांधी की निरन्तर बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं का चिन्तित होना स्वाभाविक था। 14वीं लोकसभा के चुनाव अप्रैल-मई 2004 में सम्पन्न हुई। कांग्रेस ने इस चुनाव में 145 स्थानों पर जीतकर संसद आए। इन्हीं 145 सांसदों के बल पर कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व में समान विचारधारा वाले अन्य दलों के सहयोग से केन्द्र में सरकार गठित की गई थी। सन् 2009 में सम्पन्न 15वीं लोकसभा के चुनावों में इसे 206 स्थान प्राप्त हुए थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाले सप्रंग (संयुक्त प्रगतिषील गठबंधन) ने केन्द्र में सरकार बनाई। यह सरकार वर्तमान में अपदस्थ होकर 2014 में फिर से चुनाव 16वीं लोकसभा के सम्पन्न हुए। इसमें नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी और फिर 2019 में सम्पन्न हुए चुनाव में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा और मोदी सरकार प्रचण्ड दो-तिहाई बहुमत 303 सीट प्राप्त होने पर जीत हासिल कर मोदी सरकार चल रही हैं। कांग्रेस पार्टी को 52 सीटों पर सिमट कर रह जाना पड़ा और कांग्रेस का प्रभुत्व एवं वर्चस्व समाप्त हो गया हैं। इस तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 92 संसदीय क्षेत्रों से विजय हासिल कर पाये हैं। इस तरह भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में यह भी एक विषेषता हैं कि जहाँ शासन का ढांचा संघात्मक है वहीं राजनैतिक दलों का ढांचा एकात्मक हैं। कांग्रेस की सभी इकाइयाँ स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हाई-कमान के अधीन हैं। मोहल्ला या ग्राम, कांग्रेस समिति कांग्रेस संगठन की आधारभूत इकाइयों या विभिनन प्रकोष्ठ कार्यरत है। इनके ऊपर तालुका/तहसील समितियाँ, उन पर जिला समितियाँ और उनके ऊपर प्रदेष या प्रान्तीय कांग्रेस समितियाँ पदस्थ होती हैं। प्रान्तीय कांग्रेस समिति के अन्तर्गत प्रत्येक प्रान्त में जिला और मध्यम समितियाँ होती हैं। इन समितियों का क्षेत्र प्रदेष कांग्रेस का राष्ट्रीय या भारतीय संगठन होता हैं। ये संगठन एक अध्यक्ष, एक

1.कार्यकारिणी समिति, एक अखिल भारतीय कांग्रेस समिति और कांग्रेस के खुले वार्षिक अधिवेषन से मिलकर गठित हुआ है। केन्द्रीय कार्यकारिणी में 21 सदस्य होते हैं। इसमें प्रधानमंत्री के अतिरिक्त 7 निर्वाचित एवं 13 मनोनीत सदस्य होते हैं। केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति ही कांग्रेस का सर्वोच्च अंग हैं। कांग्रेस की सदस्यता दो प्राकर की है- प्रारंभिक और सक्रिय। कम से कम 18 वर्ष की आयु वाला कोई भी व्यक्ति जो कांग्रेस के उद्देष्यों में आस्था रखता हैं, कांग्रेस का सदस्य बन सकता हैं। यदि वह किसी अन्य दल का सदस्य न हो। वह व्यक्ति जो दो वर्ष तक लगातार कांग्रेस का प्राथमिक सदस्य रह चुका है तथा जिसकी आयु कम से कम 21 वर्ष हैं, 25 रुपये का चंदा अथवा 25 प्राथमिक सदस्यों की भर्ती करके कांग्रेस की सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर सकता हैं। इस प्राकर 3 करोड़ व्यक्ति कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य हैं। यह विष्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल हैं। 21 वर्ष बाद वर्ष 1991-92 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव सम्पन्न हुए थे और पी.वी. नरसिम्हा राव को सर्वसम्मति से वर्ष 1992-94 की अवधि के लिए दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। अभी हाल ही के वर्षों में इंदिरा कांग्रेस की संस्कृति में भारी परिवर्तन आया है। इंदिरा कांग्रेस की संस्कृति कांग्रेस के परम्परागत मूल्यों से अलग हटकर हैं। मई 1994 में संसदीय दल का अध्यक्ष पुनः श्री नरसिम्हा राव को ही बनाया गया था। सन् 1997 तक पी.वी. नरसिम्हा राव कांग्रेस के निर्विवाद अध्यक्ष बने रहे, किन्तु उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामले प्रकाष में आने के बाद दल में उनका विरोध तेजी से बढ़ता रहा। अन्ततः उन्हें अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देना पड़ा था। सन् 1998 में श्रीमति सोनिया गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर आसीन हुई। 13वीं, 14वीं तथा 15वीं लोकसभा का चुनाव कांग्रेस द्वारा उन्हीं के नेतृत्व में लड़े गये थे। 15वीं लोकसभा के चुनाव में सीटें प्राप्त करने की दृष्टि से तब 114 वर्ष पुरानी कांग्रेस पार्टी ने 206 सीटों पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। आज कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त होते हुए भी विपक्षी दल बनने की योग्यता 109 अर्थात 54 सीटें भी प्राप्त नहीं कर सकी है और 2019 के लोकसभा के आम चुनाव में केवल 52 सांसदों को जिताकर सिमट कर रह गई है। अब कोई राष्ट्रीय स्तर का कांग्रेस के पास करिष्माई नेता नहीं रह पाया है जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद को सफल निर्वहन करते हुए वापस पार्टी को सरकार में ला सके। पार्टी को तृणमूल स्तर के लोकप्रिय, संयमभाषी, ईमानदार, जनसाख, संघर्षषील युवा व्यक्ति सचिन पायलट जैसे स्वच्छ छवि के प्रखर, दमदार, बेदागदार एवं लोकप्रिय कर्मठ नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान सौपनी होगी, तभी वापस पार्टी राष्ट्रीय सदस्य में काबिज हो सकेगी। परिवारवाद या वंषवाद की परम्परा को तोड़कर नये सिरे से पुनर्विचार करने की जरुरत हो गई है।

**********

संदर्भ ग्रंथ सूची


1. मंगलानी, रूपा, "भारतीय शासन एवं राजनीति", राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2020
2. पाण्डेय, जयनारायण, "भारत का संविधान", सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहबाद, 2019
3. सिह, विकास, "भारत का संविधान: एक समग्र अध्ययन", आर्षीवाद प्रकाषन, जयपुर, 2019
4. सईद, एस.एम., "भारतीय राजनीतिक व्यवस्था", भारत बुक सेंटर, लखनऊ, 2019
5. धमीजा, भानु, "भारत में राष्ट्रपति प्रणाली: कितनी जरुरी, कितनी बेहतर," प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली,
6. कुमार, राजेंद्र, "भारत के राष्ट्रपति व प्रधानमन्त्री", प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2015
7. काश्यप, सुभाष, " संसदीय प्रक्रिया", राजस्थान ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2014
8. वर्मा, रवीन्द्र कुमार, "राजनीतिक नेतृत्व" बिहार हिंदी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 2013
9. मिश्र, भगवतीशरण, "भारत के प्रधानमन्त्री" राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, 2012
10. सिंह, महेंद्र प्रसाद, 'भारतीय शासन एवं राजनीति', ओरियंट ब्लैकस्वॉन, नई दिल्ली, 2011
11. सिंह, महेन्द्र प्रताप, "भारतीय शासन एवं राजनीति", आरियंट ब्लेकस्वान, नई दिल्ली, 2011
12. मिश्र, भगवतीशरण, "भारत के राष्ट्रपति" राजपाल एंड संस, नई दिल्ली, 2010
13. इन्द्रा, उम्मेद सिंह, 'संसदीय व्यवस्था में परिवर्तन की दिशा', कल्पज पब्लिकेशन, 2010
14. बाम्भरी, सी.पी. 'पॉलिटिक्स इन इण्डिया" सिपरा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1993
15. माहेश्वरी, एस.आर., 'स्टेट गवर्मेण्ट इन इण्डिया" मेक मिलेन पब्लिकेशन, नई दिल्ली 1979
16. नारायण, इक़बाल, "भारतीय सरकार एवं राजनीति", राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1974
17. प्रसाद, राजेंद्र, स्वतंत्र भारत की झलक, नई दिल्ली, 1973

# जनसंख्या भूगोल-भविष्य का भूगोल

**डॉ.सालिक सिंह**
डिपार्टमेंट ऑफ ज्योग्राफी महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (लखनऊ)

**वरुण यादव**
(शोध छात्र )
महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी(लखनऊ)

**शोध सारांश-** वर्तमान समय में विश्व की जनसंख्या जिस गति से बढ़ रही है । वह पूरे मानव समाज के लिए एक समस्या का रूप बन गई है हमारे भूगोलवेत्ताओं ने इस बढ़ती जनसंख्या को पहले ही एक खतरे के रूप में भांप लिया था। और इसके निवारण के लिए जनसंख्या भूगोल जैसे विषय का विकास किया तथा अनेक ऐसे सिद्धांत और आंकड़े इस विषय के अंतर्गत प्रस्तुत किए जो आज के समय में इस समस्या से निजात दिलाने में सक्षम है। इसीलिए इस पूरे शोध का प्रमुख बिंदु जनसंख्या भूगोल के प्रति छात्रों की रुचि पैदा करना तथा जनसंख्या भूगोल को एक वैज्ञानिक और तार्किक विषय के रूप में विकसित करने की तरफ है। आज की नई पीढ़ी को जनसंख्या भूगोल के महत्व को समझना है और आने वाले समय में इसका अध्ययन कर विश्व में जनसंख्या से पैदा होने वाली समस्याओं का निवारण करना है ।

**Key words-** जनसंख्या भूगोल, विषय क्षेत्र, विकास, परिभाषाएं और सिद्धांत, जनसंख्या भूगोल का भविष्य।

**प्रस्तावना :** जनसंख्यो भूगोल का विषय क्षेत्र- आधुनिक समय में भूगोल का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। उसमें भी जनसंख्या भूगोल अपने आप में भूगोल की एक विशिष्ट व स्वतंत्र शाखा के रूप में उभर कर सामने आया है। जनसंख्या भूगोल के अंतर्गत मानवीय जनसंख्या एवं इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं का भौगोलिक अध्ययन किया जाता है, जिसमें जनसंख्या संबंधी विभिन्न विशेषताओं जैसे वृद्धि, वितरण, घनत्व आदि तथा क्षेत्रीय वितरण की भिन्नता का अध्ययन भी शामिल है । आज विश्व की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है, 2012 के विश्व जनसंख्या आंकड़े पर दृष्टि डालें तो विश्व की जनसंख्या लगभग 7 अरब हो चुकी है। बढ़ती हुई जनसंख्या अनेक समस्याएं लेकर सामने खड़ी है इसका हल सिर्फ जनसंख्या भूगोल के अंतर्गत ही संभव है । कौन सा देश किस तरह प्रगति करेगा यह उसकी जनसंख्या पर ही निर्भर करता है अगर कोई देश अपनी जनसंख्या को एक मानव संसाधन के रूप में परिवर्तित करने में सफल रहता है तो उस देश की प्रगति तेजी से होगी,जबकि बढ़ती जनसंख्या को एक मानव संसाधन के रूप में परिवर्तित न कर पाने वाले देश लगातार समस्याओं से ग्रसित रहेंगे, आज इन समस्याओं का समाधान सिर्फ जनसंख्या भूगोल के द्वारा ही संभव है ।

**जनसंख्या भूगोल का विकास**- प्राचीन समय से ही मानव जनसंख्या संबंधी विशेषताओं जैसे जन्म, मृत्यु, लिंग, स्थानांतरण आदि का अध्ययन करता रहा है। इन आंकड़ों का प्रयोग मानव ने राज्य की सुरक्षा और राजस्व इकट्ठा करने में किया हैं । ईसा से 1250 वर्ष पूर्व में मिस्र के नरेश रामेज द्वितीय के राज्य में जनसंख्या पंजीयन की प्रणाली लागू हुई थी । भारतवर्ष में भी महाभारत, चाणक्य का अर्थशास्त्र, अबुल फजल की आईने-अकबरी तथा भारत आए विभिन्न विदेशी विद्वानों के ग्रंथों में भी जनसंख्या भूगोल पर ध्यान केंद्रित किया गया।

जनसंख्या अध्ययन को एक विषय के रूप में प्रारंभ करने का श्रेय जॉन ग्रांट महोदय को है, जॉन ग्रांट महोदय को जनसांख्यिकी का जनक माना जाता है । ग्रांट विश्व के पहले जनसांख्यिकीविदों में से एक थे । 17वीं तथा 18वीं शताब्दी में यूरोप में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन प्रारंभ हुआ । यूरोप में जीवन निर्वाह के साधनों तथा जनसंख्या वृद्धि के मध्य संतुलन पर विद्वानों ने विशेष ध्यान केंद्रित किया। जिसमे जनसंख्या वृद्धि संबंधी सिद्धांत विशेषता माल्थस का सिद्धांत जिसमें जनसंख्या वृद्धि तथा खाद्य संसाधन के बीच विशिष्ट सम्बंध बताया गया (1)। 1911 में कार सौन्डर्स महोदय ने अपनी पुस्तक "द पॉपुलेशन प्रॉब्लम्स ए स्टडी इन ह्यूमन इवोल्यूशन" में जनसंख्या के आकार और विकास का विश्लेषण किया (2) । 1929 में मार्क्सवादी सिद्धांत द्वारा जनसंख्या समस्याओं का विश्लेषण समाजवादी दृष्टिकोण से किया साथ ही जनसांख्यिकी संक्रमण सिद्धांत(3) ,इष्टतम जनसंख्या सिद्धांत आदि सिद्धांतों ने जनसंख्या भूगोल को एक विस्तृत विषय के रूप में एक व्यापक आयाम प्रदान किया ।

**जनसंख्या भूगोल की परिभाषाएं-** जी.टी.ट्रिवार्थी के अनुसार- ट्रिवार्थी महोदय ने अपनी परिभाषा में क्षेत्रीय भिन्नता को सर्वाधिक महत्व दिया तथा भूतल पर जनसंख्या के वितरण में पाई जाने वाली क्षेत्रीय भिन्नता के अध्ययन को "जनसंख्या भूगोल" का प्रमुख विषय माना । इनके अनुसार "जनसंख्या भूगोल का मूल तत्व पृथ्वी तल पर बसे लोगों की जनसंख्या के प्रादेशिक भिन्नताओं को समझने में निहित है(4) ।जॉन आई क्लार्क के अनुसार- जॉन आई क्लार्क एक ब्रिटिश भूगोलविद थे, इन्होंने 1965 में जनसंख्या भूगोल के गुणात्मक तथा मात्रात्मक पक्षों के विश्लेषण के साथ क्षेत्रीय भिन्नताओं के अध्ययन को प्रमुखता प्रदान करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये । क्लार्क के अनुसार "जनसंख्या भूगोल प्रदर्शित करता है कि जनसंख्या के वितरण, संघटन प्रवास और वृद्धि में पायी जाने वाली प्रादेशिक विभिन्नताऐं स्थानों की प्रकृति में पायी जाने वाली प्रादेशिक भिन्नत्ताओं से किस प्रकार संबंधित है।"(5)विलवर जेलेंसकी के अनुसार- विलवर जेलेंसकी ने अपनी पुस्तक (A Prologue to Population Geography) 1966 में जनसंख्या भूगोल को परिभाषित किया। जेलेंसकी के अनुसार "जनसंख्या भूगोल वह विज्ञान है जो उन विधियों की व्याख्या करता है जिसमें स्थलों की भौगोलिक प्रकृति निर्मित होती है और उसके प्रतिक्रिया स्वरूप जनसंख्या तत्वों का एक समूह तत्व होता है जो क्षेत्र और समय दोनों के संदर्भ में परिवर्तनशील होता है क्योंकि वे तत्व परस्पर तथा अनेक अजंनाकिकीय तत्वों के प्रति अंतर्क्रिया करते हुए अपने व्यावहारिक नियमों का अनुकरण करते हैं"(6)।

जी जे डेम्को के अनुसार - डेम्को के अनुसार "जनसंख्या भूगोल भूगोल की वह शाखा है जिसमें किसी क्षेत्र के जनांकिकीय तथा अजनांकिकीय लक्षणों की क्षेत्रीय भिन्नताओं का विश्लेषण किया जाता है(7)।आर.सी. चांदना के अनुसार - जनसंख्या भूगोल न केवल जनसंख्या के विभिन्न लक्षणों के क्षेत्रीय तथा सामाजिक वितरण तथा अंतरों का वर्णन करता है बल्कि उनके कारण परिणाम तथा उन प्रक्रियाओं का भी विश्लेषण करता है जो इस प्रकार की वितरण तथा अंतरों को जन्म देते हैं। (8)जनसंख्या वृद्धि- भारत कि प्रमुख समस्या / चुनौती, इसका हल : जनसंख्या भूगोल भारत में सन 2011 की जनगणना के आंकड़े उपलब्ध हैं सन 2011 के बाद से भारत में अभी तक जनगणना नहीं हुई है। इसलिए इस वक़्त भारत की जनसंख्या में कितनी वृद्धि हुई है इस बारे में कोई आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं है। 2020 में नेशनल कमीशन ऑन पॉपुलेशन ने जनसंख्या के अनुमानों पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें कहा गया कि साल 2011 और 2036 के बीच के 25 सालों में भारत की जनसंख्या 121 करोड 10 लाख से बढ़कर 152 करोड़ 20 लाख हो जाएगी तथा जनसंख्या का घनत्व 368 से बढ़कर 463 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो जाएगा । भारत की जनसंख्या का 40 फ़ीसदी हिस्सा 25 साल से कम उम्र के लोगों का है वहीं देश की क़रीब आधी आबादी की उम्र 25 से 64 साल के बीच है। भारत की बुज़ुर्ग आबादी (65 साल से ऊपर) कुल

आबादी का महज़ 7 फ़ीसदी है(9)। लेकिन भारत की जनसंख्या वृद्धि दर गिर रही है इससे आने वाले दशकों में भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा बुजुर्ग लोगों का होगा यह भी एक समस्या के रूप में जन्म लेगा ।अगर जनसंख्या लगातार इसी तरह बढ़ती रही तो भारत के एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आएगी । संसाधनों पर जनसंख्या का दबाव , भूमि, खेत, पानी, जंगल तथा खनिज आदि संसाधनों का प्रयोग बढ़ता जाएगा जिससे आने वाले समय में इनकी उत्पादकता में कमी दर्ज करेगा । भारत जैसे विकासशील देश में आवास,परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को भी जनता तक पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। आधी से अधिक जनसंख्या बुनियादी जरूरतों के बग़ैर ही गरीबी में
अपना जीवन यापन करेगी इससे गरीब और अमीर के बीच खाई और बड़ी हो जाएगी ।बढ़ती जनसंख्या एक बहुत बड़े ऐसे समूह को जन्म देगी जो रोजगार के अभाव में अराजकता की तरफ अग्रसर होंगे इन युवा पीढ़ियों को रोजगार देना भी एक विकट समस्या बनकर आएगी।
अगर जनसंख्या लगातार इसी तरह बढ़ती गई तो आर्थिक असमानता, गरीबी, बेरोजगारी, संसाधनों पर दबाव तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी भारत के विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण बन कर उभरेंगे। जिससे समाज में एक अशांति का वातावरण पैदा होगा, इन सब समस्याओं का इलाज भूगोल की एक प्रमुख शाखा जनसंख्या भूगोल के अंदर ही निहित है। जनसंख्या भूगोल में दिए गए सिद्धांतों, आंकड़ों आदि की सहायता से हम इन समस्याओं पर नियंत्रण पा सकते हैं। जनसंख्या भूगोल विषय में भूत वर्तमान और भविष्य में आने वाली परिस्थितियों तथा समस्याओं का विश्लेषण मौजूद है, जिसके अध्ययन से विकसित तथा विकासशील देश इन समस्याओं से निजात पा सकते हैं। इन परिस्थितियों से कैसे निपटना है इसका पूर्ण ज्ञान जनसंख्या भूगोल के अध्ययन से प्राप्त किया जा सकता है ।

**जनसंख्या भूगोल और इसका भविष्य -**

फ्रेडरिक रेटजेल ने (1844 -1904) सबसे पहले एक Anthropogeography नामक शब्द का प्रयोग किया (10) जिसका शाब्दिक अर्थ है - मानवभूगोल। यहीं से भूगोल मानव और पर्यावरण के बीच प्रमुख संबंधों का विषय बन कर सामने आया । रेटजेल के शोध ने मानव भूगोल के अध्ययन में सबकी रुचि जगाई थी। एंथ्रोपोजोग्राफी के प्रमुख समर्थक यूरोप, उत्तरी अमेरिका, जर्मनी और विशेष रूप से फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका में मौजूद थे। रेटजेल और उनके अनुयायियों कि विचारधारा मानव और पर्यावरण से विशेष रूप से संबंधित थी जिसमें मुख्य रुप से जनसंख्या की घटनाओं को भौतिक कारकों के प्रभाव के संदर्भ में समझाया गया था। हालांकि कुछ जर्मन भूगोलवेत्ता विशेष रुप से किरचॉफ मानव भूगोल के अध्ययन के विपरीत दृष्टिकोण रखते थे।जबकि अल्फ्रेड हेटनर एक अन्य जर्मन भूगोलवेत्ता जो रेटजेल के समकालीन थे, ने जनसंख्या के अध्ययन को मानव भूगोल का एक अभिन्न अंग माना तथा जनसंख्या भूगोल का समर्थन किया। हेटनर ने जनसंख्या भूगोल को एक प्रमुख विषय के रूप में प्रमुखता दी । भूगोल में जनसंख्या अध्ययन को समान महत्व के साथ क्षेत्रीय जन्म और मृत्यु दर, प्रवास और जनसंख्या की गतिशीलता आदि को इसके अध्ययन का आधार माना। हेटनर महोदय ने इस बात पर भी जोर दिया कि भूगोलवेत्ताओं को अपने अध्ययन को केवल जैविक परिघटना तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि सामाजिक गुणों जैसे आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक मनोवैज्ञानिक स्थितियों पर भी निर्भर करते हुए समान रूप से महत्व देना चाहिए । भूगोल में जनसंख्या के अध्ययन के महत्व पर हेटनर ने सबसे प्रत्यक्ष और प्रमुखता से अपने विचारों को प्रस्तुत किया।विडाल डी-ला-ब्लाश (1845 - 1918) ने फ्रांस में एक नए भूगोल का विकास किया । विडाल डी-ला-ब्लाश सम्भववादी विचारक थे। ब्लाश ने बताया कि मानव स्वयं एक क्रियाशील प्राणी है, जो अपने वातावरण का उपयोग स्वयं के अनुभव एवं विकास के स्तर के आधार पर करता है। उन्होंने लिखा है कि प्रकृति सीमा निर्धारित करती है और मानव गतिविधियों के लिए संभावनाएं प्रस्तुत करती हैं तथा मानव अपनी क्षमता एवं आवश्यकतानुसार उनका उपयोग कर सकता है। विडाल डी-ला-ब्लाश की पुस्तक "प्रिंसिपल द ज्योग्राफी ह्यूमैन" 1921 में उनकी मृत्यु के बाद "मानव भूगोल के सिद्धान्त " नाम से प्रकाशित की गई जिसमें उन्होंने मानव भूगोल और जनसंख्या भूगोल का पुरजोर समर्थन किया। जीन ब्रुनस जो कि विडाल डी-ला-ब्लाश के प्रिय शिष्य थे। इन्होंने मानव भूगोल के तत्वों का विश्लेषण करते हुए पृथ्वी की सतह पर जनसंख्या के असमान आवरण को बहुत उचित स्थान दिया। ब्रूनस का विचार था कि मानव भूगोल में दो विश्व मानचित्रों का मुख्य महत्व है एक जल मानचित्र दूसरा जनसंख्या मानचित्र । इसी जनसंख्या मानचित्र का व्यापक अध्ययन जनसंख्या भूगोल के अंतर्गत किया जाता है।19वीं और 20वीं शताब्दी आते-आते माल्थस , जी.टी ट्रिवार्थी (1953) जान आई क्लार्क(1965) विलियम जेलेंस्की (1966) और जी जे डेम्को आदि भूगोलवेत्ताओं ने जनसंख्या भूगोल को एक नया आयाम दिया । प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय के भूगोलवेत्ताओं ने जनसंख्या भूगोल के महत्व को समझा है और इसके विकास में एक अहम योगदान दिया है।

**उद्देश्य-** इस शोध पत्र का उद्देश्य छात्रों को जनसंख्या भूगोल जैसे महत्वपूर्ण विषय से परिचित कराना तथा भविष्य में जनसंख्या भूगोल का क्या महत्व है,इससे अवगत कराना रहा है । उम्मीद करता हूँ इस शोध पत्र से छात्रों में जनसंख्या भूगोल के प्रति जागरूकता बढ़ी होगी ।

**********

संदर्भ ग्रंथ सूची-


1. 1- Principal of population(1789) - Thomas Robert Malthus
2. 2- The Population problem : A study in Human Evolution(1911)
3. 3- NCERT भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना अध्याय 2 (पेज नंबर 10-11)
4. 4- The essence of population geography lies in the understanding of regional difference in the earth's covering of peple" G.T. Trenwarth (1953)
5. 5- Populpation geography is concenred with demonstrating how spatial variation in the distribution composition migration and growth of population are related to the spatial variation in the nature of places-
6. john I clark (1965)
7. 6- The science that deals with the ways in which the geography character.....
8. W. Zelensky (1966)
9. 7- Population geography is the study of population distribution and productive relationship existing within various population groups the settlement network and its fitness, usefulness and effectiveness for productive goal of a socity - G J Demco
10. 8- A geography of population - R.C. Chandna
11. 9- National commission on population Report (2020)
12. 10- Evolution of Geographical thought - Majid Husain
13. 2 Jun 2023

# भारत में कृषि आय पर कर: संभावनाऐ और चुनौतियों का मूल्यांकन

**मुकेश कुमार मीना**
सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग,
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविध्यालय, उदयपुर

**विनोद सेन**
सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग,
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविध्यालय,अमरकंटक, मध्य प्रदेश

**सारांश** -पिछले कुछ दशको में कृषि पर कर लगाने पर नीति निर्माता अलग-अलग विचार रख रहे हैं, कृषि को कर मुक्त रखने से सरकार को आर्थिक हानि हो रही है वही कुछ लोग इसी सहूलियत का नाजायज फायदा भी उठा रहे है। इस शोध पत्र के माध्यम से कृषि पर कर की संभावनाऐ और चुनौतियों पर चर्चा की गई है। भारत में कृषि आय पर कर के प्रावधान एवं सिफारिशे और कृषि आय को कर के दायरे में लाने के पक्ष में और विपक्ष में तर्क का विस्तार से वर्णन किया गया है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है, कृषि से आय पर अनिश्चितता बनी रहती है परन्तु कृषि लगातार एक बड़े जनसंख्या को रोजगार की आपूर्ति कर रही है, और दूसरी तरफ राष्ट्रीय आय में कृषि योगदान घटता जा रहा है। कृषि आय से मध्यस्त को ही बड़े पैमाने पर आय प्राप्त हो रही है या फिर जो कृषक बड़े पैमाने पर आधुनिक कृषि कार्य कर रहे है उनके लिय यह लाभ का व्यवसाय मना जाता है। प्रस्तुत शोध पत्र में किसानो की आय को दुगना करने पर भी चर्चा की गई है एवं यह शोध द्वातीयक समकों और सूचनाओं पर आधारित है।

**मुख्य शब्द** : कृषि आय, कर, कृषक, न्यूनतम समर्थन मूल्य, व्यापर की शर्ते, ऋणग्रस्तता

**प्रस्तावना** -भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र रोजगार, औद्योगिक क्षेत्र हेतु कच्चे मॉल की पूर्ति, विदेशी पूंजी अर्जन, खाद्यान्न सुरक्षा, गरीबी निवारण, क्षेत्रीय असमानता में कमी इत्यादि विभिन्न आर्थिक मापदंडो पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारत सरकार कृषि में सुधार के माध्यम से विभिन्न आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करती रही है, सरकार के प्रयासों के कारण कृषि क्षेत्र में लगातार कुल उत्पादन में वृद्धि और उत्पादकता का विविधीकरण हो रहा है, लेकिन कुल उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के पश्चात् भी कृषि क्षेत्र का कुल राष्ट्रीय आय में योगदान निरंतर घटता जा रहा है| सरकारी प्रयासों के वाबजूद कृषि क्षेत्र में संलग्न एक बड़े वर्ग की आय में पर्याप्त वृद्धि नही हो सकी है, इसलिए अब सरकार की नीति कुल कृषि उत्पादन में वृद्धि के स्थान पर कृषि आय को दुगना करने की नीति पर कार्य कर रही है। कृषि आय को दुगना करने को लेकर सरकार ने 2016 में एक कमेटी का गठन किया, जिसने 2022-23 तक कृषको की आय को दुगना करने की बात कही| इस कमेटी ने कृषको की वर्तमान स्थिति एवं कृषि में निजी और सार्वजनिक पूंजी निर्माण फसलो के विविधिकरण, उत्पादन के बाद प्रबन्धन, कृषि आगत और फसल आय, लक्षित वृद्धि दर को लेकर विभिन्न नीतिगत सुझाव दिये गये। ये सभी सुझाव कृषि को परम्परागत जीवन निर्वाह से आधुनिक व्यवसाय में परिवर्तित करते थे। लेकिनं कृषि में आर्थिक सुधारों के क्रियान्वयन के आभाव के कारण, कृषि के एक बड़े क्षेत्र को आधुनिक उधम में परिवर्तित करना अभी तक संभव नही हो सका है| कृषि के आधुनिक उधम में परिवर्तन के साथ-साथ कृषि आय पर आधुनिक उधम की तरह प्रत्यक्ष कर के दायरे में लाने का कार्य भी महत्वपूर्ण हो जाता है। जो करारोपण में न्याय के लिए आवश्यक है |

**कृषि क्षेत्र में कर का वैश्विक परिद्रश्य** :विश्व व्यापार संगठन के कृषि से सम्बन्धित कृषि संधि (एग्रीमेंट ओन एग्रीकल्चर) के लागू होने के पश्चात सभी देशो ने कृषि सम्बन्धित उत्पादों की अधिकतम पहुंच के लिए धरेलू बाजार विदेशी कम्पनियों के लिए खोल दिए है। साथ ही मात्रात्मक प्रतिबंधो को समाप्त कर दिया गया है जिसका केवल कीमत के माध्यम से नियन्त्रण संभव है। इस नीति के तहत सभी देशों की कृषि सब्सिडी पर एक सीमा लगी हुए है यही कारण रहा है कि कीमत में एक सीमा से अधिक मात्रा में कृत्रिम रुप से परिवर्तन संभव नहीं हो सके हैं जिससे एक ओर उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण की प्रक्रिया के कारण धरेलू और विदेशी कम्पनियों के माध्यम से कृषि में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ी है तो दूसरी ओर कृषि उत्पादों का व्यापार एक बड़ा बाजार बनकर उभरा है जिससे कंपनियों को अत्याधिक लाभ हो रहा है। भविष्य में कृषि क्षेत्र में उत्पादन, संग्रहण और वितरण में निजी कम्पनियों की भागीदारी तीव्र गति से बढने की सम्भावना अधिक थी इसलिए इस क्षेत्र में संलग्न इकाइयों को कर से मुक्त रखने के कोई आधार नही है| भारत जैसे विकासशील देशो में जहाँ विकसित देशो की तरह कृषि क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में आय की समानता के स्थान पर आय में अत्यधिक असमानता है वहां कृषि आय कर अत्यधिक उत्पादक नही कहा जा सकता है | इन परिस्थितियों के बावजूद भारत में एक बड़ा वर्ग कृषि आय के माध्यम से उच्च आय वर्ग का हिस्सा होने के वावजूद भी कृषि आय में छूट का लाभ ले रहा है| भारत में आय की असमानता अत्यधिक है इसलिए कृषि आय को कर मुक्त रखने पर प्रश्न उठाना स्वाभाविक है विकसित देशों में कृषि आय कर योग्य आय का हिस्सा है, और अन्य देशो में भी कृषि से सम्बन्ध क्षेत्रों में करारोपण में तेजी से विस्तार हो रहा है। इस प्रकार कृषि पर कर एक विश्वव्यापी प्रघटना है| कर के सिद्धांतो में सामान्य आय पर सामान्य कर के अनुसार कृषि क्षेत्र की आय को कर के दायरे में लाना न्यायसंगत है|

**भारत में कृषि आय पर कर के प्रावधान एवं सिफारिशे :**-भारत में संघीय व्यवस्था के तहत विषयों का बटवारा केंद्र, राज्य, और समवर्ती सूची के मध्य किया गया है, इस विभाजन के अनुसार आय कर केंद्र सूची का विषय है, और कृषि राज्य सूची का विषय है, एवं कृषि आय को आय कर के दायरे से मुक्त रखा गया है। कृषि क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के मदों से आय हो सकती है| उसमे स्वयं के द्वारा उत्पादित कृषि वस्तुओ की बिक्री से होने वाली आय को आयकर से मुक्त रखा गया है, लेकिन चाय, कॉफी, बागवानी से आय को आयकर के दायरे में रखा गया है। जब तक राज्य सरकारे मिलकर कृषि आय को केंद्र के विषयों के अंतर्गत सम्मिलित करने का बिल स्वंय विधान सभा में पास करके ना भेज दे तब तक कृषि आय को आयकर के अतर्गत सम्मिलीत नही किया जा सकता है।

**कृषि आय की परिभाषा एवं प्रावधान :** कृषि आय का भारत सरकार के आयकर अधीनियम की धारा 2(1A) में परिभाषित किया है:

**(अ) इसके अनुसार कृषि आय का भारत में स्थित भूमि से उत्पन्न राजस्व और किराया आय है, जो कृषि कार्य के लिए उपयोग में लाई जाती है|**

**(ब) उपयुक्त भूमि से प्राप्त आय को कृषि कार्य करने या कृषि उपज को विक्रय योग्य बनाने या कृषि उपज को बाजार में बेचने से प्राप्त की गयी हो|**

**(स) उपयुक्त तरह की भूमि से लगे मकान की आय, जिसका प्रयोग किसान के द्वारा पशुपालन और भंडारण के लिए किया जाता है|**

कृषि आय और सम्पति पर कर लगाने के लिए 24 फरवरी 1972 में राज समिति का गठन किया गया था। राज समिति अनुशंसा के द्वारा कृषि कार्य में लगे समुदाय उन दूसरे समुदायों से कम कर देते है, जो गैर कृषि स्त्रोतों से आय प्राप्त करते है, इसलिए समीति ने सुझाव दिया की कृषि आय पर प्रत्यक्ष कर लागने की तुलना में अन्य वैकल्पिक उपाय किये जाने चाहिए| जिसमे कृषि आय को गैर कृषि आय से अलग नही मानने, संयुक्त परिवार को एक इकाई नही मानने, सिचाई जल की कीमत निर्धारित करने, कृषि सम्पति पर पूंजीगत लाभ पर कर लगाने,

पति-पत्नी की आय को जोड़कर कर गणना करने इत्यादि विभिन्न सिफारिशें की थी। राज समीति के द्वारा कृषि जमाखोरी पर कर लगाने की सिफारिशें की गयी। कृषि जमाखोरी पर कर लगाने में समान कृषि क्षेत्रों की उत्पादकता की गणना के पश्चात कर देने वाली इकाई की कृषि जमाखोरी के अनुसार उसकी आय की गणना करने की आवश्यकता बताई गई, उत्पादकता में प्रति तीन साल का औसत लेने की बात कही गयी, इस प्रकार विभिन्न आय कृषि आय के स्तर के अनुसार कृषि आय पर कर लगाने की बात कही गयी।राज समीति ने कृषि सम्पत्ति को सम्पति कर के साथ एकीकृत करने की सिफारिश की, राज समीति का तर्क था कि इससे निम्न स्तर पर कार्य करने वाले कृषक प्रभावित नही होगें,इससे वे व्यक्ति प्रभावित होगे जो कर बचाने के लिए कृषि कार्यो में संलग्न है |

**कृषि आय को कर के दायरे में लाने के पक्ष में तर्क :**

कृषि आय को कर के दायरे में क्यों लाना चाहिए यह एक बड़ा प्रश्न है? जिसका उत्तर अभी दिया जाना आवश्यक है।कृषि आय पर कर लगाने के पक्ष में क्या-क्या तर्क है?क्या कृषि आय पर कर लगाना कर सिद्धांतो के अनुकूल होगा? या नहीं| क्या कृषि आय कर से क्या सरकारी राजस्व में वृद्धि हो सकेगी?क्या कृषि आय पर कर लगाना राजस्व प्राप्ति के द्रष्टिकोण से लाभदायक है? क्या कृषि वास्तविकता में कर से मुक्त है?इस शोध पत्र में इन विभिन्न प्रश्नों पर विचार किया जाना है। सबसे पहले यह जानने का प्रयास किया जाना चाहिये की कृषि आय को कर के दायरे में लेने के पक्ष में तर्क क्या हो सकते है|

**पहला**: कर नीति के विभिन्न उद्देश्यों मे से एक कर राजस्व में वृद्धि करना है, कृषि क्षेत्र में बड़ी जोत के किसानो की आय को कर के दायरे में लाकर कर राजस्व में वृद्धि की जा सकती है, एक वर्ग जिसकी अन्य स्त्रोत से आय उच्च आय वर्ग में आती है वह भी अपनी कृषि आय पर कर में छूट का लाभ ले रहा है| इसके साथ ही कृषि आय पर कर के माध्यम से कर की चोरी को रोकना संभव हो सकेगा, एक बड़ा वर्ग अपनी दूसरे क्षेत्रों से उत्पन्न आय को कृषि आय में दिखाकर आय कर में छूट ले रहा है, कृषि आय पर कर लगने के बाद इस प्रकार की कर चोरी को रोकना संभव हो सकता है।

**दूसरा**: कृषि क्षेत्र में बटाईदारी, साहूकारी, बंधुआ मजदूरी जैसे शोषणकारी प्रक्रियाओ के कारण संलग्न इकाइयों का अत्यधिक शोषण हो रहा है, एक सीमा से अधिक आकार की जोत की इकाई सीधे कृषि कार्य में ना होकर अप्रत्यक्ष रूप से कृषि आय में छूट का लाभ ले रही है, जिनके आंकड़े भी सरकार के पास उपलब्ध नही हो पाते है, जिनके अभाव में उसे सरकारी नीतियों के माध्यम से प्रोत्साहित करना संभव नही है, इससे उस ग्रामीण क्षेत्र का विकास संभव नही हो पाता है।

**तीसरा**: सरकार की नीतियों में उत्पादन के पश्चात प्रबन्धन से कृषको की आय में वृद्धी के नीतिगत उपाय सम्मिलित है, इसमें बाजारोन्मुख नीतियों के माध्यम से आर्थिक विकास के मद्देनजर कृषि क्षेत्र के विकास में उत्पादन श्रृंखला तैयार करने तथा कृषि में निजी पूंजी को कार्य करने के लिए आवश्यक नियम बनाना चाहती है। जब निजी कंपनियां इस क्षेत्र में कार्य करेगी तो इनकी आय को कर से मुक्त नही रखा जा सकता है। कृषि में अनुबंध खेती, संग्रहण, वितरण, मूल्य संस्करण के साथ उत्पादन भी फर्मो के द्वारा किया जायेगा तो कृषि आय को कर मुक्त नही किया जा सकता है। इन सभी प्रक्रियाओं के माध्यम से ही कृषि में संलग्न इकाई की आय और कृषि क्षेत्र के राष्ट्रीय आय में योगदान में वृद्धि की जा सकती है।

**चौथा**: परम्परागत कृषि क्षेत्र से आधुनिक कृषि में परिवर्तन अर्थात् अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण और कृषि गतिविधियों के व्यवसायीकरण के लिए कृषि की इकाई का एक फर्म की तरह व्यवहार करना आवश्यक है, जिससे उसके विकास के लिए पूंजीगत निवेश , क्षतिपूति, बीमा के स्पष्ट प्रावधान किये जा सके, इसके लिए एक आर्थिक इकाई के रूप में आय और व्यय का स्पष्ट होना जरुरी है। कृषि आय पर करारोपण के अभाव में कृषि से उद्योगों की तरह व्यहवार करना संभव नही है, इसलिए कई मामलों में कृषि क्षेत्र उद्योग की तुलना में सापेक्षिक वंचन के शिकार होते रहते है।

**पांचवा**: सामान्य सन्तुलन के सिद्दांतो के अनुसार अर्थव्यवस्था के एक बड़े क्षेत्र को कर से मुक्त रखने से उस क्षेत्र में संसधानो के अनावश्यक हस्तांतरण होता है जो कि साधनों में अनुत्पादकता को बढाता है। इससे संसाधनों का उस क्षेत्र में अनावश्यक केन्द्रियकरण हो जाता है, इसलिए कृषि क्षेत्र की आय को कर के दायरे में लाना आवश्यक है|

**छठा :** करो में न्याय के लिए समता की अवधारणा के अनुसार सभी इकाइयों का कर जाल में होना आवश्यक है। जिससे विभिन्न क्षेत्र में संलग्न इकाइयों के मध्य न्याय किया जा सके। इसलिए करो में न्याय की द्रष्टि से कृषि आय को कर से क्यों मुक्त नही रखा जा सकता है, एक सामान्य व्यक्ति को भी लगता है कि जब सभी क्षेत्रों की आय पर कर लगता है, तो कृषि आय को कर से क्यों मुक्त रखा गया है इसलिए लोकतंत्रिक सरकारों के ऊपर कृषि आय को कर क्षेत्र में लानें का दबाव बना रहता है| इस प्रकार करो में न्याय, समता, कर वंचन, कृषि में बाजारोन्मुख संरचना के विकास, कृषि की शोषणकारी प्रवृत्तियों की समाप्ति इत्यादि विभिन्न आधार पर कृषि आय को कर के दायरे में लाने के तर्क दिए जाते रहे है तथा विभिन्न सलाहकारी संस्थाओ ने सरकार को कृषि पर कर लगाने का सुझाव दिया है|

**कृषि आय को कर के दायरे से बाहर रखने के विपक्ष में तर्क :**

सरकार बढ़ते विकासात्मक और गैर विकासात्मक खर्चों को पूरा करने और बाजारोन्मुख आर्थिक नीतियों के क्रियान्वयन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में कर लगाने की संभावनाएं खोज रही है। लेकिन कृषि पर कर लगाने से पहले यह देखना आवश्यक हो जाता है, कि क्या कृषि कर लगाने की संभावना बची है? क्या कृषि पहले से ही अत्यधिक कर भार से तो ग्रसित नही है? क्या कृषि क्षेत्र में अप्रत्यक्ष कर का भार अत्यधिक है? यदि सिस्टम की प्रतिकूलता के कारण कृषि क्षेत्र पहले से ही अघोषित कर दे रहा है, या कृषि क्षेत्र में नकारात्मक प्रतिफल की दर चल रही है तो क्या कृषि क्षेत्र आय कर का भार झेलने में सक्षम होगा? क्या कृषि क्षेत्र पर अत्यधिक दबाव होने पर अर्थव्यवथा की खाध्य सुरक्षा, रोजगार, कच्चे माल की पूर्ति, पूंजी निर्माण, विकास की दर, व्यक्तिगत आय की समानता इत्यादि, पर तो कोई नकारात्मक प्रभाव नही पड़ेगा? क्या कृषि आय पर कर से संग्रहित राजस्व और उसके संग्रहण के लिए प्रशासनिक खर्च में कोई बड़ा अंतर होगा, इन सभी मापदंडो के आधार पर कृषि आय पर कर की कितनी संभावना है। इन संभावना के विपरीत कृषि को कृषि आय कर के दायरे में लाने के विपक्ष में निम्न तर्क हो सकते है|

**पहला :** कृषि आय की गणना करना कठिन, एवं भ्रष्टाचार की संभावना होना| कृषि क्षेत्र में कृषि इकाइयों के द्वारा अनौपचारिक तरीके से उत्पादन के कारण कृषि गतिविधियो से शुद्ध आय की गणना करना कठिन है, इसके साथ-साथ कृषि में संलग्न इकाइयों में शिक्षा का स्तर कम होने के कारण कृषि आय पर कर से भ्रष्टाचार की सम्भावना अधिक है।

**दूसरा :** कृषि क्षेत्र में आय में अनिश्चितता तथा निम्न कर राजस्व प्राप्त होना| वर्तमान भारतीय कृषि में विभिन्न तकनीकी सुधारों के बावजूद मौसमी तथा भोगोलिक विविधता के कारण उत्पादन में निरन्तरता एक चुनौती है, कृषि के फसल चक्र में एक वर्ष अच्छे फसल उत्पादन के बाद, सामान्य फसल उत्पादन और प्रतिकूल स्थिति आना सामान्य बात है, इसलिए इस संभावना से मना नही किया जा सकता है कि कृषि आय पर कर के लिए आवश्यक प्रशासनिक खर्च और उससे संगृहीत राजस्व में कोई विशेष अंतर न हो|

**तीसरा :** कृषि में लाभदायकता का निम्न स्तर और ऋणग्रस्तता में वृद्धि होना| भारतीय अर्थव्यवस्था खाद्यान सुरक्षा और कृषि आधारित उधोगो के लिए सस्ता कच्चा माल पूर्ति के लक्ष्य के मध्य नजर कृषि उत्पादनों का मूल्य नियंत्रित रखा गया है। जिससे कृषि उत्पादकता और कुल उत्पादन में वृद्धि के पश्चात भी कृषको की आय में वृद्धि नहीं हुई।

किसान ऋणग्रस्तता, कृषोत्तर क्षेत्रों की ओर पलायन आम बात हो गयी। कृषि के उत्पादों के कम मूल्य के कारण अन्य क्षेत्रों को सस्ता कच्चा माल मिला है।जिससे उनकी लाभादायता बढ़ी है। इस प्रकार आज तक कृषि लाभ का कार्य नही है। सामान्य किसान कर्ज के बोझ में दब गया है। कृषकों के उत्पादों के लाभदायक मूल्य के लिए बनी स्वामीनाथन कमेटी की अभी तक लागू नही की गयी है।

**चौथा :** कृषि संसाधनो के वैकल्पिक उपयोग पर रोक लगाना| केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न भूमि अधिनियमों के तहत कृषि की जोतो को अन्य अधिक प्रतिफल देने वाले औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र में प्रयोग से वंचित किया हुआ है। जिससे जमीन का आर्थिक मूल्य और उस पर प्रतिफल कम बना रहता है ये आर्थिक मूल्य कृषि में लगे रहने की एक अवसर लागत होती है लेकिन इस अवसर या उसके ब्याज को किसी भी रूप में कृषि के मूल्य से संबंध नही किया जाता है इसके साथ ही उद्योगों के विकास के लिए सरकार जमीन अधिग्रहण करके उधोगों को नगण्य लागत पर देती है जो एक तरह की सब्सिडी है। जिससे उनके लाभ में वृद्धि होती है, कृषि में संलग्न इकाई को इसका उचित मुआवजा भी प्राप्त नही हो पाता है।

**पांचवा :**कृषि कीमतो में उतार चढ़ावं का कृषको पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना| सरकार के द्वारा संग्रहण, वितरण और आयात निर्यात नीति के द्वारा समयानुसार कीमतों में वृद्धि को रोकने और खाद्यान उपलब्ध करवाने के लिए किया गया प्रयास किसानो की लाभदायकता को सीधा प्रभावित करता है। कई स्थिति में तो किसानो की फसल को हानि में बदल देता है। विश्व व्यापर संगठन के समझोते भारतीय किसानो के लिए सीधे हानिकारक है।

**छठा :** कृषि को सरकारी बजट में कम हिस्सेदारी और उधार की सीमित उपलब्धता होना |कृषि को सरकारी बजट में उधोगो की तुलना में कम प्राथमिकता दी गयी है। इसके साथ ही बैकिंग व्यवस्था में कृषि से सम्बन्धित प्रवाधान की जटिलता और प्रतिकूलता के कारण ऋण एवम् ऋण माफ़ी का प्रवाह उधोगो की तरफ ज्यादा है।

